सूर्योदय : 6:56
सूर्यास्त : 5:37
अधिकतम तापमान : 14.0
न्यूनतम : 7.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-226 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 25 जनवरी 2024
13 रजब, 1445 हिजरी

# हिन्दी दैनिक अवधनामा

www.avadhnama.com



### ज्ञानवापी मामले में हिन्दू पक्ष की मांग पर जिला जज का आदेश

# सार्वजनिक की जाएगी सर्वे रिपोर्ट की हार्ड कॉपी

**फैसला**

- दोनों पक्ष के दो-दो प्रतिनिधि थे मौजूद




**वाराणसी।** ज्ञानवापी परिसर की सीलबंद सर्वे रिपोर्ट को लेकर जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने बुधवार को फैसला सुनाया। जिला जज ने सर्वे रिपोर्ट सार्वजनिक करने का आदेश दिया है।

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने पहले ही रिपोर्ट अदालत में दाखिल की थी। हिंदू पक्ष का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा आज अदालत ने दोनों पक्षों को सुना और सहमति बनी कि एएसआई की रिपोर्ट की हार्ड कॉपी दोनों पक्षों को दी जाएगी एएसआई ई-मेल के माध्यम से रिपोर्ट देने पर आपत्ति जता रही थी, इसलिए दोनों पक्ष रिपोर्ट की हार्ड कॉपी प्राप्त करने पर सहमत हुए। नकल के लिए पक्षकार कोर्ट में आवेदन देंगे। मां श्रृंगार गौरी केस की वादिनी सीता साहू, रेखा पाठक, मंजू व्यास और लक्ष्मी देवी की तरफ से सर्वे रिपोर्ट की प्रति दिए जाने का अनुरोध अदालत से किया गया था। वादिनी महिलाओं का कहना था कि यह जनहित का मुद्दा है। इसे गोपनीय बनाकर हौव्वा बनाया जा रहा है। हिंदू पक्ष की ही एक अन्य वादिनी राखी सिंह का कहना था कि अदालत में दाखिल रिपोर्ट के अध्ययन का अधिकार वादी पक्ष को है।

# 'इंडिया' गठबंधन को डबल झटका

## बंगाल में ममता, पंजाब में मान का कांग्रेस से गठजोड़ न करने का ऐलान

**दखल**

**नई दिल्ली।** विपक्षी 'इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) गठबंधन को दोहरा झटका देते हुए पश्चिम बंगाल और पंजाब के मुख्यमंत्रियों ने बुधवार को कहा कि आगामी लोकसभा चुनावों में उनके राज्यों में उनके दलों का कांग्रेस से कोई गठबंधन नहीं होगा। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के बीच सीटों के बंटवारे पर चल रहे टकराव के बीच आज अचानक घोषणा की कि उनकी पार्टी पश्चिम बंगाल में अकेले लोकसभा चुनाव में उतरेगी। इसी तरह की घोषणा पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने की है। बनर्जी के बयान कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के पश्चिम बंगाल में प्रवेश करने से एक दिन पहले आये हैं। ममता बनर्जी ने हावड़ा जिले में दुमुरजला हैलीपैड पर संवाददाताओं से बातचीत में कहा, ''मैंने उन्हें (कांग्रेस को) सीटों के बंटवारे पर एक प्रस्ताव दिया था, लेकिन उन्होंने शुरू में ही इसे नकार दिया।



### लोकसभा चुनावों में आप सभी 13 सीट जीतेगी: भगवंत मान

पंजाब के मुख्यमंत्री मान ने कांग्रेस के साथ गठबंधन नहीं करने संबंधी बयान ऐसे समय दिया है जब आप और कांग्रेस के बीच आम चुनाव के लिए दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, गोवा और गुजरात में सीट बंटवारे को लेकर बातचीत चल रही है। हालांकि, आप ने चंडीगढ़ महापौर चुनाव के लिए कांग्रेस के साथ गठबंधन किया है। कांग्रेस के साथ अपनी पार्टी के गठबंधन से जुड़े एक सवाल का जवाब देते हुए मान ने कहा कि उन्होंने कई बार कहा है कि 'पंजाब देश में नायक के रूप में उभरेगा और 2024 के लोकसभा चुनावों में आप सभी 13 सीट जीतेगी।'' यह पूछे जाने पर कि क्या यह स्पष्ट है कि कांग्रेस के साथ 'आप' चुनावी गठबंधन नहीं करेगी।


- हमारी पार्टी ने अब बंगाल में अकेले चुनाव लड़ने का फैसला किया है: ममता बनर्जी
- सीट शेयरिंग में हो रही देरी
- 28 विपक्षी दलों ने 'इंडिया' गठबंधन का गठन किया था
- 'पंजाब देश में नायक के रूप में उभरेगा : भगवंत मान

### उत्तर प्रदेश मना रहा है 75वां स्थापना दिवस, सीएम योगी ने किया यूपी पर्व का शुभारंभ

# दुनिया में उत्तर प्रदेश की बदली है छविः योगी

**लांचिंग**

- भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का केंद्र बिंदु बन रहा यूपी
- डॉ. ऋतु करीधल-नवीन तिवारी को मिला यूपी गौरव सम्मान




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश का स्थापना दिवस समारोह 24 से 26 जनवरी तक पूरे प्रदेश में धूमधाम से मनाया जा रहा है। बुधवार को लखनऊ में समारोह का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का केंद्रबिंदु बन रहा है।

प्रदेश दुनिया में विशेष स्थान बना रहा है। 1937 से 1950 तक उत्तर प्रदेश को संयुक्त प्रांत के नाम से जाना जाता था। 24 जनवरी 1950 को उत्तर प्रदेश के रूप में नोटिफिकेशन जारी हुआ। इसके बाद भी प्रदेश को प्रश्नवाचक के रूप में देखा जाता रहा। सीएम योगी ने बुधवार को अवध शिल्पग्राम से सातवें उत्तर प्रदेश दिवस का शुभारम्भ किया। साथ ही उन्होंने उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान 2023-24 का वितरण और ओडीओपी उत्पादों की ई-मार्केटिंग के लिए ओडीओपी मार्ट पोर्टल की लॉन्चिंग भी की। इस दौरान उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के सातवें स्थापना दिवस की बधाई दी और कहा कि नोएडा में पिछले वर्ष आयोजित हुए इंटरनेशनल ट्रेड शो के माध्यम से दुनिया ने उत्तर प्रदेश के पोटेंशियल को देखा। उस ट्रेड शो में 500 से अधिक विदेशी बायर्स आए थे। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश के तीसरे स्थापना दिवस पर हमारी सरकार ने अप्रेंटिसशिप की नई स्कीम लागू की थी, जिससे लाखों युवा जुड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 2017 के पहले उत्तर प्रदेश की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी, वेतन देने के लाले थे। पूरे प्रदेश में अव्यवस्था का तांडव था। प्रदेश के सामने पहचान का संकट था। यहां का युवा अपनी पहचान छुपाने के लिए मजबूर होता था। उन्होंने कहा कि 2017 के बाद जब डबल इंजन की सरकार ने काम करना प्रारंभ किया तो प्रदेश में सुरक्षा का एक बेहतर वातावरण बना। आज परिणाम हमारे सामने है।

> सीएम योगी ने लखनऊ की रहने वाली वैज्ञानिक डॉ. ऋतु करीधल श्रीवास्तव और कानुपर के नवीन तिवारी को उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान सम्मानित किया। डॉ. ऋतु ने भारत के मार्स से ऑर्बिटर मिशन और चंद्रायन के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वह इस मिशन की उप संचालन निदेशक भी थीं। डॉ. ऋतु 1997 से इसरो के लिए काम कर रही हैं।

# पीएम नरेंद्र मोदी ने मंत्रियों को अयोध्या नहीं जाने की दी सलाह

**अपील**

- पीएम मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक हुई
- सफल प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए राजनाथ सिंह ने पीएम मोदी का आभार जताया



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को अपने कैबिनेट सहयोगियों से अयोध्या में भक्तों की भारी भीड़ के कारण फिलहाल राम मंदिर जाने से परहेज करने को कहा। सूत्रों ने इस बात की जानकारी दी।

बताया गया कि आज की कैबिनेट बैठक में पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने सभी कैबिनेट सहयोगियों को फिलहाल अयोध्या राम मंदिर जाने से परहेज करने की सलाह दी। पीएम ने सुझाव दिया कि, भारी भीड़ और प्रोटोकॉल वाले वीआईपी के कारण जनता को होने वाली असुविधा को रोकने के लिए, केंद्रीय मंत्रियों को मार्च में अयोध्या की अपनी यात्रा की योजना बनानी चाहिए।

बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में पीएम मोदी ने मंत्रियों से अयोध्या में बहुप्रतीक्षित राम मंदिर के उद्घाटन के बाद जनता से मिले फीडबैक के बारे में भी पूछा। वहीं, बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि आज पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक हुई। बैठक की शुरुआत में ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कैबिनेट की ओर से सफल प्राणप्रतिष्ठा समारोह के लिए पीएम का आभार व्यक्त किया। सोमवार को अयोध्या मंदिर में नए राम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई, इस कार्यक्रम की अगुवाई पीएम मोदी ने की। समारोह का पूरे देश में सीधा प्रसारण किया गया। अभिषेक समारोह में शीर्ष राजनेताओं, व्यापारियों, खिलाड़ियों और मशहूर हस्तियों सहित कई हजार लोगों को आमंत्रित किया गया था। अभिषेक समारोह समाप्त होने के तुरंत बाद आमंत्रित लोगों ने देवता के दर्शन किए।

# बजट से पहले नॉर्थ ब्लॉक में हलवा सेरेमनी मना



**नई दिल्ली।** अंतरिम केंद्रीय बजट 2024 के लिए बजट तैयारी प्रक्रिया के अंतिम चरण शुरू होने से पहले आज नॉर्थ ब्लॉक में हलवा सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस दौरान केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण और केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री डॉ भागवत कराड मौजूद रहे। बजट तैयार करने की लॉक-इन प्रक्रिया शुरू होने से पहले हर साल एक हलवा सेरेमनी का आयोजन किया जाता है। वित्त मंत्री की ओर से बजट से ठीक पहले एक हलवा समारोह का आयोजन किया जाता है। यह हलवा समारोह इस बात का परिचायक होता है कि बजट को अंतिम रूप दिया जा चुका है और इसके छपने का काम शुरू हो चुका है। इस समारोह में बड़ी संख्या में बजट तैयार करने वाले अधिकारी और कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया जाता है। दरअसल, वित्त मंत्रालय के बजट विभाग के जितने भी अधिकारी बजट बनाने के कामों में जुटे होते हैं, उन्हें संसद में बजट पेश होने तक अपने परिवारों से संपर्क नहीं करने दिया जाता।

### पीएम मोदी आज बुलंदशहर से चुनावी अभियान का करेंगे आगाज

# 20 हजार करोड़ की परियोजनाओं का देंगे तोहफा

**शंखनाद**

- पुलिस शूटिंग रेंज मैदान में होगी जनसभा
- कल्याण सिंह मेडिकल कॉलेज का होगा लोकार्पण
- जनसभा में होगी अभेद सुरक्षा




**बुलंदशहर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर से 2024 के लोकसभा चुनावों का आगाज करने जा रहे हैं। गुरुवार को पीएम मोदी बुलंदशहर में एक बड़ी रैली को संबोधित करेंगे।

इस रैली में एक लाख से अधिक लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। 2014 के बाद प्रधानमंत्री एक बार फिर बुलंदशहर में होंगे। इस रैली से पहले प्रधानमंत्री 20 हजार करोड़ की परियोजना को हरी झंडी दिखाएंगे। बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस शूटिंग रेंज ग्राउंड स्थित पीएम के कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान प्रधानमंत्री द्वारा लोकार्पित और शिलान्यास की जाने वाली परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने जनसभा स्थल पर की जा रही तैयारियों के लिए जनप्रतिनिधियों, संगठन कार्यकर्ताओं तथा अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए निर्देशित किया कि जनसभा में प्रतिभाग करने वाली जनता को किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना ना करना पड़े। इसके लिए गुणवत्तापूर्ण व्यवस्था करने के उन्होंने निर्देश दिए बैठक में उपस्थित मण्डल के अधिकारियों से कहा कि शासन द्वारा मंडल में चल रहे निर्माण कार्यों को शीघ्र गुणवत्तापूर्ण पूरा कराया जाए। बताते चले कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुलंदशहर और मेरठ मंडल के लिए हजारों करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण करेंगे।

> **2014 में सिर्फ दो सीटें जीत पाई थी सपा**
>
> 2014 में प्रदेश की 80 में से 71 सीटें भाजपा ने दो जीती थीं। बाकी दो सीट उसकी सहयोगी अपना दल को मिली थीं। कांग्रेस सिर्फ अमेठी और रायबरेली जीत पाई थी। सपा की साइकिल कुल पांच सीटों पर चली थी। इनमें से पश्चिम यूपी और ब्रज की 22 में से सिर्फ दो सीटें मैनपुरी और फिरोजाबाद पर ही सपा के सांसद बने थे। अन्य सभी 23 सीटों पर भाजपा जीत गई थी।

# अयोध्या आने से एक सप्ताह पहले प्रशासन को जानकारी दें

**दर्शन**

- वीआईपी दर्शनार्थियों से सीएम योगी की अपील
- लाखों की संख्या में रामभक्त अयोध्या पहुंच रहे



**अयोध्या।** अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए पूरे देश से उमड़ रहे जनसैलाब को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को दर्शनार्थियों के लिए बनाई गई व्यवस्था की समीक्षा की और अफसरों को निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि रामभक्तों को रामलला का दर्शन मिले ये हमारा कर्तव्य है। इसी कड़ी में सरकार ने देश-प्रदेश के अति विशिष्ट, विशिष्ट और गणमान्यजनों से अयोध्या आने से एक सप्ताह पहले प्रशासन को जानकारी देने की अपील की है। जारी किए गए आदेश में कहा गया कि अति विशिष्ट, विशिष्ट और गणमान्य जन अयोध्या आने से एक सप्ताह पहले स्थानीय प्रशासन, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट और राज्य सरकार को सूचित करें। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के बाद से लाखों की संख्या में रामभक्त अयोध्या पहुंच रहे हैं जिससे प्रशासन के सामने कड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। मुख्यमंत्री योगी ने खुद अयोध्या जाकर स्थिति का जायजा लिया और बुधवार को अफसरों के साथ बैठक कर निर्देश दिए।

# खत्म हुई पाबंदीः लखनऊ से अयोध्या रवाना हुई 150 बसें

**टाइम टेबिल**

- कल से चारबाग से चलेगी मेमू ट्रेन
- गोरखपुर-बस्ती रूट की बसों को आजमगढ़ के रास्ते चलाया गया




**अयोध्या।** परिवहन निगम की ओर से अयोध्या रूट की बसों का संचालन बुधवार को पूरी तरह बहाल कर दिया। 150 बसों का संचालन किया गया, जिसमें अतिरिक्त बसें भी शामिल रहीं। इन बसों में पैसेंजरों से तकरीबन 30 हजार यात्रियों ने सफर किया।

दरअसल, बीते सोमवार को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह होने के बाद गत मंगलवार को अयोध्या की बसों में भीड़ उमड़ पड़ी थी, जिससे अयोध्या धाम में पैर रखने की जगह नहीं बची। पैसेंजरों की संख्या बढ़ने के चलते मंगलवार दोपहर बसों को डायवर्ट करना पड़ा। रामसनेही घाट तक ही बसों को ले जाया गया, जबकि गोरखपुर-बस्ती रूट की बसों को आजमगढ़ के रास्ते चलाया गया। वहीं बुधवार को लखनऊ से अयोध्या के लिए बसों का संचालन पूरी तरह सामान्य कर दिया गया। बुधवार को आलमबाग, चारबाग, कैसरबाग और अवध बस स्टेशन से करीब 150 बसों से श्रद्धालुओं को अयोध्या रवाना किया गया। परिवहन निगम के पीआरओ अजीत सिंह ने बताया कि मंगलवार को बसों का संचालन रोकने के बाद बुधवार से अयोध्या रूट की बसों का संचालन पूरी तरह सामान्य हो गया। बाराबंकी से अयोध्या रूट पर रोडवेज बसों के जाने की अनुमति मिलने से प्रदेश भर के विभिन्न डिपो से करीब 930 बसें अयोध्या पहुंची हैं।

### जयंती — परिवारवाद के बहाने लालू और कांग्रेस पर नीतीश कुमार का निशाना

# लोग परिवार को आगे बढ़ाने में लगेः नीतीश

**सियासत**

- हमने भी अपने परिवार को कभी आगे नहीं बढ़ाया
- पिछड़ों को सबसे पहले कर्पूरी ने ही आरक्षण दिया
- पिछड़ा-अति पिछड़ा वर्ग का कल्याण होना चाहिए



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाईटेड की ओर से पटना के वेटनरी कॉलेज मैदान में जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाई गई।

100वीं जयंती पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की अपनी श्रद्धांजलि दी। सीएम नीतीश कुमार ने परिवारवाद पर निशाना साधा। इस बयान के बाद सियासी गलियारे में हड़कंप मच गया। राजनीति पंडितों का कहना है कि सीएम नीतीश कुमार ने इस बयान के जरिए बिना नाम लिए लालू प्रसाद और कांग्रेस पर निशाना साधा है। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि आज हमलोगों ने जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के कार्यों को आगे बढ़ाया है लेकिन आजकल लोग परिवारवाद को आगे बढ़ाते हैं। जब जननायक कर्पूरी ठाकुर जी का देहावसान हो गया तब हमलोगों ने उनके सुपुत्र रामनाथ ठाकुर जी को आगे बढ़ाया। उन्हें पार्टी में स्थान दिया, मंत्री बनाया, सांसद बनाया।

आजकल बहुत लोग अपने परिवार को आगे बढ़ाने में लगे हुए हैं लेकिन जननायक ने कभी अपने परिवार को आगे नहीं बढ़ाया और उन्हीं से सीख लेते हुए हमने भी अपने परिवार को कभी आगे नहीं बढ़ाया। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि देश में पहली बार पिछड़ा-अति पिछड़ा वर्ग को जोड़कर आरक्षण दिया गया।

> **लोहिया और कांशीराम को भी भारत रत्न मिलेः लालू**
>
> राष्ट्रीय जनता दल ने पटना के एसके मेमोरियल हॉल में भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव, प्रदेश अध्यक्ष जगदानंगद सिंह और सांसद मनोझ झा समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे। राजद सुप्रीमो ने कहा कि लालू प्रसाद ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर की शताब्दी समारोह में हमलोग शामिल हुए हैं। उनके वसूलों को, उनकी कुर्बानी को, उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है।



# नगर के विभिन्न स्कूल-कालेजो के बच्चो को एकत्र कर निकाली गयी मतदाता जागरूकता रैली

*अवधनामा संवाददाता*

**मोहम्मदी-खीरी।** मतदाता जागरूकता को लेकर आज प्रातः नगर



के विभिन्न स्कूल-कालेजो के बच्चो को एकत्र कर मतदाता जागरूकता रैली तहसील परिसर से निकाली गयी। मतदाता जागरूकता रैली उपजिलाधिकारी डाक्टर अवनीश कुमार ने हरी झण्डीह्य दिखाकर रवाना किया। यह रैली नगर के प्रमुख मार्गौ से होकर तहसील परिसर में समाप्त हुई। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में एसडीएम डा0 अवनीश कुमार की अध्यक्षता में तहसील सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार दिनाक 25.01.2024 को अवकाश होने के कारण दिनांक 24.01.2024 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कृष्णा इण्टर कालेज, गन्ना किसान महाविद्यालय, आईटीआई कॉलेज और जेपी इन्टर कालेज के लगभग 500 बच्चो के द्वारा पैदल मतदाता जागरुकता रैली निकाली गई। युवा वर्ग को मतदान का महत्व समझाते हुए बच्चो ने कहा सभी नागरिक लोकतंत्र में मतदान की अहमियत को समझे, अच्छे और मजबूत लोकतंत्र का निर्माण करने के लिए मतदाता होना और मतदान करना जरूरी है। प्रा0वि0 बैदा के बच्चो द्वारा संगीत व नुक्कड़ नाटक किया गया साथ में बेसिक शिक्षा विभाग को शिक्षिकाओं निशा शर्मा, रीता शर्मा, सुनीता सैनी , गरिमा कुशवाहा द्वारा रंगोली प्रतियोगिता में हिस्सा लिया एसडीएम डॉ अवनीश कुमार द्वारा संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 से सबसे अच्छा कार्य करने बाली बीएलओ सोनिया सहायक अध्यापक संबिलियन विद्यालय दिलावरपुर तथा लेखपाल गणेश शंकर व समस्त रंगोली प्रतियोगिता में भाग लेने वाली शिक्षिकाओं को वैदा स्कूल के सभी छात्र छात्राओं को तथा तहसील कर्मचारी पुनीत अवस्थी कम्प्यूटर सहायक, रामसरन, धर्मेन्द्र को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया कार्यक्रम में न्यायिक अमिता यादव, नायब तहसीलदार ताहिर परवेज अहमद , रामबालक आरके जीएल राठौर,राम औतार लेखपाल दीपक कुमार, संजय वर्मा, अमरीश राज अन्य सभी स्टाफ भी मौजूद रहा।

## देश की प्रगति में यूपी का अहम योगदान, प्रदेश ने लिखी प्रगति की एक नई गाथाः अजय



**लखीमपुर खीरी।** शहर के जीआईसी ग्राउंड में जिला प्रशासन के तत्वावधान में बुधवार को यूपी दिवस का भव्य आगाज हुआ, जहां एक ओर सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मनमोहा, वही सरकारी योजनाओं के संगम ने लाभार्थियों को कई सौगातें दी। कार्यक्रम का सफल संयोजन डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की नेतृत्व में सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने किया केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने विधायक योगेश वर्मा, विनोद शंकर अवस्थी, भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील सिंह, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अनिल कुमार सिंह के साथ फीता काटकर, मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, दीप जलाकर यूपी दिवस का विधिवत शुभारंभ किया। परिषदीय विद्यालय की बालिका ने मां सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक लंबी श्रंखला हुई।केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी ने कहा कि यूपी देश की प्रगति में अहम योगदान देने के साथ निरंतर समृद्धि की ओर बढ़ रहा। उन्होंने सभी जनपदवासियों को राज्य स्थापना दिवस की बधाई दी। उप्र आज भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का केंद्र बिंदु बन रहा है। प्रदेश दुनिया में विशेष स्थान बना रहा है। यूपी के गौरवशाली इतिहास, समृद्ध आध्यात्मिक विरासत और स्थापत्य चमत्कारों ने राज्य को भारत के जीवंत मानचित्र पर गौरव का एक अनूठा स्थान दिया है डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने मौजूद लोगों को दी यूपी दिवस की शुभकामनाएं।

# ली गई लोकतंत्र को मजबूत बनाने की शपथ

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** मा. भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुपालन में ÷राष्ट्रीय मतदाता दिवस से एक दिन पूर्व बुधवार को सुबह 11 बजे जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट महेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय समेत तहसील व ब्लॉक मुख्यालयों पर मतदाता शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित हुआ। वही विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुए।बुधवार सुबह डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्ट्रेट में संचालित सभी दफ्तरों के अधिकारी-कार्मिकों को मतदाता शपथ दिलाई। इस दौरान डीएम ने शपथ के पोस्टर की लॉन्चिंग भी की। इस दौरान अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) संजय कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी राजीव निगम, रेनू मिश्रा, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी तौसीफ अहमद, डीएसओ अंजनी कुमार सिंह, प्रशासनिक अधिकारी मो सलीम, सुधीर सोनी, खुशहाल सिंह, सुरेश कुमार सहित बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। वही



पुलिस लाइंस में पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा, विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने अधिकारियों-कार्मिकों को मतदाता शपथ दिलाई। इसके अलावा जिले के सभी सरकारी एवं निजी क्षेत्र के दफ्तरों में कार्यालय प्रमुख द्वारा कार्मिकों ने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा बनाए रखने की मतदाता शपथ ली। 14वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस का कार्यक्रम 25 जनवरी को जनपद स्तर पर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एवं तहसील स्तर पर तथा बूथ स्तर तक भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मनाया जाएगा।

## 5000/- रू0 के इनामिया अभियुक्त को नशीले पाउडर के साथ किया गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना मैलानी पुलिस द्वारा थाने पर पंजीकृत मु0अ0सं0 03/2024 धारा 5/8 गोवध निवारण अधिनियम के वांछित व 5000/- रू0 के इनामिया अभियुक्त आजम पुत्र सफी अहमद उर्फ बग्गा निवासी ग्राम कुकरा थाना मैलानी जनपद खीरी को नशीले पाउडर के साथ थाना क्षेत्र के रत्नापुर तिराहा पुलिया के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बरामद नशीले पाउडर के सम्बन्ध में थाना मैलानी पर मु0अ0सं0 17/2024 धारा 8/22 हृष्ठक्क: ष्टञ्ज का अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

## घायल हुआ बारह सिंघा

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर सीतापुर मार्ग जिला अस्पताल जाने वाले मार्ग के सामने घायल हुआ बारह सिंघा मौके पर मौजूद राहगीरो ने डायल 112 को दी सूचना सूचना पर पहुंची डायल 112 ।

## सार्वजनिक सम्पत्ति नुकसान तथा वृक्ष संरक्षण अधिनियम के तहत केस दर्ज

**मनकापुर, गोंडा।** तहसीलदार मजिस्ट्रेट के निर्देश पर सरकारी भूमि पर लगे सागौन के हरे पेड काटने के आरोप में सार्वजनिक सम्पत्ति नुकसान तथा वृक्ष संरक्षण अधिनियम के तहत केस दर्ज हुआ है।

मामला तहसील मनकापुर की ग्राम पंचायत अमवा से जुडा है। लेखपाल क्षेत्र अमवामाफी देव व्रत व्यास ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि एसडीएम द्वारा सूचना मिली कि रात के अंधेरे में सागौन का पेड काटा जा रहा है।काटे गये पेड का मौके पर जाकर निरीक्षण किया गया तो पता चला कि जो पेड काटा गया है वह सरकारी भूमि बंजर खाते की भूमि है। जिसे अमवा गांव के श्यामलाल वर्मा पुत्र कल्पू द्वारा काट कर बेचा जा रहा था।पेड लगभग 40 वर्ष पुराना बताया जा रहा है। पेड की लम्बाई लगभग 80 फुट बतायी गयी है। लेखपाल की रिपोर्ट मिलते ही तहसीलदार अखिलेश सिंह ने कोतवाल को पत्राचार किया कि प्रकरण अत्यंत गंभीर है।सरकारी पेड बिना किसी आधार/अनुमति के काटा गया है।आरोपी के विरूद्ध सुसंगत धाराओ में प्राथमिकी दर्ज कर वैधानिक कार्यवाई करना सुनिश्चत करे। यह निर्देश मिलते ही केस दर्ज किया गया है। प्रभारी कोतवाल प्रबोध कुमार ने बताया कि लेखपाल की तहरीर पर केस दर्ज किया गया। सागौन की काटी गयी लकडी को कोतवाली परिसर में सुरक्षित रखवा दिया गया है। आरोपी श्यामलाल वर्मा पर बृक्ष संरक्षण अधिनियम व सार्वजनिक सम्पत्ति नुकसान के आरोप में एफ आई आर दर्ज किया गया है।

## निगम ने स्टार पेपर मिल से 51 लाख 81 हजार टैक्स वसूला

**सहारनपुर।** नगर निगम ने स्टार पेपर मिल से 51 लाख 81 हजार रुपये बकाया टैक्स वसूल किया है। जबकि मिल की एक दूसरी सम्पत्ति से टैक्स वसूली के लिए दो करोड़ 35 लाख रुपये का एक और डिमांड ड्राफ्ट भेजा गया है। नगरायुक्त ग़ज़ल भारद्वाज के निर्देश पर नगर निगम ने बकाया टैक्स वसूली के लिए भवनों को सील करने व कुर्की करने की कार्रवाई तेज कर दी है। लगातार भवन व टावर आदि सील किये जा रहे है। इसी कड़ी में स्टार पेपर मिल लि. 3/241 एन, भट्टा कॉलोनी, टपरी रोड, सहारनपुर के चीफफाइनेंस ऑफिसर्स को नगर निगम द्वारा एक करोड़ 4 लाख 13 हजार 421 रुपये का डिमांड नोटिस भेजा गया था। 20 जनवरी को भेजे गए संशोधित नोटिस में कहा गया था कि यदि नोटिस प्राप्ति के तीन दिन के अंदर उक्त धनराशि जमा नहीं करायी जाती तो कुर्की की कार्रवाई की जायेगी। अपर नगरायुक्त राजेश यादव ने बताया कि उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में मिल के सीएफओ द्वारा कुर्की की कार्रवाई से बचने के लिए 51 लाख 81 हजार 860 रुपये की धनराशि निगम को जमा करायी गयी है। कर अधीक्षक सुधीर शर्मा ने बताया कि मिल की दूसरी सम्पत्ति 3/5701 हिम्मत नगर को दो करोड़ 35 लाख एक हजार 74 रुपये का भी डिमांड नोटिस भेजा गया है। यदि 15 दिन की अवधि के अंदर उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में धनराशि जमा नहीं करायी गयी तो चल सम्पत्ति की कुर्की की कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बताया कि महानगर के अन्य बड़े बकायादारों पर भी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। इसके अलावा बकायादारों के सीवर और पानी कनेक्शन काटने का कार्य भी 26 जनवरी के बाद शुरु किया जायेगा।

## आईटीआई परिसर में लगायी भव्य प्रदर्शनी, आयोजित हुए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस समारोह मनाए जाने के क्रम में राजकीय आईटीआई परिसर में यूपी की विकास यात्रा संबंधी एक भव्य प्रदर्शिनी तथा निवेश एवं रोजगार को समर्पित विकास प्रदर्शिनी, उद्यमी सम्मान, क्रीडा प्रतिभा सम्मान, विभिन्न विकास कार्यक्रमों के लाभार्थी परक योजनाओं के प्रमाण-पत्रों का वितरण तथा लाभार्थीपरक योजनाओं के स्टॉल लगाकर केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी आमजन को उपलब्ध कराई गयी। इसी के साथ विभिन्न विधाओं के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गये। प्रदर्शनी का उद्घाटन विधायक शहर राजीव गुम्बर, विधायक रामपुर मनिहारान देवेन्द्र निम, विधायक गंगोह कीरत सिंह, महापौर डॉ.अजय सिंह, विधान परिषद सदस्य शाहनवाज, जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र, मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन द्वारा संयुक्त रूप से गणेश जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उन्होने महात्मा गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण करने के साथ ही दीप प्रज्ज्वलित भी किया।

## सपा अम्बेडकर वाहिनी के प्रदेश सचिव बने राजकुमार

**सहारनपुर।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की संस्तुति पर सपा बाबा साहेब अम्बेडकर वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा राजकुमार बिरला को प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है, जिनका आज पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत कर राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार जताया गया।

आज अम्बाला रोड स्थित सपा जिला कार्यालय पर नवनियुक्त सपा बाबा साहेब अम्बेडकर वाहिनी के प्रदेश सचिव राजकुमार बिरला का पार्टी नेताओं द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के पूर्व मंत्री सरफराज खान ने कहा कि बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने सभी को समान अधिकार दिलाए, जिनका हमें अनुसरण करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद ने कहा कि समाजवादी पार्टी सभी वर्गो को सम्मान देने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी विजयी बनाने का कार्य करें। महानगर अध्यक्ष मौहम्मद आजम शाह ने कहा कि आज राजकुमार बिरला को जो जिम्मेदारी सौंपी गयी है, उसका वह निष्ठा पूर्वक निर्वहन करते हुए सपा को मजबूत बनाने का काम करें। नवनियुक्त प्रदेश सचिव राजकुमार बिरला ने कहा कि आज अगर भाजपा को कोई रोक सकता है तो वह सपा ही है, जो विपक्ष की भूमिका निभा रही हैं। उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है वह उसको पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन कर सपा को मजबूत बनाने का काम करेंगे। जिला सचिव अमरीश चौटाला ने कहा कि भाजपा के कारण विकास अवरुद्ध है।

# मतदान लोकतंत्र का महापर्वः राजेश



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगर निगम परिसर में आज मतदाता जागरुकता दिवस का आयोजन किया गया। अपर नगरायुक्त राजेश यादव ने निगम अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मतदान की शपथ दिलायी। सभी लोगों ने शपथ ली कि वे लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

इस अवसर पर अपर नगरायुक्त ने कहा कि मतदान लोकतंत्र को मजबूत बनाता है। हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है कि मतदान में स्वयं भी हिस्सा लें और दूसरों को भी प्रेरित करें। उन्होंने कहा मतदान लोकतंत्र का महापर्व है। मतदान के माध्यम से ही हम न केवल अपने प्रतिनिधि का चयन करते है बल्कि अपने प्रदेश -देश की सरकार कैसी हो उसकी दिशा भी तय करते हैं।


## व्यापारियों ने स्थापना दिवस की बधाई दी

**सहारनपुर।** गणतंत्र दिवस 2024 के कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज व्यापारी प्रतिनिधियों द्वारा एकता और सदभावना की शपथ ली गयी। रेलवे रोड स्थित जिला मुख्यालय कार्यालय पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल की जिला इकाई द्वारा आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष शीतल टण्डन द्वारा गणतंत्र दिवस के साथ-साथ आज राष्ट्रगान दिवस व 24 जनवरी 1950 को स्थापित उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं भी दी गयी। श्री टण्डन ने कहा कि 26 जनवरी हमारे राष्ट्र का पुनीत पर्व है। कितने वीर भारतीयों ने देश के लिए हंसते-हंसते अपने प्राणों की बलि चढ़ा दी। आज के दिन हम अमर शहीदों को याद करते हैं ओर देश की सुख-समृद्धि एकता और सदभावना व शांति के लिए प्रयत्नशील होने की प्रतीज्ञा करते हैं। हमें अपने महान देश की गौरवशाली परम्पराओं, आदर्शो और आजादी को हर हाल में बरकरार रखना है।

# निगम बैठक में 521 करोड़ 92 लाख का बजट पास

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** (अहमद रज़ा) महापौर डॉ. अजय कुमार की अध्यक्षता में हुई नगर निगम कार्यकारणी की बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए प्रस्तुत 521 करोड़ 92 लाख रुपये के मूल बजट को सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में पार्षदों ने निगम की आय बढ़ाने पर जोर देते हुए अनेक सुझाव दिए। महापौर डॉ. अजय कुमार की अध्यक्षता और सदन प्रभारी दिनेश यादव के संचालन में हुई नगर निगम कार्यकारणी की बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए लेखाधिकारी राजीव कुशवाह ने 521 करोड़ 92 लाख रुपये का मूल बजट प्रस्तुत किया। जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। बजट में 555 करोड़ 16 लाख रुपये आय का अनुमान दर्शाया गया है। जबकि सड़क नाली आदि निर्माण पर 202 करोड़, साफ-सफाई पर 187 करोड़, तथा पेयजल सुविधा आदि पर 44 करोड़ 70 लाख रुपये व्यय होने का अनुमान है। बैठक में पार्षदों द्वारा आय बढ़ाने के सुझावों पर



चर्चा के बीच लेखाधिकारी ने बताया कि शासन द्वारा सहारनपुर के लिए सीएम ग्रिड योजना के तहत सड़क सुधार हेतु 25 करोड़ रुपये प्राप्त होने का अनुमान है। इसके अतिरिक्त नगरीय क्षेत्र में शामिल नये क्षेत्रों के लिए जल निकासी सुव्यवस्थित करने हेतु 20 करोड़ रुपये शासन द्वारा स्वीकृति की प्रक्रिया में है। अधिशासी अभियंता जलकल वी बी सिंह ने बताया कि जिनके जल संयोजन नियमित नहीं है उसे नियमित करने का वार्डवार अभियान चलाया जा रहा है।

नगरायुक्त ग़ज़ल भारद्वाज ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अतिक्रमण और पॉलीथिन के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जाए। उन्होंने बड़ी मात्रा में पॉलीथिन का व्यापार करने व बनाने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई पर जोर दिया। पार्षद मंसूर बदर ने बेहट बस स्टैण्ड पर निगम की सम्पत्ति पर बनायी गयी दुकानों के संदर्भ में गठित सलाहकार समिति द्वारा शीघ्र निर्णय लेने पर जोर दिया। उन्होंने यह भी जानना चाहा कि मानकमऊ रोडवेज बस स्टैण्ड पार्किंग शुल्क कितना जमा हुआ है। इस पर नगरायुक्त ने बताया कि परिवहन विभाग हमारी भूमि पार्किंग के लिए प्रयोग कर रहा है इसलिए उसे नोटिस भेजा गया है।

## अधिवक्ताओं के सम्मान के खिलाफ कोई समझौता नहींः अध्यक्ष

**महराजगंज रायबरेली।** थानाध्यक्ष शिवगढ़ की कार्यशैली से नाराज अधिवक्ताओं ने आज क्षेत्राधिकारी से मिलकर एसओ पर कार्रवाई की मांग की और तहसील परिसर में घूम-घूम कर जमकर नारेबाजी किया। आपको आपको बता दें कि तहसील में पीड़ित अधिवक्ता रमेश कुमार व उमेश कुमार लकड़ी काटन की शिकायत को लेकर शिवगढ़ थाना अध्यक्ष से मिलने गए थे, कि थाना अध्यक्ष ने पहले अधिवक्ता का नाम और जाति पूछा उसके बाद जाति सूचक शब्दों से गंदी-गंदी गालियां देते हुए वहां से भगा दिया पीड़ित अधिवक्ता ने बुधवार को अपनी व्यथा अधिवक्ता संघ के समक्ष रखी जहां पर सभी अधिवक्ताओं ने थाना अध्यक्ष की कार्यशैली की कड़े शब्दों में निंदा की और क्षेत्राधिकारी से मिलकर कार्यवाही की मांग किया। और तहसील परिसर में घूम घूम कर थाना अध्यक्ष शिवगढ़ के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

# डीएम ने उत्तर प्रदेश दिवस का किया शुभारंभ

## सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ जनता तक पहुंचेः डीएम

*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** जनपद के राजकीय इण्टर कालेज में उत्तर प्रदेश दिवस



2024 हर्षोल्लास व भव्य तरीके से मनाया गया। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का फीता काट कर शुभारम्भ किया। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ जनता तक पहुंचे। इसके लिए विभिन्न विभागों के माध्यम से स्टॉल लगाकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए उत्तर प्रदेश दिवस में प्रतिभाग कर योजनाओं की जानकारी व लाभ प्राप्त कर सकते है।

जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन कर उपस्थित लोगों व अधिकारियों से सरकार की योजनाओं की जानकारी ली गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर एवं विविधता व जनपद के महत्वपूर्ण कार्य, उपलब्धियां, सरकार के संकल्प आदि पर विशेष फोकस डाला जाये। यूपी दिवस पर आमजन व नई पीढ़ी को देश व प्रदेश सरकार द्वारा कराये गये चौमुखी विकास कार्यो संकल्पों के बारे में बताया जाये। उन्होंने कहा कि जो सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को दिया जा रहा है। जिलाधिकारी ने उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर बताया कि जनसमस्या निस्तारण, कानून व्यवस्था, उत्तर प्रदेश इन्वेस्टर्स समिट, किसानों के हितार्थ योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, ग्रामीण विकास योजना, पेयजल, स्वच्छ भारत मिशन, सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आदि के बारे में जानकारी दी गयी।

इस अवसर पर अपर जिला अधिकारी (वि0/रा0) पूजा मिश्रा, पर्यटन अधिकारी (प्रभारी) अभिनव पांडे के अतिरिक्त विभागीय अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## वंचित एवं उपेक्षित वर्ग की प्रखर आवाज थे कर्पूरी ठाकुरः इं. वीरेन्द्र यादव



*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** महान समाजवादी नेता, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर के जन्मदिवस शताब्दी वर्ष समाजवादी पार्टी कार्यालय सुपर मार्केट में गोष्ठी आयोजित कर राजनीति एवं देश निर्माण में उनके योगदान पर चर्चा की गयी। समाजवादियों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। विचार गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष इं0 वीरेन्द्र यादव ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षक एवं गरीबों के हितैषी थे। उन्होंने बिहार प्रदेश में मुख्यमंत्री रहते हुए कृषि का उचित लाभ किसानों तक पहुँचाने, हिन्दी का प्रचार प्रसार, पिछड़े वर्ग को आरक्षण की व्यवस्था कर सरकारी नौकरियों में हिस्सेदारी दिलवाने के अभूतपूर्व कार्य करवाये। कर्पूरी ठाकुर बेहद ईमानदार जननेता एवं राजनीतिक जीवन में वंचित एवं उपेक्षित वर्गों की प्रखर आवाज थे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए समाजवादी अल्पसंख्यक वर्ग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आफताब अहमद (रज्जू खांन) ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर का जीवन दर्शन सामाजिक बदलाव गरीबों शोषितों को न्याय दिलाने की प्रेरणा देता है। कर्पूरी ठाकुर के व्यक्तित्व पर विचार करते हुए पूर्व डी0जी0सी0 ओ0पी0 यादव ने कहा कि उनका सम्पूर्ण जीवन किसानों, मजदूरों, छात्रों, बेरोजगारों को उचित अवसर दिलाने में व्यतीत हुआ।

## जिलाधिकारी ने उत्तर प्रदेश दिवस पर खेल प्रतियोगिताओं का किया शुभारंभ



*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में उत्तर प्रदेश दिवस के शुभ अवसर पर खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने उपस्थित खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खिलाड़ी युवा वर्ग का प्रतिनिधित्व करते हैं। इन खिलाड़ियों के योगदान से भारत का नाम विश्व पटल पर प्रदर्शित होता है। उन्होंने कहा कि हाल ही के दिनों में होने वाले एशियाई और विश्व खेलों में भारतीय खिलाड़ियों ने देश का नाम रोशन किया। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खिलाड़ियों को नशे जैसी बुरी चीजों से दूर रहना चाहिए क्योंकि यह युवाओं के लिए आइकन का काम करते हैं। युवा उनसे बहुत प्रेरित होते हैं। खिलाड़ी,अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत होते हैं अतः खिलाड़ियों को नशीले पदार्थों से दूर रहना चाहिए।

इस प्रतियोगिता का शुभारंभ यूपी दिवस 24 जनवरी से हो रहा है। जिसमें कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल और एथलीट जैसी प्रतियोगिताएं होंगी। जिसमें बालक और बालिका वर्ग के अलग-अलग खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी के अतिरिक्त खेल विभाग के कर्मचारीगण और जिले के खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# सीटू द्वारा बिजली एवं रेल के निजीकरण के खिलाफ प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप श्रम आयुक्त को सौंपा

*अवधनामा संवाददाता*

**गौरा चौकी (गोण्डा)।** सीआईटीयू द्वारा बिजली एवं रेल के निजीकरण के खिलाफ प्रधानमंत्री भारत सरकार व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को संबोधित ज्ञापन अनुभव वर्मा उप श्रमायुक्त देवीपाटन मण्डल गोण्डा के माध्यम से 26 सुत्रीय मांग पत्र दिया गया। मांग पत्र में गौतमबुद्ध नगर के सीआईटीयू जिला अध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा के ऊपर हुए जानलेवा हमले के अपराधियों पर गम्भीर धाराएं लगा कर कड़ी कार्यवाही किया जाय , सार्वजनिक उपक्रम और सार्वजनिक सेवाओं का निजीकरण पर रोक लगाई जाए, राष्ट्रीय मौद्रीकरण पाइप लाइन को समाप्त किया जाए , सभी को अधिकार के रुप में सस्ती बिजली उपलब्ध कराया जाए, बिजली संसोधन विधेयक 2022 को वापस लिया जाए। स्मार्ट मीटर योजनाओं सहित बिजली वितरण क्षेत्र में बाजार आधारित सुधारों को रद्द किया



जाए , भारतीए रेलवे व बिजली क्षेत्रों में सभी रिक्त पदों पर भर्ती किया जाए। टिकटिंग और रख रखाव सेवाओं/ कार्यो के साथ साथ बिजली क्षेत्र सहित महत्वपूर्ण रेलवे परिचालन के निजीकरण/ आउटसोर्सिंग/ ठेकेदार आदि को खत्म किया जाए , सुरक्षा व रख रखाव पर पर्याप्त व्यय के माध्यम से यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित किया जाए। इस विशाल परिवहन नेटवर्क के तालमेल को नुकसान पहुंचाने और निजी क्षेत्रों के प्रवेश को सुविधाजनक बनाने के लिए रेलवे प्रबंधन को विभिन्न स्वायत्त भागों में विभाजित करने की कवायद को रद्द किया जाए , श्रम का आकस्मीकरण व ठेकाकरण बंद किया जाय तथा असंगठित श्रमिकों की सभी श्रेणियों का पंजीकरण किया जाय एवं आशा मिड डे मील रसोइया आगनवाड़ी सेविका सहायिका सहित सभी की योजना को नियमित किया जाय, सार्वजनिक परिवहन, स्वास्थ्य, शिक्षा, और सार्वजनिक सेवाओं को मजबूत करने के संसाधन जुटाने के लिए अत्यधिक अमीरों पर टैक्स लगाओ , कॉरपोरेट टैक्स बढ़ाया जाए और संपत्ति कर को लागू किया जाए ,रेलवे व बिजली क्षेत्र में कार्यरत सभी ठेका मजदूरों व आउटसोर्सिंग मजदूरों को उद्योग की न्यूनतम मजदूरी दी जाए। , उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री और बिजली कर्मचारियों के साथ 3 दिसम्बर 2022 को हुए समझौते को लागू किया जाए। मार्च 2023 की हड़ताल के दौरान हटाए गए सभी बिजली कर्मचारियों को तुरंत बहाल किया जाय। उन पर लगाए गए झूठे मुकदमें वापस लिया जाय, चुनाव पूर्व किए गए वादे के अनुसार सभी घरेलू उपभोक्ताओं को तीन सौ यूनिट बिजली मुफ्त दी जाय, अनपरा और ओबरा में एनटीपीसी के साथ संयुक्त उपक्रम में 2*800 मेगावॉट की उत्पादन इकाई लगाने के निर्णय को रद्द किया जाय। तथा यह कारखाना उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के पूर्ण स्वामित्व में लगाया जाय , लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमले बंद किया जाय तथा विरोधियों, पत्रकारों व जन आंदोलनों को दबाने के लिए ईडी, सीबीआई, तथा यूएपीए के दुरुपयोग पर रोक लगाई जाय, देवीपाटन मण्डल गोण्डा के सभी जनपदों में कार्यरत सभी संविदा निविदा या ठेकेदार के अधीन कार्यरत सभी कर्मचारियों एवं श्रमिकों के लिए समाजिक सुरक्षा हित लाभ जिसमें पीएफ, बोनस, चिकित्सा सुविधा व दुर्घटना बीमा योजना का लाभ सहित सभी श्रम कानूनों के पालन को सुनिश्चित किया जाय।

# श्रेया फाउंडेशन ने ठंड के प्रकोप में गरीबों को कंबल वितरित किए

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** राजधानी में श्रेया फाउंडेशन ने ठंड के प्रकोप को देखते हुए गरीबों को कंबल वितरित किए। इस अवसर पर अध्यक्ष श्री हेमंत कुमार राय ने कहा कि गरीबों की मदद करना हमारा सर्वोत्तम धर्म है। निर्धन किसी भी धर्म, जाति का हो वह सर्वप्रथम इंसान है।

हमारी संस्था सभी जरूरतमंदो की मदद का कार्य निरंतर कर रही है और अपनी इंसानियत के धर्म का परिचय दे रही है। इस अवसर पर श्रेया फाउंडेशन की सचिव संगीता राय जी, श्रेया राय, पी महेश, विक्रम चक्रवर्ती, शालिनी मिश्रा, श्री अवधेश, राजेश सिंह जी, विशाल सरोज, नवीन जी, मीडिया एवं इवेंट इंचार्ज वामिक खान,प्रिंस आर्य, विवेक यादव, वीरेंद्र दुबे, रवि प्रकाश, रामशरण मिश्रा,अखिलेश सिंह, कुलदीप सिंह नामित सिंह और दिनेश उपस्थित रहे।हेमंत कुमार राय ने बताया कि ठंड के प्रकोप को देखते हुए हमारी संस्था निरंतर जिला प्रशासन व नगर निगम के सहयोग को आगे बढ़ा रही है तथा सरकार के साथ-साथ यह हम जैसे प्रदेश वासियों की जिम्मेदारी है कि हम लोग भी गरीबों की मदद करें। श्रेया फाउंडेशन ने पॉलिटेक्निक चौराहा, हनुमान सेतु, बादशाह नगर चौराहा, निशातगंज चौराहा, डिवाइन हॉस्पिटल, चारबाग व लखनऊ के अन्य स्थानों पर संस्था के लगभग डेढ़ सौ कार्यकर्ताओं ने कंबल वितरण का कार्यक्रम कर इंसानियत का परिचय दिया।

# उत्तर प्रदेश विकास के पथ पर है अग्रसर

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को आवास की चाबी, बी.सी. सखी को साड़ी, किसान सम्मान निधि स्वीकृति पत्र, मिनी बीज किट, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों को गोल्डेन कार्ड, पी.एम. स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति पत्र, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत लाभार्थियों को टूल-किट लाभार्थियों को उपलब्ध कराते हुये पूर्व मंत्री, विधायक भोगांव रामनरेश अग्निहोत्री ने उ.प्र. स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश देश की आत्मा है, देश का सबसे बड़ा प्रदेश, सबसे अधिक लोकसभा सीटों वाला प्रदेश हैं, जहां से दिल्ली सरकार का रास्ता जाता है, इस प्रदेश का गौरवमयी इतिहास रहा है। उन्होंने कहा कि हम सबको इस प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने में अपना सहयोग करना होगा, एक ऐसा प्रदेश जहां भूख, भ्रष्टाचार, भय न हो, प्रत्येक बच्चा शिक्षित हो, सभी के हाथ में रोजगार हो, प्रत्येक व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान हो, कानून का राज हो, महिलाएं आत्मनिर्भर, स्वावलम्बी हों, एक मिलियन इकोनामी का प्रदेश हो और हमारा प्रदेश देश के ग्रोथ इंजन का कार्य करे, उ.प्र. को उत्तम प्रदेश बनाने में हम सबको भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। विधायक भोगांव ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है, मुख्यमंत्री के निर्देशन में उत्तर प्रदेश विकास के पथ पर अग्रसर है, मां-बहनों के सम्मान, बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ-साथ जन-जन की सेवा प्रदेश सरकार कर रही है, समाज के अंतिम पायदान के व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा में लाने के लिए प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि अनेकों योजनाएं संचालित की ताकि कोई गरीब व्यक्ति गंभीर बीमार होने की दशा में समय से इलाज न मिलने पर अपनी जान न गवांए, गरीब परिवार की बेटियां परिवार पर बोझ न रहें, उनकी शादी भी भव्य समारोह में हो, कोई गरीब परिवार की बेटी शिक्षा पाने से वंचित न रहे। जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने कहा कि आज का दिन प्रदेश के लिए खुशी का दिन है। उन्होने कहा कि जनपद ने स्वतंन्त्रता संग्राम में अग्रिणी भूमिका अदा की, हमारे देश, प्रदेश का इतिहास काफी गौरवपूर्ण रहा है, हमें अपने वर्तमान, भविष्य को भी उससे ज्यादा गौरवपूर्ण बनाने की दिशा में काम करना होगा, बच्चों को अपने क्रांतिकारियों, बलिदानियों के जीवन के बारे में बताकर उनसे प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित करना होगा, संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाकर उन्हें भी सम्मान से जीने का हक प्रदान करना होगा, देश के सबसे बड़े प्रदेश को सबसे विकसित प्रदेश बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। जिलाध्यक्ष राहुल चतुर्वेदी ने उत्तर प्रदेश की स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम सब उस प्रदेश के निवासी हैं, जहां भगवान राम, कृष्ण का जन्म हुआ, शिव की नगरी बनारस भी हमारे प्रदेश में है, स्वतंत्रता आंदोलन में भी उत्तर प्रदेश के निवासियों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित कराकर इस प्रदेश को गौरवान्वित करने का कार्य किया, गंगा, जमुना, सरस्वती जैसी नदियों का पानी हम प्रदेश वासियों को नसीब हुआ।

## माटीकला जागरूकता शिविर का आयोजन




**मैनपुरी अवधनामा संवाददाता।** उ.प्र. माटीकला बोर्ड द्वारा आयोजित माटीकला विपणन विकास सहायता एवं प्रचार-प्रसार योजना अन्तर्गत 01 दिवसीय माटीकला जागरूकता शिविर का आयोजन ग्राम, पोस्ट रतिभानपुर में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सदस्य उ.प्र. माटीकला बोर्ड भगवानदास दक्ष प्रजापति एवं विशिष्ट अतिथि पर्यवेक्षक परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी आगरा मण्डल आगरा नीतू यादव तथा जिला ग्रामोद्योग अधिकारी पवन यादव ने अपने वक्तव्यों द्वारा माटीकलां से जुड़े कुम्हार, कुम्भकार, प्रजापति समाज के लोगों को विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। उक्त जागरूकता शिविर में सर्वेश कुमार प्रजापति, अवनीश कुमार, अमित कुमार, राजेन्द्र प्रजापति, शिवराम प्रजापति, शिवराम प्रजापति, मुनीश प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

## जालौन नगर में फल बिस्किट ब्रेड वितरण किया गया



**उरई (जालौन)।** गहोई बैश्य समाज का संगठन गहोई महासभा के नाम से नागपुर से प्रारंभ हुआ जो वर्तमान में पूरे बुंदेलखंड में अपना अस्तित्व बना चुका है, इस समाज में 12 गोत्र 72 आपने है, यह समाज की संख्या, पूरे उत्तर प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में है जो समय-समय पर समाज हित में व्यापार के साथ पुण्य के काम भी करता रहता है। इसी क्रम में समाज के अध्यक्ष राजेश सुहाने के नेतृत्व में पंकज गुप्ता, दिनेश लोहिया, अश्विनी गुप्ता, प्रेम कुमार, योगेंद्र, राधा कृष्ण सुरेंद्र मनीष पवन कनकने रमेश हूका नीरज छारोलिया मनोज गुप्ता महिला मंडल अध्यक्ष अनीता सोनी कोषाध्यक्ष शिखा गांधी मंत्री रानी गुप्ता कल्पना सोनी समता विमला सुहाने शिल्पी मंजू अलका मौजूद रहे। गहोई दिवस के मौके पर आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फल बिस्किट ब्रेड वितरण किए गए।

## भारतीय हस्तशिल्प की टेपेस्ट्री का किया भव्य अनावरण

**कानपुर अवधनामा संवाददाता।** हस्तशिल्प संगठन क्राफ्टरूट्स भारत के 21 राज्यों में 25,000 से अधिक कारीगरों को सशक्त बनाने के लिए समर्पित एक अग्रणी संस्था है। क्राफ्टरूट्स कानपुर प्रदर्शनी की घोषणा करते हुए गर्व महसूस कर रहा है। यह शिल्प प्रदर्शनी हमारे सांस्कृतिक रूप से समृद्ध राष्ट्र के विभिन्न कोनों से 80 शिल्पों का प्रतिनिधित्व करने वाले 100 से अधिक कारीगरों को एक जीवंत मंच प्रदान करेगी। क्राफ्टरूट्स कानपुर प्रदर्शनी परंपरा और नवीनता के अनूठे मिश्रण का वादा करती है, जिसमें कांच बनाने, मिट्टी के बर्तन, पारंपरिक नेल पेंटिंग और विभिन्न अन्य शिल्पों में लाइव कार्यशालाएं शामिल हैं। आगंतुकों को इन शिल्पों के पीछे की जटिल प्रक्रियाओं को देखने का अवसर मिलेगा, जिससे कारीगरों के कौशल और समर्पण के प्रति गहरी सराहना बढ़ेगी। कार्यक्रम का भव्य उद्घाटन 26 जनवरी को निर्धारित है और इसमें सम्मानित गणमान्य आनंदीबेन पटेल, राज्यपाल, उत्तर प्रदेश और नन्द गोपाल गुप्ता नंदी, मंत्री, औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन एन.आर.आई एवं निवेश प्रोत्साहन, उत्तर प्रदेश उपस्थित रहेंगे क्राफ्टरूट्स कानपुर प्रदर्शनी 26 से 30 जनवरी तक सुबह 10:30 बजे से रात 09:00 बजे तक लाजपत भवन लॉन, कानपुर में आयोजित की जाएगी। कारीगरों द्वारा लाइव कार्यशालाएं होंगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपस्थित गणमान्य सदस्य अनारबेन पटेल (संस्थापक ग्रामश्री और क्राफ्टरूट्स) सेंट लीनाबेन रावल (ट्रस्टी ग्रामश्री) एम.डी हासिम, तुसार सिल्क, झारखंड अकीलभाई, दुर्रिस, उत्तर प्रदेश अकिला बानो, ऐप्लीक वर्क अलीगढ़, उत्तर प्रदेश विनाबेन जराडी, स्टोन ज्वेलरी, गुजरात यह कार्यक्रम भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का उत्सव है।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने रोड जामकर काटा हंगामा

अवधनामा संवाददाता



**कोंच।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद उरई कानपुर प्रांत सह मंत्री चित्रांशु सिंह की अगुआई में मथुरा प्रसाद महाविद्यालय के छात्रों ने महाविद्यालय में व्याप्त अनियिमितताओं से परेशान होकर बुधवार को मुख्य मार्ग को जाम कर दिया और रोड पर ही धरना देकर बैठ गए और छात्रों ने हंगामी नारे बाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

जैसे ही यह सूचना विद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य को हुई तो उन्होंने तुरंत ही छात्रों से संपर्क कर उनकी समस्याओं को जानना चाहा लेकिन छात्र इसके लिये राजी नहीं हुए तब उन्होंने विद्यालय प्रवन्धक और स्थानीय प्रशासन को स्थिति से अवगत कराया, सूचना मिलते ही उपजिलाधिकारी अतुल कुमार कोतवाल नागेन्द्र कुमार पाठक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और छात्रों से बातचीत कर समस्या के समाधान की बात कही और उन्हें समझाने का प्रयास किया काफी देर छात्रों द्वारा हंगामा होता रहा लेकिन उपजिलाधिकाती ने बड़ी सहजता से छात्रों को समझाने में लगे रहे और अंतगत्वा छात्रों ने एस डी एम की बात का विश्वास करते हुए अपना धरना प्रदर्शन खत्म कर मुख्य मार्ग से हट गए और उन्होंने अपनी मांगों से सम्बंधित एक ज्ञापन एस डी एम को सौंपते हुए बताया कि महाविद्यालय में लगभग 15 महीने से बैंक खातों पर रोक लगी है जिसके कारण महाविद्यालय प्रशासन व शिक्षार्थियों को शिक्षण कार्य में वाधाएँ आ रही हैं जिन्हें सुचारू रूप से चालू किया जाए वहीं महाविद्यालय के निर्लंबित प्राचार्य द्वारा परिसर के प्रमुख कक्षों सहित परीक्षा कक्ष प्राचार्य कक्ष व कम्प्यूटर कक्ष बंद किये जाने के कारण शिक्षण कार्य में बाधा पहुंच रही है जिन्हें तत्काल प्रभाव से खोला जाए छात्रों ने उक्त के सम्बंध में महाविद्यालय के प्रबन्धक से 5 दिन की समयावधि में मांगों को पूर्ण किये जाने की मांग की है अन्यथा की स्थिति में विद्यार्थी परिषद ने पुनः उग्र आंदोलन करने की भी बात कही है इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में छात्र मौजूद रहे।

# उप्र दिवस का सीएसए सभागार में विस अध्यक्ष ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता




**कानपुर।** जनपद में उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन कैलाश भवन सभागार चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना व अन्य अतिथिगणों द्वारा दीप प्राज्जवलन कर किया गया। इस अवसर पर महापौर प्रमिला पाण्डेय, विधायक गोविन्द नगर सुरेन्द्र मैथानी, विधायक घाटमपुर सरोज कुरील, जिलाधिकारी विशाख जी, मुख्य विकास अधिकारी सुधीर कुमार सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

उत्तर प्रदेश दिवस-2024 के अवसर पर विश्वविद्यालय के परिसर में पंचायती राज, कौशल विकास, एमएसएमई, केस्को, केडीए, नगर निगम, ग्राम विकास, बाल विकास पुष्टाहार, बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, पशुपालन, पराग डेयरी, उत्तर प्रदेश पर्यटन, डूडा, कृषि विभाग, वन विभाग, उद्यान विभाग, समाज कल्याण विभाग, महिला कल्याण विभाग, दिव्यांग जनकल्याण विभाग, चिकित्सा विभाग, श्रम विभाग, मत्स्य विभाग, लेदर, बैंक, खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग द्वारा स्टाल लगाए गए। जिसका मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना द्वारा फीता काटकर उद्घाटन कर स्टालों का अवलोकन किया गया। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा आज उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर हम लोग यहां एकत्र हुए हैं, उत्तर प्रदेश का विकास तभी हो सकता है जब समाज के अन्तिम गरीब व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचे और वह आर्थिक रूप से सशक्त बने, इसके लिए प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नेतृत्व में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित हैं और बिना किसी भेदभाव के उन योजनाओं का लाभ समाज के अन्तिम पात्र व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। जनपद में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुचाने में जिला प्रशासन द्वारा सरहानीय कार्य किया जा रहा है, जिसके लिये जिला प्रशासन बधाई का पात्र है। उन्होंने कहा कि यदि हम कुछ वर्ष पूर्व का देखें तो उत्तर प्रदेश जो सबसे पिछड़ा प्रदेश था आज हर क्षेत्र में तरक्की कर रहा है

## सपा महिला सभा विपक्ष की ईट से ईट बजाने का करेगी कामः सुलेखा

अवधनामा संवाददाता

**कानपुर।** समाजवादी पार्टी महिला सभा की बैठक मार्केट स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में महिला सभा अध्यक्ष सुलेखा यादव के नेतृत्व में संपन्न हुईद्य कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष पूजा यादव ने कियाद्य सभा को संबोधित करती हुई नगर महिला अध्यक्ष सुलेखा यादव ने कहा कि धर्म की राजनीति भाजपा सरकार कर रही है आगामी 2024 के चुनाव नजदीक आ चुके हैं घर-घर जाकर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के कार्यो को जन जन तक पहुंच कर समाजवादी पार्टी का झंडा फहराना है आगे कहा कि लोकसभा चुनाव में सपा महिला सभा विपक्ष की ईट से ईट बजाने का करेगी काम समाजवादी पार्टी सरकार ने कन्यादान, कन्या धन लैपटॉप वितरण बेरोजगारी भत्ता, पूरे प्रदेश में विकास को जनता ने देखा लेकिन भोली भाली जनता को धर्म के नाम पर भाजपा ने अपना वोट बैंक बना लिया इसका परिणाम आपके सामने है।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर निकाली गई रैली डीएम-एसपी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

अवधनामा संवाददाता



**उरई जालौन।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर चिकित्सा विभाग व महिला कल्याण विभाग द्वारा बालिकाओं की सुरक्षा संरक्षण सम्मान व स्वावलंबन को केंद्र में रखकर कलेक्ट्रेट परिसर से निकाली गई रैली जिसे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

जिलाधिकारी ने संबोधित करते हुए कहा कि हमें बालिकाओं के अनुकूल सामाजिक माहौल का सृजन करना है, जहां बेटियाँ सम्मान के साथ अपने सपनों की उड़ान को पूरा कर सके। बेटियों को शिक्षा रोजगार से जोड़कर स्वावलंबी बनाने की आवश्यकता है ताकि वे आर्थिक रूप से स्वावलंबी होते हुए राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्ती भूमिका अदा कर सकें। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर ईरज राजा ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस विभाग कृत संकल्पित है तथा उनकी सुरक्षा के लिए हर कदम पर पुलिस तैयार है, हर थाने में महिला हेल्प डेस्क क्रियाशील है जहां बालिकाओं व महिलाओं की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुना जा रहा है साथ ही प्रमुखता से निस्तारण किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एन डी शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर अवनीश बनौधा, जिला प्रोवेशन अधिकारी डॉ अमरेंद्र कुमार पौत्स्यायन, जिला कार्यक्रम अधिकारी इफ्तिखार अहमद व चिकित्सा विभाग से समस्त डॉक्टर नर्सिंग स्टाफ तथा कई विद्यालयों की छात्राओं व समाजसेवी अलीम ,ममता तथा महिला कल्याण विभाग की ओर से अलकमा अख्तर जूली खातून अंजना प्रवीण रागिनी रचना तथा समस्त कार्मिक उपस्थित रहे। यह रैली कलेक्ट्रेट से रवाना होकर टाउन हॉल में समाप्त हुई, बच्चियों ने तख्तियों पर कन्या भ्रूण हत्या रोकिए बेटियों को बढ़ने का अवसर दिजीए, बेटियों के अनुकूल माहौल को सृजित करीये हर बेटी समाज के लिए महत्वपूर्ण है, उसे समाज में सम्मान दीजिए और आगे बढ़ने का अवसर उपलब्ध कराइये के नारे के साथ रैली का समापन हुआ।

## उत्तर प्रदेश दिवस पर सदर विधायक ने लाभार्थियों को सौंपी आवास की चाबियां



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** जिले के उरई मुख्यालय में जिला प्रशासन ने मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम में उत्तर प्रदेश दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया यह कार्यक्रम तीन दिन चलेगा, यूपी दिवस के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा ने आकर उद्घाटन किया, जिसमे सभी विभागों ने स्टाल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी. कार्यक्रम में छात्राओं के साथ ग्रामीण और शहरी महिलाओं ने भी भाग लिया। जिले में उत्तर प्रदेश दिवस पर तमाम लोगों को सरकारी योजना का लाभ मिला है. जिले के सदर विधायक के साथ अधिकारियों की मौजूदगी में मंच पर कई छात्र छात्राओं ने प्रस्तुति दिखाई जिसमे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया गया। उत्तर प्रदेश दिवस पर हुआ कार्यक्रम आयोजन बुधवार को जिला प्रशासन द्वारा मेडिकल प्रेक्षागृह में उत्तर प्रदेश दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस दौरान स्कूली छात्राओं के साथ भारी संख्या में ग्रामीण और शहरी महिलाओं ने भाग लिया.सीडीओ भीमजी उपाध्याय ने बताया उत्तरप्रदेश 1950 से पहले यूनाइटेड गवर्सेस के नाम से जाना जाता था ,इसके बाद इसको उत्तर प्रदेश का नाम मिला। योगी सरकार ने 2018 से यूपी दिवस मनाने का कार्यक्रम शुरू किया यूपी की विशालता इतनी है की विश्व के छटवे देश के अनुरूप शक्ति है इस प्रदेश ने देश को अधिकतर प्रधानमंत्री दिए है अपने प्रदेश की संस्कृति और विरासत विश्व में विख्यात है।

## गांव से शुरू की शिक्षा, अब डिप्टी कलेक्टर बन गांव का नाम करेंगें रोशन



अवधनामा संवाददाता

**जालौन।** तहसील क्षेत्र के ग्राम उदोतपुरा के बेटे ने यूपीएससी की परीक्षा में 24वीं रैंक की परीक्षा पास कर नगर तथा क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। इनके पिता चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी थे जिन्होंने अपने बच्चों की अच्छे संस्कार देकर शिक्षा दिलाई। इनकी प्राथमिक शिक्षा गांव में हुई इसके बाद उरई के एस आर इंटर कालेज में हाईस्कूल की पढाई पूरी कर उरई में ही पालिटेक्निक की परीक्षा पास की। उदोतपुरा के गंगाराम दोहरे के पुत्र विनोद कुमार ने सिर्फ जिले का नाम रोशन किया बल्कि अपने गांव तथा क्षेत्र का नाम भी रोशन किया। गंगा राम दोहरे इंटर कॉलेज, शेखपुर बुजुर्ग, में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी थे। पिता ने लगन, मेहनत, ईमानदारी और सेवाभाव के दम पर न केवल अपने पांच बच्चों की अच्छी परवरिश की, अपितु उन्हें उच्च शिक्षा और बेहतर संस्कार देकर उच्च पदों तक पहुंचाने का भी कार्य किया। इनकी तीन पुत्रियों में 2 पुत्रियां शिक्षा विभाग में अध्यापिका हैं, जबकि तीसरी पुत्री को ससुराल वालो ने सेवा में भेजने में रुचि नहीं ली, जिनके पति पीएसी में उच्च पद पर आसीन है तीन पुत्रियों के बाद 2 पुत्रों में छोटा पुत्र मनोज कुमार, भारत की सबसे प्रतिष्ठित परीक्षा आई. आई. टी. क्वालीफाई करके एक प्रतिष्ठित कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं।पिता की चौथी संतान विनोद कुमार ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा प्राइमरी स्कूल से प्रारंभ की तथा सरकारी विद्यालयों से ही हाई स्कूल, पॉलीटेक्निक, बी. टेक. की डिग्री पूर्ण की अपनी शिक्षा पूर्ण कर विनोद कुमार प्राइवेट सेक्टर में कैरियर बनाने की सोची, किंतु वहां के भेदभावपूर्ण, प्रेशर युक्त ततावपूर्ण तकनीकी माहौल में इनका मन नहीं लगा

# कोषागार अधिकारी ने मतदान दिवस पर कर्मचारियों को दिलाई शपथ



अवधनामा संवाददाता

**उरई जालौन।** कोषागार कार्यालय में मुख्य कोषाधिकारी आशुतोष चतुर्वेदी की अध्यक्षता में अपने अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ राष्ट्रीय मतदान दिवस के अवसर पर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। उन्होंने अधीनस्थ अधिकारी एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाई कि हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते है कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओ की मर्यादा को बनाये रखेगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस अवसर पर राजवीर सिंह सहायक कोषाधिकारी, विजय कुमार अवर अभियंता ओडीए, सुधीर कुमार सहायक अभियंता ओडीए, समीउल्ला खान कोषागार लेखाकार, दुर्गा प्रसाद कोषागार लेखाकार, गुलाब सिंह कोषागार लेखाकार, महेन्द्र कुमार कोषागार लेखाकार, जितेन्द्र कुमार निरंजन कोषागार लेखाकार, रमेश चन्द्र कोषागार लेखाकार, ओम प्रकाश निरंजन कोषागार लेखाकार, अनुराग पाण्डेय कोषागार लेखाकार, निर्तेन्द्र कुमार कनिष्ठ सहायक, श्रीमती सुलोचना सिंह कनिष्ठ सहायक एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहें।

## युवक से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज

**नदीगांव।** युवक के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। जिसपर पुलिस ने कारवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया है। बता दें कि थाना क्षेत्र के ग्राम सलैया खुर्द निवासी अभय प्रताप सिंह पुत्र शिवपाल सिंह ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि घटना दिनांक 18 जनवरी 2024 की है जब मैं किसी कार्य के लिए गांव में जा रहा था तभी गांव के ही निवासी भरत सिंह पुत्र लाखन सिंह आदि आये और अकारण ही मेरे साथ गाली गलौज करने लगे जिसका मैंने विरोध किया तो उक्त लोग तैश में आकर मेरे साथ और अधिक मारपीट करने लगे मेरे चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर गांव के लोग भी आ गए और उक्त लोगों को ललकारा तो उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए अभय प्रताप सिंह की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ मुकद्दमा संख्या 06/24 धारा 323/504/506 आई पी सी में मुकद्दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ज्यादा से ज्यादा मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंः डीएम

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु ने कुं.आर.सी. इंटर कॉलेज से लेकर क्रिश्चियन तिराहे तक आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन की मतदान प्रक्रिया में मतदाताओं का अधिक से अधिक प्रतिभाग कराने के उद्देश्य से विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा बनायी गयी।

मानव श्रृंखला में प्रतिभागियों को मतदाधिकार का प्रयोग करने सम्बन्धी शपथ दिलाते हुये कहा कि समृद्ध लोकतंत्रात्मक गणराज्य में राष्ट्रीय एकता अखंडता की मजबूती के साथ सभी नागरिकों को धर्म, भाषा, अभिव्यक्ति की आजादी और सामाजिक न्याय, व्यक्ति की गरिमा को समान स्थान दिया है, संविधान के सभी उद्देश्यों को प्राप्त करने का एकमात्र आधार संसदीय प्रणाली, लोकतंत्र की मजबूती है, संविधान ने सभी वयस्क नागरिकों को देश के सभी सदनों में क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने हेतु मताधिकार कर सुयोग्य, स्वच्छ छवि वाले जन प्रतिनिधियों को चुनने का अवसर प्रदान किया है, आप सब यदि मतदाता हैं तो प्रत्येक निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग अपने पसंददीदा उम्मीदवार के पक्ष में अवश्य करें साथ ही अपने परिजनों, आस-पड़ौस के मतदाताओं को भी मताधिकार करने के लिए प्रेरित करें। उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम जी मिश्र ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए आवश्यक है कि ज्यादा से ज्यादा मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें इस हेतु भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं में जागरूकता लाने के लिए तमाम फोरम बनाये हैं, सुनिश्चित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता तथा मतदाता जागरूकता के तहत समस्त शिक्षण संस्थानों, कार्यालयों, अर्द्ध सरकारी कार्यालयों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। उन्होने कहा कि मतदाताओं को जागरूक करने में स्कूली बच्चे अहम भूमिका अदा करेंगे।

# 108 अभ्यर्थियों को मिला रोजगार नियुक्ति पत्र पाकर खिल उठे चेहरे

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के माध्यम से एक दिवसीय ब्लाक स्तरीय रोजगार मेला बुधवार को राजकीय आई0टी0आई0 पडरौना में उ0प्र0 कौशल विकास मिशन, राजकीय आई0टी0आई0 एवं जिला सेवायोजन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया है।

मुख्य अतिथि सांसद विजय कुमार दूबे व विशिष्ट अतिथि विधायक खड्डा व पडरौना के द्वारा रोजगार मेला का शुभारम्भ किया गया एवं अपने सम्बोधन में ब्लाक स्तरीय रोजगार मेला को रोजगार आपके द्वार व युवाओं के लिए अत्यन्त ही लाभप्रद बताते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा रोजगार मेला में चयनित अभ्यर्थियों को मुख्य अतिथि द्वारा नियुक्ति प्रमाण-पत्र भी वितरित किया गया। रोजगार मेला में अधिक से अधिक युवाओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग लिए तथा चयनित अभ्यर्थियों ने नियुक्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त कर अपने आकांक्षाओं को एक नई पंख दिए। रोजगार मेला में कुल 10 नियोक्ता कम्पनी क्रमशः मारूति सुजुकी, टाटा, नवोदित फाउण्डेशन, ब्राईट पयूचर, एस0एन0 इन्स्ट्रीयूट फार फिमेल, ई-कार्ट, एल0आई0सी0, वेलस्पेन इण्डिया, डिसेट, रेड हिल, ने प्रतिभाग किया। उक्त रोजगार मेला में 321 अभ्यर्थियों ने विभिन्न नियोक्ता कम्पनीयों में साक्षात्कार दिए। साक्षात्कार के माध्यम से कुल 108 अभ्यर्थीयों का रोजगार हेतु चयन किया गया है। जिन्हें 10000 से 21000 तक सैलरी प्राप्त होगा।

# अधिकारों की मांग को लेकर क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने की बैठक



*अवधनामा संवाददाता*

बीकापुर- अयोध्या।पंचायती राज अधिनियम के तहत क्षेत्र पंचायत सदस्यों के अधिकारों को सीमित दायरे से बाहर निकलकर विस्तृत आकार देने, मृत क्षेत्र पंचायत सदस्यों के परिजनों को बीमा सुविधा उपलब्ध कराने, छह वार्षिक बैठकों को नियमित रूप से संचालित करने, मनरेगा के कार्यों के माध्यम से प्रस्तावित विकास कार्यों को करवाने की मांगों को लेकर बीडीसी संघ के आवाहन पर बुधवार को विकासखंड बीकापुर के सभागार में एक बैठक आहूत की गई। बैठक का नेतृत्व बीडीसी संघ के जिला उपाध्यक्ष राहुल दूबे द्वारा किया। इस दौरान सदस्यों ने सिर पर काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराया । बैठक में उपस्थित करीब तीन दर्जन बीडीसी सदस्यों ने पांच सूत्रीय मांग पत्र पर हस्ताक्षर करके सहायक विकास अधिकारी आईएसबी बद्रीनाथ पांडेय के माध्यम से शासन में भेजने का अनुरोध किया है। मांग पत्र में मनरेगा कार्यो में बीडीसी द्वारा प्रस्तावित किए गए कार्यों को सम्मिलित करने, मृतक बीडीसी सदस्यों के परिजनों को बीमा राशि का सहयोग देने समेत अनेक मांगो को दर्शाया गया है। बैठक के बीच में ही गहमा गहमी के माहौल के बीच लोग मुख्यमंत्री योगी एवं प्रधानमंत्री मोदी जिंदाबाद के नारे भी लगाए गये। संघ के जिला उपाध्यक्ष राहुल दुबे ने बताया कि कुछ सामाजिक तत्वों द्वारा सदस्यों को बंधक बनाने के दौरान माहौल गरम हो गया। बैठक में मुख्य रूप से महेश गौड, नीरज, मंजू तिवारी, रंजीत, राजेश, संजय यादव, राजेश यादव, अशोक यादव, संगीता, शाहजहां, द्रोपदी, उमाशंकर, वीरेंद्र बहादुर, सहित अन्य क्षेत्र पंचायत सदस्य तथा उनके प्रतिनिधि मौजूद रहे। इस दौरान कोतवाली पुलिस भी मौजूद रही।

## हर रामभक्त को रामलला का सुगम दर्शन कराना हमारा कर्तव्यः सीएम योगी

# गणतंत्र दिवस पर अलर्ट रहे पुलिस, माहौल बिगाड़ने की कोशिश की तो करें कठोर करवाईः मुख्यमंत्री

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्याधाम।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने अयोध्याधाम में रामलला के दर्शन की आकांक्षा लिए उमड़े आस्था के महासागर के बीच हर श्रद्धालु के सहज, सुगम व संतोषपूर्ण दर्शन के लिए सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि ट्रस्ट के पदाधिकारियों व स्थानीय प्रशासन के साथ परिस्थितियों का जायजा लेने के बाद बुधवार को मुख्यमंत्री ने शासन स्तर के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री जी के प्रमुख दिशा-निर्देश अयोध्याधाम में आस्था का जनसमुद्र देखा जा सकता है। पूरे देश से श्रद्धालुओं का आगमन हो रहा है। हर कोई अपने आराध्य प्रभु के दर्शन का पुण्य लाभ चाहता है। भारी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन स्वाभाविक है। ऐसी परिस्थितियों में हर श्रद्धालु की सुरक्षा, सुविधा व सुगम दर्शन की व्यवस्था करना हम सभी का कर्तव्य है। स्थानीय प्रशासन और मंदिर न्यास के बेहतर समन्वय के साथ क्राउड मैनेजमेंट किया जाना चाहिए। राम पथ, भक्ति पथ, धर्म पथ और जन्मभूमि पथ पर, जहां भी



दर्शनार्थी हों, कतारबद्ध खड़े हों। भीड़ न लगे। कतार चलायमान रहे। बुजुर्गों/बच्चों/महिलाओं का विशेष ध्यान दें।दर्शनार्थियों की भावनाओं का सम्मान करते हुए प्रमुख पथों पर लो-ट्यून में राम भजन बजने चाहिए। सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों का व्यवहार मर्यादित होना चाहिए।कतारबद्ध श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह पर पेयजल की व्यवस्था कराएं। दिव्यांग अथवा अति बुजुर्ग श्रद्धालु के लिए आवश्यकतानुसार व्हीलचेयर के प्रबंध भी होने चाहिए। ठंड बहुत है, ऐसे में अलाव की व्यवस्था कराएं। भक्ति पथ और जन्मभूमि पथ पर पर जूट मैटिंग कराएं। प्लास्टिक की कुर्सियां लगाएं ताकि बुजुर्ग एवं वृद्धजन आवश्यकतानुसार विश्राम कर सकें। सभी घाटों सहित पूरे नगर में साफ-सफाई-स्वच्छता लगातार होती रहे। मशीनीकृत सफाई हो। जो श्रद्धालु दर्शन-पूजन कर चुके हों, उन्हें उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए परिवहन के पर्याप्त साधन उपलब्ध हों। परिवहन निगम की बसों की व्यवस्था हो। विभिन्न नगरों से अयोध्या आने के लिए अतिरिक्त बसों का संचालन अभी स्थगित रखें। दर्शन के उपरांत जिस रूट के श्रद्धालु अधिक हों, उस ओर बसों को लगाकर श्रद्धालुओं को गंतव्य तक पहुंचाने की व्यवस्था हो। ऐसे रूट चिन्हित कर आवश्यकतानुसार रेलवे से कोऑर्डिनेट करते हुए ट्रेनों के संचालन के प्रयास होने चाहिए। परिवहन मंत्री स्वयं इस व्यवस्था को सुनिश्चित कराएं। मुख्य सचिव/डीजीपी/अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री/प्रमुख सचिव परिवहन और प्रमुख सचिव नगर विकास बेहतर समन्वय से श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए आवश्यक प्रबंधन सुनिश्चित कराएंगे।अयोध्या की सीमा से लगे जनपदों के साथ अयोध्या प्रशासन तथा शासन स्तर के अधिकारी अंतरराज्यीय संवाद/सम्पर्क बनाये रखें। किस दिशा से कितने श्रद्धालुओं का आगमन हो रहा है, इसका आकलन करते हुए तदनुसार आवश्यक प्रबंध किए जाएं।

## शिक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया

**पूरा बाजार- अयोध्या।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रादेशिक नेतृत्व के आवाहन पर पंडित हृदयराम शर्मा पी डी पाण्डेय इंटर कॉलेज सोनैसा रसूलाबाद अयोध्या विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद अयोध्या के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव चतुर्वेदी के नेतृत्व में शिक्षकों ने हाथों में काली पट्टी बांधकर विद्यालय गेट पर शिक्षकों की जायज मांगों को लेकर विरोध स्वरूप शिक्षण कार्य स्थगित रखते हुए अपनी मांगो को जैसे पुरानी पेंशन बहाल करने, चयन बोर्ड की धारा 21धारा 18,धारा 12 को इंटर मीडियट अधिनियम 1981 मे पुनः शामिल करने की मांग की। माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद अयोध्या के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव चतुर्वेदी ने अतिथि विषय विशेषज्ञ एवं तदर्थ शिक्षक साथियो को तत्काल विनियमितीकरण करने की मांग की। उन्होंने ने कहा आज हर कर्मचारी और शिक्षक की पहली मांग पुरानी पेंशन की बहाली है ।

# मंडलायुक्त व जिलाधिकारी ने टेंट सिटी का किया निरीक्षण



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मंडलायुक्त गौरव दयाल व जिलाधिकारी नितीश कुमार ने पर्यटन विभाग द्वारा ग्रीन फील्ड टाउनशिप क्षेत्र में बनाए जा रहे टेंट सिटी का किया निरीक्षण। इस अवसर पर उक्त अधिकारियों द्वारा संबंधित अधिकारियों को टेंट सिटी में अच्छी गुणवत्ता के आकर्षक एवं साफ-सुथरे टेंट को ही लगाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ने सम्पूर्ण टेंटसिटी परिसर में साफ सफाई की नियमित अच्छी व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा आगंतुकों हेतु अच्छे शौचालय एवं शुद्ध पेयजल के साथ ही समस्त आधारभूत सुविधाएं सुगमता से एवं अच्छी गुणवत्ता की उपलब्ध कराने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। अधिकारीद्वय द्वारा समस्त कार्यों को तीव्र गति से करने तथा समस्त शीघ्र ही पूर्ण करने के निर्देश दिए।इससे पूर्व जिलाधिकारी द्वारा श्री राम जन्मभूमि मंदिर व मंदिर परिसर के विभिन्न संपर्क मार्गों पर श्रद्धालुओं की सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का भ्रमण कर जायजा लिया गया तथा संबंधित अधिकारियों को सुगमता से श्रद्धालुओं को दर्शन की सुविधा नियमित सुनिश्चित रखने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# कर्पूरी ठाकुर के संघर्षों और विचारों को आगे ले चलकर ही समाजवादी पार्टी को मजबूत किया जा सकता है :पारसनाथ यादव



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी कार्यालय लोहिया भवन गुलाब बाड़ी फैजाबाद में कर्पूरी ठाकुर की जयंती बनाई गई समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने उनके चित्र पर माल्यार्पण करके उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किया श्री यादव ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शिक्षक राजनीतिक तथा बिहार के उपमुख्यमंत्री और मुख्यमंत्री के तौर पर जो काम किया है बिहार की जनता आज भी उनको याद करती है श्री यादव ने कहा कि पिछड़े और दलितों के नेता के तौर पर जो लोकप्रियता हासिल की उसी के कारण उन्हें जननायक भी कहा जाता है श्री यादव ने कहा कर्पूरी ठाकुर के संघर्षों और विचारों को आगे ले चलकर ही समाजवादी पार्टी को मजबूत किया जा सकता है पूर्व विधायक प्रदेश महासचिव सपा जयशंकर पांडे ने कहा की बिहार में कर्पूरी ठाकुर का मुख्यमंत्री के कार्यकाल अभूतपूर्व रहा खासकर वंचित वर्गों के लिए जो काम किया है जनता उन्हें आज भी याद कर रही है श्री पांडे ने कहा उन्होंने समाजवादी विचारधारा और लोहिया के विचारों को आगे बढ़कर निचली जातियों को सशक्त बनाने का काम किया है सपा जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि पार्टी कार्यालय गुलाब बाड़ी लोहिया भवन पर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री समाजवादी नेता कर्पूरी ठाकुर की जयंती बनाई गई सभी कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर मलार्पण करके उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष जेपी यादव ओ पी पासवान नागेश्वर करी प्रदेश कार्य समिति सदस्य मायाराम यादव डॉ घनश्याम यादव महिला सभा अध्यक्ष सरोज यादव महानगर महिला अध्यक्ष अपर्णा जायसवाल अवनीश प्रताप सिंह वीरेंद्र गौतम सूर्यभान यादव अजय यादव राकेश यादव सत्या कोरी वशदेव पासवान राम कुमार पासवान गौरव चौधरी रोहित यादव समरजीत कोरी आदि लोग मौजूद रहे

## यूपी पीसीएस में चयनित पीयूष रावत के आवास पहुंचे सांसद लल्लू सिंह दी शुभकामनाएं

अयोध्या। सांसद लल्लू सिंह ने यूपी पीसीएस में सोहावल निवासी पीयूष रावत का चयन होने पर उसके आवास पहुंच कर अपनी शुभकामनाएं दी। अंग वस्त्र तथा स्मृति चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया। पीयूष पुत्र मनोज कुमार सोहावल के मकसूमपुर के निवासी जिनका यूपीपीसीएस 2023 में 37वीं रैंक प्राप्त हुई है। इस दौरान सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि लक्ष्य पर केन्द्रित प्रयास से ही व्यक्ति को सफलता मिलती है।

## श्री राम दर्शन यात्रा को लेकर बनाई जा रही टेंट सिटी का भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरूण चुग ने किया निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** श्री राम दर्शन यात्रा को लेकर बनाई जा रही टेंट सिटी का भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरूण चुग ने निरीक्षण किया। टेंट सिटी में जल व्यवस्था, भोजन भण्डारा स्थल, की उपलब्धता तथा भोजन का मीनू बदलते रहने तथा समयबद्ध तरीके से भोजन तथा अल्पाहार की व्यवस्था का निर्देश दिया। काटेज के बाहर व भीतर नियमित रूप से साफ-सफाई करने को कहा। मेडिकल कैम्प में हमेशा कार्यकताओं की उपलब्धता रहे ऐसी



किचन तथा काटेज को देखा। टेंट सिटी में जल व्यवस्था के लिए कुल 9 बोरिंग की गई है। जिसे गुरूवार तक पूर्ण करने का निर्देश दिए। टेंट सिटी में 6 स्थलों सहित अयोध्या धाम में 21 स्थलों पर भण्डारे की व्यवस्था की गई है। कारीगर व हेल्पर को लेकर कुल 150 व्यक्ति प्रत्यके भण्डारें में रहेगें। कारीगरों का आना शुरू हो गया है। उन्होनें सामाग्री व्यवस्था बनाने का निर्देश व्यवस्था प्रमुख को दिया। निरीक्षण के दौरान प्रदेश महामंत्री राम प्रताप सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, अमल गुप्ता, हरभजन गौड़ मौजूद थे। निरीक्षण के उपरान्त सर्किट हाउस में भोजन व आवास व्यवस्था प्रमुखों के साथ बैठक की।

# वैश्विक चैरिटी टीयूएफएफ ने राम मंदिर को को दिया एक करोड़ रुपये का दान



*अवधनामा संवाददाता*

राममंदिर निर्माण के लिए पीएम मोदी व सीएम योगी के प्रति जताया आभार अयोध्या।वैश्विक चैरिटी संस्था टीयूएफएफ ने अयोध्या में बन रहे राममंदिर के निर्माण में एक करोड़ रुपए दान देने की घोषणा किया है। भारत के लोगों और पूरी मानवता के लिए राम राज्य की स्थापना को लेकर टीयूएफएफ ने अटूट प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना भी की। उन्होंने जीवन के सभी क्षेत्रों से टीयूएफएफ के सभी समर्थकों और अनुयायियों को भी धन्यवाद दिया और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी धन्यवाद दिया।

यह जानकरी देते हुए संस्था के शमेंदर तलवार और अन्ना बोर्नहोल्ट प्रायर द यूनिटी ऑफ फेथ्स फाउंडेशन एक वैश्विक धर्मार्थ संगठन ने बताया कि राममंदिर उद्घाटन के लिए संस्था ने एक करोड़ रुपये के उदार दान की घोषणा की है। संस्था ने कहा है कि 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की ऐतिहासिक घटना देश के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बनी है और टीयूएफएफ को इसका हिस्सा होने पर गर्व है। इस महत्वपूर्ण अवसर के आलोक में, यह दान विभिन्न धर्मों के लोगों के बीच शांति, सद्भाव और एकता को बढ़ावा देने के लिए संस्था की प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है। टीयूएफएफ का मानना ??है कि राम मंदिर के निर्माण से न केवल लाखों भक्तों को आध्यात्मिक सांत्वना मिलेगी बल्कि सभी समुदायों के बीच भाईचारे और एकता का बंधन भी मजबूत होगा।टीयूएफएफ के सह-संस्थापक डॉ. शमेंद्र तलवार एफआरएसए और अन्ना बोर्नहोल्ट प्रायर एफआरएसए ने घोषणा की कि यह क्षण मानवता और हमारे ग्रह के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ है। लंदन यूके में विश्व हिंदू मंदिर के वित्त सचिव मंगत शर्मा ने कहा, ÷हम सनातनी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंदिर निर्माण के अपने वादे को पूरा करने और लाखों चेहरों पर मुस्कान लाने के लिए बहुत आभारी हैं। संस्था भारत, अमेरिका, यूके और ऑस्ट्रेलिया में कार्यालयों के साथ दुनिया भर के 4 महाद्वीपों पर काम करता है।

## कलेक्ट्रेट चौकी इंचार्ज और अधिवक्ताओं में विवाद

**महराजगंज।** सदर कोतवाली क्षेत्र के अंर्तगत कलेक्ट्रेट चौकी प्रभारी और दीवानी न्यायालय के अधिवक्ताओ में बुधवार को विवाद हो गया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जानकारी के अनुसार कलेक्ट्रेट चौकी में अधिवक्ता के साथ दुर्व्यवहार को लेकर कुछ अधिवक्तागण पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना को पत्र देने जा रहे थे उसी दौरान कलेट्रेट चौकी प्रभारी दुर्गेश सिंह को कुछ अधिवक्ता उग्र हो गए और मामला आगे बढ़ गया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी के साथ वायरल हो गया। वायरल वीडियो में चौकी इंचार्ज दुर्गेश सिंह के साथ मारपीट भी दिखाई दे रहा है। इसको देखकर मौके पर काफी संख्या में पुलिस कर्मी पहुंचे और चौकी इंचार्ज को लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय चले गए। इस दौरान मौके पर काफी संख्या में भिड़ मौजूद रही।

# उत्तर प्रदेश दिवस पर चित्रप्रदर्शनी का हुआ आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जनपद के घुघली नगर पंचायत में डीएवी नारंग इंटरमीडिएट कॉलेज में उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के रूप में उत्तर प्रदेश दिवस का भव्य आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश दिवस में विभिन्न विभागों द्वारा आमजन को अपने विभाग से संबंधित योजनाओं से अवगत कराने हेतु स्टालों को लगाया था। प्रमुख स्टालों में सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश के इतिहास पर चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था। चित्र प्रदर्शनी के अवलोकन के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा द्वारा मुख्य अतिथि केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी को सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित योगी का रामराज्य और उत्तर प्रदेश कहानी बदलाव की पुस्तक भेंट की गई। बड़ी संख्या में लोगों ने सूचना विभाग द्वारा आयोजित चित्र प्रदर्शनी को देखा और उत्तर प्रदेश के इतिहास से रूबरू हुए। इसके उपरांत मुख्य अतिथि और जिलाधिकारी सहित सभी गणमान्य लोगों ने सभी स्टालों का अवलोकन



किया। उत्तर प्रदेश दिवस में जिला उद्योग केंद्र द्वारा ओडीओपी स्टॉल के रूप में फर्नीचर की प्रदर्शनी लगाई गई। जिला उद्योग केंद्र द्वारा इस अवसर पर 250 लोगों को विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत टूल किट का वितरण किया गया। इसके अलावा कृषि विभाग, सहकारिता विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जिला बाल विकास सेवा और पोषाहार विभाग, प्रोबेशन विभाग, ग्राम्य विकास विभाग ने प्रदर्शनी के माध्यम से विभिन्न योजनाओं का प्रचार प्रसार किया। प्रदर्शनी में बेसिक शिक्षा विभाग और बजरंगी सिंह इंटरमीडिएट कॉलेज व सेंट थॉमस स्कूल के बच्चों के टीएलएम और विज्ञान प्रदर्शनी को दर्शकों ने खूब सराहा तो स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल पर लोगों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया और कार्यक्रम की भूरी-भूरी प्रशंसा की। प्रोबेशन विभाग द्वारा 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस पर महिला सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया और लोगों से बेटियों के साथ समान व्यवहार के प्रति जागरूक किया गया। स्टालों पर संबंधित विभाग के अधिकारी स्वयं उपस्थित रहे और लोगों को विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया।

# एक दिन पहले मना राष्ट्रीय मतदाता दिवस, दिलाई शपथ



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी 25 जनवरी राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाना था लेकिन हजरत अली के जन्मदिन पर सार्वजनिक अवकाश के चलते आयोजन आज हुआ। बुधवार को पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय प्रागंण में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर अधिकारियों, कर्मचारियों को लोकतन्त्र में पूर्ण आस्था के साथ स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई। समस्त क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारियों द्वारा अपने कार्यालय, थानों पर कार्यक्रम का आयोजन कर अधीनस्थों को यही शपथ दिलाई गई।

# राजनीति के आदर्श, सिद्धान्त व मर्यादा के रक्षक थे स्व कर्पूरी ठाकुरः वसीम राईन

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** भारत सरकार ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और जननायक कर्पूरी ठाकुर को देश का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न देने का निर्णय लेकर काबिले तारीफ काम किया है। वास्तव में स्व ठाकुर इस सम्मान के पात्र हैं। दो बार सीएम व डिप्टी सीएम होने के बाद भी उन्होंने जिस तरह सादा और दिखावे से अलग जीवन जिया वह वर्तमान नेताओ के लिए सबक है एक जीवंत उदाहरण है। यह बात आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने स्व कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कही। उनके जीवन पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कर्पूरी ठाकुर बिहार के दो बार मुख्यमंत्री और एक बार उप मुख्यमंत्री रहें। वर्ष 1952 में वे पहली बार विधायक बने और वर्ष 1977 में वे पहली बार बिहार के मुख्यमंत्री बने थे, दोनों कार्यकाल को मिलाकर वे कुल ढाई साल के मुख्यमंत्री पद पर बने रहे। उन्होंने बिहार शिक्षा में अंग्रेज़ी की अनिवार्यता को ख़त्म करके आम जन तक शिक्षा को पहुँचाया और किसानों को राहत देने के लिए मालगुज़ारी टैक्स को खत्म किया था। उन्होंने बिहार को देश में पहला राज्य बनाया जहां ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षण को लागू किया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि इतने अहम पदों पर रहते हुए भी उन्होंने आज के नेताओं की तरह संपत्ति बनाना तो दूर एक घर तक अपने लिए नही रखा। राजनीति के आदर्श सिद्धान्तों और पवित्रता को कायम रखने के साथ ही इसकी मर्यादा को कभी खण्डित नही होने दिया। इसी वजह से राजनीति के क्षेत्र में उनका नाम बड़े ही आदर व सम्मान के साथ लिया जाता है। वह चाहे उनका शुभचिंतक हो या विरोधी। केंद्र सरकार ने मरणोपरांत ही सही पर भारत रत्न के लिए नाम चयन कर बहुत ही सराहनीय कार्य किया है। वह इससे भी अधिक सम्मान के पात्र हैं लेकिन भारत सरकार ने यह निर्णय लेकर वास्तव में स्व कर्पूरी ठाकुर का मान सम्मान कायम रखने का काम किया है।

## दूसरी किश्त के लिए मांगी रिश्वत क्षुब्ध व्यक्ति ने डीएम ऑफिस के सामने लगाई आग

**बाराबंकी।** प्रधानमंत्री आवास की दूसरी किस्त के लिए ग्राम पंचायत सचिव द्वारा रिश्वत मांगने व दौड़ाने से क्षुब्ध एक व्यक्ति ने बुधवार को जिलाधिकारी कार्यालय के सामने खुद को आग लगा ली। यह देख वहां पर हड़कंप मच गया। मौजूद कर्मचारियों, सुरक्षाकर्मियों ने आग तो बुझा ली मगर ग्रामीण झुलस गया। पहुंची पुलिस उसे इलाज के लिए लेकर चली गई। आरोपी पंचायत सचिव को निलंबित कर पूरे मामले की जांच शुरू की गई है। जानकारी के अनुसार रामनगर कोतवाली इलाके के अशोकपुर चांचूसराय गांव निवासी जुबेर बुधवार सुबह अपने बच्चों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचा। उसने डीएम कार्यालय के सामने अचानक ज्वलनशील छिड़क कर खुद को आग लगा ली। इससे हड़कंप मच गया। आसपास मौजूद कर्मचारी और पुलिसकर्मी तेजी से उसकी तरफ दौड़े। आग तो तुरंत बुझा ली गई मगर जुबेर का सिर और चेहरा झुलस गया। आनन फानन एक वाहन से जुबेर को इलाज के लिए ले जाया गया। जुबेर का कहना था कि बीते साल उसे प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना का लाभ मिला था।

# तेज हुई गणतंत्र दिवस पर आयोजन की तैयारी



**बाराबंकी।** जिले में गणतंत्र दिवस की तैयारी तेज कर दी गई है। इस अवसर पर सरकारी व निजी कार्यालयों से लेकर स्कूलों में विविध आयोजन होंगे। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स परेड ग्राउण्ड में आगामी गणतन्त्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाली फुल ड्रेस रिहर्सल परेड की सलामी ली गई। तत्पश्चात परेड का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

# बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से नही हैं पीछे: जगदम्बिका

## सांसद ने किया उप्र स्थापना दिवस तथा राष्ट्रीय बालिका दिवस का शुभारम्भ

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** लोहिया कलाभवन में बुधवार को मुख्य अतिथि सांसद जगदम्बिका पाल की अध्यक्षता एवं अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर गोविन्द माधव, जिलाधिकारी पवन अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में द्वीप प्रज्ज्वलित कर ÷उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस तथा राष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा प्रदर्शनी स्टाल का अवलोकन किया गया। उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस÷ तथा राष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम पर सिहेंश्वरी इन्टर कालेज एवं राजकीय कन्या इन्टर कालेज की छात्राओ द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं थीम पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। महिला थानाध्यक्ष साइस्ता खान द्वारा बालिकाओ एवं महिलाओं को सश्क्त बनाने हेतु जागरूक किया गया एवं अपराध एवं कानून के बारे में जानकारी दी गयी। किसी भी आपात स्थिति में 1090 एवं 112 पर कॉल करे। इस दौरान सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि आज हमारी बेटियां हर क्षेत्र में आगे उड़ान भर रही है। उप्र सरकार कन्या भ्रूण हत्या रोकने में सफल है। आज देश में बदलाव आ रहा है। बेटिया किसी भी क्षेत्र में बेटो से पीछे नही है। पहले की अपेक्षा अब लोगो की सोच भी बदली है तथा बेटियों को हर क्षेत्र में छूट दी जा रही है तथा वे प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। भारत सरकार/प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओ को आगे बढ़ाने में योगदान दिया जा रहा है। लोग बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रही है। सरकार द्वारा दहेज रोधी विभिन्न कानून बनाये गये है। कन्याओं को बेहतर सुविधा देने के लिए मुख्यमंत्री सुमंगला कन्या योजना लागू की गयी है। आज उत्तर प्रदेश औद्योगिक प्रदेश बनने के पथ पर अग्रसर है। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले लोगो को विभिन्न योजनाओ से बंचित लोगो को गरीबी रेखा से ऊपर लाने का काम किया गया है। लोगो को विभिन्न योजनाओ से लाभान्वित किया गया है। उनकी आय में वृद्धि करने के लिए आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया है। जनपद की स्वयं सहायता समूह की महिलाओ द्वारा उद्योग स्थापित कर और बीसी सखी के रूप में आने आय में वृद्धि कर रही है। सांसद ने सभी भी को उप्र दिवस तथा राष्ट्रीय बालिका दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर गोविन्द माधव ने कहा कि उप्र राज्य स्थापना दिवस आज हम तथागत गौतम बुद्ध की धरती पर मना रहे है।

आज हमारी बेटियां केवल बेटिया ही नही भारत का भविष्य है। भारत सरकार/प्रदेश सरकार द्वारा बृहद स्तर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं अभियान चलाया जा रहा है। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने कहा विभिन्न क्षेत्रों में महिलाये आगे बढ़ रही है। विभिन्न योजनाओ के माध्यम से लाभ पहुंचाया जा रहा है। महिलाएं विभिन्न क्षेत्रो में आत्मनिर्भर हो रही है। घर परिवार के साथ-साथ देश / प्रदेश को भी मजबूत कर रही है। मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार ने उत्तर प्रदेश दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद जगदम्बिका पाल एवं मा0 जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण का कार्यक्रम में उपस्थित होने पर उनका अभिवादन कर आभार प्रकट किया गया तथा साथ ही साथ धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को उत्कृष्ट कार्य हेतु अतिथियों द्वारा प्रशस्ति-पत्र, एवं अंग वस्त्र तथा छात्राओ को स्मार्ट फोन, बैग दिया गया। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, डीडीओ गोपाल प्रसाद कुशवाहा, जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अंजू चौधरी अधिकारी/कर्मचारी, विभिन्न विद्यालयों के छात्र/छात्राओ, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, अध्यापको आदि की उपस्थिति रही।

## भाजपा सरकार में सनातन धर्म बुलंदी पर: बद्री प्रसाद यादव



**पौली अवधनामा संवाददाता।** भारत विकसित यात्रा बुधवार को विकास खन्ड पौली क्षेत्र के ग्राम पंचायत गागरगाड व गौरापार पहुँची जहाँ लोगों ने जोरदार स्वागत किया इसके बाद विकसित भारत संकल्प यात्रा के साथ चल रहे एलईडी वाहन द्वारा मौजूद् लोगो को मोदी की गारंटी के जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारियाँ दी गई मुख्य अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष बद्री प्रसाद यादव ने बताया कि सरकार जहां एक तरफ तमाम जन कल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचा कर लोगों को लाभान्वित कर रही है वहीं सनातन को ऊंचाइयों की बुलंदियों पर ले जाकर के खड़ा कर दिया है 500 वर्षों से लंबित मंदिर निर्माण, धारा 370 जैसा निर्णायक कार्य करके देश के साथ-साथ सभी जन समुदाय का विकास का रास्ता प्रशस्त कर रही है। सरकार की उपलब्धि गिनाते हुए श्री यादव ने बताया कि जवान और किसान के लिए शिक्षा का स्तर ऊंचा होना चाहिए शिक्षा का स्तर ठीक होने पर तकनीकी खेती और शिक्षित होने पर देश की सेवा के भाव पर भी अच्छा असर पड़ेगा। इस मौके पर राममिलन यादव, साधु यादव,बिनय पाण्डेय, कपिल देव कनौजिया, अनिल जायसवाल, महेंद्र यादव, सूर्य नाथ शर्मा, बाबूराम शर्मा, अनिल अग्रहरी, रोहीत, रामभरोस, विनय कुमार, बृजेश यादव, बिरेंद्र यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## हज़रत अली जयंती पर विविध कार्यक्रम आज

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** मौलाए कायनात शेरे खुदा हज़रत अली जयंती पर हल्लौर स्थित जामा मस्जिद प्रांगण से अली ब्वायज कमेटी के तत्वावधान में नमाज़े ज़ोहरैन के बाद अपराह्न 2 बजे दिन एक भव्य मोटर साइकिल जुलूस निकाला जाएगा जो दरगाह चौक से शुरु होकर हल्लौर चौराहे से होता हुआ डुमरियागंज चौराहे तक जाएगा और वहाँ से वापस होकर हल्लौर मेन रोड कार्यक्रम स्थल पर सभा मे तब्दील हो जाएगा। जहाँ अली डे के उनवान से हल्लौर चौराहे पर तकरीर होगी जिसमें ज़ाकिरे अहलेबैत जमाल हैदर करबलाई, इमाम ए जुमा हल्लौर मौलाना मोहम्मद अब्बास शारिब, मौलाना अली अब्बास, मौलाना महबूब अलीग, ज़ाकिरे अहलेबैत अज़ीम हैदर संबोधित करेंगे। यह जानकारी अली ब्वॉयज़ कमेटी के सदर इंतेज़ार हुसैन शबाब ने देते हुए अकीदतमंदों से अली डे कार्यक्रम में शामिल होने व समय से जामा मस्जिद के पास दरगाह चौक पर मौजूद रहने की अपील की है।

**नपाप बांसी बोर्ड की बैठक में अगले वित्तीय वर्ष का बजट किया पारित**

## माघ मेला भव्य बनाने के लिए सभी जिम्मेदार कर्मचारी अभी से लग जाए: चमन आरा राईनी

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** नगर पालिका परिषद बांसी बोर्ड की बैठक बुधवार को संपन्न हुई। बैठक मे माघ मेला संचालन के लिए प्रभारी का चुनाव किया गया तथा अगले वित्तीय वर्ष का बजट भी पारित किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए नपा अध्यक्ष चमन आरा राईनी ने कहा कि माघ मेला भव्यता व ऐतिहासिकता को कायम रखने का पूरा प्रयास किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि माघ मेला भव्य बनाने के लिए सभी जिम्मेदार कर्मचारी अभी से लग जाए। उन्होंने कहा कि मेले मे किसी तरह की अराजकता न हो इसके लिए सी सी टी वी कैमरे से निगरानी होनी चाहिए।इसके बाद आजादनगर वार्ड की सरिता व सुभाषनगर की गीता सभासद को लाटरी प्रक्रिया से मेला प्रभारी चूना गया। तत्पश्चात शाम छः बजे तक चली बैठक मे चालू वर्ष 2023-24 का आय 281552814 व 174641575 व्यय का बजट पेश हुआ तथा आगामी वित्तीय वर्ष 2024-25 का अनुमानित आय व व्यय 295850000 का बजट नगर के विकास के लिए पेश हुआ जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया।

बैठक मे ईओ मुकेश कुमार, सभासद बरकत अली राईनी, अरुण गुप्ता, प्रतिमा वर्मा, मीना देवी, परमात्मा, पप्पू मौर्य, अकरम अली पप्पू, अशफाक अहमद, रवि अग्रहरी, शकील खान, शमा आरा, मोमिना खातून, बुधिराम प्रजापति, अकबर अली, सत्यनारायण मौर्य, खालिद खान, साकिर अली,मैना देवी, आशा यादव, श्यामबाबू, ध्रुचन्द्र, ज्योति चौधरी, अनुराधा चौधरी, लिपिक जमील अहमद, अमरेन्द्र कुमार आदि मौजूद थे।

# महेश राम जिलाध्यक्ष गिरिजानंद यादव मंत्री निर्विरोध निर्वाचित

अवधनामा संवाददाता



**संतकबीरनगर।** मौलाना आजाद इंटर कॉलेज खलीलाबाद में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का चुनाव बुधवार को संपन्न हुआ। निर्विरोध हुए चुनाव में महेश राम जिलाध्यक्ष, गिरिजानंद यादव मंत्री व पुनीत कुमार त्रिपाठी कोषाध्यक्ष निर्विरोध चुने गए।अन्य सभी पदों पर भी निर्विरोध निर्वाचन हुआ। तहसील व ब्लॉक इकाइयों का गठन भी हुआ। चुनाव पर्यवेक्षक रामपूजन सिंह व मंडलीय प्रभारी संजय द्विवेदी ने बताया कि सभी पदों पर निर्वाचन प्रक्रिया निर्विरोध व शांतिपूर्ण रही।

उन्होंने बताया कि जिला संयोजक गोपालजी सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहिबल्लाह खान व संप्रेक्षक का दायित्व विनय स्वरूप मिश्रा को दिया गया है। जिला मीडिया प्रभारी विजय कुमार यादव, मोहम्मद परवेज अख्तर खान, जिला प्रवक्ता के रूप में विवेकानंद यादव बने। जिला उपाध्यक्ष के पद पर विंध्याचल सिंह,आफताब आलम अंसारी,राजेश कुमार मिश्र, डॉ महेश्वर सिंह, संजय कुमार पांडेय, जय गोपाल, अरशद जलाल,जगेंद्र कुमार,संदीप कुमार मिश्र,जयप्रकाश गौतम,अभय शंकर शुक्ल, कमर आलम सिद्धकी, सलाहुद्दीन ,मनीराम चौधरी,अब्दुल मुदस्सिर, राहुल कुमार, शैलेंद्र प्रसाद, राममूरत, श्याम करण भारती,अफजल खान,अनवर आलम, विनोद चौरसिया,सुमिता सिन्हा, प्रतिभा सिंह, त्रिपुरारी पांडेय को निर्वाचित किया गया है। संयुक्त मंत्री का दायित्व मुकेश शुक्ला,चंद्र शेखर आजाद, जितेंद्र कुमार,घनश्याम सिंह, अदनान अहमद,मंगला प्रसाद चतुर्वेदी, सोनेलाल पटेल,अफजल खान, आनंद प्रकाश सिंह, बिट्टू सिंह,अनवर आलम,संतोष कुमार सिंह,विपिन कुमार वर्मा,प्रवीण कुमार दुबे,सुमिता सिन्हे, विनय दुबे,अनिल चौधरी, ड्रा राजेंद्र राम,विनोद कुमार यादव, राजेंद्र प्रसाद चौधरी, मो.शाहिद, मीना देवी यादव,रसीद अहमद, आशुतोष सिंह,धर्मेंद्र कुमार, संजय प्रसाद चौबे, राजेंद्र कुमार, अवनीश कुमार गौतम, खुर्शीद आलम, सहाब साकिब,अभय कुमार, सुरेंद्र कुमार, बलराम श्रीवास्तव, अनिल कुमार पासवान, रामजीत यादव, शगुप्ता परवीन,सुधीर कुमार, तारकेश्वर प्रसाद सिंह,किरण वर्मा, दिनेश कुमार को निर्वाचित किया गया है। इस अवसर पर प्रदेशीय मंत्री मार्कण्डेय सिंह,अनिरुद्ध त्रिपाठी, युनुश अख्तर खान, जिलाध्यक्ष बस्ती अजय सिंह, मंडलीय मंत्री संजय द्विवेदी, अतिकुल्लाह खान, अवध राज, धर्मेंद्र, विंध्याचल सिंह,मनीराम चौधरी, शिवजीत कुशवाहा, जयहिंद, सुनील कुमार आदि उपस्थित रहे।

## गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य दुबई की सरजमीं पर जायेंगे सैयद सलाउद्दीन

अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** विदेशी सरजमीं दुबई में भारतीय गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होनेवाला भारत महोत्सव आलमी कवि सम्मेलन और मुशायरा समारोह 27 जनवरी 2024 को आयोजित होने जा रहा है . जश्न-ए-हिंदुस्तान के संस्थापक तथा मुख्य आयोजक सैय्यद सलाहुद्दीन ने कहा कि पिछले 22 वर्ष 2003 से लगातार आयोजित हो रहे भारतीय गणतंत्र दिवस कवि सम्मेलन और मुशायरा समारोह का गौरवशाली इतिहास है और वह इस भव्य परंपरा को हमेशा कायम रखेंगे।

भारत महोत्सव के संस्थापक सै सलाहुद्दीन ने आगे कहा कि यह गौरवशाली आयोजन हमारे लिए महज कवि सम्मेलन और मुशायरा नहीं बल्कि भारत के संविधान और लाल किले की साहित्यिक परंपराओं का दिल की गहराइयों से सम्मान है, यह दुनिया का एकमात्र समारोह है जिसकी शुरुआत भारतीय राष्ट्रीय गीत से होती है। भारतीय गणतंत्र दिवस समारोह को धूमधाम से विदेशी सरजमीं पर दुबई में करनेवाली आयोजन समिति के सदस्य सै मेराजुद्दीन किछौछ्वी ने बताया कि आगामी 27 जनवरी शनिवार को दुबई के भव्य शेख राशिद स्टेडियम में रात्रि 8 बजे अपनी गौरवशाली विरासत से शुरू होगा और कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सांसद उदय प्रताप सिंह तथा निज़ामत प्रो. नय्यर जलालपुरी करेंगे। जश्न-ए-हिंदोस्तान में मशहूर मशहूर शायर और कवि उदय प्रताप सिंह, प्रो नय्यर जलालपुरी, अंजुम रहकर,ताहिरा फ़राज़, डॉ. कलीम क़ैसर, डॉ माजिद देवबंदी, अलताफ ज़िया, राधिका गुप्ता और दमदार बनारसी दुबई में भारत की शान और मान बढ़ाते हुये शिरकत करेंगे। इस ऐतिहासिक वैश्विक आयोजन के संस्थापक सै सलाहुद्दीन ने कहा कि भारत के गौरवशाली लोकतंत्र और गणतंत्र का जश्न भारतीय भाषाओं और परंपरा का अनुकरणीय संवाहक है।

## प्रोफेसर शेफाली सिंह के निर्देशन में एनएसएस शिविर आयोजित

अवधनामा संवाददाता

**अंबेडकरनगर।** अकबरपुर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर, अम्बेडकर नगर में प्राचार्य प्रो शेफ़ाली सिंह के निर्देशन, डॉ मनोज गुप्ता जिला स्वीप कोआर्डिनेटर एन0एस0एस0 के संयोजन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ भानु प्रताप राय, कार्यक्रम अधिकारी, डॉ सीमा यादव के नेतृत्व में आज दिनाँक 24/01/2024 को एक दिवसीय विशेष शिविर के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता से सम्बंधित कार्यक्रम के तहत चयनित ग्रामों बरवां नासिरपुर एवं सुड़ारी में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों की स्वयंसेविकाओं द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत ग्रामवासियों को मतदाता बनने, अनिवार्य मतदान करने एवं स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों की स्वयंसेविकाओं द्वारा ग्रामवासियों को जागरूक करते हुए बताया गया कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 325 में यह उपबंध है कि कोई भी व्यक्ति केवल धर्म, वर्ग, जाति, लिंग या इनमें से किसी भी आधार पर निर्वाचक नामावली में शामिल होने के लिए अयोग्य नहीं होगा । इसके अलावा अनुच्छेद 326 में देश के प्रत्येक नागरिक को सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार का तहत मत देने का अधिकार दिया गया है। मतदान के महत्व के बारे में बताया गया कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है । लोकतंत्र की नींव मताधिकार पर ही रखी जाती है। इस प्रणाली पर आधारित समाज व शासन की स्थापना के लिए आवश्यक है कि प्रत्येक वयस्क नागरिक को बिना किसी भेदभाव के मत का अधिकार प्रदान किया जाय। जिस देश में जितने ही अधिक नागरिकों को मताधिकार प्राप्त रहता है उस देश को उतना ही अधिक जनतांत्रिक समझा जाता है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से आयोजित हो रहा सांसद खेल महाकुम्भ: सांसद

अवधनामा संवाददाता



**बर्डपुर सिद्धार्थनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से खेलो इंडिया कार्यक्रम के तहत सांसद खेल महाकुंभ 2024 के तहत विकास खंड बर्डपुर में आयोजित प्रतियोगिता के दूसरे दिन बुधवार को सांसद जगदंबिका पाल ने शुभारंभ किया। इस दौरान कबड्डी, दौड़ तथा वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित की गई। दूसरे दिन के खेल का शुभारंभ करते हुए उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए उन्हें पूरी मेहनत एवं ईमानदारी से खेल के प्रति आस्था के साथ एक बेहतर प्रतिभाग करने को लेकर शुभकामनाएं दी।

इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि छात्र-छात्राओं में बेहतर स्वास्थ्य और फिटनेस में खेल का बड़ा विशेष माध्यम होता है। ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे खेल के विभिन्न आयामों के माध्यम से आगे बढ़े यही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है और यही इस सांसद खेल महाकुंभ का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि संसद खेल महाकुंभ के माध्यम से ब्लॉक तथा जनपद स्तर से मेधावी खिलाड़ियों को राज्य तथा देश स्तर पर खेल के लिए उन्हें भेजा जाएगा यदि इसके लिए यदि गरीब परिवारों के मेधावियों को आर्थिक रूप से आवश्यकता पड़ेगी तो उन्हें कॉरपस फंड एवं अन्य माध्यम से भी सहयोग करने को लेकर भी प्रयास करूंगा। खेल महाकुंभ के दूसरे दिन 200 मीटर रेस में यूपीएस बुढ़ा के सोमनाथ प्रथम एवं विकास पाण्डेय द्वितीय तथा आदर्श लघु माध्यमिक विद्यालय के अखिलेश कन्नौजिया तृतीय स्थान पर रहे। 200 मीटर बालिका दौड़ में बूडा की मनीषा प्रथम पूर्ति द्वितीय एवं बहोरावां की हिना तृतीय स्थान पर रहीं। 400 बालिका वर्ग में बूड़ा की सपना प्रथम एवं खुशबू द्वितीय एवं बुद्ध विद्या पीठ की गीता तृतीय स्थान पर रहीं। कबड्डी बालक वर्ग में बूड़ा प्रथम एवं ककरहवां द्वितीय स्थान पर रहा वहीं कबड्डी बालिका में बूड़ा प्रथम एवं खैराटी द्वितीय स्थान पर रहा। इसी बीच वालीबाल में कोल्हुवावा प्रथम एवं देवरा चौधरी द्वितीय स्थान पर रहा। बीईईओ अरुण कुमार, नितेश पाण्डेय, जिला पंचायत सदस्य सबलू साहनी, अमित उपाध्याय, विवेक गोस्वामी, अभिषेक कसौधन, सुरेंद्र यादव, रमेश यादव, राजकमल जायसवाल, साधुशरण चौहान, कलीमुल्लाह, बलवंत चौधरी, अभिषेक कुमार, सालिक राम चौधरी, राजेंद्र कुमार, शमशुल हक, अब्दुल अजीज, महेश कुमार, राजेंद्र कुमार, आशीष सिंह, पुनीत जयसवाल, अरुण कुमार, शहजाद, राकेश मिश्रा, राजू यादव, हरिशंकर चौधरी, कमलेश विश्वकर्मा, अर्जुन चौधरी, राजकुमार चौधरी, अरुण जयसवाल आदि मौजूद रहे।

### एनडी शर्मा की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धाजंलि



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** प्रदेश और देश में बालक और बालिकाओं को वालीबाल में मंच तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने वाले जनक एनडी शर्मा की पुण्यतिथि पर जिला स्पोर्टस स्टेडियम में सामूहिक रूप से श्रद्धाजंलि दी गई। इस मौके पर उत्तर प्रदेश वालीबाल संघ के प्रदेश कोषाध्यक्ष और जिला सचिव मो. इब्राहिम ने कहा कि स्व. श्री शर्मा ने प्रदेश में बालक और बालिकाओं को वालीबाल में मंच तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। उनके द्वारा किए गए प्रयास के बदौलत ही आज उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में वालीबाल खेल अपने चरम पर चल रहा है। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों को मूलभूत सुविधाएं और मंच तक पहुंचाने के लिए जिला स्तर से लेकर स्टेट और नेशनल प्रतियोगिताओं के जरिए संवारा जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को वॉलीबॉल खेल से जुड़े हैं और उनको मंच तक पहुंचाने के लिए योजना भी बनाई जाएगी। इस मौके पर क्रीड़ा अधिकारी आशुतोष अग्निहोत्री, जिला ओलपिंक संघ के अध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव समेत देवेंद्र कुमार पांडेय, ईशांक सिंह, रत्नेश सिंह, रत्नेश प्रताप सिंह कलहंस, अरूण कुमार प्रजापति, त्रियुगी चौहान, सत्य प्रकाश त्रिपाठी, अरविंद गुप्ता, जहीर सिद्दीकी, कमलेंद्र पटेल आदि उपस्थित रहे।

### सपा के पिछड़ा वर्ग प्रदेश अध्यक्ष का किया स्वागत



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** कर्पूरी ठाकुर के जन्मदिन के सौ साल पूरे होने पर बुधवार को जिला मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम मे शामिल होने के लिए जा रहे समाजवादी पार्टी के पिछड़ा वर्ग प्रदेश अध्यक्ष डा राजपाल कश्यप का बांसी नगर मे पहुचने पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका अध्यक्ष व समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय महासचिव चमन आरा राईनी व जिला उपाध्यक्ष मो इदरीश पटवारी के नेतृत्व मे स्वागत किया। राजपाल कश्यप ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ताओं का जोश देखकर लगता है कि आगामी लोकसभा चुनाव मे पार्टी का प्रत्याशी भारी बहुमत से चुनाव जीतेगा तथा भाजपा का सफाया होगा। नपा अध्यक्ष चमन आरा राईनी ने कहा कि भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर विफल है और आनेवाला दिन समाजवादी पार्टी का है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष लालजी यादव, अजय चौधरी, पूर्व राज्यसभा सदस्य आलोक तिवारी, पूर्व विधायक अनिल सिंह, घिसियावन यादव, कमरूजमा खान, तुफैल अहमद, सैयद मो कुतुब, बरकत अली राईनी, कपिलदेव, टिनकन सिंह सहित काफी संख्या मे लोग मौजूद थे।

### खंड विकास अधिकारी ने दिलाई शपथ



**कुदरहा, बस्ती अवधनामा संवाददाता।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर बुधवार को खंड विकास अधिकारी विनय कुमार द्विवेदी ने ब्लाक कर्मियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। साथ ही साथ उत्कृष्ट कार्य करने वाले सुपरवाइजर व बीएलओ का उत्साह बर्धन किए। लोगों को संबोधित करते हुए खंड विकास अधिकारी विनय कुमार द्विवेदी ने कहा कि मतदान हमारा धर्म सिद्ध अधिकार है। सभी लोग मतदान करें और ग्राम पंचायत को लोगों को भी जागरूक करें। पहले मतदान करने का अधिकार नहीं था लेकिन लंबे संघर्ष के बाद यह अधिकार प्रत्येक नागरिकों को मिला। मतदान करना हमारा केवल अधिकार ही नहीं बल्कि मौलिक कर्तव्य भी है। इस अभियान में प्रत्येक कर्मचारी सहभागिता निभाएं। कार्यक्रम में एडीओ आईएसबी चंद्रशेखर सिंह, मनोज चतुर्वेदी, दीपक श्रीवास्तव, बृजेश दुबे, पंकज पांडे, ओमकार चौधरी, रमेश चौधरी, रविंद्र अग्रहरि, रवि पांडे, सदरूद्दीन, बालेंद्र कुमार सहिद तमाम कर्मचारी मौजूद रहे।

### बिना नोटिस के निर्माणाधीन आवास को गिराया गया

**कुदरहा अवधनामा संवाददाता।** नगर पंचायत गायघाट मे गरीब के निर्माणाधीन आवास पर नगर पंचायत विभाग के अधिकारी व राजस्व टीम द्वारा बुलडोजर चला कर आवास गिराने के मामले की जांच करने बुधवार को तहसीलदार सदर विनय प्रभाकर टीम के साथ पहुंचे और परिजनों व पडोसियों का बयान दर्ज कर जानकारियां जुटाई। निर्मणाधीन आवास गिराए जाने का मामला जब तूल पकड़ा तो पीड़ित राम मोहन के आवास की पात्रता पर ही सवाल उठाने लगे। नगर पंचायत गायघाट के द्वारा पिक शौचालय के लिए चिह्नित की गई जमीन को खाली करने के लिए चार दिन पूर्व गायघाट निवासी राम मोहन का निर्माणाधीन आवास नगर पंचायत की टीम राजस्व विभाग और स्थानीय पुलिस बुलडोजर के साथ पहुंची और आवास को गिरा दिया गया था। जब कि वह अपनी ही जमीन में निर्माण करा रहा था। नगर पंचायत ने राम मोहन पुत्र महादेव को पात्रता के आधार पर देखकर मुख्यमंत्री आवास दिया था। जिसकी दो किस्त भी मिल चुका है। चौकाने वाली बात यह है कि जब नगर पंचायत फसने लगा तो लाभार्थी के पात्रता पर ही उंगली उठाने लगा। विभाग राममोहन को अपात्र घोषित करने पर तुला है। इने पास खुद की दुकान और अपना पक्का मकान का दावा कर रही है। जब कि राम मोहन अपने भाई की दुकान पर 3000 रुपया महीने पर मजदूरी करता है और अपने भाई के मकान में रहता भी है। बाँटवारे में भाइयों ने राम मोहन को यही जमीन दिया था और झोपड़ी डालकर रहता भी था। इसी आधार पर नगर पंचायत ने उसे मुख्यमंत्री आवास भी दिया था। पीड़ित परिवार का कहना है कि बिना नोटिस के निर्माणाधीन आवास को गिरा दिया गया। जबकि राजस्व विभाग का कहना है कि उसने नोटिस चस्पा किया था। राजस्व विभाग का दावा है कि निर्माण बंजर जमीन में चल रहा था। जहां पर पिक शौचालय प्रस्तावित है।

### अमोढ़ा में आज नमो नवमतदाता सम्मेलन

**छावनी अवधनामा संवाददाता।** छावनी क्षेत्र के आर. एन. पैरामाउण्ट एकेडमी अमोढा बस्ती पर गुरूवार को सुबह 10 बजे से 11बजे तक भाजपा का नमो नवमतदाता सम्मेलन आयोजित होगा जिसमें पहली बार मतदाता बने नव मतदाताओ को प्रधानमंत्री द्वारा संबोधित किया जाएगा। कार्यक्रम में भाजपा सांसद बस्ती हरीश द्विवेदी, भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ,भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अमित गुप्ता, प्रदेश मंत्री शिवेंद्र शाही, भाजपा नेत्री ममता पाण्डेय मौजूद रहेंगी। यह जानकारी कार्यक्रम प्रभारी सर्वेश शर्मा ने दी तथा उन्होंने बताया की बस्ती जिले के प्रत्येक विधानसभा में दो स्थलों पर कार्यक्रम निर्धारित है जिसके क्रम में जनपद में कुल 10 स्थान पर प्रधानमंत्री युवाओं से संवाद करेंगे।

### प्रत्येक नागरिक को अपने मत का प्रयोग करना चाहिए

**बस्ती अवधनामाा संवाददाता।** मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आयुक्त कार्यालय सभागार में मतदाता दिवस की शपथ दिलाया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने मत का प्रयोग करना चाहिए। उन्होने कहा कि वोट देना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है, सोच समझकर अपने मत का प्रयोग करना चाहिए। भारत एक लोकतांत्रिक देश है, सबके मतो का ताकत एक समान है, सबको वोट देने का अधिकार है। उन्होने कहा कि जो 18 वर्ष के हो गए हैं, वह युवा अपना वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाएं ताकि वह अपने मत का प्रयोग कर सके। इस अवसर पर अपर आयुक्त प्रशासन राजीव पांडेय, उपनिदेशक पंचायत समरजीत यादव, पी.ए. मनोज कुमार श्रीवास्तव, प्रशासनिक अधिकारी संतोष कुमार पांडेय, रमेश चंद्र, अनुपम चौधरी, सौरव कुमार, जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव, अमित कुमार उपाध्याय, अमन उपाध्याय, सोहेल अहमद, आलोक सिंह आदि अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## राष्ट्र के गणतंत्र दिवस में हम कहां खड़े हैं

प्रतिवर्ष 26 जनवरी को हमारा देश गणतंत्र दिवस के रूप में राष्ट्रीय पर्व मनाता है। इसलिये कि इस दिन स्वतंत्र भारत का संविधान लागू हुआ था। वैसे तो स्वतंत्रता का प्रतीक दिवस 15 अगस्त ही काफी था, परंतु वास्तविक अर्थो में अपने देश के संविधान एवं कानून द्वारा शासित होने पर ही आजादी का उपभोग किया जा सकता था। इसका तात्पर्य यह है ज़ कि 26 जनवरी 1950 के पूर्व तक हम आंशिक रुप से ब्रिटेन की गुलामी को ही भोग कर रहे थे। शायद इसीलिये न की नावना में ये शब्द हैं:- ÷हम भारत के लोग भारत को संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने तथा इसके नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय,विचार रखने तथा प्रकट करने, विश्वास, धर्म और पूजा की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा व अवसर की समानता प्राप्त कराने तथा उन सब में व्यक्ति का मान और राष्ट्र की एकता निश्चित करने वाली बंधुता को बढ़ाने के लिये दृढ संकल्पित होकर स संविधान को अपनाते हैं।

संविधान के आरंभ में उल्लिखित इन पंक्तियों से स्पष्ट है, कि 15 अगस्त, 1947 के दिन मिली आजादी अधूरी थी। वास्तविक आजादी तो हमें 26 जनवरी, 1950 को ही मिली थी। अतः गणतंत्र दिवस का विशेष महत्व है। यही दिवस तो वास्तविक आजादी का प्रतीक है।

इस वर्ष हम गणतंत्रता की 75वां सालगिरह मना रहे हैं। आज से 75वां साल पहले हमने विश्व के सबसे लंबे संघर्ष के बाद देश को विदेशी परतंत्रता की बेड़ियों से मुक्त कराया था, और साथ ही एक स्वावलंबी, स्वतंत्र एवं समझद भारत का सपना देखा था, जिसमें किसी की आंखों में पीड़ा, अभाव के आंसू न होंगे, विषमता असमानता की खाई न रहेगी, अन्याय शोषण के कुचक्र से सब मुक्त रहेंगे और अपने संपूर्ण स्वराज्य, पूर्ण स्वतंत्रता के आदर्श को साकार करेंगे। लेकिन स्वतंत्रता की आधी शताब्दी से अधिक वर्ष बीत जाने के बाद भी देश आज जिस मोड़ पर खड़ा हैं उसकी तस्वीर कोई बहुत अच्छी नहीं है। अब राजनीति सेवा की बजाय स्वार्थसिद्धि एवं शोषण का पर्याय बनी हुई है। भ्रष्टाचार तो जैसे समूची व्यवस्था का ही महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है।

चारो ओर आर्थिक विषमता, जातीयता, अलगाववाद, सांप्रदायिक हिंसा, आतंकवाद एवं अराजकता का साम्राज्य फैल रहा है। उदारीकरण के साथ बहुराष्ट्रीय कंपनियों के आगमन एवं बढ़ते पाश्चात्य प्रभाव ने पतन पराभव को परावलंबनता के शिकंजे को और कस दिया है। जनता की अधिकतम भागीदारी व हित सुरक्षा एवं कल्याण के उद्देश्य से अपनाई गई लोकतांत्रिक व्यवस्था के अंतर्गत हम कहने के लिये विश्व का सबसे बड़ा लोक तांत्रिक देश होने का गर्व कर सकते हैं, किंतु इसका बढ़ता हुआ आंतरिक खोखलापन यथार्थता पर प्रश्नचिन्ह लगा रहा है। छिहत्तर वर्षों में उपलब्धियों के नाम पर उद्योग, विज्ञान, कृषि वाणिज्य, कला, साहित्य, आदि विविध क्षेत्रों में उपलब्धियों की तालिका बनाई जा सकती है, किंतु गहराई से देखने पर स्थिति मूल रूप से चिंतनीय एवं भयावह बनी हुई है।

भारतीय व्यवस्था से जुड़ी सभी क्रियाकलापों का पलड़ा बहुत तेजी से धनबल एवं बाहुबल से संपन्न वर्ग के पक्ष में झुक गया है। हम जिस न्याय प्रणाली को आज निष्पक्ष मान रहे हैं, वह वास्तव में ताकतवर लोगों के हाथों की कठपुतली भर मात्र है। सामान्यजन से इसका कोई ताल्लुक नहीं हैं। गरीबों के लिये न्याय दुर्लभ होता जा रहा है। जो न्याय का दरवाजा खटखटाते हैं, उन्हें कितना न्याय मिल पाता है वह इसी बात से जाना जा सकता है कि लाखों मुकदमें तो ऐसे हैं, जो पच्चीस वर्ष से विधाराधीन है।

अब लगता है कि भारत में लोकतंत्र का मात्र पिंजर खड़ा है इसकी आत्मा तो कबकी इसे छोड़ गई है। आज की ऐसी विषम परिस्थिति को संम्हाल सकने वाली शक्तियां राजनीति लोकसेवा की बजाय सत्ता लोलुपता एवं स्वार्थ सिद्धि का भयानक तांडव खेलने में ही व्यस्त हैं। जनसेवा एवं नैतिक आदर्शों से लगाव तो अब इतिहास के पन्नों या मंचों पर भाषण अथवा बीते जमाने की बातें भर रह गई है। इसका स्वरुप इतना गंदा व भ्रष्ट हो गया है कि अच्छे व समझदार लोग इसमें आने से डरते हैं।

इस तरह 75वां वर्षो की यात्रा में हम जहां खड़े हैं, वहां विकास प्रगति के मुखौटे के पीछे सर्वतोमुखी पतन एवं निराशा के मुखौटे छाए हुये हैं। हम पश्चिमी चकाचौध में आकर उसका अंधानुकर करते रहे व अपनी आत्मा की भूल बैठा छिहत्तर साल पहले हमने राजनैतिक स्वतंत्रता की लड़ाई अवश्य जीत ली थी, लेकिन सांस्कृतिक रूप से अभी हम परतंत्र ही है। नैतिक रूप से हमारा परिष्कार होना बाकी ही रह गया है। और यही हमारी वर्तमान दुर्दशा का प्रमुख कारण है। आज देश के गणतंत्रता दिवस के अवसर पर देश के प्रत्येक नागरिकों से यह आव्हान है कि वे वर्तमान भोगवादी और भ्रष्ट धारा मे अपने वजूद की न बह जाने दें। वे भारतीय सनातनीय संदेशो को स्मरण कर उसे धारित करने की प्रयास करें, और उसकी ऊर्जा से पुनः अपने उसी राष्ट्रीय गौरव पर प्रतिष्ठित हो जाएं जिसकी कल्पना हम सबने स्वराज प्राप्ति के अवसर पर किया था।

## राजस्थानः शैक्षणिक बाधाओं से गुज़रती ग्रामीण किशोरियां

हमारे देश में आजादी के बाद जिन बुनियादी विषयों पर सबसे अधिक फोकस किया गया है, उनमें शिक्षा भी महत्वपूर्ण है। यह एक ऐसा विषय है, जिसे नजरअंदाज कर कोई भी सरकार विकास का लक्ष्य प्राप्त नहीं कर सकती है। यही कारण है कि केंद्र से लेकर सभी राज्य सरकारों ने शिक्षा पर सबसे अधिक फोकस किया है। बात चाहे प्राथमिक स्तर की शिक्षा की हो या फिर उच्च शिक्षा की, इन सभी पर विशेष ध्यान दिया गया है। सरकार के इन प्रयासों के कारण ही देश मे साक्षरता की दर हमेशा बढ़ती नजर आई है। लेकिन जिस स्तर पर प्रयास किये गए हैं, उसके अनुरूप शिक्षा के स्तर पर सुधार नहीं देखा गया है। इसके कई कारण हो सकते हैं। लेकिन जो प्रमुख कारण है उनमें शिक्षा विभाग और स्वयं समाज की उदासीनता सबसे अहम रही है। विशेषकर देश के ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की लचर व्यवस्था ने इसकी प्रगति को कमजोर किया है। अभी भी देश के कई ऐसे राज्य हैं जहां के ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा व्यवस्था काफी लचर है। जहां शिक्षकों, भवनों और अन्य बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है। जिसकी वजह से शिक्षा का स्तर काफी दयनीय हो जाता है। इसका सबसे नकारात्मक प्रभाव बालिका शिक्षा पर पड़ता है। राजस्थान के बीकानेर स्थित लूणकरणसर ब्लॉक का ढाणी भोपालराम गांव ऐसी ही लचर शिक्षा व्यवस्था का उदाहरण है। इस गाँव में उच्च विद्यालय तो है, लेकिन शिक्षकों की कमी के कारण स्कूल की शिक्षण व्यवस्था प्रभावित हो रही है। जिसका सीधा संबंध किशोरियों शिक्षा पर पड़ रहा है। इस संबंध में गांव की एक किशोरी ने बताया कि उसे पढ़ने का बहुत शौक था। लेकिन स्कूल में विषयवार शिक्षक नहीं होने के कारण उसकी पढ़ाई काफी प्रभावित हुई। जिसकी वजह से उसने 10वीं के बाद स्कूल जाना छोड़ दिया। उसने बताया कि जब स्कूल में शिक्षक ही नहीं आते हैं तो स्कूल जाने का क्या अर्थ रह जाता है? क्योंकि इससे पढाई पर असर पड़ता है। वहीं एक छात्रा की माता का कहना है कि उनकी बेटी 11वीं की छात्रा है। वह रोज़ घर आकर शिकायत करती है कि स्कूल में शिक्षक नहीं है जिसकी वजह से पढ़ाई नहीं हो पाती है। हालांकि उनकी बेटी पढ़ने में काफी तेज़ है और वह उसे आगे भी पढ़ाना चाहती हैं। लेकिन गरीब होने के कारण वह उसका एडमिशन किसी प्राइवेट स्कूल में नहीं करा सकती हैं। ऐसे में मज़बूरी में उनकी बेटी को उसी स्कूल में पढ़ना पड़ रहा है। वह कहती हैं कि सरकार स्कूल तो खोल देती है लेकिन उसमें सुविधा नाममात्र की होती है। ऐसे में भला बच्चे कैसे पढ़ेंगे? वह कहती हैं कि क्या गरीब के बच्चे को पढ़ने और आगे बढ़ने का अधिकार नहीं है? आखिर सरकार और शिक्षा विभाग इस ओर ध्यान क्यों नहीं देता है?

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

# 75 वां गणतंत्र दिवस विकसित भारत और भारत

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर आज पूरी दुनिया देख रही है कि कभी 200 वर्षो से अधिक समय तक अंग्रेजों की हुकूमत की गुलामी में सांस ले रहा भारत को का ऐसा ढंग का बज रहा है कि शासन देश पर ही मूल भारतीय शासन कर रहा है जबकि आजादी के बाद से ही भारत के सपूतों ने नई-नई गाथाओं के आधार के माध्यम अध्याय जोड़ने चले गए और उसे गाथा का कारवां आज इतनी तेजी पकड़ चुका है कि विश्व गुरु बनने से भारत को कोई नहीं रोक सकता आजादी के बाद भारत ने गाथाओं की कड़ी में 26 जनवरी


एड. किशन

1950 देश भर में संविधान लागू हो गया था। इसलिए हर वर्ष 26 जनवरी को हम संविधान दिवस के रूप में मनाते हैं इसके पहले 22 जनवरी 2024 को छह श्रेणियों के बहादुर बच्चों को पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार दिया गया है। इसी तरह सुभाष चंद्र बोस की जयंती 23 जनवरी 2023 को पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई और अब 26 जनवरी 2024 को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाएगा, जिसकी फुल ड्रेस रिहर्सल आज 23 जनवरी 2023 को पूरी तैयारी के साथ की गई जो, 28 दिसंबर 2023 से शुरू हुई थी। बता दें 75 वें गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि फ्रांस के राष्ट्रपति इमानुएल मैक्रोंस को आमंत्रित किया गया है। चूंकि 75 वा गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2024 को विकसित भारत और भारत लोकतंत्र मातुका है, इस थीम पर मनाया जा रहा है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,भारत के प्रत्येक नागरिक को संविधान के प्रत्येक अनुच्छेद का पालन कर न्याय, समानता,बंधुत्व के आदर्श का पालन करना समय की मांग है।

साथियों बात अगर हम भारतीय गणतंत्र दिवस की करें तो, 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू हुआ था और भारत एक लोकतांत्रिक व संवैधानिक राष्ट्र बन गया.यही वजह है कि हर साल इस खास दिन की याद में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाया जाता है।हर साल की तरह इस साल भी 26 जनवरी के दिन देशभर में गणतंत्र दिवस बेहद धूमधाम से मनाया जाएगा। ये दिन भारत के हर नागरिक के लिए गौरव और खुशी का दिन होता है। भारतीय कहीं भी रहें, वो गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस मनाना कभी नहीं भूलते।

साथियों बात अगर इस दिन के इतिहास की करें तो 26 जनवरी के दिन ही1950 में देश का संविधान लागू हुआ था। ऐसे में इस दिन हर कोई देशभक्ति के रंग में डूबा नजर आता है। देश आजाद होने के बाद 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने संविधान अपनाया था. इस वर्ष देश 75वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। वर्ष 1947 में देश की आजादी के बाद संविधान निर्माण की तैयारी शुरू हो गई। इसके लिए भारतीय संविधान सभा का गठन हुआ और 26 जनवरी 1949 को संविधान को अपना लिया गया।हालांकि आधिकारिक तौर पर इसे 26 जनवरी 1950 को लागू किया गयाथा। बता दें कि भारतीय संविधान हाथ से लिखा गया था, जो आज



**26 जनवरी 2024-आओ मिलकर सभी नागरिकों को संविधान के प्रति सजग करने का संकल्प करें**

**भारत के प्रत्येक नागरिक को संविधान के प्रत्येक अनुच्छेद का पालन कर न्याय, समानता, बंधुत्व के आदर्श का पालन करना समय की मांगः एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया**

भी संसद की लाइब्रेरी में सुरक्षित है.द्य, इसे तैयार करने में दो साल 11 महीने और 18 दिन का समय लगा था। भारत का संविधान दुनिया का सबसे बड़ा हाथ से लिखा हुआ संविधान कहा जाता है। 24 जनवरी 1950 को संविधान की दो हस्तलिखित कॉपियों पर साइन किए गए थे। फिर इसके दो दिन बाद यानी 26 जनवरी को देश भर में संविधान लागू हो गया।भारतीय संविधान की ये कॉपियां हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं में हाथ से लिखी गई हैं।आज भी ये कॉपी संसद भवन की लाइब्रेरी में सुरक्षित रखी हुई हैं। हमारे महान भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों ने भारत में पूर्ण स्वराज के लिए 200 वर्षों से भी अधिक समय तक संघर्ष किया है। उन्होंने ऐसा इसलिए किया ताकि उनकी आने वाली पीढ़ियां किसी की गुलाम बनकर न रहे और स्वतंत्र रूप से अपने अधिकारों का निर्वहन कर सके। हम सबको यह प्रतिज्ञा करनी होगी कि हमें भी अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर भविष्य बनाना होगा। भारत देश को एक मजबूत राष्ट्र बनाएंगे। हम सब मिलकर सशक्त भारत का निर्माण करेंगे। सभी नागरिकों को संविधान के प्रति सजग करेंगे और सबको समान रूप से जीने का अवसर प्रदान करेंगे। हमें अपने सामाजिक मुद्दों जैसे गरीबी, बेरोजगारी, अशिक्षा, ग्लोबल वार्मिंग, असमानता आदि के बारे में जागरूक होना चाहिए ताकि आगे बढ़ने के लिए उन्हें हल किया जा सके। इस वर्ष हम 75 वां गणतंत्र दिवस मना रहे हैं। गणतंत्र का अर्थ है देश में रहने वाले लोगों की सर्वोच्च शक्ति और केवल जनता को ही देश को सही दिशा में ले जाने के लिए अपने प्रतिनिधियों को राजनीतिक नेता के रूप में चुनने का अधिकार है। भारतीय संविधान की शक्तियों के कारण ही हम देश में अपने पसंद का प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और अन्य नेताओं को चुन सकते हैं।

साथियों बात अगर हम दिनांक 23 जनवरी 2024 को फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल की करें तो, इस साल याने 2024 में, 75वां गणतंत्र दिवस मनाया जा रहा है। इस बार मुख्य अतिथि के रूप में फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन आमंत्रित किया गया है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर होने वाले परेड के लिए रिहर्सल 28 दिसंबर 2023 से शुरू हो चुकी है। 26 जनवरी को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के कर्तव्य पथ पर होने वाली गणतंत्र दिवस परेड की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। मंगलवार को कर्तव्य पथ पर फुल ड्रेस रिहर्सल हुई। इसमें महिला जवानों ने जहां बाइक पर करतब दिखाया तो वहीं आसमान में वायु सेना के लड़ाकू विमानों ने भारत की ताकत दिखाई। इस दौरान कई राज्यों की झांकी निकाली गई। फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान आईएएफ के एसयू-30 एमकेआई फाइटर जेट्स ने एक फॉर्मेशन में फ्लाइपास्ट किया। कर्तव्य पथ पर रिहर्सल के दौरान भारतीय वायु सेना के जांबाज जवानों ने शौर्य का प्रदर्शन किया। बता दें 26 जनवरी को परेड सुबह साढ़े 10 बजे शुरू होगी।

# अधिकतम मतदान सुनिश्चित करना प्राथमिकता हो

भारत में घटते मतदान को नियंत्रित करने एवं अधिकाधिक युवा मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए, भारत सरकार ने हर साल 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इसे भारत के चुनाव आयोग के स्थापना दिवस को चिह्नित करने के लिए 25 जनवरी 2011 से शुरू किया गया है। विश्व में भारत जैसे सबसे बड़े लोकतंत्र में मतदान को


ललित गर्ग

लेकर व्याप्त होती विसंगतियों को दूर करने के लिये मनाया जाने लगा था। इसके मनाए जाने के पीछे निर्वाचन आयोग का उद्देश्य था कि देश भर के सभी मतदान केंद्र वाले क्षेत्रों में प्रत्येक वर्ष उन सभी पात्र मतदाताओं की पहचान की जाएगी, जिनकी उम्र एक जनवरी को 18 वर्ष हो चुकी होगी। मतदान दिवस बनाने का मुख्य कारण है कि चुनाव में व्याप्त होते भ्रष्टाचार को नियंत्रित करना एवं लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता पैदा करना भी है। यह दिवस भारत के प्रत्येक नागरिक के लिए अहम है। इस दिन भारत के प्रत्येक नागरिक को अपने राष्ट्र के प्रत्येक चुनाव में भागीदारी की शपथ लेनी चाहिए, क्योंकि भारत के प्रत्येक व्यक्ति का वोट ही देश के भावी भविष्य की नींव रखता है। इसलिए हर एक व्यक्ति का वोट राष्ट्र के निर्माण में भागीदार बनता है। किसी भी राष्ट्र के जीवन में चुनाव सबसे महत्त्वपूर्ण घटना होती है। यह एक यज्ञ होता है। लोकतंत्र प्रणाली का सबसे मजबूत पैर होता है। राष्ट्र के प्रत्येक वयस्क के संविधान प्रदत्त पवित्र मताधिकार प्रयोग का एक दिन। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के चुनावों में अधिकतम यानी शत-प्रतिशत मताधिकार का प्रयोग हो, इसके लिये देश में मतदान दिवस को अधिक प्रासंगिक बनाने की जरूरत है।

जनतंत्र का सबसे महत्वपूर्ण पहलू चुनाव है, जनतंत्र में स्वस्थ मूल्यों को बनाये रखने के साथ उसमें सभी मतदाताओं की सहभागिता को सुनिश्चित करना जरूरी है। इसके लिये आरईवीएम के प्रयोग का प्रस्ताव सैद्धांतिक तौर पर एक सराहनीय एवं जागरूक लोकतंत्र की निशानी है। क्योंकि आजादी के बाद से ही जितने भी चुनाव हुए है, उनमें लगभग आधे मतदाता अपने मत का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं, ऐसा हर चुनाव में होता आया है। इसलिए लंबे समय से मांग उठती रही थी कि ऐसे लोगों के लिए मतदान का कोई व्यावहारिक एवं तकनीकी उपाय निकाला जाना चाहिए। उसी के मद्देनजर निर्वाचन आयोग के द्वारा घरेलू प्रवासियों




के लिए आरवीएम का प्रस्ताव एक सूझबूझभरा एवं दूरगामी सोच एवं विवेक से जुड़ा उपक्रम है। जरूरत है राजनीतिक दल ऐसे अभिनव उपक्रम का विरोध करने या अवरोध खड़ा करने की बजाय उसका अच्छाइयों को स्वीकार करते हुए स्वागत करें। नीति आयोग ने चुनाव आयोग को वर्ष 2024 से लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने का सुझाव देकर एक सार्थक बहस का अवसर प्रदत्त किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों चुनावों को एक साथ कराने का सुझाव दिया था। चुनाव एक साथ कराने का विचार बहुत नया हो, ऐसा भी नहीं है। पिछली सरकारों में भी समय-समय पर इस पर चर्चाएं होती रही हैं। लेकिन इस व्यवस्था को लागू करने को लेकर अनेक संवैधानिक समस्याएं भी और कुछ बुनियादी सवाल भी है। इन सबका समाधान करते हुए यदि हम यह व्यवस्था लागू कर सके तो यह सोने में सुहागा होगा। जनता की गाढी कमाई की बर्बादी को रोकने, बार-बार चुनाव प्रक्रिया के होने से जनता को होने वाली परेशानी और प्रशासनिक कार्य में होने वाली असुविधाओं को रोकने के लिए चुनाव एक साथ कराने की व्यवस्था निश्चित रूप से लोकतंत्र को एक नई उष्मा एवं नया परिवेश देगी। यदि इसके लिये कोई सर्वमान्य रास्ता निकलता है तो सचमुच यह देश, समाज और लोकतंत्र के हित में होगा। भारतीय लोकतंत्र दुनिया का विशालतम लोकतंत्र है और समय के साथ परिपक्व भी हुआ है। बावजूद इसके लोकतंत्र अनेक विसंगतियों एवं विषमताओं का भी शिकार है। मुख्यतः चुनाव प्रक्रिया में अनेक छिद्र हैं, सबसे बड़े लोकतंत्र का सबसे बड़ा छिद्र चुनावों की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता को लेकर है। खरीद-फरोख्त, नशा एवं मतदाताओं को लुभाने एवं आकर्षित करने का आरोप भी लोकतंत्र पर बड़े दाग हैं। चुनाव सुधारों की तरफ हम चाह कर भी बहुत तेजी से नहीं चल पा रहे हैं। चुनाव आयोग जैसी बड़ी और मजबूत संस्था की उपस्थिति के बाद भी चुनाव में धनबल, बाहुबल एवं सत्ताबल का प्रभाव कम होने के बजाए बढ़ता ही जा रहा है। ये तीनों ही हमारे प्रजातंत्र के सामने सबसे बड़ा संकट है।

चुनाव साथ कराने का मुद्दा कई मायनों में बहुत महत्व का है। इसके चलते देश में विकास की गति बढ़ने की संभावनाएं भी जताई जा रही है। चुनाव एक ही बार में और एक साथ होने से विकास के काम एक बार ही रूकेंगें और देश की गाड़ी तेजी से चल पड़ेगी। इसके साथ ही वर्ष भर पूरे देश में कहीं न कहीं चुनाव होने के कारण सरकारों की प्राथमिकताएं बदल जाती हैं। राजनीतिक दल राज्यों के चुनावों के चलते तमाम फैसलों को टालते हैं या लोक-लुभावन फैसले लेते हैं। इससे सुशासन का स्वप्न धरा रह जाता है। भारतीय राजनीति के लिए यह एक गहरा संकट और चुनौती दोनों है। राष्ट्र में आज ईमानदारी एवं निष्पक्षता हर क्षेत्र में चाहिए, पर चूँकि अनेक गलत बातों की जड़ चुनाव है इसलिए भारत के चुनावी कुंभ में व्याप्त विरोधाभासों एवं विसंगतियों को दूर करने के लिये उठने वाला हर कदम स्वागतयोग्य है। लंबे समय से अनेक संगठन भी एक साथ चुनाव कराने एवं लोकतंत्र को मजबूती देने के लिए सक्रिय हैं। विश्व हिन्दू परिषद-दिल्ली के पूर्व अध्यक्ष श्री रिखबचंद जैन तो इसके लिए संगठन बनाकर जुटे हुए हैं। भारतीय मतदाता संगठन चुनावी यज्ञ को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने की मुहिम जुटा है। सही मायनों में हमारा लोकतंत्र ऐसी कितनी ही कंटीली झाड़ियों में फँसा पड़ा है। प्रतिदिन आभास होता है कि अगर इन कांटों के बीच कोई पगडण्डी नहीं निकली तो लोकतंत्र का चलना दूभर हो जाएगा। लोकतंत्र में जनता की आवाज की ठेकेदारी राजनैतिक दलों ने ले रखी है, पर ईमानदारी से यह दायित्व कोई भी दल सही रूप में नहीं निभा रहा है। सारे ही दल एक जैसे हैं यह सुगबुगाहट जनता के बीच बिना कान लगाए भी स्पष्ट सुनाई देती है। राजनीतिज्ञ पारे की तरह हैं, अगर हम उस पर अँगुली रखने की कोशिश करेंगे तो उसके नीचे कुछ नहीं मिलेगा। कुछ चीजों का नष्ट होना जरूरी है, अनेक चीजों को नष्ट होने से बचाने के लिए। जो नष्ट हो चुका वह कुछ कम नहीं, मगर जो नष्ट होने से बच सकता है वह उस बहुत से बहुत है। लोकतंत्र को जीवन्त करने के लिए हमें संघर्ष की फिर नई शुरूआत करनी पड़ेगी। भारत के लोगों की हजारों वर्षों से एक मान्यता रही है कि हमारी समस्याओं, संकटों व नैतिक ह्रास को मिटाने के लिए अवश्य कोई फरिश्ता आएगा और हम सबको उबार लेगा।

# भारत के हिन्दू मन्दिरों ने पर्यटन के पंख लगाये

**ललित गर्ग**

हर व्यक्ति को अपने जीवन में कुछ समय ऐसा जरूर निकालना चाहिए जिसमें खुशी, शांति, आस्था, धार्मिकता एवं प्रसन्नता के पल जीवंत हो सके, इसका सशक्त माध्यम है पर्यटन। जीवन में पर्यटन के सर्वाधिक महत्व के कारण ही हर साल 25 जनवरी को भारतीय पर्यटन दिवस मनाया जाता है। भारत की विविधता, धार्मिकता, ऐतिहासिकता और बहुसंस्कृतिवाद के कारण, यह दिन देश की अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव, जीवन में खुशियां, आस्था एवं मुस्कान देने वाले पर्यटन के महत्व को उजागर करने के लिए है। भारत में कई धार्मिक स्थल हैं, जो देश-विदेश के पर्यटकों के आस्था का केंद्र है। जहां हजारों-लाखों की तादाद में श्रद्धालु पहुंचते हैं और मंदिरों की भव्यता देख दीवाने हो जाते हैं, अपूर्व शांति एवं धार्मिकता का अनुभव करते हैं। भारत की परंपरा, आस्था, धर्म और संस्कृति की अलग ही पहचान है। यहां ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों की भरमार है। भारत को दुनिया में सबसे ज्यादा धार्मिक स्थलों का देश कहा जाता है। एक अनुमान के अनुसार, देशभर में पांच हजार से अधिक सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल हैं। अब उनमें एक और स्थान जुड़ गया-अयोध्याधाम। काशी, प्रयागराज और अयोध्या धाम धार्मिक पर्यटन के सबसे बड़े स्वर्ण त्रिकोण (गोल्डन ट्रायंगल) में शामिल हो गये हैं, अयोध्या में श्रीराम मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहले ही दिन पांच लाख लोगों ने दर्शन किये, वैसे सामान्य तौर पर अनुमान है कि यहां एक से डेढ़ लाख लोगों के आने की संभावना है। साल भर में संख्या 10 करोड़ को पार कर सकती है। भारत के हिन्दू मन्दिरों ने पर्यटन को पंख लगा दिये हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या में प्रभु श्रीराम मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा एवं काशी की कायाकल्प करके दुनियाभर के पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित किया है।



धर्म और अध्यात्म भारत की आत्मा है। यह धर्म ही है, जो भारत को उत्तर से दक्षिण तक और पूरब से पश्चिम तक एकात्मता के सूत्र में बांधता है। भारत की सभ्यता और संस्कृति का अध्ययन करते हैं तो हमें साफ दिखायी देता है कि धार्मिक पर्यटन हमारी परंपरा में रचा-बसा है। तीर्थाटन के लिए हमारे पुरखों ने पैदल ही इस देश को नापा है। भारत के सबसे प्रसिद्ध तीर्थस्थलों में आंध्रप्रदेश का तिरुपति भी एक है, यह मंदिर भगवान विष्णु को समर्पित है। इस मंदिर में आए पर्यटक मंदिर की दक्षिण भारतीय वास्तुकला और शिल्पकला को देख दीवाने हो जाते हैं। मान्यता है कि, यहां आने के बाद व्यक्ति को जन्म-मृत्यु के बंधन से मुक्ति मिल जाती है। ओडिशा के तटवर्ती शहर पुरी में स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर हिंदुओं के चार धाम में से एक माना जाता है। यहां हर साल जून में होने वाला रथ यात्रा उत्सव विश्व प्रसिद्ध है, जिसमें भारत समेत विदेशों से भी श्रद्धालु पहुंचते हैं। सपनों की माया नगरी कहे जाने वाले मुंबई में स्थित सिद्धिविनायक मंदिर में भगवान गणेश के दर्शन के बिना कोई भी पर्यटक नहीं लौटता।

वाराणसी या बनारस को दुनिया का सबसे प्राचीन शहर कहा जाता है। गंगा किनारे बसे इस शहर की खूबसूरती, लोगों का रहन-सहन, बुद्ध से लेकर कबीर-तुलसी, घाट, मंदिर, गलियां, खान-पान पर्यटकों को आकर्षित करती है। इसलिए हर दिन यहां हजारों पर्यटक पहुंचते हैं। बनारस का काशी विश्वनाथ मंदिर भगवान शिव को समर्पित है। इसे 12 ज्योतिर्लिंगों में एक माना जाता है। गढ़वाल, उत्तरांचल में हिमालय पर्वतों के तल में बसा ऋषिकेश में नीलकंठ महादेव का मंदिर प्रमुख पर्यटन स्थलों में है। यह शहर दुनियाभर में योग राजधानी के तौर पर जाना जाता है। विदेश लोग योग साधना के लिए भी ऋषिकेश को खूब पसंद करते हैं, साथ ही हरिद्वार में गंगा की खूबसूरती एवं संध्या में गंगा आरती भी लोगों को खूब लुभाती है। ऐसे में जो लोग योग और अध्यात्म में रूचि रखते हैं वो यहां जरूर पहुंचते हैं। मथुरा, वृंदावन, अयोध्या, काशी, उज्जैन, द्वारिका, त्रिवेंद्रम, कन्याकुमारी, अमृतसर, जम्मू-कश्मीर, पुरी, केदारनाथ, बद्रीनाथ ऐसे आस्था के पर्यटन केन्द्र हैं, जो सिर्फ हमारे जीवन में खुशियों एवं आस्था के पलों को वापस लाने में ही मदद नहीं करते बल्कि ये देश के सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका का माध्यम भी बन रहे हैं। देश की पहली जरूरत अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है उसमें पर्यटन की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। क्योंकि भारत की अर्थव्यवस्था पर्यटन-उद्योग के इर्द-गिर्द घूमती रही है।

भारतीय पर्यटन दिवस को वैश्विक पर्यटक को बढ़ावा देने के प्रयास हेतु मील के पत्थर के रूप में देखा जाता है एवं इस दिवस को मनाने का उद्देश्य विश्व में भारत की समृद्ध सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, धार्मिक एवं सामाजिक विरासत को जीवंतता देना एवं उसके प्रति जन जागरूकता फैलाना है। भारत जैसे देशों के लिए पर्यटन का खास महत्व है। देश की पुरातात्विक विरासत या सांस्कृतिक धरोहर केवल दार्शनिक, धार्मिक, सांस्कृतिक स्थल के लिए नहीं है बल्कि यह राजस्व प्राप्ति का भी स्रोत है। पर्यटन क्षेत्रों से कई लोगों की रोजी-रोटी भी जुड़ी है। आज भारत जैसे देशों को देखकर ही विश्व के लगभग सभी देशों में पुरानी और ऐतिहासिक इमारतों का संरक्षण, संवर्द्धन किया जाने लगा है। भारत असंख्य पर्यटन अनुभवों और मोहक स्थलों का देश है। चाहे भव्य स्मारक हों, प्राचीन मंदिर या मकबरे हों, नदी-झरने, प्राकृतिक मनोरम स्थल हो, इसके चमकीले रंगों और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रौद्योगिकी से चलने वाले इसके वर्तमान से अटूट संबंध है। केरल, शिमला, गोवा, आगरा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, मथुरा, काशी जैसी जगहें तो अपने विदेशी पर्यटकों के लिए हमेशा चर्चा में रहती हैं। भारत में पर्यटन की उपयुक्त क्षमता है। यहां सभी प्रकार के पर्यटकों को चाहे वे साहसिक यात्रा पर हों, सांस्कृतिक यात्रा पर या वह तीर्थयात्रा करने आए हों या खूबसूरत समुद्री-तटों की यात्रा पर निकले हों, सबके लिए खूबसूरत जगहें हैं। दिल्ली, मुंबई, राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, दक्षिण भारत के अनेक राज्यों में तो लोगों को घूमते-घूमते महीना बीत जाते हैं।

भारत के हर राज्य की अलौकिक और विलक्षण विशिष्टताएं हैं जो पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती हैं। उन पर्यटकों के लिए भारत-यात्रा का विशेष आकर्षण है जो शांत, जादुई, सौंदर्य और रोमांच की तलाश में रहते हैं। यह भारत पल-पल परिवर्तित, नितनूतन, बहुआयामी और इन्द्रजाल की हद तक चमत्कारी यथार्थ से परिपूर्ण है। इस भारत की समग्र विविधताओं, नित नवीनताओं और अंतर्विरोधों से साक्षात्कार करना सचमुच अलौकिक एवं विलक्षण अनुभव है। जिससे इस बहुरूपी भारत को उसके बहुआयामी और निहंग वास्तविक रूप में देखा जा सके और ऊबड़-खाबड़ अनगढ़ता की परतों में छिपी सुंदरता को उद्घाटित किया जा सके। हम भारत को एक गुलदस्ते की भांति अनुभव करते हैं, एक ऐसा गुलदस्ता जिसमें भिन्न-भिन्न प्रकार के पुष्प सुसज्जित हैं।

# लोकसभा चुनाव की तैयारी-महंगाई पर चली आरी

**लोकसभा चुनाव 2024 जीतने की कवायद शुरू - महंगाई नियंत्रित करने गेहूं चावल के बाद अब प्याज पर 31 मार्च 2024 तक निर्यात प्रतिबंध**

**भारत में महंगाई पर अंकुश लगानें गेहूं चावल प्याज पर निर्यात पाबंदी सहित गेहूं भंडारण सीमा आधी करना समय की मांग**

वैश्विक स्तरपर लोकतांत्रिक देशों में वैसे तो जनता द्वारा चुनी सरकारो की मालिक जनता ही होती हैपरंतु हमारे मतों से चुने प्रतिनिधियों को कुर्सी मिलने के बाद मामला कुछ और ही हो जाता है, जो 5 साल तक ऐसे ही चलते रहता है, फिर जब वापस चुनाव में चार छह महीने बचते हैं तो फिर जनता ही मालिक है की बातआती है,अनेक योजनाएं बनती है, महंगाई पर विशेष ध्यान दिया जाता है और उसे काम करने सख्ती से अनेक योजनाएं बनती है निर्यात प्रतिबंध लगाते हैं,भंडारण की सीमानिचले स्तर तक की जाती है, पेट्रोल डीजल की कीमतों में वृद्धि बिल्कुल नहीं होती, नेताजी अपने-अपने चुनाव क्षेत्र में सक्रिय हो जाते हैं और फिर बुजुर्गों द्वारा कही बात सच नजर आती है कि चुनाव की तैयारी, महंगाई पर चली आरी, मतदाता सहित आम जनता की बाग बहारी! चूंकि पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के परिणाम दिनांक 03 दिसंबर 2023 को आ गए और अब एक-दो दिन में वहां सरकारे भी बन जाएगी जिसकी तैयारी और प्रक्रिया तेजी से शुरू है, फिर पूरी राजनीति का महकमा लोकसभा चुनाव 2024 में व्यस्त हो जाएगा। जो मेरा मानना है कि अप्रैल मई 2024 माह में चुनाव होने की संभावना है, क्योंकि 17वीं लोकसभा का कार्यकाल 16 जून 2024 को समाप्त होने वाला है। पिछले लोकसभा का चुनाव अप्रैल मई 2019 को हुआ था चूंकि अब लोकसभा चुनाव 2024 जीतने की कवायद शुरू हो गई है, इसलिए आज हम मीडिया उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगेलोकसभा चुनाव की तैयारी महंगाई पर चली आरी, मतदाता सहित आम जनता की बाग बहारी। साथियों बात अगर हम गेहूं गैर बासमती चावल के बाद अब 31 दिसंबर 2024 तक प्याज़ निर्यात प्रतिबंध की करें तो देश में लोकसभा चुनाव से पहले महंगाई पर अंकुश लगाने के लिए केंद्र ने मार्च 2024 तक प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है। प्याज़ की अखिल भारतीय दैनिक औसत क़ीमत गुरुवार को 57.11 रुपये प्रति किलोग्राम दर्ज की गई, जो सालभर पहले की तुलना में 97.95 फीसदी अधिक है। देश में प्याज की बढ़ती मांग और बढ़ती कीमतों के चलते सरकार ने यह फैसला किया है। बता दें कि फिलहाल यह प्रतिबंध अगले साल मार्च तक लगाया गया है। विदेशी व्यापार के डायरेक्टोरेट जनरल की तरफ से जारी नोटिफिकेशन में कहा गया है कि 31 मार्च 2024 तक प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। प्रतिबंध शुक्रवार से लागू होने के बाद तीन शर्तों पर प्याज के निर्यात की अनुमति दी जाएगी।अधिसूचना में कहा गया है, इसके अलावा प्याज की खेप को निम्नलिखित तीन शर्तों में से किसी एक को पूरा करने पर निर्यात करने की अनुमति दी जाएगी- जहां इस अधिसूचना से पहले जहाज पर प्याज का लोडिंग शुरू हो गया हो जहां शिपिंग बिल दाखिल किया गया है और जहाज प्याज की लोडिंग के लिए पहले ही भारतीय बंदरगाहों पर पहुंच चुके हैं और उनका रोटेशन नंबर इस अधिसूचना से पहले आवंटित किया गया है ऐसे जहाजों में लोडिंग की मंजूरी अधिसूचना से पहले प्याज की लोडिंग के लिए जहाज की एंकरिंग/बर्थिंग के संबंध में संबंधित बंदरगाह अधिकारियों द्वारा पुष्टि के बाद ही जारी की जाएगी; और जहां प्याज की खेप इस अधिसूचना से पहले कस्टम को सौंप दी गई है और उनके सिस्टम में पंजीकृत है /जहां प्याज की खेप इस अधिसूचना से पहले निर्यात के लिए कस्टम स्टेशन में प्रवेश कर चुकी है और कस्टम स्टेशन के संबंधित संरक्षक के इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम में पंजीकृत है इस अधिसूचना के जारी होने से पहले इन वस्तुओं के कस्टम स्टेशन में प्रवेश करने की तारीख और समय की मुहर का सत्यापन योग्य साक्ष्य निर्यात की अवधि 5 जनवरी, 2024 तक होगी।इसमें आगे कहा गया है, भारत सरकार द्वारा अन्य देशों को उनकी सरकार के अनुरोध के आधार पर दी गई अनुमति के आधार पर भी प्याज के निर्यात की अनुमति दी जाएगी।प्याज की अखिल भारतीय दैनिक औसत कीमत गुरुवार को 57.11 रुपये प्रति किलोग्राम दर्ज की गई, जो एक साल पहले की तुलना में 97.95 फीसदी अधिक है।गुरुवार को केंद्र ने सभी चीनी मिलों और डिस्टिलरीज से इथेनॉल आपूर्ति वर्ष (ईएसवाई) 2023-24 (नवंबर-दिसंबर) में तत्काल प्रभाव से इथेनॉल उत्पादन के लिए गन्ने के रस या चीनी सिरप का उपयोग नही, करने को कहा.इससे पहले सरकार ने गेहूं और गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। साथियों बात अगर हम दिनांक 8 दिसंबर 2023 को जारी थोक व फुटकर गेहूं व्यापारियों पर स्टॉक प्रबंध आधा करने की करें तो, घरेलू प्रभाग में जमाखोरी रोकने एवं सटोरिया प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से सरकार ने 12 जून 2023 को गेहूं पर भंडारण सीमा का आदेश लागू किया था और इसकी समय सीमा 31 मार्च 2024 तक निर्धारित की थी।यह स्टॉक लीमिट आर्डर देश के सभी राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों में समान रूप से लागू हुआ था। अब केन्द्रीय खाद्य, उपभोक्ता मामले एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने स्टॉक सीमा की समीक्षा करने के बाद सभी संवर्गों के लिए गेहूं की निर्यात मात्रा में कटौती कर दी है ताकि खुले बाजार में इसकी उपलब्धता में बढ़ोत्तरी हो सके।



# भारत जीता इंडिया हारा!!

**यह दास्तां है दो मुख्यमंत्रियों की। एक जनजाति का नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री ललदुहोमा। इसने दोनों राष्ट्रीय पार्टियों (भाजपा और कांग्रेस) को पराजित किया। अलग किस्सा है उस कांग्रेसी मुख्यमंत्री का जिसे डंके की चोट पर सारा छत्तीसगढ़ मीडिया जिता रहा था। सारे एग्जिट पोल भी। नाम है भूपेश बघेल। कैसे चर्च और रिलिजन का जोर चला था पूर्वोत्तर राज्य मिजोरम में जहां जोरम पीपुल्स पार्टी के लालदुहोमा की शानदार जीत हुई। याद कीजिये मिजोरम में मतगणना रविवार (3 दिसंबर) को तय था। ईसाइयों के आग्रह पर तारीख सोमवार, 4 दिसंबर कर दी गई। हालांकि अन्य राज्यों में यह 3 दिसंबर को ही घोषित हुए। इतना दबाव रहा ईसाइयों का भारत के निर्वाचन आयोग पर। इसी संदर्भ में गौरतलब है पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष और यूरेशियन राजनेता राहुल गांधी की मिजोरम में अभियान यात्रा।**



उन्होंने तब ऐलान किया था कि यह मतदान कांग्रेस पार्टी के लिए करो या मरो जैसा है। अतः हर कांग्रेसी को मुस्तैदी से जुटना पड़ेगा। राहुल गांधी के संबोधन से सारे मिजो ईसाई एकजुट हो गए कि सोनिया-कांग्रेस को जिताना है हर कीमत पर। मगर परिणाम क्या आया ? सत्ता पर वर्षों रही कांग्रेस को इस बार केवल एक मात्र सीट मिली। भाजपा दो पर जीत कर तनिक बेहतर बनी। विधानसभा में कुल चालीस सदस्य हैं। माहौल ऐसा जबरदस्त रहा कि मुख्यमंत्री जोरमंथगा जो 33 वर्षों से मिजो नेशनल फ्रंट के अध्यक्ष रहे थे, स्वयं हार गए। उनके उपमुख्यमंत्री तवालूंइया भी हारे।

मिजोरम की जनता को 57 वर्ष बाद भी याद है कि 5 मार्च 1966 की दुर्घटना। तब नवनियुक्त कांग्रेसी प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भारतीय वायुसेना से राजधानी आईजवाल में विद्रोहियों पर बम वर्षा कराई थी। इन बमवर्षक जहाजों के चालक थे राजेश पायलट तथा सुरेश कलमाड़ी, दोनों बाद में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रहे। पूर्वी कमांड के जनरल सैम मानेकश भी इस आक्रमण में शरीक रहे। यूं भी डॉ. राममनोहर लोहिया द्वारा नेहरू-इंदिरा सरकार की तीव्र भर्त्सना होती रही कि उन्होंने पूर्वोत्तर को अजायबघर जैसा बनाया है। मणिपुर विधानसभा भंग करने पर लोहिया इंफाल में जेल भी गए थे। मिजोरम में भी लोकतंत्र की दशा पड़ोसी मणिपुर जैसी ही रही। अब चर्चा हो नवीन मुख्यमंत्री लालदुहोमा की। यह 73-वर्षीय राजनेता प्रधानमंत्री के सुरक्षा स्टाफ में थे। भारतीय पुलिस सेवा (गोवा काडर के) अफसर थे। खुद इंदिरा गांधी ने उन्हें लंदन भेजा था कि निर्वासित विद्रोही नेता लालडेंगा से शांति वार्ता करें। युवा अफसर और आज जोरम पीपुल्स मूवमेंट के मुख्यमंत्री लालदुहोमा के प्रयासों के कारण मिजोरम में तब शांति कायम हो पाई। नतीजन स्वयं राजीव गांधी ने उन्हें कांग्रेस से टिकट देकर 1984 में सांसद चुनवाया था। इस बार के चुनाव प्रचार में लालदुहोमा का जोरदार प्रभाव रहा। उनका मकसद था आदिवासी पर्वतीय सीमांत इलाकों में समूची शराबबंदी। बड़ा कारगर भी रहा। महिलाओं ने बड़ी संख्या में उनकी पार्टी को वोट दिया। नतीजा बहुमत में दिखा। लालदुहोमा की काबिले गौर उपलब्धि यह रही कि उन्होंने सरचिप क्षेत्र से लालथनहवला को शिकस्त दी। वे पांच बार कांग्रेसी मुख्यमंत्री रहे थे। लालथनहवला के छः काबीना मंत्री भी धूल धूसरित हो गए। लालदुहोमा के बहुमत का खास कारण था कि उन्होंने बिल्कुल नए चेहरों को पेश किया। उनमें थे फुटबॉल खिलाड़ी जेजों लालफेरबलुआ और रिटायर्ड फौजी कर्नल क्लेमेंट ललमिंगथंगवा थे। दोनों विजयी रहे। सर्वाधिक दिलचस्प रहा कि 40 सालों में पहली बार एक से अधिक महिला जीती हैं। उनमें उल्लेखनीय है कि चार महिलाएं थीं। नए मुख्यमंत्री एक किसान का बेटा है। वे मिजोरम के प्रथम मुख्यमंत्री चो छुंगा के सहायक थे। तब रात्रि पाठशाला में पढ़कर बीए किया। गुवाहाटी विश्वविद्यालय से। फिर भारतीय पुलिस सेवा में चयनित हुए। सांसद रहे। आज उनकी नवगठित पार्टी ने भारत की सबसे पुरानी पार्टी (कांग्रेस) को अपदस्थ कर दिया। अब जिक्र हो दूसरे राज्य का जहां सोनिया-कांग्रेस की सरकार को मोदी की भाजपा ने बेदखल कर दिया है। भूपेश, वल्द नंदकिशोर बघेल, अब वजीरे आला से केवल बापुरा रह गये हैं। बापुरा के पर्याय है = बेचारा, अदना, निरीह नगण्य। छत्तीसगढ़ के इस सोनिया–कांग्रेसी मुख्यमंत्री ने सोचा होगा कि हिन्दु समाज को अगड़ा–पिछड़ा वोटरों में काट दो तो सत्ता फिर से हासिल हो जायेगी। यूं भी उनके पिताश्री एक बार ब्राह्मणों को गाली देने के अपराध में जेल काट आयें हैं।जातिवादी नौटंकी के अलावा भूपेश बघेल ने कांग्रेस चुनाव घोषणा पत्र में खूब लुभाने वाले वादे किये, जिनकी तारीफ राहुल गांधी ने की थी। पर नरेन्द्र मोदी की भांति उन्होंने कोई गारंटी नहीं दी थी। इसीलिये वोटर समझ गये कि यह सब रेवडियां केवल रेवड़ हैं अर्थात भेड़ का गल्ला। मसलन हर महिला को मासिक पन्द्रह हजार रूपये। बजट में कहा से राशि आती? मगर वादा कर दिया। कांग्रेस वाले भाई–बहन और मां ने भी छत्तीसगढ़ में ऐड़ी–चोटी का जोर लगा दिया। जरूरी था। आखिर कांग्रेस का यह खनिज–संपदा बहुल क्षेत्र एटीएम है। यहां की कोयले की खान को लूट होती रही है। धान की मुनाफागिरी सो अलग। शराब की ठेकेदारी भी आवक का जरिया था। मोदी ने भंड़ा फोड़ कर बघेल सरकार के राजकोशीय डकैती को उजागर कर दिया। प्रवर्तन निदेशालय ने बाकी पोल खोल दी। महादेव एप्स में तो घोटाला अनंत, असीम था। विदेशी सूत्र भी रहे। भूपेश बघेल के करीबी लोग शरीक हैं, जांच चल रही है। पार्टी को विद्रूप और विकृत कराने का श्रेय जाता है कांग्रेस के खास प्रभारी राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल को। यह केरल का कांग्रेसी अपने गृहराज्य में मार्क्सवादी सरकार द्वारा महिला शोषण के अपराध का दोषी पाया गया। जमानत पर है। छत्तीसगढ़ एक जनजाति बहुल राज्य है।

यहां आरक्षित कुल विधानसभाई सीटें 29 हैं। कांग्रेस सभी जीतती रही। इस बार केवल 11 ही जीत पायी। बाकी भाजपा ने जीती। इनकी जनविरोधी हरकतों का ही परिणाम था कि कांग्रेस के 13 में नौ मंत्री चुनाव हार गये। पराजित प्रत्याशियों में उपमुख्यमंत्री टीएस सिंह देव भी हैं। वे इस बार मुख्यमंत्री पद के दावेदार होते। गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू भी होते। मिजोरम की जनता को 57 वर्ष बाद भी याद है कि 5 मार्च 1966 की दुर्घटना। तब नवनियुक्त कांग्रेसी प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भारतीय वायुसेना से राजधानी आईजवाल में विद्रोहियों पर बम वर्षा कराई थी। इन बमवर्षक जहाजों के चालक थे राजेश पायलट तथा सुरेश कलमाड़ी, दोनों बाद में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रहे। पूर्वी कमांड के जनरल सैम मानेकश भी इस आक्रमण में शरीक रहे।

# अद्भुत है सारण में बना द्वारिकाधीश मंदिर



हिंदू धर्म में भगवान कृष्ण की कई कथाएं और लीलाएं पढने् और सुनने को मिलती हैं। देश में भगवान के अनेक मंदिर स्थापित हैं। भगवान की जन्मभूमि मथुरा और वृदांवन के कण-कण में इनकी रासलीलाओं के दर्शन करने पर मन में बहुत सुकून और आनंद की अनुभूति होती है। द्वारिकाधीश मंदिर गुजरात की तर्ज पर बना बिहार के छपरा का द्वारिकाधीश मंदिर भी अब पर्यटन स्थल के रूप में उभर रहा है और मंदिर की दर्शनीयता को देखने के लिए दूर-दूर से लोग बिहार के छपरा नैनी गांव में आते हैं। यह मंदिर गुजरात के द्वारिकाधीश मंदिर की याद दिलाता है और उसी तरह विशेष धार्मिक महत्त्व रखता है। गुजरात से भी श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए आते हैं। छपरा-बनियापुर सडक़ से सटे नैनी गांव में स्थापित है द्वारिकाधीश मंदिर। छपरा शहर से महज 6 किलोमीटर की दूरी पर एनएच 331 स्थित नैनी में बना द्वारिकाधीश मंदिर श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र बिंदु बन गया है। साढ़े आठ करोड़ की लागत से तैयार इस भव्य मंदिर में राधा-कृष्ण के साथ शिव-पार्वती, दुर्गा, गणेश, हनुमान जी की मूर्तियां भी स्थापित हैं। गुजरात से लाई गई संगमरमर- इस मंदिर की भव्यता काबिले तारीफ है। इसे देखने दूर-दूर से लोग आते हैं। इस मंदिर के निर्माण में गुजरात से ही पूरा संगमरमर लाया गया था। इसकी खासियत है कि इसे गुजरात के ही कारीगरों द्वारा 14 वर्षों में पूरी तरह तैयार किया गया है। इस तरह यह गुजरात के ही द्वारिकाधीश मंदिर की दूसरी प्रतिकृति लगता है। गुंबद पर लगे ध्वज को मिलाकर इसकी कुल ऊंचाई चालीस फीट है। मंदिर निर्माण का कार्य 2005 मे शुरू हुआ था, तब से लेकर 25 से 30 कारीगरों ने प्रतिदिन यहां काम किया है। मंदिर में नहीं है लोहे का इस्तेमाल-यह मंदिर अपने आप में कलाकारी का बेजोड़ नमूना है। गुजरात के कारीगरों ने मंदिर का निर्माण 14 वर्षों में किया है। पूरे मंदिर में लोहे का इस्तेमाल नहीं किया गया है। दरवाजे और चौखट भी लकड़ी के कील और गोंद से तैयार किया गए हैं। इस मंदिर की खासियत यह भी है कि इस मंदिर के निर्माण में ईंट, सीमेंट, सरिया और बालू का इस्तेमाल नहीं हुआ है। पत्थरों को खास क्लिप कट पद्धति से जोड़ा गया है। मंदिर की सुंदरता देख हर कोई मंत्रमुग्ध हो जाता है।

# जश्ने विलादते मौलाये कायनात का एहतेमाम

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** 13 रजब के पुरमसरत मौके पर शहर भर में जगह-जगह सजी महफिले और हुआ नजर का एहतेमाम। हजरत अली पैगंबर मोहम्मद साहब के दामाद और शियों के पहले इमाम की विलादत के मौके पर सहादतगंज हाता नूर बेग स्थित हैदरी कॉलोनी में जश्ने विलादते मौलाये कायनात का एहतेमाम किया गया।

इस मौके पर मौलाना अब्बास इरशाद ने महफिल को खितब किया उसके बाद शायरों ने हजरत अली की शान में कसीदे पढ़े शायरों में डॉ. नय्यर जलालपुरी, नज़्म लखनवी, मो. रज़ा फतेहपुरी, आमिर फैज़ाबादी, शकील आज़मी मुम्बई, अज़ीज़ आज़मी, अख्तर लखनवी मौजूद रहे। इस महफिल का इंतजाम गदीरी ब्वायज़ की तरफ से किया गया।



# कांशीराम न्यू कालोनी लौलाई मे प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर सुंदरकांड भजन-कीर्तन एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** आज कांशीराम न्यू कालोनी लौलाई लखनऊ मे प्रभु श्रीराम जी के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर सुंदरकांड भजन- कीर्तन एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि क्षेत्र की लोकप्रिय पार्षद-माननीय ममता रावत जी अपनी टीम के साथ कार्यक्रम में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर इंदिरा जल सेतु चौकी प्रभारी भी अपनी टीम के साथ कार्यक्रम में मौजूद थे। सभी कालोनी वासियों ने मिलकर पार्षद जी व पूरी टीम का स्वागत किया। जिससे कालोनी एवं क्षेत्रवासियों में खुशियां का माहौल था। लोगों में उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में उपस्थित राज यादव उर्फ रामू, सरोज कुमार पासवान, मीना यादव, नगीना देवी, अमरजीत, अवधेश सोनकर जी,सुधार बंसल जी, संजय यादव उर्फ अन्ना, प्रदीप साहू, रेखा रावत, मो अजीज, इब्राहीम भाई एवं सैकड़ों माताएं बहनें तथा वृद्ध लोग उपस्थित रहे।



# मासिक शिवरात्रि शिव शक्ति के अभिसरण का पर्व



मासिक शिवरात्रि प्रत्येक माह की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाई जाती है। हिंदू धर्म में इस शिवरात्रि का भी बहुत महत्त्व है। शिवरात्रि भगवान शिव और शक्ति के अभिसरण का विशेष पर्व है। धार्मिक मान्यता है कि मासिक शिवरात्रि के दिन व्रत आदि करने से भगवान शिव की विशेष कृपा द्वारा कोई भी मुश्किल और असम्भव कार्य पूरे किए जा सकते हैं। अमांत पंचांगज् के अनुसार माघ मास की मासिक शिवरात्रि को महाशिवरात्रि कहते हैं, परंतु पूर्णिमांत पंचांग के अनुसार फाल्गुन मास की मासिक शिवरात्रि को महाशिवरात्रि कहते हैं। दोनों पंचांगों में यह चंद्र मास की नामाकरण प्रथा है, जो इसे अलग-अलग करती है। हालांकि दोनों, पूर्णिमांत और अमांत पंचांग एक ही दिन महाशिवरात्रि के साथ सभी शिवरात्रियों को मानते हैं। भारतीय पौराणिक कथाओं के अनुसार महाशिवरात्रि के दिन मध्य रात्रि में भगवान शिव लिंग के रूप में प्रकट हुए थे। पहली बार शिवलिंग की पूजा भगवान विष्णु और ब्रह्मा द्वारा की गयी थी। इसीलिए महाशिवरात्रि को भगवान शिव के जन्म दिन के रूप में जाना जाता है और श्रद्धालु लोग शिवरात्रि के दिन शिवलिंग की पूजा करते हैं। शिवरात्रि व्रत प्राचीन काल से प्रचलित है। हिंदू पुराणों में शिवरात्रि व्रत का उल्लेख मिलता हैं। शास्त्रों के अनुसार देवी लक्ष्मी, इन्द्राणी, सरस्वती, गायत्री, सावित्री, सीता, पार्वती और रति ने भी शिवरात्रि का व्रत किया था। वे भक्त जो मासिक शिवरात्रि का व्रत करना चाहते हैं, वे इसे महाशिवरात्रि से आरम्भ कर सकते हैं और एक वर्ष तक कायम रख सकते हैं। यह माना जाता है कि मासिक शिवरात्रि के व्रत को करने से भगवान शिव की विशेष कृपा द्वारा कोई भी मुश्किल और असम्भव कार्य पूरे किए जा सकते हैं। श्रद्धालुओं को शिवरात्रि के दौरान जागी रहना चाहिए और रात्रि के दौरान भगवान शिव की पूजा करनी चाहिए। अविवाहित महिलाएं इस व्रत को विवाहित होने हेतु एवं विवाहित महिलाएं अपने विवाहित जीवन में सुख और शांति बनाए रखने के लिए करती हैं।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** 24 जनवरी को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, सरोसा-भरोसा, काकोरी, परिसर में वात्सल्य संस्था द्वारा सुगंधा परियोजना के अंतर्गत राष्ट्रीय बालिका दिवस के शुभ अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य स्तरीय शिक्षा अधिकारी मुकेश सिंह ने सभी प्रतिभागियों विशेषकर बालिकाओं को अपनी शिक्षा जारी रखते हुए सभी को जीवन में सफलता प्राप्त करने और जीवन में लक्ष्य निर्धारण की सलाह दी। कार्यक्रम का संचालन वात्सल्य संस्था से डॉ वर्षा सिंह ने किया। डॉ वर्षा सिंह ने संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए राष्ट्रीय बालिका साप्ताहिक अभियान के अंतर्गत की गई गतिविधियों के विषय में जानकारी दी। कार्यक्रम में खण्ड शिक्षा अधिकारी राममूर्ति यादव ने बालिका शिक्षा पर वात्सल्य संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए सभी को शिक्षा का महत्व व बालिकाओं की शिक्षा क्यूं जरूरी की जानकारी दी, स्वास्थ्य विभाग से डॉ नाजनीन और श्रुति ने सभी को बालिका शिक्षा के साथ साथ बालिकाओं के स्वास्थ्य के विषय में जानकारी देते हुए सभी को बालिका दिवस की शुभ कामनाएं दी, बाल विकास परियोजना विभाग से मुख्य सेविका वन्दना अवस्थी ने बालिकाओं को पोषण और अच्छे खान पान की जानकारी दी। महिला कल्याण विभाग से संदीप कुमार ने बालिकाओं से संबंधित कल्याणकारी योजनाओं के विषय में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में बालिकाओं और प्रतिभागियों ने बालिका दिवस व बालिका शिक्षा पर गीत व कविताओं तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं ने बेसिक शिक्षा के बदलते परिवेश पर जुगनू नाटक का प्रस्तुतिकरण किया, संस्था द्वारा साप्ताहिक अभियान के अंतर्गत वाद विवाद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु 9 बालिकाओं को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में वात्सल्य संस्था से भूपेन्द्र सिंह, विवेक, अब्दुल, स्वाति, रविकांत, दीपिका, वार्डेन सुनीता यादव सहित समस्त स्टाफ व छात्राएं तथा विभिन्न समुदायों से प्रतिभागी सम्मिलित रहे।



# उत्तर प्रदेश आज भयमुक्त प्रदेश, बहन-बेटियां पूरी तरह से सुरक्षितः प्रेमावती

- केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का सभी वर्गों को लाभ हो रहा हैः अजीत सिंह बब्बन
- नई ऊर्जा के साथ उत्तर प्रदेश निरंतर विकास की तरफ अग्रसरः मंगला प्रसाद सिंह
- समग्र विकास के तहत जनपद में भी अभूतपूर्व औद्योगिक विकास हुआः बाल कृष्ण जिन्दल

अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस 24 जनवरी के अवसर पर आज रसखान प्रेक्षागृह में 24-26 जनवरी 2024 तक होने वाले त्रिदिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की थीम श्उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासतश् थी। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रेमावती ने जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह के साथ दीप प्रज्वलित कर किया। नगर मजिस्ट्रेट प्रशान्त तिवारी ने पुष्प गुच्छ देकर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती, जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह, पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी व भाजपा जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन का स्वागत किया। दीप प्रज्ज्वलन के उपरांत स्कूली बच्चियों ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया। एनआरएलएम की महिलाओं द्वारा नारी शसक्तीकरण पर आधारित गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। गंगा देवी इंटर की छात्राओं ने मनमोहक डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया। रफी अहमद किदवई इंटर कॉलेज के छात्रों ने यूपी दिवस की थीम पर आधारित लघु नाटिका प्रस्तुत की। अनुषा त्रिवेदी ने रामभजन गाकर सभी को भक्ति विभोर कर दिया। सनातन धर्म इंटर कॉलेज के मोनू ने रास नृत्य प्रस्तुत कर समा बाँध दिया। जयपुरिया कॉलेज के बच्चों ने नारी शसक्तीकरण पर आधारित नाटिका प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि बेटी है तो कल है। बेटी के जन्म पर भी सभी को प्रफुल्लित होना चाहिए। उत्तर प्रदेश सभी प्रकार से उत्तम प्रदेश है। उत्तर प्रदेश आज भयमुक्त प्रदेश है। बहन-बेटियां पूरी तरह से सुरक्षित हैं। आज प्रदेश राममय हो चुका है। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश निरंतर विकास



की तरफ अग्रसर है। भारत वर्ष को 5 ट्रिलियन इकोनॉमी बनाने में उत्तर प्रदेश महत्वपूर्ण योगदान कर रहा है। प्रदेश में सबसे अधिक एक्सप्रेस वे हैं। सम्पूर्ण प्रदेश में 5 अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे हैं जिसमे से 4 क्रियाशील है। विभिन्न योजनाओं से समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को लाभ हुआ। उन्होंने एक कविता ष्कोशिश करने वालों की कभी हार नही होती के माध्यम से युवाओं को उत्साहित किया। उन्होंने यूपीपीसीएस परीक्षा परिणाम में सफल होने वाले युवाओं को बधाई दी। अभ्युदय योजना की प्रशंसा जिलाधिकारी ने की। उन्होंने कल होने वाले मतदाता दिवस पर सभी से बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की। पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी ने कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए गर्व का दिन है। युवाओं को सपनों के उत्तर प्रदेश को साकार करना है। जनपद के उद्यमी बाल कृष्ण जिंदल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में समग्र विकास में जनपद हरदोई में भी अभूतपूर्व औद्योगिक विकास हुआ है। इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से जनपद में भारी मात्रा में निवेश आकर्षित हुआ। जिलाधिकारी की प्रसंसा करते हुए उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी ने जनपद में उद्योगों की समस्याओं का समाधान तत्परता के साथ कराया है। उन्होंने अच्छी कानून व्यवस्था की भी सराहना की। भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश की धरती पर भगवान ने सबसे अधिक अवतार लिए हैं। हरदोई में भी भगवान ने दो अवतार लिए हैं। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के उपरान्त ऐसा लग रहा है कि त्रेता युग मे आ गए हैं। केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का सभी वर्गों को लाभ हो रहा है। उन्होंने उपस्थित लोगों को स्वच्छता का संदेश भी दिया। उन्होंने पीसीएस में सफल होने वाले युवाओं को बधाई दी। कॉलेज की स्थापना हुई। कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी के संबोधन का सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम के अंत मे मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों द्वारा उद्योग क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान करने वाले उद्यमियों को सम्मानित किया गया। विश्वकर्मा श्रम सम्मान के अंतर्गत टूलकिट वितरित की गयी। कन्या सुमंगला योजना व बाल सेवा योजना के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किये गए। एनआरएलएम की महिला सदस्यों को सम्मानित किया गया। कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किये गए।

राजस्व विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चार लेखपालों को प्रशस्ति पत्र दिए गए। उच्च प्राथमिक विद्यालय मनिका पिहानी की धावक सरिता को सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट शिक्षकों को भी इस अवसर पर सम्मानित किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र व चाभी वितरित की गयी। पंचायती राज व ग्राम्य विकास में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। प्राकृतिक खेती से जुड़े कृषक हरगोविंद को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अधिकारीगण व आमजन उपस्थित रहे।

# जनपद स्तरीय लिंग संवेदीकरण कार्यशाला का हुआ आयोजन



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सीएमओ कार्यालय में जनपद स्तरीय लिंग संवेदीकरण कार्यशाला आयोजित हुई। जिसमें बेटियों की शिक्षा, खानपान, निर्णय लेने की क्षमता, स्वास्थ्य और उन्हें प्रगतिपथ पर कैसे अग्रसर किया जाए इन विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। साथ ही दहेज प्रथा जैसे कुरीतियों को जड़ से समाप्त करने का लोगों ने संकल्प लिया।

सीएमओ डॉ.गीताराम ने बताया कि जनपद में बात लिंग अनुपात की करें तो 1000 पुरुषों पर 963 महिलाएं हैं। कार्यशाला में उपस्थित अल्ट्रासाउंड संचालकों से लोगों से अल्टासाउंड करने के दौरान नियमों का पालन करने की बात कही। बैठक में महिलाओं के प्रति समाज हो रहे भेदभाव असुरक्षा पर विचार विमर्श किया गया। सलाहकार समिति की सदस्य डॉ.ज्योति वर्मा ने कहा कि केन्द्र सरकार की ओर से बेटियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। आज बेटियों की दशा और दिशा दोनों में ही अत्यधिक सुधार हुआ है। आज बेटियां प्रत्येक क्षेत्र में अपना परचम फहरा रही हैं। कार्यशाला में डीपीएम संदीप दीक्षित, डिप्टी सीएमओ डॉ. श्री निवास यादव, सदस्य सलाहकार समिति डॉ ज्योति वर्मा, चंद्रपाल, अमित विश्वकर्मा के अलावा अल्ट्रासाउंड संचालक व चिकित्सक उपस्थित रहे।

# किसान की बेटी बनी डिप्टी एसपी, घर- परिवार में छायी खुशी

- आईएएस का लक्ष्य लेकर आगे भी जारी रखेंगी तैयारी

अवधनामा संवाददाता

**इटावा, बकेवर।** बकेवर क्षेत्र के अठलकड़ा सुन्दरपुर गाँव के किसान की बेटी यूपीपीसीएस की परीक्षा पास कर डिप्टी एसपी बन गयी है। बेटी के डिप्टी एसपी बनने पर पूरा परिवार खुश है। बकेवर क्षेत्र के ग्राम अठलकड़ा सुन्दरपुर निवासी किसान विनोद यादव की बेटी गायत्री यादव उर्फ राखी ने अपने पहले प्रयास में ही यूपीपीसीएस की परीक्षा पास कर ली है। गायत्री यादव की यूपीपीसीएस में 62 वीं रैंक है जबकि डिप्टी एसपी के लिए उसकी 22 वीं रैंक है। गायत्री इस समय



इलाहाबाद में है, फोन पर हुई बातचीत में उसने बताया कि यह उसका पहला प्रयास था। पहले ही प्रयास में उसने यूपीपीसीएस की परीक्षा पास कर ली है। परीक्षा पास करने पर वह बेहद खुश है उसने बताया कि काफी अच्छा महसूस हो रहा है लोगों की बधाइयां आ रही है घर परिवार के लोग भी उसकी सफलता से खुश हैं उसका लक्ष्य आईएएस बनना है जिसके लिए वह प्रयासरत है। आईएएस बनकर देश के लोगों की सेवा करना चाहती है। गायत्री ने बताया कि वर्ष 2022 की यूपीपीसीएस की परीक्षा के लिए उसकी आयु एक माह कम होने के कारण वह 2022 की परीक्षा नहीं दे सकी थी। भाई उदय प्रताप कस्टम में हैं। गायत्री ने बीएससी कंप्यूटर साइंस से जनता कॉलेज बकेवर से 2019 में पास किया था। स्नातक में उसके 63 प्रतिशत नम्बर थे। वह कालेज की द्वितीय टॉपर थी। 12 वीं भी उसने जनता विद्यालय इंटर कॉलेज बकेवर से किया है। 12 वीं में उसके 87 प्रतिशत अंक थे। उनके पिता विनोद यादव एक किसान है तथा खेती-बाड़ी करते हैं वह संयुक्त परिवार में रहते हैं।

# व्यापार मंडल ने 11 सूत्रीय मांग केन्द्रीय वित्त मंत्री को भेजा

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की इटावा ईकाई नें जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित एंव महानगर अध्यक्ष संजय वर्मा के नेतृत्व मे आगामी एक फरवरी को जारी किया जा रहे केन्द्रीय बजट में प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर व्यापारियों एंव उद्योगों की विभिन्न मांगों को केन्द्रीय बजट मे शामिल करनें के लिए एक ग्यारह सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी अवनीश राय के माध्यम से दिया, मांग पत्र मे अनुरोध किया गया कि आगामी बजट में व्यापारियों व उद्योगों के लिए निम्न अनुसार निवेदन सम्मिलित करने की कृपा करें। 1 बढ़ती हुई महंगाई को ध्यान में रखकर नगद लेनदेन की सीमा बढ़ाकर एक लाख करने की मांग को आगामी बजट में शामिल करने की कृपा करें। 2-आयकर में छूट की सीमा को बढ़ाकर 10 लाख करने की कृपा करें।



3-आयकर व जीएसटी देने वाले व्यापारियों के परिवार के लिए शिक्षा व स्वास्थ्य की मुफ्त व्यवस्था की जाए।

4-जीएसटी का सरलीकरण कर जीएसटी में दरों की विभिन्नताएं समाप्त की जाए जीएसटी कि दरें 0, 5, 12 तथा अधिकतम 18 रखी जाए तथा एक ट्रेड में सभी प्रकार के कारोबार पर एक ही दर रखी जाए इससे व्यापारिक को सहूलियात होगी तथा सरलीकरण होने से सरकार का राजस्व भी बढ़ेगा

5-दैनिक इस्तेमाल की चीज जेसे अनाज (गेहूं चावल दाल आटा)कपड़ा आदी से जीएसटी समाप्त किया जाए। 6-20 साल तक आयकर रिटर्न भरने वाले व्यापारियों को 40000 प्रतिमाह पेंशन दी जाए। 7-नये घरेलू व कुटीर उद्योगों को 10 साल तक जीएसटी व इनकम टैक्स से छूट दि जाये। 8-आयकर दाता व्यापारी की किसी भी प्रकार से मृत्यु होने पर 10 लाख रुपए का बीमा दिया जाए। 9-मंडी कर को समाप्त किया जाए। 10-कुटीर व घरेलू उद्योगों व रिटेल व्यापार को बचाने के लिए ऑनलाइन शॉपिंग पर 10त्न कर लगाने की व्यवस्था की जाए तथा ई-कॉमर्स मार्केटिंग में जीएसटी चोरी रोकने के लिए रेगुलर मार्केट मॉनिटरिंग की व्यवस्था की जाए।

11-ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जैसे फ्लिपकार्ट अमेजॉन जैसे पोर्टल द्वारा सीधे उपभोक्ता को सामान बेचा जाता है आईटीसी का दुरुपयोग कर सरकार के राजस्व की चोरी की जा रही है इसलिए इस तरह के ऑनलाइन पोर्टल द्वारा बेचे गए सम्मान पर जीएसटी इनपुट क्रेडिट लेने पर रोक लगाई जाए। ज्ञापन देने वालों मे प्रमुख रूप से महामंत्री रिषी पोरवाल प्रदीप यादव, योगेश पांडे, कामिल कुरैशी, भारतेंद्र भारद्वाज, रियाज अहमद, अर्चना कुशवाहा, राहत हुसैन रिजवी, कामरान खां, अनूप प्रजापति, हिमांशु गुप्ता, मुश्तकीम राइन,, अशोक जाटव, अनिल दिवाकर, जैनुल आबदीन, बल्लू मंसूरी, बर्षा दुबे, साकिर.हुसैन, रेनू शुक्ला, अल्ताफ अहमद, अर्चना अग्रवाल, सोनी यादव, विपिन दुबे, अशोक यादव, विपिन यादव, इश्तियाक कुरैशी, अकिंत यादव, गिरीराज अग्रवाल, प्रदीप सोनी आदि दर्जनों व्यापारी नेता मौजूद रहे।

# चार फरवरी को यमुना एक्सप्रेस वे के राया कट के पास स्थल का हुआ चयन

**मथुरा।** आम लोकसभा चुनाव को लेकर राष्ट्रीय लोकदल अपनी राजीनीतिक धरातल को ठोस आधार देने में जुटा हुआ है। इसके केंद्र में युवा वर्ग को रखा गया है। मेरठ के बाद अब युवा संसद का आयोजन मथुरा में किया जाएगा। इसके लिए यमुना एक्सप्रेस वे के राया कट पर बुधवार को स्थान का चयन किया गया है। चार फरवरी को होने वाली युवा संसद की सफलता को रालोद के नेताओं ने मथुरा में डेरा डाल रखा है।

राष्ट्रीय लोकदल और समाजवादी पार्टी मिलकर आम लोकसभा चुनाव के मैदान में उतरेंगी। दोनों के बीच लगभग सीटों का बंटवारा भी हो चुका है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में लोकसभा को अधिकांश सीट रालोद के हिस्से आई हैं। रालोद अपने हिस्से की सभी सीटों पर अपनी विजय सुनिश्चित करने के लिए अपनी राजनीतिक जमीन को मजबूत करने में जुटा है।

# राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता दिवस की शपथ दिलाई गई

वहाज अली निहाल

- नये मतदाताओं को भी अपना मत देने का अधिकार हैः सरिता भदौरिया
- सदर विधायक एवं जिलाधिकारी ने सभी विभागों के द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन भी किया

**इटावा।** उत्तर प्रदेश दिवस 24 से 26 जनवरी 2024 तक विकास प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन शहर के जीआईसी मैदान में किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम जिलाधिकारी अवनीश राय ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर 25 का अवकाश होने के कारण बुधवार 24 को राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता दिवस की शपथ दिलाई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सदर विधायक सरिता भदौरिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि नये मतदाताओं को भी अपना मत देने का निर्णय लेने का अधिकार है कि वह किसको चुनना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में बहुत ही सराहनीय कार्य हो रहे हैं 22 जनवरी को हमारे प्रदेश में बहुत ही अच्छा एवं भव्य कार्यक्रम संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि यहां पर कई विभागों के स्टाल लगाए गए हैं जिसका लाभ लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम सभी को पेड़ों की



आवश्यकता है एवं एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए जिससे हमें ऑक्सीजन मिलती रहे। उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए तथा योजनाओं के लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। विश्वकर्मा योजना के तहत लाभार्थियों को टूलकिट एवं प्रमाण पत्र तथा चैक वितरण किए गए तथा समस्त विभागों के अधिकारियों ने अपनी अपनी योजनाओं से लाभार्थियों को लाभान्वित किया। उक्त के पश्चात सदर विधायक एवं जिलाधिकारी द्वारा सभी विभागों के द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन कुश चतुर्वेदी के द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर जिलाधिकारी अवनीश राय,ख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी सदर विक्रम सिंह राघव, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ राजेश कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह सहित जनप्रतिनिधिगण एवं समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बलदेव के मेला में सत्यवादी हरिश्चन्द्र नाट्य मंचन देख दर्शक गदगद

**बल्देव (मथुरा)।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के बाल स्वरूप की अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर उनके पूर्वज सत्यवादी हरिश्चन्द्र की सत्यवादिता पर आधारित भगतलीला (नौटंकी) सत्यवादी महाराज हरिश्चन्द्र का मंचन अखिल भारतीय ब्रज संस्कृति केन्द्र, मथुरा के कलाकारों द्वारा सङ्गीत अकादमी पुरस्कार से पुरस्कृत वरिष्ठ लोक नाट्यविद आचार्य डॉ. खेमचन्द यदुवंशी शास्त्री के निर्देशन में किया गया।

मंचन में पुत्तन मास्टर हाथरसी, आचार्य डॉ. के. सी. शास्त्री,चौधरी रामहेत सिंह,प्रद्युम्न यदुवंशी,चौधरी रुस्तम सिंह,सरिता सिंह, शाहनवाज खान,ऋतुराज यदुवंशी, श्रीमती चाँदनी,श्रीमती चाँद तारा आदि ने प्रमुख रूप से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

संगत कलाकार हीरा लाल,नितिन कुमार, बबलू सिंह ने लय-सुर और ताल का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। बल्देव के नगर पंचायत अध्यक्ष डा मुरारी लाल अग्रवाल ने कलाकारों को सम्मानित किया। इस अवसर पर लोकनाट्यविद डॉ. खेमचन्द यदुवंशी शास्त्री ने बताया कि ब्रज से श्रीराम का सीधा सम्बध रहा है उनके अनुज शत्रुघ्न ने ब्रज को मधु पुत्र लवण से मुक्ति दिलाकर शांति स्थापित की थी। मंचन में यही भाव रहा। मंचन कराने में विधायक पूरन प्रकाश और गीता शोध संस्थान के समन्वयक चन्द्रप्रताप सिकरवार के प्रयास रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने भाजपा मंडल अध्यक्षों का किया सम्मान



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष विवेक गुप्ता एवं अनुग्रह सेंगर का मंडल अध्यक्ष भाजपा बनने पर फूल मालाओं से स्वागत किया। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता शहर अध्यक्ष ओम रतन कश्यप ने की संचालन युवा अध्यक्ष अजय गुप्ता ने किया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश संयुक्त मंत्री शिवकुमार सिंह चौहान संजू भैया जिला संरक्षक एमपी सिंह तोमर हरि गोपाल शुक्ला जिला प्रभारी शिवभूषण सिंह चौहान जिला महामंत्री सुनीत सिंह चौहान जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह चौहान नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनीत कुमार पांडे नगर उपाध्यक्ष अखिलेश कौशिक राजीव पाल शैलेंद्र सिंह राजावत आशुतोष पमार नगर महामंत्री रमेश यादव राहुल चौहान आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### जायंट्स ग्रुप ऑफ राइजिंग स्टार द्वारा सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** जायंट्स ग्रुप ऑफ राइजिंग स्टार द्वारा अयोध्या में राम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर नगर के मोहल्ला कटरा साहब खां में स्थित प्राचीन राम मंदिर पर दोपहर में सुंदरकांड का पाठ हुआ तथा शाम होते ही सभी सदस्यों ने अपार श्रद्धा भावके साथ मंदिर प्रांगण को पांच सौ सेअधिक घी के दीपकों द्वारा सजाया तथा सदस्यों ने मंगल गीतों पर नृत्य करके समां बांध दिया। इस अवसर पर नीतू पुरवार, सोनिया गुप्ता, मंजू यादव, स्वीटी मथुरिया, मैथिली मिश्रा,, पूनम गुप्ता, सीमा तिवारी, पूजा पुरवार, प्रियंका गुप्ता, तृप्ति गुप्ता,, महनाज खानम, वंदना रानी, रिचा सम्राट, दीपा सिंह, रूपम, बबली मिश्रा, शैलजा चौधरी आदि उपस्थित रही।

### स्मार्टफोन पाकर खिले छात्र और छात्राओं के चेहरे




**बिलग्राम हरदोई।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा छात्र और छात्राओं को स्मार्टफोन बांटने की महत्वाकांक्षी योजना को आज श्री रामलाल सिंह महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बताओ और मुख्य अतिथि तहसीलदार अमित यादव ने कहां की स्मार्टफोन अपने से छात्र-छात्राओं पढ़ाई करने में काफी हद तक मदद मिलेगी उन्होंने कहा कि शासन की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत अच्छे मार्क्स लाने वाले बच्चों को लाभान्वित किया जा रहा है उन्होंने कुल 219 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किए इस मौके पर कॉलेज के प्रबंधक रजनीकांत सिंह निदेशका रीना सिंह प्रधानाचार्य खुशबू उपाध्याय सहित भारी संख्या में शिक्षक और शिक्षाएं मौजूद रही।

# गणतंत्र दिवस पर आयोजित होगा रक्तदान शिविर

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** ब्रज यातायात एवं पर्यावरण जनजागरूकता समिति (रजि) उत्तर प्रदेश लाइफ केयर चैरिटेबल ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वधान में एक दिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस 26 जनवरी शुक्रवार को गणतंत्र दिवस के अवसर पर एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन लाइफ केयर चैरिटेबल ब्लड बैंक नेशनल हाईवे नंबर 2 हाईवे प्लाजा के सामने मथुरा पर किया जा रहा है। ब्रज यातायात एवं पर्यावरण जनजागरूकता समिति के अध्यक्ष विनोद दीक्षित ने बताया जिंदगी अनमोल है इससे बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है इसी टैगलाइन को लेकर हमारी समिति पिछले 12 साल से काम कर रही है। जो रक्तदाता इस रक्तदान शिविर में अपना रक्त दान करेगा उसको हम प्रशस्ति पत्र के साथ हेलमेट देंगे क्योंकि उस व्यक्ति के द्वारा किसी की जिंदगी बचाने के लिए अपना रक्त दिया है और हम हेलमेट देकर उसकी जिंदगी बचाने का काम करने के साथ हेलमेट लगाने के लिए दूसरों को प्रेरित करने के लिए कहेंगे।

# के आर महाविद्यालय में मतदाता जागरुकता पर नुक्कड़ नाटक एवं शपथ

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** मतदाता दिवस पर मतदाताओं को जागरुक करने के लिए किशोरी रमण स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रांगण में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एन. सी. सी. के छात्र-छात्राओं एवं कैडेटों ने भव्य तरीके से नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। जिसका मुख्य उद्देश अपने मतदान का सही तरीके से प्रयोग करना और दूसरो को मतदान करने के लिए प्रेरित करना था। प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ) प्रवीण कुमार अग्रवाल ने सभी बच्चों का उत्साह वर्धन किया तथा सभी को प्रजातंत्र में मतदान की शक्ति का महत्व बताया। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नवीन अग्रवाल ने मतदाता दिवस की शपथ ग्रहण कराई एवं गगन भेदी नारों से कॉलेज के वातावरण को राष्ट्रमय बना दिया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजन के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अशोक कुमार कौशिक ने किया। धन्यवाद ज्ञापन एन सी सी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ कपिल कौशिक द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रो.शालिनी सक्सेना, प्रो. शशि किरण, प्रो. उमेश शर्मा, प्रो. सुलेखा जादोन, डॉ रामदत्त मिश्रा, प्रो. विमलेश, डॉ निशा राठोर, डॉ. पी पी सिंह, डॉ. सुरेश चंद सिंघल, प्रो. अमर कुमार धारीवाल, प्रो. संजीव श्रीवास्तव, डॉ राजेश सारस्वत, डॉ अजय उपाध्याय, डॉ ममता रानी कौशिक, डॉ. विजय आनंद, डॉ अशोक पुष्कर, श्री देश दीपक, श्री प्रवेश शर्मा आदि उपस्थित रहे। नाटक में मेघा दुबे, ज्योति, आरजू, निपुन, रजनी, करिश्मा, सुप्रिया, मुस्कान आदि की सहभागिता रही।

# हमीरपुर में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस को हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया

अवधनामा संवाददाता

- बतौर मुख्य अतिथि स्वतंत्र देव सिंह मंत्री जलशक्ति सिंचाई एवं जलसंशाधन शामिल हुए

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश न केवल एक भौगोलिक इकाई है, बल्कि अपनी सामासिक संस्कृति के कारण सम्पूर्ण भारत में एक विशिष्ट स्थान रखता है, 24 जनवरी 1950 संयुक्त प्रान्त से उत्तर प्रदेश बनने तक एक लम्बी यात्रा इस प्रदेश ने तय की है, यहां की राजनैतिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धियां तो रहीं है, साथ ही साथ इस प्रदेश ने सम्पूर्ण भारत के समक्ष अपने गंगा.जमुनी तहजीब के कारण एक नई मिशाल भी पैदा की है। राम कृष्ण का जन्म इसी पावन भूमि पर हुआ, बुद्ध ने इसी भूमि को अपनी कर्म स्थलीय बनाया, कबीर, सूर, तुलसी, जैसी कवियों के सन्तवाणियां से यह भूमि ओत.प्रोत रहीं है। आज उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर सम्पूर्ण प्रदेश में भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में जनपद हमीरपुर में भी उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस को हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम चौरादेवी प्रांगण में आयोजित किया गया, जिसका विधायक सदर डा0 मनोज प्रजापति, जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय ने फीता काटकर शुभारंभ किया। जिसके मुख्य अतिथि मंत्री जलशक्ति सिंचाई एवं जलसंशाधन बाढ़ नियंत्रण परती भूमि विकास लद्यु सिंचाई नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग उ0प्र0 स्वतंत्र देव सिंह जी एवं अतिथिगण सत्यजीत मिश्रा , संयुक्त सचिव, पार्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन



मंत्रालय भारत सरकार नोडल अधिकारी विकसित भारत संकल्प यात्रा, राज्य सभा सदस्य बाबूराम निषाद, विधायिका राठ मनीषा अनुरागी, यक्ष जिला पंचायत जयन्ती राजपूत, अध्यक्ष नगर पलिका परिषद हमीरपुर कुलदीप निषाद, अध्यक्ष भाजपा सुनील पाठक, सांसद प्रतिनिधि अशोक तिवारी व अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी संबंधित अधिकारियों द्वारा दी गयी, तथा मुख्य अतिथि द्वारा सरकार द्वारा अच्छादित योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों प्रधानमंत्री आवास शहरी से , क्षमा प्रजापति, बुधिया, कुसुमकली, नीलम, अनीता, रजनी, दिलीप, जितेन्द्र, कालका व शिवकुमार स्वनिधि योजना तथा अन्य सरकारी योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों को सम्मानित किया, तथा जाति, धर्म, वर्ग सम्प्रदाय से ऊपर उठकर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को साथ देने की अपील की, तथा प्रांगण में विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों का अवलोकन किया। विभिन्न विभागों ने अपने.अपने स्टाल लगाये, हां पर सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के संचालन और उनके क्रियान्वयन को प्रर्दशित किया गया। कृषि विभाग, खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग, सूचना विभाग, उद्यान विभाग, उद्योग विभाग, जिला प्रोबेशन, समाज कल्याण इत्यादि की प्रर्दशनियां उल्लेखनीय रहीं। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी चन्द्र शेखर शुक्ला, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अपर जिलाधिकारी न्यायिक नागेन्द्र नाथ यादव, डिप्टी कलेक्टर खालिद अंजुम, जिला विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला पंचायज राज अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, जिला परियोजना अधिकारी, डीसी मनरेगा, डीसी एनआरएलएम, जिला समाज कल्याण अधिकारी समाजसेवी गणमान्य नागरिक सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भारत के खिलाफ इंग्लैंड ने घोषित की पहले टेस्ट के लिए प्लेइंग 11, इन 3 स्पिनर को मिला मौका



पहला टेस्ट भारत और इंग्लैंड के बीच हैदराबाद में खेला जाएगा। जबकि इंग्लैंड टीम ने बुधवार को हैदराबाद में भारत के खिलाफ शुरू होने वाले पहले टेस्ट के लिए प्लेइंग इलेवन का ऐलान कर दिया है। इंग्लैंड ने अपनी टीम में तीन स्पिनर्स और एक तेज गेंदबाज को शामिल किया है।

भारत और इंग्लैंड के बीच 25 जनवरी से टेस्ट सीरीज का आगाज होने वाला है। पहला टेस्ट हैदराबाद में खेला जाएगा। जबकि इंग्लैंड टीम ने बुधवार को हैदराबाद में भारत के खिलाफ शुरू होने वाले पहले टेस्ट के लिए प्लेइंग इलेवन का ऐलान कर दिया है। इंग्लैंड ने अपनी टीम में तीन स्पिनर्स और एक तेज गेंदबाज को शामिल किया है। लंकाशायर के टॉम हार्टले इस टेस्ट मुकाबले से अपना डेब्यू करेंगे।

बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली टीम में 3 स्पिनर्स को मौका मिला है। रेहान अहमद, जैक लीच और टॉम हार्टले स्पिन की जिम्मेदारी संभालेंगे। वहीं, बेन स्टोक्स पहले ही कह चुके हैं कि वह मैच में कम पेसर्स के साथ उतरेंगे। इसलिए तेज गेंदबाज के रूप में उन्होंने सिर्फ मार्क वुड को ही टीम में जगह दी है।

इंग्लैंड ने बेन फॉक्स को भी टीम में जगह दी है। यानी वह टीम के लिए बतौर विकेटकीपर खेलेंगे और जॉनी बेयरस्टो टीम में एक बल्लेबाज के रूप में खेलेंगे। टीम में जो रुट भी शामिल हैं। रुट से टीम इंडिया को सावधान रहने की जरूरत होगी। वहीं इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवन के बाद अब फैंस भारत की प्लेइंग इलेवन का इतंजार कर रहे हैं।

# पुजारा-रहाणे की अनदेखी पर रोहित शर्मा का बयान, कहा युवाओं को ज्यादा मौके देने होंगे

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने संकेत दिया कि चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे जैसे दिग्गजों का टेस्ट कैरियर लगभग खत्म माना जा सकता है। क्योंकि फोकस युवाओं को अधिक मौके देने पर है। उन्होंने हालांकि कहा कि सीनियर खिलाड़ियों को बाहर रखने का फैसला आसान नहीं था।बुधवार को भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने संकेत दिया कि चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे जैसे दिग्गजों का टेस्ट कैरियर लगभग खत्म माना जा सकता है। क्योंकि फोकस युवाओं को अधिक मौके देने पर है। इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट में विराट कोहली के बाहर रहने के फैसले के बाद संभावना जताई जा रही थी कि पुजारा या रहाणे को मौका दिया जायेगा लेकिन अजित अगरकर की अध्यक्षता वाली चयन समिति पीछे मुड़कर देखने के मूड में नहीं है।

कोहली की जगह रजत पाटीदार को मौका दिया गया। रोहित ने पहले टेस्ट से पूर्व इस फैसले के बारे में कहा हमने सीनियर खिलाड़ियों को लाने के बारे में सोचा लेकिन फिर युवा खिलाड़ियों को मौके कब मिलेंगे। हमने इस बारे में भी सोचा। उन्होंने हालांकि कहा कि सीनियर खिलाड़ियों को बाहर रखने का फैसला आसान नहीं था। रहाणे ने आखिरी बार भारत के लिये 2023 में वेस्टइंडीज के खिलाफ पोर्ट ऑफ स्पेन में खेला था जबकि पुजारा को आस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले साल विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के बाद बाहर किया गया। रोहित ने कहा कि, सीनियर खिलाड़ियों को बाहर करने का फैसला आसान नहीं होता। उन्होंने इतने रन बनाये हैं, इतने मैच जिताये हैं और उनके पास इतना अनुभव है कि उसे अनदेखा करना मुश्किल होता है।'' उन्होंने कहा लेकिन कई बार आपको नये खिलाड़ियों को मौका देना होता है। उन्हें अनुकूल हालात में मौका देने के बाद ही विदेशी सरजमीं पर उतारा जाना चाहिये।

# भारत की युवा ब्रिगेड के सामने आयरलैंड की आसान चुनौती



गुरुवार को भारत की युवा ब्रिगेड आईसीसी अंडर 19 विश्व कप के दूसरे लीग मैच में आयरलैंड से खेलेगी तो आने वाले कठिन मुकाबलों से पहले बल्लेबाजी का अच्छा अभ्यास करने पर उसकी नजरें होंगी। भारत ने एकतरफा रहे पहले मैच में बांग्लादेश को 84 रन से हराया। भारत की युवा ब्रिगेड आईसीसी अंडर 19 विश्व कप के दूसरे लीग मैच में गुरुवार को आयरलैंड से खेलेगी तो आने वाले कठिन मुकाबलों से पहले बल्लेबाजी का अच्छा अभ्यास करने पर उसकी नजरें होंगी। भारत ने एकतरफा रहे पहले मैच में बांग्लादेश को 84 रन से हराया। अब आयरलैंड के खिलाफ उसके पास प्रयोग का मौका है क्योंकि अगले सप्ताह से सुपर सिक्स चरण में कठिन प्रतिद्वंद्वियों का सामना करना होगा। आयरलैंड ने पहले मैच में अमेरिका को हराया लेकिन दूसरे मैच में बांग्लादेश से पराजय का सामना करना पड़ा। भारत के सामने चुनौती विरोधी टीम नहीं बल्कि अपने ही प्रदर्शन का स्तर बेहतर करने की होगी। आधुनिक दौर के क्रिकेट को ध्यान में रखकर बल्लेबाजों को अपनी शैली में सुधार करना होगा। कप्तान उदय सहारन ने पहले मैच में 64 और आदर्श सिंह ने 76 रन बनाये लेकिन उनका स्ट्राइक रेट क्रमशः 79 और 68 रहा जो आधुनिक समय में अस्वीकार्य है। भारत के पास बायें हाथ के स्पिनर सॉमी कुमार पांडे और मुशीर खान के रूप में दो अलग शैली के फिरकी गेंदबाज हैं जिन्होंने अपने काम को बखूबी अंजाम देकर कोच रिषिकेश कानिटकर की चिंता कम की है। पांडे को पहले मैच में कंधे की चोट के कारण पहले और दूसरे स्पैल के बीच में ब्रेक लेना पड़ा था और टीम प्रबंधन उनके पूरी तरह फिट रहने की दुआ कर रहा होगा। ब्लोमफोंटेन की धीमी पिच पर भारतीय बल्लेबाजों को स्ट्राइक रोटेट करनी होगी और पावरप्ले के ओवरों में अच्छा प्रदर्शन भी करना होगा।

अगले साल होने वाली आईपीएल की मेगा नीलामी से पहले युवा खिलाड़ी अपने प्रदर्शन से ध्यान खींचना चाहेंगे।

# किरण जॉर्ज इंडोनेशिया मास्टर्स के दूसरे दौर में पहुंचे, प्रणय हुए बाहर



किरण जॉर्ज ने इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनायी लेकिन स्टार खिलाड़ी एच एस प्रणय सिंगापुर के पूर्व विश्व चैम्पियन लोह कीन यिऊ से हारकर बाहर हो गये। 23 साल के जॉर्ज ने पहले दौर में एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव को 18-21 21-16 21-19 से हरा दिया। बुधवार को किरण जॉर्ज ने इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनायी लेकिन स्टार खिलाड़ी एच एस प्रणय सिंगापुर के पूर्व विश्व चैम्पियन लोह कीन यिऊ से हारकर बाहर हो गये। 23 साल के जॉर्ज ने पहले दौर में एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव को 18-21 21-16 21-19 से हरा दिया। प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन अकादमी के जॉर्ज ने मंगलवार को दो जीत दर्ज करने क बाद मुख्य ड्रा में प्रवेश किया।

दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय को पहले दौर में लोह से 18-21 21-19 10-21 से हार गये। इस महीने के शुरू में इंडिया ओपन सुपर 750 के सेमीफाइनल में पहुंचे प्रणय मलेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के भी पहले दौर में हार गये थे।

# इतिहास रचने के बाद रोहन बोपन्ना का बयान, कहा नंबर एक रैंकिंग भारतीय टेनिस की अगली पीढ़ी को प्रेरित करेगी




बुधवार को रोहन बोपन्ना को लगता है कि करियर के अंतिम पड़ाव में उनका युगल रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचना भारतीय टेनिस के लिए इस समय प्रेरणादायी रहेगा क्योंकि इस समय वह खराब दौर से जूझता दिख रहा है।

रोहन बोपन्ना को लगता है कि करियर के अंतिम पड़ाव में उनका युगल रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचना भारतीय टेनिस के लिए इस समय प्रेरणादायी रहेगा क्योंकि इस समय वह खराब दौर से जूझता दिख रहा है। बोपन्ना (43 वर्ष) बुधवार को ऑस्ट्रेलयाई खिलाड़ी मैथ्यू इबडेन के साथ आस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद पुरुष युगल की नंबर एक रैंकिंग हासिल करने वाले उम्रदराज टेनिस खिलाड़ी बन जायेंगे।

करियर की सर्वश्रेष्ठ तीसरी रैंकिंग से टूर्नामेंट में प्रवेश करने वाले बोपन्ना और इबडेन ने यहां एक घंटे 46 मिनट तक चले क्वार्टरफाइनल में अर्जेंटीना के मैक्सिमो गोंजालेज और आंद्रेस मोल्टेनी की छठी वरीय जोड़ी पर 6-4, 7-6 की आसान जीत दर्ज की। बोपन्ना टूर्नामेंट के समाप्त होने के बाद सोमवार को युगल विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच जायेंगे।

बोपन्ना ने मेलबर्न से पीटीआई से इंटरव्यू में कहा यह उपलब्धि सिर्फ मेरे लिए ही नहीं बल्कि भारतीय टेनिस के लिए भी काफी अहमियत रखती है। अगली पीढ़ी को प्रेरित करने के लिए आपको किसी चीज की जरूरत होती है। सुमित नागल का भी आस्ट्रेलियाई ओपन शानदार रहा। उसने एक दौर का मैच जीता। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि इतनी सारी कुर्बानियों के बाद मिली है। उन्होंने कहा, पुरुष युगल में नंबर एक रैंकिंग पर बहुत गर्व है। यह काफी विशेष क्षण है। पर इसके लिए काफी कुर्बानी दी हैं। मेरे कोच और परिवार सभी ने। मेरा परिवार मेरे साथ ही यात्रा कर रहा है इसलिये यह बिलकुल अलग अहसास है। बल्कि वह इस बात से ज्यादा खुश हैं कि पिछले हफ्ते भारतीय टेनिस सुर्खियों में रहा।

बोपन्ना ने कहा, भारतीय टेनिस में कुछ भी नहीं हो रहा था। आपके पास भी कुछ लिखने को नहीं था इसलिये यह सब बिलकुल सही समय पर हुआ। इससे पहले अमेरिका के राजीव राम अक्टूबर 2022 में विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने थे। उनकी उम्र 38 थी और करियर में पहली बार शीर्ष पर पहुंचे थे। वहीं इबडेन विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच जायेंगे। बोपन्ना दो बार अमेरिकी ओपन के फाइनल में पहुंचे लेकिन कभी भी पुरुष युगल ग्रैंडस्लैम ट्राफी नहीं जीत सके। वह हालांकि फ्रेंच ओपन में मिश्रित युगल ट्राफी जीत चुके हैं। 2017 फ्रेंच ओपन में कनाडा की गैब्रिएला दाब्रोवस्की के साथ उन्होंने फाइनल मेमं अन्न लेना ग्रोनेफेल्ड और रोबर्ट फराह की जोड़ी को 2.6 6.2 12.10 से हराकर खिताब जीता था। पुरुष युगल खिताब जीतने की ख्वाहिश अभी तक पूरी नहीं हुई है जिससे बोपन्ना संन्यास लेने से पहले इसे हासिल करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, ग्रैंडस्लैम में पुरुष युगल खिताब जीतना मेरी दिली ख्वाहिश है। यह किसी अन्य का लक्ष्य नहीं है। यह अनुभवी भारतीय हमेशा एक समय में एक कदम आगे बढ़ाने पर विश्वास करता आया है।

उन्होंने भविष्य के लक्ष्य के बारे में बात करते हुए कहा, जब आप दूसरे दौर में पहुंचते हो तो आप तीसरे दौर में पहुंचना चाहते हो, फिर चौथे दौर, क्वार्टर और सेमीफाइनल में। हां, मैं दो ग्रैंडस्लैम के फाइनल में पहुंचा और अब मैं इसे जीतना चाहता हूं, यह स्वाभाविक भी है। आप हमेशा एक कदम बेहतर करने की कोशिश करते हो। बोपन्ना ने 2013 में पहली बार नंबर तीन की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासि की थी। वह लिएंडर पेस, महेश भूपति और सानिया मिर्जा के बाद युगल रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले चौथे भारतीय खिलाड़ी होंगे। उनकी इस यात्रा में उनके अमेरिकी कोच स्कॉट डेविड का योगदान अहम रहा जिनके बारे में उन्होंने कहा, मैं शायद दुनिया के नंबर एक कोच का पचास प्रतिशत हूं। यह उनके लिए भी गर्व का पल है। मैंने 2010 में युगल खेलना शुरू किया और तब से मैं उनके साथ ही हूं। सेमीफाइनल में बोपन्ना-इबडेन की जोड़ी का सामना चेक गणराज्य के टोमास माचाक और चीन के झिझेन झांग की गैर वरीय जोड़ी से होगा। उनके पूर्व डेविस कप टीम साथी महेश भूपति और सोमदेव देववर्मन ने इसे भारतीय खेल के शानदार क्षण में से एक करार किया। भूपति ने 'एक्स' पर लिखा, रोहन बोपन्ना आज दुनिया की नंबर एक रैंकिंग पर पहुंच रहे हैं जो मेरी राय में भारतीय खेल की सबसे शानदार खबरों में से एक है। देववर्मन ने लिखा बोप्स ने मुझे बताया कि वह पांच साल पहले संन्यास लेने के बारे में सोच रहे थे, फिर चार साल पहले, फिर तीन साल पहले तो कहानी का सार है कि किसे मतलब है, वह नंबर एक है। बोपन्ना के परिवार के लिए बहुत खुश हूं। रोहन बोपन्ना भारतीय खेल की सर्वश्रेष्ठ कहानी है।

# ऋतिक रोशन से अपनी तारीफ सुनकर भावुक हुए अनिल कपूर, छलड़ पड़े अभिनेता की आंखों से आंसू



फाइटर जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। फिल्म में ऋतिक रोशन के साथ अनिल कपूर और दीपिका पादुकोण मुख्य भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं। ब्लॉकबस्टर फिल्मों के लिए मशहूर सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनी फाइटर को लेकर दर्शकों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। फिलहाल फिल्म की टीम इसके प्रचार में जोर शोर से लगी हुई है। हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान ऋतिक ने अपने सह-कलाकार की जमकर प्रशंसा की। इस दौरान अनिल भावुक हो गए।

फाइटर के कलाकरों ने बातचीत के दौरान फिल्म में काम करने का अपना अनुभव साझा किए। ऋतिक ने अपने बचपन को याद करते हुए उस अवधि पर प्रकाश डाला जब उन्होंने सेट पर अनिल को देखते हुए उनसे बहुमूल्य सबक सीखे। ऋतिक ने कहा कि अनिल उनके लिए प्रेरणा स्रोत रहे हैं।

अनिल की कला और समर्पण की प्रशंसा करते हुए ऋतिक ने फाइटर की शूटिंग के दौरान एक घटना को याद किया और कहा कि 67 वर्षीय अभिनेता ने पूरी फिल्म के लिए मानक स्थापित किया।

ऋतिक ने कहा, जब मैंने फाइटर शूट के दौरान उन्हें कॉम्प्लीमेंट दिया कि उन्होंने सीन कितने अच्छे से किया है और उनका प्रयास सराहनीय है तो उनकी आंखें भर आईं। चार दशकों तक काम करने के बाद उनमें अब तक हर एक सीन में बहुत कुछ देने की शक्ति बची हुई है। उस दिन मैं फिर से एक सहायक बन गया और मैंने बस उन्हें देखा और सीखा।

ऋतिक की ये बातें सुनकर अनिल भावुक हो गए और उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े। यह पहला मौका है जब ऋतिक और अनिल ने किसी फिल्म के लिए साथ काम किया है। वहीं, फाइटर के लिए ऋतिक ने दीपिका के साथ भी पहली बार स्क्रीन स्पेस साझा किया है। वे फिल्म में भारतीय वायु सेना के अधिकारियों की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म में करण सिंह ग्रोवर, अक्षय ओबेरॉय, संजीदा शेख भी हैं।

# गणतंत्र दिवस पर दर्शकों को मिलेगा मनोरंजन का जबर डोज, आ रही हैं ये फिल्में और सीरीज



गणतंत्र दिवस के मौके पर टेलिविजन के सामने सपरिवार बैठकर परेड देखने का आनंद ही अलग है। इसके बाद कुछ लोग घूमने-फिरने निकलना पसंद करते हैं तो कुछ लोग घर पर अपनों के साथ बैठना पसंद करते हैं। मगर, सिनेमा के शौकीनों को तलाश रहती है किसी शानदार फिल्म या वेब सीरीज की। यूं तो गणतंत्र दिवस से एक दिन पहले फाइटर रिलीज हो रही है। लेकिन, जिन्हें घर बैठकर फिल्में देखनी हैं, वे भी निराश न हों। ओटीटी पर कई फिल्में और सीरीज रिलीज हो रही हैं। आइए जानते हैं

बीते वर्ष पहली दिसंबर को रिलीज हुई विक्की कौशल की फिल्म सैम बहादुर सिनेमाघरों में रिलीज हुई तो दर्शक अभिनेता के अभिनय के कायल हो गए। देश के पहले फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ की जिंदगी पर आधारित इस फिल्म को दर्शकों का खूब प्यार मिला। अब ये फिल्म 26 जनवरी को ओटीटी पर रिलीज होगी। ये फिल्म जी5 पर आएगी।

रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल एक दिसंबर 2023 को रिलीज हुई। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर चांदी कूटी। अब ये फिल्म ओटीटी रिलीज को लेकर चर्चा में है। कहा जा रहा है कि ये फिल्म भी गणतंत्र दिवस के अवसर पर ओटीटी पर दस्तक दे रही है। फिल्म नेटफ्लिक्स पर आएगी। हालांकि, अभी इसे लेकर कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। रवीना टंडन दर्शकों के लिए गणतंत्र दिवस पर एक तोहफा लेकर आ रही हैं। उनकी वेब सीरीज कर्मा कॉलिंग भी राष्ट्रीय पर्व के मौके पर रिलीज होगी। ये सीरीज अमेरिकन टीवी शो रिवेंज पर आधारित है। यह सीरीज डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी। इसके अलावा अगर आप साउथ सिनेमा के शौकीन हैं तो नेरु भी देख सकते हैं। यह मलयालम कोर्टरूम ड्रामा है। इसका निर्देशन जीतू जोसेफ ने किया है। इस फिल्म में मोहनलाल ने मुख्य किरदार निभाया है। यह फिल्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर 23 जनवरी को हिंदी में स्ट्रीम हो रही है। साउथ सिनेमा के शौकीनों के लिए एजेंट भी एक शानदार विकल्प है। यह सोनी लिव पर 26 जनवरी को रिलीज होगी। यह एक तेलुगु थ्रिलर फिल्म है। फिल्म तेलुगु के साथ-साथ हिंदी भाषा में भी ओटीटी पर रिलीज हो रही है।

# दिव्य भावना की सार्थकता से भरा एक दिन..अमिताभ बच्चन ने प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तस्वीर की साझा



बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने मंगलवार को अयोध्या के राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह को एक ऐसे दिन के रूप में वर्णित किया है जो दिव्य भावना की सार्थकता से भरा था। अयोध्या मेंसोमवार को आयोजित हुए इस समारोह में 81 वर्षीय बच्चन अपने अभिनेता बेटे अभिषेक बच्चन (47) के साथ शामिल हुए। बच्चन ने अपने निजी ब्लॉग पर प्राण प्रतिष्ठा के बाद मंदिर और श्री रामलला के नवीन विग्रह की तस्वीरों की एक श्रृंखला साझा की है। इसके साथ बच्चन ने लिखा, ''दिव्य भावना की सार्थकता से भरा एक दिन...अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह से वापस..महिमा, उत्सव और आस्था...रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में ये सब कुछ समाहित... अब और कुछ नहीं कहा जा सकता, ...आस्था को शब्दों में नहीं ढाला जा सकता...। उन्होंने अपनी पोस्ट को ''जय श्री राम! बोल सिया पति रामचन्द्र की जय।'' के साथ समाप्त किया। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में रजनीकांत, चिरंजीवी, राम चरण, आलिया भट्ट, रणबीर कपूर, विक्की कौशल, कैटरीना कैफ, रोहित शेट्टी और राजकुमार हिरानी सहित देश की अन्य फिल्मी हस्तियां भी शामिल हुईं।

# नरगिस ने 13 साल के फिल्मी करियर पर की खुलकर बात, रॉकस्टार को बताया यूनिवर्स से मिला गिट



बॉलीवुड अभिनेत्री नरगिस फाखरी कई फिल्मों में अपनी अदाकारी का जलवा दिखा चुकी हैं। हाल ही में एक बातचीत में अभिनेत्री ने अपने अनुभवों, चुनौतियों और सांस्कृतिक पहचान पर चर्चा करते हुए फिल्म इंडस्ट्री में अपनी 13 साल की यात्रा के बारे में खुलकर बात की। अभिनेत्री ने कहा कि अभिनय करना उनके लिए यूनिवर्स का एक उपहार जैसा था जो उन्हें इम्तियाज अली की रॉकस्टार के माध्यम से मिला।

इस बातचीत में उन्होंने रणबीर कपूर की रॉकस्टार को अपने जीवन में एक महत्वपूर्ण मोड़ के रूप में माना। जब नरगिस से बॉलीवुड और हॉलीवुड में काम करने के बीच के अंतर के बारे में पूछा गया तो उन्होंने हॉलीवुड की सख्त समय की पाबंदी के विपरीत, बॉलीवुड में अधिक आरामदायक और आसान माहौल पर प्रकाश डाला। बॉलीवुड में प्रवेश करने वाली एक विदेशी अभिनेत्री के रूप में उनके सामने आने वाली चुनौतियों पर चर्चा करते हुए नरगिस ने इंडस्ट्री में किसी को न जानने की शुरुआती कठिनाई पर भी जोर दिया। उन्होंने इसकी तुलना एक नए स्कूल में स्थानांतरित होने से की, जहां लोगों और उनकी संस्कृति को सीखने और समझने का अवसर मिलता है।

फिल्मों के अलावा नरगिस को महिला सशक्तिकरण और शिक्षा के प्रति जुनून रखने वाली महिला के रूप में भी पहचाना जाता है। जब उनसे महिलाओं से जुड़े एक विशिष्ट मुद्दे के बारे में पूछा गया जिसे वे उजागर करना चाहती हैं, तो उन्होंने उनकी शिक्षा और वित्तीय स्थिरता को लेकर बात की। अपनी मां से प्रेरणा लेते हुए उन्होंने सभी महिलाओं को काम करने और जीविकोपार्जन का अवसर प्रदान करने के महत्व पर जोर दिया।

# प्रेम कहानी में युद्ध का तड़का लगाएंगे भंसाली, आलिया-रणबीर और विक्की की फिल्म लव एंड वॉर का एलान



संजय लीला भंसाली ने अपनी अगली फीचर फिल्म के लिए रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल को कास्ट किया है। संजय लीला भंसाली की अगली फिल्म लव एंड वॉर युद्ध की पृष्ठभूमि पर आधारित एक प्रेम कहानी है। निर्देशक की मैराथन शेड्यूल के साथ नवंबर 2024 के आसपास फिल्म की शूटिंग शुरू करने की योजना है। फिल्म अगले साल क्रिसमस के मौके पर सिनेमाघरों में दस्तक देगी। विक्की कौशल ने पोस्ट साझा कर फैंस को इसकी जानकारी दी है।

फिल्म के बारे में अधिक जानकारी अभी गुप्त रखी गई है, लेकिन रणबीर, आलिया और विक्की की तिगड़ी इस प्रेम कहानी पर एक साथ काम करने के लिए उत्साहित हैं। जाहिर है कि भंसाली की फिल्म की यह एक बेहतरीन कहानी होगी, जिसने तीनों दिग्गज सितारों को साथ एक साथ स्क्रीन पर दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए राजी कर लिया है। विक्की कौशल की इस आधिकारिक घोषणा के बाद फैंस भी अब तीनों को साथ में देखने के लिए काफी उत्साहित हो गए हैं।

सोशल मीडिया पर विक्की की इस पोस्ट को फैंस का ढेर सारा प्यार मिल रहा है। एक यूजर ने लिखा, भंसाली अच्छा एक्सपेरिमेंट कर रहे हैं, उम्मीद है तीनों कलाकार स्क्रीन पर अच्छे दिखेंगे। दूसरे यूजर ने कहा, फिल्म में कटरीना को भी लेना चाहिए था। वहीं, पिता शाम कौशल ने बेटे के लिए लिखा, बधाई और आशीर्वाद पुत्तर। सपने सच होते हैं। बहुत खुश और धन्य महसूस कर रहा हूं। जोर दी झप्पी। शुकर रब दा ते सब दा।


# सुप्रीम कोर्ट ने डीएचएफएल के वधावन को दी गई जमानत कर दी रद्द

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को करोड़ों रुपये के बैंक ऋण घोटाला मामले में डीएचएफएल के पूर्व प्रमोटरों

**अदालत**

**न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति एस सी शर्मा की पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय और निचली अदालत ने उन्हें जमानत देने में गलती की है।**

कपिल वधावन और उनके भाई धीरज को दी गई जमानत रद्द कर दी। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति एस सी शर्मा की पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय और निचली अदालत ने उन्हें जमानत देने में गलती की है। पीठ ने कहा, हमें यह मानने में कोई हिचकिचाहट नहीं है कि प्रतिवादी आरोपियों के खिलाफ निर्धारित समय सीमा में आरोप पत्र दायर किया गया है और उनके द्वारा किए गए कथित अपराधों पर विशेष अदालत द्वारा



संज्ञान लिया गया है। उत्तरदाता सीआरपीसी की धारा 167 (2) के तहत डिफ़ॉल्ट जमानत के वैधानिक अधिकार का दावा इस आधार पर नहीं कर सकते थे कि अन्य आरोपियों की जांच लंबित थी। सीबीआई ने पहले कपिल वधावन और उनके भाई धीरज को निचली अदालतों द्वारा दी गई वैधानिक जमानत का शीर्ष अदालत में विरोध किया था। सीबीआई की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी राजू ने कहा था कि मामले में आरोप पत्र 90 दिनों की वैधानिक अवधि के भीतर दायर किया गया था और फिर भी आरोपी को वैधानिक जमानत दी गई थी। आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) के तहत, यदि जांच एजेंसी 60 या 90 दिनों की अवधि के भीतर किसी आपराधिक मामले में जांच के निष्कर्ष पर आरोप पत्र दाखिल करने में विफल रहती है, तो एक आरोपी वैधानिक जमानत देने का हकदार हो जाता है। इस मामले में, कानून अधिकारी ने कहा था, सीबीआई ने एफआईआर दर्ज करने के 88वें दिन आरोप पत्र दायर किया और ट्रायल कोर्ट ने आरोपी को डिफॉल्ट जमानत दे दी और दिल्ली उच्च न्यायालय ने आदेश को बरकरार रखा। इससे पहले, पिछले साल 30 मई को दिल्ली उच्च न्यायालय ने करोड़ों रुपये के बैंक ऋण घोटाला मामले में डीएचएफएल प्रमोटरों को दी गई वैधानिक जमानत को बरकरार रखा था।

## केरल उच्च न्यायालय ने केंद्र से किया सवाल

**कोच्चि।** केरल उच्च न्यायालय ने बुधवार को केंद्र से पूछा कि क्या वह मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन की बेटी वीणा टी की सॉफ्टवेयर कंपनी के मामलों की गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एसएफआईओ) से जांच कराने का इरादा रखता है और कोच्चि स्थित कंपनी जिसे वह सेवाएं दे रही थी न्यायमूर्ति देवन रामचंद्रन ने केंद्र सरकार से यह सवाल तब पूछा जब उसने अदालत में एक ज्ञापन दायर किया जिसमें पुष्टि की गई कि उसने दोनों कंपनियों में कंपनी अधिनियम की धारा 210 (कंपनी के मामलों की जांच) के तहत जांच का आदेश दिया है। हालाँकि, केंद्र ने अदालत के 15




जनवरी के आदेश में यदि एसएफआईओ द्वारा किसी भी आगे की कार्रवाई का आदेश दिया गया है या आवश्यक पाया गया है, तो विशिष्ट निर्देश प्राप्त करने के निर्देश का पालन नहीं किया है। केंद्र सरकार के वकील ने अदालत को बताया कि कॉर्पोरेट मामलों का मंत्रालय एसएफआईओ जांच का आदेश दे सकता है अगर उसे लगता है कि इसकी आवश्यकता है। केंद्र सरकार के वकील ने मंत्रालय से निर्देश लेने के लिए समय मांगा कि क्या एसएफआईओ जांच का आदेश दिया गया है या आवश्यक पाया गया है। अदालत वकील और अनुभवी राजनेता पी सी जॉर्ज के बेटे शॉन जॉर्ज की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें सीएमआरएल और वीना की कंपनी के मामलों की कंपनी अधिनियम के तहत और गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एसएफआईओ) द्वारा जांच की मांग की गई थी।

## इस बार दक्षिण भारत आश्चर्यजनक रिजल्ट देगा, बसवराज बोम्मई ने तमिलनाडु को लेकर कर दिया बड़ा दावा

**बेंगलुरु।** लोकसभा चुनाव 2024 में अब महज कुछ ही महीने शेष हैं। चुनाव आयोग जल्द ही चुनावी तारीखों की घोषणा कर सकता है। सत्ता की जंग में सभी पार्टियों ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इस बीच कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता बसवराज बोम्मई ने बुधवार को लोकसभा चुनाव को लेकर बड़ा बयान दिया। पूर्व मुख्यमंत्री बोम्मई ने लोकसभा चुनाव में दक्षिण भारत से भाजपा के पक्ष में आश्चर्यजनक परिणाम आने की भविष्यवाणी की। बोम्मई ने दावा किया कि देश में मोदी लहर है क्योंकि पूरा देश नरेंद्र मोदी को दोबारा प्रधानमंत्री के रूप में देखने के लिए बेताब है। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा, आगामी लोकसभा चुनाव में दक्षिण भारत से आश्चर्यजनक नतीजे आएंगे।

# पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में आज से बर्फबारी की संभावना

**नई दिल्ली।**पहाड़ों से लेकर मैदान में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। इस बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग (ढ्ढरूष्ठ) ने कहा कि भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बुधवार को कहा कि दो कमजोर पश्चिमी विक्षोभों के प्रभाव के तहत गुरुवार से 30 जनवरी तक पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में हल्की बारिश/बर्फबारी होने की संभावना है।

आईएमडी ने आगे कहा कि अगले पांच दिनों के दौरान उत्तर भारत में घने से बहुत घने कोहरे की स्थिति बनी रहने की संभावना है, जबकि अगले दो दिनों के दौरान उत्तर भारत में ठंडे दिन से लेकर गंभीर ठंडे दिन की स्थिति बनी रहने और उसके बाद तीव्रता में कमी आने की संभावना है।

अपने दैनिक बुलेटिन में, मौसम पूर्वानुमान एजेंसी ने आगे कहा कि पंजाब के अधिकांश हिस्सों, उत्तरी हरियाणा, उत्तर-पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अलग-अलग इलाकों में न्यूनतम तापमान 3-6 डिग्री सेल्सियस के बीच है। जबकि दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम और बिहार के कई हिस्सों में 7-10 डिग्री सेल्सियस। आईएमडी ने भविष्यवाणी की है कि बुधवार रात से रविवार सुबह के दौरान पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और उत्तर प्रदेश के कुछ/कई हिस्सों में रात/सुबह में कुछ घंटों के लिए घने से बहुत घने कोहरे की स्थिति बनी रहने की संभावना है। आईएमडी ने कहा, ÷रविवार तक बिहार के कुछ हिस्सों में रात/सुबह में कुछ घंटों के लिए घने से बहुत घने कोहरे की स्थिति बने रहने की भी संभावना है। आईएमडी ने कहा, बुधवार को पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ के अलग-अलग हिस्सों में शीत लहर से गंभीर शीत लहर की स्थिति होने की संभावना है और अगले दो दिनों तक अलग-अलग हिस्सों में शीत लहर की स्थिति रहने की संभावना है।

## ऑनलाइन गेमिंग करते समय सुरक्षित रहें: गृह मंत्रालय के साइबर विंग ने जारी किया अलर्ट

**नई दिल्ली।** गेमिंग ऐप्स के माध्यम से हाल ही में हुई धोखाधड़ी के जवाब में गृह मंत्रालय (एमएचए) की साइबर विंग ने एक चेतावनी जारी कर लोगों से ऑनलाइन गेमिंग में सावधानी बरतने का आग्रह किया है। गृह मंत्रालय की साइबर विंग के तहत काम करने वाले भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (14सी) ने एक चेतावनी संदेश जारी किया स्मार्ट खेलें, सुरक्षित खेलें - ऑनलाइन गेमिंग के दौरान सुरक्षित रहें! संदेश के माध्यम से 14सी विंग ने लोगों से आग्रह किया कि ÷ऑनलाइन ऐप्स केवल गूगल प्ले स्टोर, एप्पल स्टोर और आधिकारिक वेबसाइटों जैसे प्रामाणिक स्रोतों से ही डाउनलोड करें।÷ 14सी ने यह भी सलाह दी कि वेबसाइट की वैधता सुनिश्चित करने के लिए गेम ऐप प्रकाशकों की जानकारी हमेशा जांचें। साइबर सुरक्षा विंग ने चेतावनी दी कि कभी भी गेम इन-ऐप खरीदारी और आकर्षक सब्सक्रिप्शन ऑफर के जाल में न फंसें।÷ साइबर सुरक्षा विंग ने चैट या मंचों पर व्यक्तिगत जानकारी साझा करते समय सावधानी बरतने का सुझाव दिया है, क्योंकि घोटालेबाज खिलाड़ियों को हेरफेर करने के लिए सोशल मीडिया रणनीति का उपयोग कर सकते हैं। इसमें आगे सिफारिश की गई है, ÷ऐप डाउनलोड करते समय केवल प्रासंगिक और आवश्यक अनुमतियां ही दें। ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामले में IyC साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 डायल करने का सुझाव देता है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने पिछले साल 15 दिसंबर तक कुल 581 ऐप्स को ब्लॉक किया था और इनमें से 174 सट्टेबाजी और जुए वाले ऐप्स और 87 लोन देने वाले ऐप्स थे। इन ऐप्स को एमएचए की सिफारिशों पर इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा ब्लॉक कर दिया गया था। इन ऐप्स को आईटी एक्ट, 2000 की धारा 69ए के तहत ब्लॉक किया गया था। इन गेमिंग एप्लिकेशन में पबजी, गेरेना फ्री फायर शामिल थे। विशेष रूप से, पिछले साल जुलाई में, केंद्र ने आईजीएसटी अधिनियम में संशोधन किया था, जिससे सभी ऑफशोर गेमिंग कंपनियों के लिए भारत में पंजीकृत होना अनिवार्य हो गया था। इसके अलावा, अधिनियम ने केंद्र को उन वेबसाइटों को ब्लॉक करने की शक्ति भी दी जो पंजीकृत नहीं हैं और कानूनों का उल्लंघन कर रही हैं।

## कर्नाटक में कांग्रेस को बड़ा झटका, खरगे के करीबी ने थामा भाजपा का दामन

एजेंसी, बेंगलुरु। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को उनके गृह क्षेत्र कालाबुरागी में झटका देते हुए उनके सहयोगी आर. रुद्रैया ने बुधवार को



कांग्रेस का दानम छोड़ दिया है। रुद्रैया ने पार्टी मुख्यालय जगन्नाथ भवन में भाजपा में शामिल हो गए। कर्नाटक प्रशासनिक सेवा से सेवानिवृत्त रुद्रैया (केएएस) की पहचान खड़गे के करीबी लोगों से है। वह विपक्ष के नेता आर. अशोक, सांसद एस. मुनीस्वामी, विधायक शिवराज पाटिल और एमएलसी चलावाडी नारायणस्वामी की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए। रुद्रैया दलित समुदाय से हैं। उन्होंने कई साल तक प्रशासन में रहते हुए देश की सेवा की है। वह पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी से लिंगसुगुर निर्वाचन क्षेत्र से टिकट के दावेदार थे। टिकट नहीं मिलने के बाद रुद्रैया ने कल्याण राज्य प्रगति पक्ष से चुनाव लड़ा था और 13,764 वोट हासिल किए थे। उनके करीबी सूत्रों ने बताया कि रुद्रैया इस बात से नाराज थे कि मल्लिकार्जुन खरगे ने उन्हें टिकट देने से इनकार करने में मुख्य भूमिका निभाई थी। हालांकि हाल ही में रुद्रैया के कांग्रेस पार्टी छोड़ने की अफवाहें फैली थीं, लेकिन उन्होंने भाजपा में शामिल होने के अपने फैसले की पुष्टि नहीं की। इस विकास से कलबुर्गी क्षेत्र में भाजपा को मजबूती मिलने और जिले की राजनीति में दबदबा रखने वाले खड़गे परिवार की चुनौती का सामना करने की उम्मीद है। लोकसभा चुनाव से पहले आर. रुद्रैया का भाजपा में शामिल होना कांग्रेस पार्टी के लिए कालाबुरागी में एक बड़ा झटका साबित हो सकता है।

# उमर खालिद की जमानत याचिका पर सुनवाई 31 जनवरी के लिए टली

## दिल्ली दंगों की साजिश रचने का आरोप

**नई दिल्ली।** दिल्ली दंगों की साजिश रचने के आरोप में जेल में बंद पूर्व जेएनयू छात्र उमर खालिद की

**याचिका**

**सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा ने 9 अगस्त को खालिद की याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया था।**

जमानत याचिका पर सुनवाई सुप्रीम कोर्ट ने 31 जनवरी तक के लिए स्थगित कर दी। फरवरी 2020 में उत्तर पूर्वी दिल्ली में दंगों की साजिश में संलिप्तता के आरोप में गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (UAPA) के तहत दर्ज मामले में जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद जेल में बंद है। बुधवार को न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति उज्जल



भुइयां की पीठ ने मामले को स्थगित कर दिया। मामले में सुनवाई के लिए पीठ केवल दोपहर के भोजन तक उपलब्ध थी। पीठ ने कहा, ÷31 जनवरी को मामले की सुनवाई की जाएगी। खालिद की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सीयू सिंह ने कहा कि वह बहस करने के लिए तैयार हैं लेकिन दुर्भाग्य से यह पीठ दोपहर के भोजन के बाद उठ रही है। इस मामले को यूएपीए के विभिन्न प्रावधानों को चुनौती देने वाली याचिकाओं के साथ सूचीबद्ध किया गया था। सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा ने 9 अगस्त को खालिद की याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया था। खालिद की याचिका दिल्ली उच्च न्यायालय के 18 अक्टूबर, 2022 के आदेश को चुनौती देती है, जिसने मामले में उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। बता दें कि न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और मिश्रा की पीठ के समक्ष पहले याचिका सुनवाई के लिए आई थी। उच्च न्यायालय ने खालिद की जमानत याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी थी कि वह अन्य सह-अभियुक्तों के साथ लगातार संपर्क में था और उसके खिलाफ आरोप प्रथम दृष्टया सही थे। उच्च न्यायालय ने यह भी कहा था कि आरोपियों की हरकतें प्रथम दृष्टया गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के तहत आतंकवादी कृत्य÷ के रूप में योग्य हैं। खालिद, शरजील इमाम और कई अन्य पर फरवरी 2020 के दंगों के मास्टरमाइंड होने के आरोप में आतंकवाद विरोधी कानून यूएपीए और भारतीय दंड संहिता के कई प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है, जिसमें 53 लोग मारे गए और 700 से अधिक घायल हो गए। नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) और राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़क गई थी। सितंबर 2020 में दिल्ली पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए खालिद ने इस आधार पर जमानत मांगी थी कि हिंसा में उसकी न तो कोई आपराधिक भूमिका थी और न ही मामले में किसी अन्य आरोपी के साथ कोई षड्यंत्रकारी संबंध÷ था। दिल्ली पुलिस ने उच्च न्यायालय में खालिद की जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि उनके द्वारा दिया गया भाषण ÷बहुत गणनात्मक÷ था और उन्होंने बाबरी मस्जिद, तीन तलाक, कश्मीर, मुसलमानों के कथित दमन और सीएए और एनआरसी जैसे विवादास्पद मुद्दों को उठाया था।

# सिंगापुर के चांगी हवाई अड्डे पर भारत शीर्ष पांच यात्री बाजार में शामिल, 58.9 मिलियन यात्री पहुंचे

**सिंगापुर।** सिंगापुर के चांगी हवाई अड्डे पर पांच शीर्ष यात्रा बाजार में भारत चौथे स्थान पर है। 2023 में हवाई अड्डे पर 328,000 उड़ानें और 58.9 मिलियन यात्री पहुंचे। बुधवार



को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, जो कि कोविड-19 महामारी से पहले देखे गए यातायात स्तर के 83 प्रतिशत तक पहुंच गया। चांगी एयरपोर्ट ग्रुप (ष्ठ्र) द्वारा जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, 2023 में इंडोनेशिया हवाई अड्डे के यात्री बाजार में शीर्ष पर रहा, उसके बाद मलेशिया, ऑस्ट्रेलिया, थाईलैंड और भारत रहे। 2019 में चांगी हवाई अड्डे के लिए भारत छठा यात्रा यातायात जनरेटर था। 2019 में महामारी की चपेट में आने से पहले हवाई अड्डे ने 68.3 मिलियन यात्री आवाजाही दर्ज की थी। 2023 में चांगी हवाई अड्डे से गुजरने वाला यातायात भी 2022 में हवाई अड्डे द्वारा संभाले गए 32.2 मिलियन यात्रियों से 83 प्रतिशत अधिक था। आंकड़ों में कहा गया है कि 2023 में लगभग 328,000 उड़ानें चांगी हवाई अड्डे से उड़ान भरी या उतरीं, जबकि 2019 में इसने 382,000 उड़ानें संभाली थीं।

अक्टूबर और दिसंबर 2023 के बीच, हवाई अड्डे पर 16.1 मिलियन यात्रियों की आवाजाही दर्ज की गई, जो महामारी से पहले के स्तर के 90 प्रतिशत को पार कर गई। दिसंबर वर्ष का सबसे व्यस्त महीना था, जिसमें 5.8 मिलियन यात्री हवाई अड्डे से आवाजाही करते थे। यह दिसंबर 2019 में यातायात स्तर का 91 प्रतिशत था।

क्रिसमस से पहले शुक्रवार, 22 दिसंबर को हवाई अड्डे ने वर्ष का सबसे व्यस्त दिन दर्ज किया, जब 203,000 यात्री इसके टर्मिनलों से गुजरे। दिसंबर में 30,400 उड़ानें हवाईअड्डे पर उतरीं या वहां से रवाना हुईं। सीएजी के हवाले से द स्ट्रेट्स टाइम्स अखबार ने बताया कि जिन क्षेत्रों से हवाईअड्डा जुड़ा हुआ है वे सभी क्षेत्र महामारी से पहले के स्तर से यात्री यातायात में स्वस्थ सुधार दर्ज कर रहे हैं। उत्तरी अमेरिका वह क्षेत्र था जिसने 2019 की तुलना में 25 प्रतिशत से अधिक की सबसे बड़ी वृद्धि दर्ज की।

रिपोर्ट में कहा गया है कि इस बीच, यूरोप, दक्षिण-पश्चिम प्रशांत (ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और फिजी जैसे प्रशांत द्वीप समूह शामिल हैं) और दक्षिण एशिया पूरी तरह से ठीक होने के करीब हैं, 2019 में यात्री यातायात का स्तर 90 प्रतिशत से अधिक हो गया है। 2022 की तुलना में, 2023 में उत्तर-पूर्व एशिया चांगी हवाई अड्डे का अग्रणी क्षेत्र था, जिसमें यात्री यातायात पिछले वर्ष की तुलना में चार गुना से अधिक बढ़ गया था।

# रूस के बेलगोरोद में सैन्य विमान दुर्घटनाग्रस्त, 65 यूक्रेनी युद्धबंदी समेत 74 लोगों की मौत

**मॉस्को।** रूस के बेलगोरोद में बुधवार को एक सैन्य परिवहन विमान

**विमान**

**समाचार एजेंसी एपी क अनुसार, रूसी गवर्नर ने बताया कि इस विमान हादसे में इसमें सवार सभी लोगों की मौत हो गई।**

दुर्घटनाग्रस्त हो गया। रूसी सरकारी मीडिया ने रक्षा मंत्रालय के हवाले से कहा कि विमान में 65 यूक्रेनी युद्धबंदी सवार थे, जिसकी अदला-बदली होनी थी। रक्षा मंत्रालय के हवाले से बताया गया कि विमान में चालक दल के छह सदस्यों और तीन गार्डों सहित 74 लोग मौजूद थे, दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। समाचार एजेंसी एपी क अनुसार, रूसी गवर्नर ने बताया कि इस विमान हादसे में इसमें सवार सभी लोगों की मौत हो



गई। विमान दुर्घटना के पीछे का कारण के बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं दी गई है। रूसी सांसद और सेवानिवृत्त जनरल आंद्रेई कार्तपोलोव ने संसदीय सत्र के दौरान कहा कि विमान को तीन मिसाइलों से मार गिराया गया है। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि इसकी पुष्टि किस स्रोत से की गई है। वहीं, समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने फिलहाल इस बात की पुष्टि नहीं की है कि विमान में कौन-कौन सवार थे, लेकिन रूस और यूक्रेन के बीच नियमित रूप से युद्धबंदियों की अदला-बदली होती रहती है। बता दें कि रूसी सुरक्षा सेवाओं से जुड़े एक टेलीग्राम चैनल पर एक वीडियो में देखा जा सकता है कि एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ है और उससे आग की लपटें उठ रही है।रूसी सैन्य आईएल-76 एक सैन्य परिवहन विमान है, जिसे सैनिकों, कार्गो, सैन्य उपकरणों और हथियारों को ले जाने के लिए उपयोग करते हैं। इस विमान में आमतौर पर पांच लोगों का दल होता है और यह 90 यात्रियों तक को ले जा सकता है। इससे पहले बेलगोरोद के गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैडकोव ने बताया कि शहर के उत्तर-पूर्व क्षेत्र के कोरोचांस्की में विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। गवर्नर ने बताया कि विमान दुर्घटना की जानकारी मिली है। बता दें कि ये जगह यूक्रेन की सीमा से सटा हुआ है और सीमावर्ती क्षेत्र में पिछले कुछ महीनों में यूक्रेन की ओर से लगातार हमले हुए हैं।

## वर्जीनिया में जबरन मजदूरी कराने के मामले में भारतीय मूल के दंपति को दोषी ठहराया गया, मिल सकती है ये सजा

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में एक भारतीय मूल के सिख दंपति को एक रिलेटिव को अपने स्टोर पर लंबे समय तक काम करने के लिए मजबूर करने, वर्षों तक शारीरिक शोषण व धमकियां देने और उसके इमिग्रेशन दस्तावेजों को जब्त करने के लिए दोषी ठहराया गया है। रिचमंड (वर्जीनिया) के हरमनप्रीत सिंह (30) और कुलबीर कौर (43) ने पीड़ित को स्कूल में दाखिला दिलाने में मदद करने के झूठे वादे के साथ संयुक्त राज्य अमेरिका की यात्रा करने के लिए फुसलाया। सोमवार को न्याय विभाग की एक विज्ञप्ति में कहा गया कि उसके अमेरिका पहुंचने के बाद उन्होंने पीड़ित के इमिग्रेशन दस्तावेज ले लिए और तुरंत उसे काम पर रख लिया।

# कनाडा में प्लेन क्रैश, रियो टिंटो कंपनी के मजदूरों को ले जा रहा था विमान, 6 की मौत

**दुर्घटना**

**आर.जे. नॉर्थवेस्ट टेरिटरीज के प्रीमियर सिम्पसन ने दुर्घटना के पीड़ितों के परिवारों और दोस्तों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।**

**कनाडा।** मजदूरों को ले जा रहा एक छोटा विमान मंगलवार को उड़ान भरने के तुरंत बाद कनाडा के सुदूर उत्तर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई है। यह घटना स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 8 बजकर 50 मिनट पर हुआ।

समाचार एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, विमान में कितने लोग



सवार थे इसकी जानकारी हासिल नहीं हो पाई है।रियो टिंटो के मुख्य कार्यकारी जैकब स्टॉशोल्म ने एक बयान में कहा कि दुर्घटना से कंपनी को काफी दुख पहुंचा है।स्टॉशोल्म ने कहा, हम अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं और यह पता लगाने में हर संभव मदद करेंगे कि वास्तव में क्या हुआ है।

नॉर्थवेस्टर्न एयर ने बताया कि एक खदान में श्रमिकों को ले जाने वाली यह चार्टर उड़ान थी। इस बीच अधिकारियों द्वारा अपनी जांच शुरू करने के कारण फोर्ट स्मिथ से प्रस्थान करने वाली सभी उड़ानें बुधवार तक के लिए रोक दी गई हैं। कनाडा के परिवहन सुरक्षा बोर्ड ने दुर्घटना की जांच के लिए एक टीम तैनात की है।

आर.जे. नॉर्थवेस्ट टेरिटरीज के प्रीमियर सिम्पसन ने दुर्घटना के पीड़ितों के परिवारों और दोस्तों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। सिम्पसन ने कहा, भारी मन से मैं उन लोगों के परिवारों, दोस्तों और प्रियजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। झ्रनॉर्थवेस्ट टेरिटरीज के मुख्य कोरोनर गर्थ एगेनबर्गर ने पुष्टि की कि मौतें हुई हैं, लेकिन कहा कि अधिकारी तब तक कोई और जानकारी नहीं देंगे जब तक कि परिजनों को सूचित नहीं किया जाता।

## छुट्टी का बहाना बनाकर महिला कर्मचारी निकली घूमने, फ्लाइट में मिल गया बॉस और फिर...

**मेलबर्न।** स्कूल, कॉलेज और ऑफिस में जब छुट्टी नहीं मिलती तो अक्सर लोग तबीयत खराब का बहाना बना लेते हैं और घूमने के लिए निकल जाते है। सोचिए अगर फ्लाइट या ट्रेन में सफर करते हुए आपके बॉस दिख जाए तो आपका रिएक्शन क्या होगा? दरअसल, ऑस्ट्रेलिया में रहने वाली महिला कर्मचारी के साथ कुछ ऐसा ही हुआ। जब वह बीमारी का बहाना बनाकर घूमने निकली तो उसकी नजर अपने बॉस पर पड़ गई। हालांकि, बॉस की नजर महिला कर्मी पर नहीं पड़ी लेकिन वो पल काफी डरा देने वाला था।



दरअसल, जिस फ्लाइट में महिला बैठी थी उसी फ्लाइट में उसके बॉस भी दिख गए। महिला का नाम लैला सोरेस हैं और उन्होंने एक टिकटॉक वीडियो के जरिए अपनी कहानी शेयर की। उन्होंने बताया कि उसे फ्लाइट पकड़नी थी लेकिन ऑफिस से छुट्टी न मिलने के कारण उसने खराब सेहत का हवाला देते हुए ऑफिस से एक दिन की छुट्टी ले ली, लेकिन जैसे ही वह फ्लाइट के अंदर पहुंची, अपने बॉस को पहले से बैठा देख महिला चौंक गई। महिला को अहसास हुआ कि अगर उसके बॉस ने उसे देख लिया तो उसके सफेद झूठ का पर्दाफाश हो जाएगा। हालांकि, महिला काफी लकी निकली और ऐसा कुछ नहीं हुआ। लैला सीधा जाकर अपनी सीट पर बैठ गई जिससे उसका बॉस से कोई आमना-सामना नहीं हुआ।

# निक्की हेली ने डोनाल्ड ट्रंप की मानसिक क्षमता पर उठाए सवाल

**वाशिंगटन।** इसी साल नवंबर में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव होने है। इस बीच भारतीय-अमेरिकी रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार निक्की हेली ने अपने पूर्व बॉस और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को स्टेज पर बहस करने की खुली चुनौती दी है। साथ ही न्यू हैम्पशायर प्राइमरी में हारने के बाद दौड़ में बने रहने की भी कसम खाई है। 52 वर्षीय हेली ने 77 वर्षीय ट्रम्प पर हमला बोला और उनकी मानसिक योग्यता पर सवाल उठाया।

नतीजे आने शुरू होने के बाद हेली ने अपने भाषण में कहा %डोनाल्ड ट्रम्प ने मुझ पर 6 जनवरी को कैपिटल में सुरक्षा प्रदान नहीं करने का आरोप लगाया। मैं लंबे समय से 75 वर्ष से अधिक उम्र के राजनेताओं के लिए मानसिक योग्यता टेस्ट की मांग करती रही हूं। ट्रम्प ने दावा किया है कि उनमें से एक टेस्ट में वह मुझसे बेहतर प्रदर्शन करेंगे। अगर वह ऐसा सोचते हैं तो उन्हें मेरे साथ बहस के मंच पर खड़े होने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए! मंगलवार को, ट्रम्प ने न्यू हैम्पशायर रिपब्लिकन प्रेसिडेंशियल




प्राइमरी में 53.1 प्रतिशत वोटों के साथ जीत हासिल की और भारतीय-अमेरिकी हेली 45.8 प्रतिशत के साथ पीछे रहीं। बता दें कि हेली ने उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन किया लेकिन ट्रंप हेली से आगे चल रहे हैं।

इस बीच हेली ने अपने समर्थकों से कहा कि ट्रम्प के साथ, रिपब्लिकन लगभग हर प्रतिस्पर्धी चुनाव हार गए हैं। उन्होंने कहा, हम सीनेट हार गए। हम सदन हार गये। हमने व्हाइट हाउस खो दिया। हम 2018 में, 2020 में और 2022 में हारे। राजनीति में सबसे खराब रहस्य यह है कि डेमोक्रेट, ट्रम्प के खिलाफ कितनी बुरी तरह दौड़ना चाहते हैं। वे जानते हैं कि ट्रम्प देश में एकमात्र रिपब्लिकन हैं।

# कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शनी का डीएम ने फीता काट कर किया शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** बुधवार को उत्तर प्रदेश का स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। शासन के निर्देश के क्रम में जनपद के कलेक्ट्रेट परिसर में यूपी दिवस धूमधाम से मनाया गया। जिसके क्रम में कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शनी लगाई गई जिसका उद्घाटन जिलाधिकारी अनुज कुमार झा के द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।



जिलाधिकारी के द्वारा कृषि विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, स्वयं सहायता समूह के द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी, उद्यान विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग, बाल एवं पुष्टाहार विभाग सहित अन्य विभागों के द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। बाल एवं पुष्टाहार विभाग के द्वारा लगाए गए स्टॉल के अवलोकन के दौरान जिलाधिकारी के द्वारा हलवा लड्डू को चखा गया और बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ गोरखनाथ पटेल को निर्देशित किया कि मिड डे मील में इस तरह के पौष्टिक व्यंजनों को जरूर सम्मिलित किया जाए। स्वयं सहायता समूह के द्वारा लगाए गए स्टॉल के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी के द्वारा धूपबत्ती खरीदी गई और समूह की बहनों के द्वारा किए जा रहे कार्यो की प्रशंसा भी की गई और अन्य लोगों को इससे प्रोत्साहित होने एवम आत्मनिर्भर होने के लिए कहा गया। कृषि विभाग के द्वारा लगाए गए स्टॉल के निरीक्षण के दौरान कृषि विभाग के कर्मचारियों को निर्देशित किया कि किसानों व आमजन को विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में जानकारी देने के साथ ही उन्हें लाभान्वित भी किया जाए। उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा एवं उसके समृद्ध विरासत से संबंधित प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। इसके पूर्व कलेक्ट्रेट सभागार में यूपी दिवस पर लखनऊ में आयोजित मुख्य कार्यक्रम के सजीव प्रसारण को अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में देखा गया और मुख्यमंत्री के उद्बोधन को सुना गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, मुख्य राजस्व अधिकारी गणेश प्रसाद, जिला विकास अधिकारी वीके यादव, बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ गोरखनाथ पटेल, डीसीएन आरएलएम ओपी यादव जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सपा0 पर मनाई गयी पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर चित्र पर श्रद्धा सुमन

**आजमगढ़।** समाजवादी पार्टी कार्यालय जनपद- पर नि. जिला अध्यक्ष-हवलदार यादव की अध्यक्षता में पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर जी की जयंती उनके पर चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर बनाई गई। जिला अध्यक्ष हवलदार यादव ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर जी सामाजिक न्याय उत्थान के लिए आजीवन संघर्ष करते रहे, अपने जीवन काल में उन्होने शोषित, पीड़ित, वंचित समाज के लिए और उनका हक और अधिकार दिलाने के लिए आजीवन संघर्ष करते रहे। ऐसे शिक्षाविद, महान राजनीतिज्ञ जिनके विचारों और संघर्षो को कभी बुलाया नहीं जा सकता। श्रद्धेय कर्पूरी ठाकुर जी के बताए हुए रास्ते पर चलकर ही सामाजिक न्याय उत्थान और मानवमात्र का कल्याण हो सकता है। परंतु भारतीय जनता पार्टी की सरकार सिर्फ देश को गर्त में धकेल दिया है। भाजपा सरकार के लोग महापुरुषों के बताए हुए रास्ते पर चलना नहीं चाहती है।

# रोजगार मेले में 161 का चयन 354 ने किया प्रतिभाग

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** धर्मापुर विकास खंड के परिसर में बुधवार को विकास खंड स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया, जिसमें 354 से अधिक युवाओं ने प्रतिभाग किया। साक्षात्कार में 161 सफल प्रतियोगियों का चयन मौके पर उपस्थित कंपनियों द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि ब्रिजेस कुमार यादव उर्फ जनता यादव, विशिष्ट अतिथि विकास खंड के बीडीओ कृष्णमोहन यादव ने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी के विजन कौशल विकास मिशन द्वारा विकास खंड स्तर पर आयोजित रोजगार मेला से बेरोजगारों को अत्यधिक लाभ मिल रहा है।आज के युवा को इस रोजगार मेला की अत्यधिक आवश्यकता है। जिला दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना, जिला सेवायोजन विभाग व जिला कौशल विकास मिशन के तत्वाधान में विकास खंड स्तरीय निःशुल्क रोजगार मेला का आयोजन कराया जा रहा है। जो कि 31 जनवरी 2024 तक सभी ब्लाक में क्रमशः लगाया जाएगा। धर्मापुर ब्लॉक में आयोजित रोजगार मेला में विभिन्न क्षेत्रों की 9 कंपनियों ने साक्षात्कार करके 161 अभ्यर्थियों का चयन किया। इस अवसर पर मेला प्रभारी दिन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रभात पाण्डेय, जिला समन्वक कौशल विकास मनीष पाल, कौशल विकास मिशन के जिला कौशल प्रबंधक अनूप पाण्डेय समेत सभी कंपनियों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। अगला रोजगार मेला 25 जनवरी 2024 दिन गुरुवार को महराजगंज विकास खंड परिसर में आयोजित होगा।

## जननायक कर्पूरी ठाकुर की 100 वीं जयन्ती पर निकाला जुलूस

**आजमगढ़।** राष्ट्रीय नाई महासभा युवा मोर्चा के तत्वावधान में बिहार सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर की 100 वीं जयन्ती धूम-धाम से कुँवर सिंह उद्यान पार्क में मनाई गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सरंक्षक ऑमकार नाथ शर्मा व संचालन प्रदेश सचिव तारिक सलमानी ने किया।

जयन्ती समारोह के मुख्य अतिथि मारकण्डेय शर्मा जी व विशिष्ट अतिथि कैप्टन मुसाफिर शर्मा, रामजनम शर्मा व रामाश्रय शर्मा जी रहे। सर्वप्रथम नाई समाज के लोगों द्वारा स्वछ कर्पूरी ठाकुर जी के जिस पर मुख्य अर्पित किया गया। इसके बाद सभी लोगों ने जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत सरकार द्वारा भारत-रत्न देने की घोषणा पर भारत सरकार के प्रधानमंत्री व देश की राष्ट्रपति को आभार प्रकट किया। स्व) कर्पूरी ठाकुर जी की जयन्ती के शुभ अवसर पर शहर में जलूस भी निकाला गया।

# बैडमिंटन प्रतियोगिता में छात्राओं ने दिखाया जोश

- जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज में वार्षिक खेल प्रतियोगिता

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज में वार्षिक खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत आज महाविद्यालय प्रांगण में बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

बीए और बीकॉम की छात्राओ ने जोश और उत्साह से प्रतियोगिता में भाग लिया। बैडमिंटन प्रतियोगिता के निर्णायक सुमेश कुमार चंचल एवं दीपेश उपाध्याय रहे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीए द्वितीया वर्ष की छात्रा प्रगति विद्या चौहान ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान विशाखा मौर्य बीए तृतीया वर्ष तथा तृतीय स्थान बीए अंतिम वर्ष की छात्रा शिखा वर्मा ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता के दौरान प्रचार्य डॉक्टर आशिमा घोष, डॉक्टर दीपशिखा बनर्जी, खेलकुद प्रभारी डॉक्टर रूपम मिश्रा, समिति के सदास्य गण डॉक्टर अनुज कुमार वर्मा, डॉक्टर आशीष मिश्रा, डॉक्टर अंजलि शिवहरे, डॉ. फातिमा नूरी अन्य शिक्षक गण उपस्थित रहे।

## अटेवा प्रयागराज आज निकालेगा मतदाता पेंशन जागरूकता अभियान रैली

**प्रयागराज।** अटेवा प्रयागराज संयोजक जीतेन्द्र कुमार जीतू के नेतृत्व मे 25 जनवरी को दोपहर 1 बजे से मतदाता पेंशन जागरूकता अभियान कार्यक्रम के तहत अटेवा प्रयागराज शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) हनुमान मंदिर सिविल लाइंस प्रयागराज से पैदल मार्च निकाला जाएगा।

यह जुलूस सुभाष चौराहे तक निकालकर मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने हेतु प्रेरित करेगा। रविशंकर मिश्र कर्मचारी नेता मिडिया प्रभारी अटेवा ने बताया कि इस मतदाता जागरूकता अभियान के लिए विभिन्न विभागों के संगठन प्रतिभाग करेगें।

# पर्यटन से उत्तर प्रदेश को मिली आर्थिक मजबूती: डॉ. मनोज

- प्रगति के पथ पर उत्तर प्रदेश विषयक गोष्ठी का आयोजन किया
- उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर गोष्ठी का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर वीर बहादुर सिंह विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग द्वारा बुधवार को प्रगति के पथ पर उत्तर प्रदेश विषयक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में बतौर मुख्य वक्ता जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉ मनोज मिश्र ने कहा कि उत्तर प्रदेश सांस्कृतिक विविधताओं का प्रदेश है। अवध, बुंदेलखंड, काशी और बृज क्षेत्र ने पर्यटन की दिशा में एक नया आयाम स्थापित किया है। पर्यटन से भी अब उत्तर प्रदेश को आर्थिक मजबूती मिल रही है। भारत के विकास में उत्तर प्रदेश अपना योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण होने से इस क्षेत्र में रोजगार के व्यापक अवसर उपलब्ध हुए है। इसका प्रभाव अन्य जनपदों में भी देखने को मिलेगा।

अध्यक्षीय संबोधन में अनुप्रयुक्त सामाजिक विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. अजय प्रताप सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने गुणवत्ता और विकास में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी योजनाएं और परियोजनाएं इसके विकास को सुदृढ़ कर रही हैं। उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य, और आधुनिक बुनियादी सुविधाएं राज्य की जनता को लाभ पहुंचा रही हैं। उत्तर प्रदेश का विकास सामाजिक, आर्थिक, और सांस्कृतिक दृष्टि से मजबूती से आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर ने किया। इस अवसर पर डॉ. सुनील कुमार, डॉ. अवध बिहारी सिंह, डॉ मनोज कुमार पाण्डेय, डॉ चन्दन सिंह समेत विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# पेंशन को लेकर बीडीसी सदस्य हुए मुखर

- 30 करोड़ के प्रस्ताव पारित, 14 बिंदुओं पर चर्चा

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर (खेतासराय)** सोंधी विकास खण्ड मुख्यालय पर क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक हुई। जिसमें जनप्रतिनिधियों ने 30 करोड़ के प्रस्ताव पर मुहर लगाई। सदन में पेंशन फ़ीड करने का मुद्दा छाया रहा। छुट्टा पशु को लेकर संरक्षित करने की भी बात रखी गई। बाल विकास पुष्टाहार, पशुपालन, प्रधान मंत्री व मुख्यमंत्री आवास, मनरेगा और पेयजल मिशन समेत 14 बिंदुओं पर चर्चा हुई। बुधवार की दोपहर ब्लॉक के सभगार में ब्लॉक प्रमुख मंजू सिंह की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ। सदस्यों ने पुराने प्रस्ताव पर चर्चा की, नए प्रस्ताव को एजेंडे में शामिल किया। सभी ने सदन में तरल ध्वनि से 30 करोड़ के प्रसात्व पर सहमति दी।

एडीओ समाज कल्याण अधिकारी आकाश यादव ने पेंशन पर सिलसिले वार योजनाओं के फीडिंग के बारे में जानकारी दी तो क्षेत्र पंचायत सदस्य अजीम सिद्दीकी ने सदन में उनके भाषण को रोक कर पेंशन के बाबत समस्या उठाया तो सदन में सभी सदस्यों ने समर्थन करते हुए कहा कि वृद्धा, विधवा और अन्य पेंशन का फार्म ब्लॉक तक पहुँचा तो दिया जाता है लेकिन फीडिंग न करने के कारण इस योजना के पात्रो को लाभ नही मिल पाता है।

खण्ड विकास अधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने उत्तर देते हुए कहा कि करीब 1200 पेंडिंग है, जिसमें 400 पात्रों का निस्तारण हुआ। उन्होंने कहा कि पात्रों द्वारा खाते की केवाईसी न किये जाने से लोगो को योजना से वंचित होना पड़ता है।

कंवरिया के प्रधान प्रतिनिधि राजेन्द्र ने आयुष्मान कार्ड का वितरण न करने का मुद्दा उठाया।

क्रीड़ा सम्बन्धी सवाल पर बीडीओ ने कहा कि कुछ गांव से खेल खूद मैदान के लिए प्रसात्व आये है। यदि गांव में पाँच बीघा जमीन है तो सदस्य प्रस्ताव दे सकते है।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा नेता विजय सिंह विद्याथी, डॉ बिपिन सोनकर, शिक्षा विभाग से अशोक कुमार मौर्य, एडीओ रमेश यादव, स्वास्थ्य विभाग से डॉ सुधाकर चौहान, प्रधान सिराज अहमद, त्रिलोकी बिन्द, अयाज़ अहमदव क्षेत्र पंचायत सदस्य अबू सहमा समेत अन्य लोग शामिल रहे।

## जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देगी विहिप सेवा विभाग

**आजमगढ़।** विश्व हिन्दू परिषद सेवा विभाग आर्यमगढ़ द्वारा संचालित संस्कारशालाओं का मासिक दक्षता वर्ग आर्यमगढ़ नगर के मातबरगंज स्थित विश्व हिन्दू परिषद के प्रान्त सेवा प्रमुख अशोक अग्रवाल के आवास पर संपन्न हुआ। विहिप सेवा विभाग द्वारा आर्यमगढ़ नगर में दस से अधिक संस्कारशालाओं का संचालन किया जाता है जिसके माध्यन से गरीब जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क शिक्षा विहिप सेवा विभाग द्वारा प्रशिक्षित आचार्या बहनों द्वारा प्रदान किया जाता है। प्रान्त सेवा प्रमुख अशोक अग्रवाल ने कहा की नयी पीढ़ी को शिक्षा के साथ साथ संस्कार देने का संकल्प विश्व हिन्दू परिषद ने लिया है इसी क्रम में हर महीने आचार्या बहनों को अभ्यास वर्ग के माध्यम से प्रशिक्षित किया जाता है। प्रान्त सह सेवा प्रमुख केदारनाथ वर्मा ने कहा की यहाँ वर्तमान में 10 संस्कारशालाओं में 200 से अधिक बच्चे शिक्षा के साथ साथ संस्कार प्राप्त कर रहे हैं।

# श्रमिकों के बच्चों के लिए हर जनपद में बनेंगे अटल आवासीय विद्यालय: अनिल राजभर

- मंत्री ने श्रम विभाग के प्रयागराज मण्डल की अटल आवासीय विद्यालय के संचालन एवं लेबर सेस की, की समीक्षा

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** मंत्री, श्रम एवं सेवायोजन, समन्वय विभाग उ0प्र0 अनिल राजभर ने बुधवार को सर्किट हाउस के सभागार में श्रम विभाग के अटल आवासीय विद्यालय के संचालन एवं लेबर सेस की प्रयागराज मण्डल की समीक्षा बैठक की। मंत्री ने बैठक में बताया कि श्रमिकों के बच्चों के लिए उ0प्र0 के 18 मण्डलों में बनाये गये अटल आवासीय विद्यालयों की उपयोगिता को देखते हुए अब इन्हें प्रदेश के प्रत्येक जनपद में बनाया जायेगा। श्री राजभर ने बताया कि अटल आवासीय विद्यालय की प्रधानमंत्री ने स्वयं प्रशंसा की है एवं पूरे देश में श्रमिकों के बच्चो के लिए अटल आवासीय विद्यालय बनाये जाने की योजना पर विचार किया जा रहा है। बैठक में श्री राजभर को उप श्रमायुक्त प्रयागराज ने ग्राम बेलहट तहसील कोरांव में बनाये गये अटल आवासीय विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों की संख्या, शिक्षकों की संख्या, लाइब्रेरी, कम्प्यूटर लैब, प्ले ग्राउण्ड, मेस मैनेजमेंट एवं विद्यालय के संचालन हेतु फर्नीचर, आईटी इक्यूपमेंट, नेटवर्किंग, सीसीटीवी, पीए सिस्टम आदि विभिन्न आवश्यक सामाग्रियों के क्रय हेतु निर्गत टेण्डर एवं कार्यादेश की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया। मंत्री राजभर ने बैठक के उपरांत श्रम विभाग के लाभार्थियों को हितलाभ प्रमाणपत्र वितरित किया व उन्होंने जनपद में आयोजित होने वाले प्रत्येक समाधान दिवस, थाना दिवस एवं अन्य प्रशासनिक आयोजनों के अवसर पर श्रम विभाग के द्वारा लाभार्थियों को हितलाभ प्रमाणपत्र वितरित कराये जाने के लिए कहा है। इस अवसर पर सहायक श्रमायुक्त प्रयागराज लालाराम, सहायक श्रमायुक्त फतेहपुर सुमित कुमार, सहायक श्रमायुक्त प्रतापगढ़ आरके पाठक, प्रभारी सहायक श्रमायुक्त कौशाम्बी महंत प्रजापति, श्रम प्रवर्तन अधिकारीगण सहित कार्यदायी संस्थाओं के सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हमारा मतदान दायित्व

अवधनामा संवाददाता

**आज़मगढ़।** मण्डलायुक्त मनीष चौहान ने 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर बुधवार को अपने कार्यालय के सभागार में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को लोकतन्त्र में पूर्ण आस्था रखते हुए। लोकतान्त्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखने तथा स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर बिना किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए अनिवार्य रूप से मतदान करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मण्डलायुक्त ने कहा कि धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा के आधार पर मतदान करना लोकतान्त्रिक परम्पराओं के लिये घातक है इसलिये हम सभी को इन सब बातों से ऊपर उठकर लोकतान्त्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखने के लिये सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग हर हालत में करना चाहिए। मण्डलायुक्त श्री चौहान ने कहा कि देश का एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हमारा यह दायित्व है कि हम अपने साथ-साथ अपने परिवार, अपने गॉव, मुहल्ले वालों को भी अनिवार्य मतदान के प्रति जागरुक और दृढ़ संकल्पित करें। शपथ ग्रहण के अवसर पर अपर आयुक्त (प्रशासन) केके अवस्थी व राजेश यादव, सहायक शासकीय अधिवक्ता विनोद व रामप्रकाश सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# कर्पुरी ठाकुर धुर समाजवादी एवं सादगी की प्रतिमूर्ति

## सपा कार्यालय में मनाई गई जन नायक बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की जयंती

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** बिहार प्रान्त के पूर्व मुख्यमंत्री, समाजवादी नेता जन नायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर आज सपा के जिला कार्यालय जार्ज टाउन में गोष्ठी आयोजित की गई। उनके चित्र पर फूल माला अर्पित कर सपा नेताओं, पदाधिकारियों ने नमन किया। तदुपरांत गोष्ठी आयोजित कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कर्पूरी ठाकुर को धुर समाजवादी एवं सादगी की प्रतिमूर्ति बताते हुए कहा कि एक गरीब, अति पिछड़ी जाति के परिवार में जन्म लेने वाले कर्पूरी ठाकुर ने



अपने संघर्षो के बल पर बिहार प्रान्त के मुख्यमंत्री के रूप में दो बार सत्ता संभाली। देश की आजादी की लड़ाई में उन्होंने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। अंग्रेजी हुकूमत की यातनाये सही, जेल गये। डॉ लोहिया के साथ संघर्ष करते हुए समाजवाद की विचारधारा का पाठ तत्कालीन पीढ़ी को बिहार ही नहीं पूरे देश के कई हिस्सों में यात्राएँ करके पढ़ाते और सिखाते रहे। उन्होंने जब बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में सत्ता संभाली तो पहली बार पिछड़ों, अति पिछड़ों के लिए आरक्षण की व्यवस्था लागू की। शोषित, पीड़ित समाज की भलाई के लिए हमेशा संघर्ष करते रहे इसीलिए उन्हें जन नायक कहा जाता है। वक्ताओं ने कहा कि आज कि युवा पीढ़ी को उनसे सीख लेनी चाहिए। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अनिल यादव, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन, डॉ मान सिंह यादव, बासु देव यादव, महबूब उस्मानी, अमर नाथ मौर्य,राजू पासी, आर. एन. यादव,रविन्द्र यादव एडवोकेट, मृत्युंजय पाण्डेय,ओ. पी. पाल, दान बहादुर मधुर, नाटे चौधरी, शांति प्रकाश पटेल,जगदीश यादव, राम अवध पाल, शिलवंत यादव, सुरेश श्रीवास्तवा अजय यादव,आदि ने अपने विचार वक़्त किये।

## महिला कल्याण विभाग द्वारा आज राष्ट्रीय बालिका दिवस पर वृक्षारोपण

**आजमगढ़।** महिला कल्याण विभाग द्वारा आज राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर महिला कल्याण विभाग की टीम द्वारा वन स्टाप सेन्टर आजमगढ़ में वृक्षारोपण किया गया। इसी के साथ ही उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर हरिऔध कला केन्द्र आजमगढ़ में शपथ व हस्ताक्षर अभियान के अन्तर्गत बैनर पर जिलाधिकारी श्री विशाल भारद्वाज सहित अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों एवं जन प्रतिनिधियों एवं आमजन द्वारा हस्ताक्षर करके महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए अपने आस-पास के क्षेत्र को सुरक्षित तथा हिंसा मुक्त करने के लिए एवं बेटियों को लेकर गर्व एवं पराया धन तथा बोझ जैसी मानसिकता का विरोध एवं बेटियों को शिक्षित करने के लिए शपथ लिया गया।



# लोकसभा चुनाव के लिये बसपा ने कसी कमर

## प्रतिदिन चार विधानसभाओं में होगा बसपा का कैडर और किसी न किसी जिले में होंगे मुख्य मण्डल प्रभारी

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** फरवरी के बाद लोकसभा चुनाव की घोषणा कभी भी हो सकती है इसलिये बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व सांसद कु. मायावती द्वारा दिये गये निर्देश को जिला और विधानसभा स्तर के पदाधिकारियों को बताने के लिये मंगलवार को मम्फोर्डगंज स्थित बहुजन समाज पार्टी के मण्डल कार्यालय पर जिला प्रभारी घनश्याम पटेल की अध्यक्षता में मण्डल स्तरीय आकस्मिक बैठक आयोजित की गयी। प्रयागराज और मिर्जापुर मण्डल के मुख्य मण्डल प्रभारी डा. अशोक गौतम ने बतौर मुख्य अतिथि आकस्मिक बैठक को सम्बोधित करते हुये कहा कि बहुजन समाज पार्टी की मुखिया बहन मायावती को देश के सबसे बड़े सूबे उत्तर प्रदेश की सत्ता की बागडोर जब जब भी चलाने का मौका सर्वसमाज के भाईचारे ने आपसी मैत्रीभाव स्थापित करके दिया है तो बहनजी ने सभी जाति, धर्म और मजहब की सुरक्षा के साथ कानून का राज स्थापित करके दिखाया है और बसपा के शासनकाल मे ही लायन आर्डर दिखता था। 2007 से 2012 की भांति पुनः सभी जाति, धर्म, मजहब में भाईचारा यानी सामाजिक भाईचारा स्थापित कर आने वाले लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा बसपा के सांसद प्रत्याशियों को जिताकर बहनजी को देश का प्रधानमंत्री बनना है। मुख्य मण्डल प्रभारी राजू गौतम ने बतौर विशिष्ट अतिथि अपने सम्बोधन में कहा कि बसपा एक पार्टी ही नही बल्कि एक मिशन है जो न केवल बहुजन समाज बल्कि सर्वसमाज के लिये कार्य कर रही है। कार्यक्रम का संचालन मुख्य मण्डल प्रभारी अभिषेक गौतम ने किया। आवश्यक मंडल स्तरीय बैठक में प्रयागराज मण्डल के मुख्य मण्डल प्रभारी राजेश पासी, डा. एसपी सिद्धार्थ, मोहम्मद अकरम चांद, जिला अरबी त्यागी, सुशील कुमार गौतम, जिला प्रभारियों में प्रेमचन्द निर्मल, विजय सरोज, साबिर सिद्दीकी, चिंतामणि वर्मा जिला जिला महासचिव प्रवीण भारती, के साथ आकाश वर्मा, रमेश गौतम, प्रवीण गौतम, रामबृज गौतम, अतुल कुमार टीटू, अमर नाथ निडर, मो. साहिद, राजकमल, हरिश्चंद्र कुरील, राकेश पासी बड़ा घराना, गुलाब चौधरी, मनोज कुशवाहा, मनोज पाल, पप्पू यादव,सुमित यादव, राजनाथ पाल के साथ सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## कवि शैलेंद्र मधुर काव्य पाठ के लिए जम्मू कश्मीर राज भवन आमंत्रित

**प्रयागराज।** जम्मू कश्मीर कला, संस्कृति एवम भाषा अकादमी द्वारा आयोजित गणतंत्र दिवस की उपलक्ष में अखिल भारतीय हिंदी कवि सम्मेलन जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की उपस्थिति में काव्य पाठ हेतु प्रयागराज के प्रख्यात गीतकार शैलेंद्र मधुर को आमंत्रित किया गया है। जम्मू कश्मीर राज भवन से सूचना आते ही आज के साहित्यकारों एवं प्रयागवासियों में हर्ष की लहर दौड़ गई। प्रयागराज के साहित्यकारों ,समाजसेवियों, गणमान्य लोगों ने गीतकार शैलेंद्र मधुर को अपनी बधाई दी। बधाई देने वालों में प्रीता बाजपेई, आभा श्रीवास्तव मधुर, अमित जौनपुरी, योगेश झमाझम, अजय मोहन श्रीवास्तव, श्याम जी शुक्ला, सहित अन्य लोगों ने अपनी अपनी बधाई दी।


# रोटी बेटी के सम्बन्ध के बिना भारत को सशक्त राष्ट्र बना पाना मुश्किल

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** प्रबुद्ध फाउंडेशन द्वारा जसरा गांव में विगत 26 दिसम्बर से 05 से 17 आयु वर्ग के बच्चों के सृजनात्मक, कलात्मक और व्यक्तित्व विकास के लिये चलाई जा रही एक इकतीस दिवसीय प्रस्तुतिपरक तृतीय शीतकालीन प्रबुद्ध बाल रंग कार्यशाला के प्रशिक्षक उच्च न्यायालय के अधिवक्ता आईपी रामबृज ने बेटी दिवस पर बच्चों को सम्बोधित करते हुये कहा कि बहुजन साहित्य कला और संस्कृति के साथ साथ बहुजन रंगमंच के संरक्षण सम्बर्धन और विकास के साथ साथ उसके पुनरस्थापत्य के लिये सतत समर्पित प्रबुद्ध फाउंडेशन और डा. अम्बेडकर वेलफेयर एसोसिएशन (दावा) परिवार के बहुजन बाल कलाकारों व रंगकर्मियों के साथ एक सहभोज का आयोजन बहुजन समाज पार्टी के जिला कार्यकारिणी सदस्य रंग निर्देशक उच्च न्यायालय के अधिवक्ता आईपी रामबृज की अध्यक्षता में की गयी। रंग निर्देशक आईपी रामबृज ने बताया कि फूट डालो राजनीति करो का श्लोगन अंग्रेजो पर मढ़ा जाता है जबकि सनातन व्यवस्था बृहत्तर भारत के मानव समाज को वर्णाश्रम व्यवस्था के अनुरूप चार वर्णो में बांटकर किसी को शिक्षा, किसी को धन संचय के अधिकार से वंचित कर रखा था। आईपी रामबृज ने भारत की मूल साहित्य कला और संस्कृति के साथ साथ बाहुजन रंगमंच के विकास संरक्षण सम्बर्धन के साथ साथ उसके पुनरस्थापत्य हेतु सतत बीस वर्षो से काम किया जा रहा है। आज रंगमंच के बाल कलाकारों के मध्य सामूहिक भोज का आयोजन करके आपस मे रोटी का सम्बन्ध मजबूत करने पर बल दिया गया। धीरे धीरे विशेष अभियान चलाकर आपस मे बेटी का सम्बन्ध कायम करके रक्त बन्धुता को मजबूत करके भारत को एक सशक्त राष्ट्र बनाया जा सकता है। सहभोज में रिया, सीतू, सोनम, शिवानी, आराध्या, नेहा, सुनेहा, लक्ष्मी, सुहानी,मोनिका, राजू राव, अंकित कुमार, विनोद कुमार, करन कुमार, हर्ष कुमार आदि उपस्थित रहे।

# सैमसंग ने फिजिक्स वाला के साथ मिलकर एक नया एजुकेशन हब लॉन्च किया

**गुरुग्राम।** भारत के सबसे बड़े उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग ने आज फिजिक्स वाला के साथ साझेदारी करते हुए विशेष रूप




से टीवी के लिए डिजाइन किया गया एजुकेशन एप सैमसंग एजुकेशन हब को लॉन्च किए जाने की घोषणा की है। यह ऐप सैमसंग स्मार्ट मॉनिटर्स के साथ 32-इंच से 98-इंच स्क्रीन आकार के सभी सैमसंग टीवी पर उपलब्ध होगा। 2023 मॉडल से शुरू होकर, एजुकेशन हब एप चरणबद्ध तरीके से 2020 मॉडल तक सैमसंग टीवी और स्मार्ट मॉनिटर पर उपलब्ध होगा। यह सभी 2024 सैमसंग टीवी और स्मार्ट मॉनिटर्स पर भी उपलब्ध होगा। इस पहल का उद्देश्य एक ऑनलाइन एड-टेक प्लेटफॉर्म फिजिक्स वाला के साथ एक विशेष साझेदारी के माध्यम से बड़ी स्क्रीन पर ऑनलाइन कक्षाओं में भाग लेने का विकल्प प्रदान करके शैक्षणिक सहायता के रूप में घर में टीवी की भूमिका को महत्वपूर्ण बनाना है। एजुकेशन हब एप सीबीएसई बोर्ड में 6वीं कक्षा से 12वीं कक्षा तक के छात्रों के साथ-साथ आईआईटी और एनईईटी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वालों को लाइव क्लास और ऑन-डिमांड शिक्षा सामग्री तक पहुंचने का मौका देगा। शैक्षणिक सामग्री फिजिक्स वाला के मौजूदा छात्रों की पहुंच में होगी, जिनके पास सैमसंग टीवी है और जो सैमसंग टीवी यूजर्स हैं और जो एड-टेक प्लेटफॉर्म की सदस्यता लेना चाहते हैं। सैमसंग उपभोक्ताओं के पास अपने टीवी या स्मार्ट मॉनिटर्स पर दो महीने तक किसी भी प्रीमियम लाइव कोर्स को बिना कोई भुगतान किए हुए उसे आजमाने का विकल्प होगा। इसके अतिरिक्त, उन्हें फिजिक्स वाला खजाना कंटेंट की सामग्री लाइब्रेरी तक पहुंच मिलेगी, जिसमें उनके शीर्ष शिक्षकों के प्रीमियम लेक्चर शामिल होंगे। सैमसंग उपभोक्ता अपनी पसंद के किसी भी प्रीमियम लाइव कोर्स के लिए कोर्स शुल्क पर 20% की छूट का लाभ उठा सकते हैं।

# कैंसर का शीघ्र पता चलने पे इसका इलाज संभव है: डॉ. आशीष गुप्ता



**लखनऊ।** भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम के अनुसार, देश में कैंसर के मामलों की संख्या 2022 में 14.6 लाख से बढ़कर 2025 में 15.7 लाख होने का अनुमान है। जबकि भारत में कैंसर की घटनाओं में वृद्धि जारी है। देश के प्रमुख कैंसर विशेषज्ञों का सुझाव है कि यदि प्रारंभिक चरण में कैंसर का निदान किया जाता है तो इलाज की दर बहुत अधिक होती है। डॉ. आशीष गुप्ता, जो देश के जाने-माने कैंसर विशेषज्ञ और यूनिक हॉस्पिटल कैंसर सेंटर दिल्ली, के मुख्य ऑन्कोलॉजिस्ट हैं जो भारत में कैंसर मुक्त भारत अभियान का नेतृत्व भी कर रहे हैं कहते हैं कैंसर पर जीत हासिल करने के लिए पहला कदम लोगों को कोई भी लक्षण दिखने से पहले कैंसर की जांच कराने के लिए शिक्षित करना है, जो कैंसर का शीघ्र पता लगाने में मदद करता है। कैंसर यदि स्टेज एक या दो में जल्दी पता चल जाए, तो 80 प्रतिशत से अधिक रोगियों में अधिकांश कैंसर का इलाज संभव है। लक्षण विकसित होने तक कई कैंसर स्टेज तीन या चार में होते हैं, जब इलाज की दर 25 प्रतिशत से भी कम हो जाती है। तीन सामान्य कैंसर - मुंह, स्तन और गर्भाशय के कैंसर की रोकथाम, नियंत्रण और जांच के लिए जनसंख्या-आधारित पहल अपनाई जानी चाहिए, जो भारत में सबसे अधिक पाए जाने वाले कैंसर हैं। डॉ. आशीष गुप्ता, यूएसए प्रशिक्षित, अमेरिकी बोर्ड-प्रमाणित मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट, दुनिया के पहले कैंसर केंद्र, रोसवेल पार्क कॉम्प्रिहेंसिव कैंसर सेंटर, न्यूयॉर्क में मेडिकल ऑन्कोलॉजी और हेमेटोलॉजी में अपना प्रशिक्षण पूरा करने के बाद लोगों की सेवा करने के लिए अपने देश लौट आए।

# क्रोमा ने गणतंत्र दिवस की खुशी में कई उत्पादों पर शानदार डील्स की घोषणा की

**नई दिल्ली।** भारत के गणतंत्र दिवस के 75वें वर्ष का जश्न मनाने के लिए, भारत के पहले और

> **लाभ**
> सबसे नए इलेक्ट्रॉनिक्स पर बचत करने के अवसर का लाभ अवश्य उठाएं

भरोसेमंद ओम्नी-चैनल इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर और टाटा समूह का एक हिस्सा, क्रोमा ने अपनी सबसे सस्ती और आकर्षक गणतंत्र दिवस सेल की घोषणा की है। 20 जनवरी से 28 जनवरी, 2024 तक चलने वाली सेल क्रोमा की इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स की विशाल रेन्ज उपलब्ध कराने के प्रति प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालता है। क्रोमा ने टीवी, रेफ्रिजरेटर, एसी, वॉशिंग मशीन, मोबाइल फोन, लैपटॉप, गीजर, माइक्रो ओवन, एयर फ्रायर, मिक्सर ग्राइंडर और कई अन्य क्रोमा ब्रांडेड उत्पादों, साथ ही साथ ऐप्पल, फिलिप्स, एलजी, सैमसंग, डाइकिन, रेडमी, फैबर, आईएफबी जैसे अन्य लोकप्रिय ब्रांडों आकर्षक डील्स और ऑफ़र की घोषणा की है।

सिर्फ 999 रुपये से शुरू होने वाली ईएमआई सुविधा का लाभ उठाकर खरीदारी को और भी किफायती बनाएं। किसी भी पुराने इलेक्ट्रॉनिक्स को एक्सचेंज करें और 5,000 रुपयों तक के लाभ पाएं। चुनिंदा बैंक ऑफर पर अतिरिक्त 10% छूट का आनंद लें। क्रोमा अग्रणी ब्रांडों के इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद यहां प्रस्तुत किए हैं, हर उपभोक्ता की पसंद यहां ज़रूर पूरी होगी।

क्रोमा-ब्रांडेड उत्पादों पर 10% की फ्लैट छूट मिल रही है। वॉशिंग मशीन को अपग्रेड करें, खरीदें क्रोमा ब्रांडेड 7.5 किलोग्राम फ्रंट लोड वॉशिंग मशीन, हर महीने मात्र 1510 रुपयों की ईएमआई के साथ और क्रोमा 50 इंच के गूगल टीवी की ईएमआई 1,694 रुपये प्रति माह से शुरू होती है।

तकनीकी के प्रति उत्साही लोगों के लिए, क्रोमा ने अपनी मोबाईल और टेक्नोलॉजी रेन्ज पर आकर्षक ऑफर्स दी हैं। ऐपल प्रेमियों के लिए, आईफ़ोन 15 की ईएमआई 1,954 रुपये प्रति माह से शुरू होती है। साथ ही, 28999 रुपये से शुरू होने वाली कीमत की ऐपल वॉच एसई 2023, वेयरेबल टेक्नॉलॉजी यूज़र्स के लिए एक बेहतरीन विकल्प है।

सेल में रेडमी 13सी 5जी स्मार्टफोन 12499 रुपयों से आगे की किफायती कीमत मिल रहा है। लैपटॉप खरीदारों के लिए, क्रोमा ने एक असाधारण डील पेश की है, जिसमें प्रत्येक लैपटॉप खरीद पर 9990 रुपये की एक्सेसरीज़ निशुल्क दी जा रही हैं।

# दो यूनिकॉर्न की स्थापना करने वाले नवीन तिवारी उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान से सम्मानित

**कानपुरः** उत्तर प्रदेश ने इनमोबी ग्रुप के संस्थापक और सीईओ नवीन तिवारी को अपने सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार, यूपी गौरव सम्मान से सम्मानित किया है। बुधवार, 24



जनवरी, को यूपी स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों नवीन तिवारी को यह पुरस्कार प्रदान किया गया। यह पुरस्कार ना केवल उनकी असाधारण उद्यमशीलता की नजर और एक तकनीकी उद्यमी के रूप में उत्कृष्ट उपलब्धियों को पहचान देता है, बल्कि भारतीय स्टार्टअप सेक्टर को वैश्विक मानचित्र पर लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली शख्सियत भी साबित करता है। नवीन तिवारी का नजरिया भारत को दुनिया के लिए तकनीकी उत्पादों और उपभोक्ता मंचों के निर्माण के लिए अगले बड़े केंद्र के रूप में विकसित करना है। वे वर्ष 2011 में भारत के पहले यूनिकॉर्न के रूप में सामने आने वाले स्टार्टअप इनमोबी के संस्थापक हैं। उनके नेतृत्व में, इनमोबी एक एसएमएस आधारित सर्च सर्विस से एआई-आधारित विज्ञापन प्रौद्योगिकी की दिग्गज कंपनी बन गई और फिलहाल यह यूरोप, उत्तरी और लैटिन अमेरिका, एशिया, मध्य पूर्व और ऑस्ट्रेलिया तक फैली हुई है।

वर्ष 2019 में, नवीन तिवारी ने अपनी दूसरे स्टार्टअप यूनिकॉर्न ग्लांस की स्थापना की। ग्लांस एक एआई से चलने वाली एक जबर्दस्त स्मार्ट लॉक स्क्रीन है, जिसने इंटरनेट संग जुड़ने के यूज़र्स के परंपरागत तरीके को ही बदल दिया है। भारत, अमेरिका, जापान, इंडोनेशिया, लैटिन अमेरिका समेत कई देशों में 23 करोड़ से ज़्यादा यूज़र्स अब अपने फोन को अनलॉक किए बिना ही, सीधे अपनी लॉक स्क्रीन से सबसे बेहतरीन गेमिंग, कंटेंट, ट्रेंड्स और अन्य चीजें खोजने के लिए अपने एंड्रॉयड स्मार्टफ़ोन में ग्लांस का इस्तेमाल कर रहे हैं।

# द किड ने बनाया धमाकेदार एकल गीत ओके - जो हिप हॉप जगत में होगा एक बड़ा गेम-चेंजर

**नई दिल्ली।** पंजाबी हिप-हॉप के चाहने वालों को बड़ी सौगात मिलने वाली है। पंजाबी हिप-हॉप जगत का सार झलकता है। ओके, संगीत के महारथी ईशान और इलम द्वारा लिखित तथा संगीतबद्ध है, द किड



जानामाना चेहरा एमसी द किड जो उभरते प्रोड्यूसर भी है, ने अपने नए एकल गीत, ÷ओके÷ के साथ तहलका मचाने की पूरी तैयारी कर ली है। सिधू मूसेवाला, दिलजीत दोसांझ, अर्जन ढिल्लन जैसे दिग्गज कलाकारों के लिए प्रोडक्शन पावरहाउस होने के नाते, द किड ओके के साथ विस्फोटक फ्यूजन पेश करने जा रहा है, जो विंटेज सोल साउंड्स, लुभावने लिरिक्स और एक गंभीर शहरी वाइब का उम्दा मिश्रण है, जिसमें हसल संस्कृति का असली ने प्रोडक्शन में फ्लेक्स सिंह के साथ मिलकर काम किया है। द किड और इशान के दमदार स्वरों से भरे इस गीत से आपके घरों के स्पीकर भी खुश हो जायेंगे। ओके, हिप हॉप बैंगर पंजाबी भावना का जश्न मनाता है और उन लोगों पर बहुत फबता है जो बड़े सपने देखने की हिम्मत करते हैं। सिद्धू मूसेवाला, अर्जन ढिल्लों, आर-नैत, निम्रत खैर जैसे बाकी पंजाबी ए लिस्टर्स के लिए बीट्स बनाने वाला, द किड स्टूडियो से एमसी के रूप में निखर कर निकला है।

# बावेजा स्टूडियोज की पब्लिक इश्यू से रु. 97.20 करोड़ जुटाने की योजना, आईपीओ 29 जनवरी को खुलेगा

**लखनऊ।** बावेजा स्टूडियोज लिमिटेड जो फिल्म निर्माण की गुणवत्ता के लिए जाना जाता है, अपने एसएमई पब्लिक इश्यू से 97.20 करोड़ रूपये तक जुटाने की योजना बना रहा है। कंपनी को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर अपना पब्लिक इश्यू लॉन्च करने की मंजूरी मिल गई है। पब्लिक इश्यू 29 जनवरी को सब्स्क्रीप्शन के लिए खुला है और 1 फरवरी को बंद होगा। पब्लिक इश्यू की आय का उपयोग कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों को पूरा करने सहित कंपनी की विस्तार योजनाओं को फंड देने के लिए किया जाएगा। फेडेक्स सिक्योरिटीज प्राइवेट लिमिटेड इश्यू का बुक रनिंग लीड मैनेजर है। 10 रूपये के अंकित मूल्य वाले 54 लाख इक्विटी शेयरों के आइपीओ में 40 लाख इक्विटी शेयरों का फ्रेश इश्यू और 14 लाख इक्विटी शेयरों की ऑफर फॉर सेल



का प्रस्ताव शामिल है। कंपनी ने पब्लिक इश्यू के लिए 170-180 रूपये प्रति इक्विटी शेयर का प्राइज बैंड (रु. 160-170 प्रति इक्विटी शेयर के प्रीमियम सहित) तय किया है। कंपनी की योजना पब्लिक इश्यू से रु. 97.20 करोड़ तक जुटाने की है। एप्लिकेशन के लिए न्यूनतम लॉट साइज 800 शेयर है जो प्रति एप्लिकेशन रु. 1.44 लाख के निवेश के बराबर है। आईपीओ के लिए रिटेल निवेशक और एचएनआई कोटा क्रमशः इश्यू के 35 प्रतिशत और 15 प्रतिशत से कम नहीं रखा गया है, जबकि क्यूआईबी कोटा इश्यू के अधिकतम 50 प्रतिशत पर रखा गया है। वर्ष 2001 में हैरी बावेजा और पम्मी बावेजा द्वारा स्थापित बावेजा स्टूडियोज, फिल्म निर्माण की गतिशील गुणवत्ता और नवीन कहानी कहने की प्रथाओं के लिए जाना जाता है।

## सर्वोकॉन सिस्टम्स ने परिवारों और व्यवसायियों के लिए सोलर रूफटॉप फाइनैंसिंग की सुविधा शुरू की

**नई दिल्ली।** पावर कंडीशनिंग इक्विपमेंट और ट्रांसफॉर्मर निर्माण क्षेत्र में प्रख्यात एवं भारत के टॉप सर्वो वोल्टेज स्टैब्लाइजर मैन्युफैक्चरर का दर्जा पाने वाली कंपनी सर्वोकॉन सिस्टम्स लिमिटेड अपनी संपूर्ण सोलर फाइनैंसिंग पहल पेश कर उत्साहित है। यह पहल ग्राहकों को टिकाऊ रिन्यूएबल ऊर्जा समाधान अपनाने के लिए सुविधाजनक और सक्षम विकल्प प्रदान कराती है। सोलर एनर्जी के व्यापक तरीके से इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए सर्वोकॉन सिस्टम्स ने अपना सोलर रूफटॉप प्रोजेक्ट फाइनैंसिंग प्रोग्राम पेश किया है। कंपनी किफायती और भरोसेमंद सोलर पैनलों, इन्वर्टर और एक्सेसरीज की व्यापक रेंज पेश करती है जिससे पर्यावरण अनुकूल दुनिया के प्रति उसकी प्रतिबद्धता का पता चलता है। सर्वोकॉन सिस्टम्स सोलर पैनल इंस्टॉलेशन के लिए संपूर्ण समाधान प्रदान कराती है जिससे ग्राहकों के लिए कार्य बेहद आसान हो जाता है। सोलर पैनल खरीदने पर ग्राहकों को कम परिचालन लागत और प्रतिस्पर्धी ब्याज दरों के साथ ऋण अवधि चुनने जैसे फायदे मिलेंगे। कंपनी का पूरे देश में वितरकों का मजबूत नेटवर्क है जो आवासीय और व्यावसायिक ग्राहकों को सेवा प्रदान करता है और अपने उत्पादों की व्यापक उपलब्धता सुनिश्चित करता है। सर्वोकॉन सिस्टम्स लिमिटेड में सोलर डिवीजन के निदेशक आसिफ खान ने कहा, 'मौजूदा समय में 7 मेगावॉट की निर्माणाधीन क्षमता के साथ साथ संपूर्ण सौर परियोजनाओं में 3 मेगावॉट की हमारी उपलब्धि अक्षय ऊर्जा समाधानों को उन्नत बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। एनबीएफसी (गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनीयों) के साथ भागीदारी के जरिये, हम वित्तीय पहुंच बढ़ा रहे हैं। सर्वोकॉन सिस्टम्स आवासीय और व्यवसायियों को सौर क्रांति में शामिल होने, स्वच्छ, टिकाऊ ऊर्जा के लिए हमारे फाइनैंसिंग विकल्प का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित करती है।

# इंडेल मनी लिमिटेड ने 200 करोड़ रुपये के सिक्योर्ड

## रिडीमेबल नॉन-कंवर्टिबल डिबेंचर्स (एनसीडी) के पब्लिक इश्यू का किया ऐलान



**लखनऊ।** गोल्ड लोन सेक्टर की तेजी से उभरती नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनियों (एनबीएफसी) में शामिल इंडेल मनी लिमिटेड नेचौथे सिक्योर्ड एनसीडी के पब्लिक इश्यू की घोषणा की है। इस इश्यू के तहत 1,000 रुपये अंकित मूल्य वाले एनसीडी जारी किए जाएंगे। इंडेल मनी लिमिटेड एक ऐसी एनबीएफसी है जो डिपॉजिट स्वीकार नहीं करती है। यह इश्यू 30 जनवरी, 2024 (मंगलवार) को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा और 12 फरवरी, 2024 (सोमवार) को बंद होगा। (निर्धारित तारीख से पहले ओवरसब्सक्रिप्शन की स्थिति में इश्यू को जल्दी बंद करने का विकल्प भी होगा) इंडेल मनी लिमिटेड के एग्जीक्यूटिव होल टाइम डायरेक्टर उमेश मोहनन ने कहा, हम ने ऐसी कारोबारी रणनीति तैयार की है जिसके जरिए हम अपनी प्रतिस्पर्धी क्षमता का इस्तेमाल गोल्ड लोन इंडस्ट्री में अपनी स्थिति को बेहतर करने और अपनी मौजूदगी के विस्तार के लिए करेंगे। वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही में कंपनी ने शानदार प्रदर्शन किया है। चुनौतीपूर्ण कारोबारी माहौल के बावजूद एयूएम में शानदार वृद्धि, गोल्ड लोन की मांग में उछाल, नए क्षेत्रों में विस्तार और परिचालन दक्षता के बल पर कंपनी की लाभप्रदता में 568.86 फीसदी की रिकॉर्ड वृद्धि देखने को मिली।

# स्पर्श सीसीटीवी एआई-संचालित अत्याधुनिक सुरक्षा तकनीकों के साथ अयोध्या में सुरक्षा बढ़ाता है

**अयोध्या।** सुरक्षा उपायों को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण छलांग में, स्पर्श सीसीटीवी उन्नत निगरानी में अग्रणी ने गर्व से अयोध्या में प्रतिष्ठित प्रमुख स्थानों पर साइबर सिक्योर्ड हाई-टेक सीसीटीवी कैमरों की सफल स्थापना की घोषणा की। मंदिर के प्रवेश द्वार, अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन, कार पार्किंग स्थलों और अयोध्या शहर के प्रमुख प्रवेश बिंदुओं पर रणनीतिक रूप से कई कैमरे लगाए गए हैं। सुरक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के साथ, स्पर्श की तकनीक इस श्रद्धेय भक्ति स्थल की पवित्रता को बनाए रखने में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक है।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के कैमरे पारंपरिक निगरानी से परे हैं, दक्षता के साथ अद्वितीय सटीकता प्रदान करते हैं। सुविधाओं में रीयल-टाइम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, चेहरे की पहचान, व्यवहार विश्लेषण, विसंगति का पता लगाने, स्वचालित अलर्ट और बेहतर सुरक्षा और निगरानी के लिए बदलते परिवेश को सीखने और अनुकूलित करने की क्षमता शामिल है।

प्रवेश द्वार और महत्वपूर्ण क्षेत्रों में चेहरा पहचान सुरक्षा को बढ़ाती है और अत्याधुनिक तकनीक के साथ पहुंच को सुव्यवस्थित करती है। ये कैमरे परंपरा के साथ प्रौद्योगिकी को समेकित रूप से एकीकृत करके, सांस्कृतिक संरक्षण और आधुनिक सुरक्षा उपायों के सामंजस्यपूर्ण मिश्रण को सुनिश्चित करके सुरक्षा में क्रांति लाने के लिए तैयार हैं।

# क्लियरट्रिप और फ्लिपकार्ट आध्यात्मिक पर्यटन को लेकर बड़े आशावादी हैं

**नई दिल्ली।** भारत में आध्यात्मिक पर्यटन में आए उछाल को देखते हुए फ्लिपकार्ट की कंपनी क्लियरट्रिप ने ÷दर्शन डेस्टिनेशंस÷ लॉन्च करने की घोषणा की है। अयोध्या में मंदिर खुलने से पहले यात्रा में आए अभूतपूर्व उछाल और तमाम गणमान्य लोगों और सिलेब्रिटीज के अयोध्या पहुंचने के बीच, क्लियरट्रिप श्रद्धालुओं की भगवान का आशीर्वाद लेने में मदद कर रहा है। क्लियरट्रिप ने अयोध्या जाने के लिए वरिष्ठ नागरिकों को फ्लाइट्स के 1008 कॉम्प्लीमेंटरी टिकट प्रदान किये हैं। यह ऑफर फ्लिपकार्ट ट्रैवल प्लेटफॉर्म्स पर भी उपलब्ध होगा। दर्शन डेस्टिनेशंस के लिए की गई पहल के तहत क्लियरट्रिप और फ्लिपकार्ट ट्रैवल ने भी धार्मिक जगहों की यात्रा के लिए फ्लाइट्स, होटल और बसों के लिए भी विशेष किराए की घोषणा की है। इस पहल के तहत भारत के प्रतिष्ठित धार्मिक स्थलों की यात्रा के लिए लोग बस, होटल और फ्लाइट्स की बुकिंग पर 20 फीसदी की छूट हासिल कर सकते हैं। इनमें अयोध्या, मदुरै, तिरुपति, अमृतसर, भोपाल, शिरडी, बोधगया, कोच्चि, कटरा (जम्मू) शामिल है। यात्रियों के लिए फ्लाइट्स, होटल और बसों के किराए में छूट हासिल करने का यह काफी अच्छा प्रस्ताव है। अयोध्या में मंदिर के उद्घाटन के बाद धार्मिक जगहों की यात्रा में हाल ही में आया उछाल यात्रियों की पसंद में आए उल्लेखनीय बदलाव का संकेत करता है। क्लियरट्रिप और फ्लिपकार्ट ट्रैवल के इस प्लेटफॉर्म पर अयोध्या के लिए खोज में कुल 1500 फीसदी की बढ़ोतरी देखी गई। क्लियरट्रिप के सीईओ अयप्पन राजागोपाल ने कहा ÷उपभोक्ता केंद्रित कंपनी होने के नाते क्लियरट्रिप अपने ग्राहकों की जरूरतों को अच्छी तरह समझता है। हमारा मानना है कि धार्मिक जगहों की यात्रा हमारी संस्कृति का मूल बिंदु है, जिसमें हमारी सदियों पुरानी परंपराएं रची बसी हैं। अब जब ज्यादा लोग इन धार्मिक जगहों की सार्थक यात्राओं में जाने में दिलचस्पी ले रहे हैं तो हम उनकी यात्रा के अनुभव को सुखद और किफायती बनाना चाहते हैं।

## स्विगी अब अयोध्या में डिलीवरी करेगा दिव्य नगरी में सुविधा और खुशियां लाएगा

अयोध्या, भारत के जाने माने ऑन-डिमांड डिलीवरी प्लेटफॉर्म स्विगी ने अयोध्या शहर में अपनी फूड डिलीवरी सेवाओं को बढ़ाने की घोषणा की है। इस लॉन्च के साथ, स्विगी का लक्ष्य अयोध्या निवासियों के लिए बेहतर सुविधा लाकर उनकी इच्छाओं को पूरा करना है, जिससे वे घर बैठे आराम से अपने पसंदीदा व्यंजनों का स्वाद चख सकें। उत्तर प्रदेश के 88 शहरों को कवर करते हुए, स्विगी बड़ी तेजी से इस क्षेत्र में फूड डिलीवरी के लिए एक लोकप्रिय प्लेटफॉर्म बन गया है। इस लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, सिद्धार्थ भाकू, नेशनल बिजनेस हेड, फूड मार्केटप्लेस, स्विगी ने बताया कि स्विगी अपने उपयोगकर्ताओं को बेजोड़ सुविधा देने के लिए पूरी तरह से समर्पित है। अयोध्या में स्विगी के लॉन्च के साथ, हम स्थानीय रेस्तरां के साथ साझेदारी करने और शहर भर में अपनी पहुंच का विस्तार करने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। इसके अलावा, हम अपने डिलीवरी पार्टनर्स को अपनी नींव मानते हैं इसलिए हम अधिक डिलीवरी एक्जिक्यूटिव्स को शामिल कर शहर में अपनी उपस्थिति बढ़ाने पर काम कर रहे हैं। इससे स्थानीय लोगों के लिए आय के अवसर पैदा होंगे और आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। पिज्जा हब एक्सप्रेस के मालिक विशाल श्रीवास्तव ने कहा स्विगी का अयोध्या में आना एक रोमांचक विकास है।

## केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस ने आईसिलेक्ट गारंटीड फ्यूचर प्लस लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** केनरा एचएसबीसी लाइफ इंश्योरेंस ने आईसिलेक्ट गारंटीड फ्यूचर प्लस लॉन्च किया है। जीवन बीमा और गारंटी के लाभों के साथ यह प्लान भविष्य की जरूरतों को पूरा करता है और मन की शांति प्रदान करता है। यह प्लान लोगों एवं उनके परिवारों को जीवन के विभिन्न पड़ाव व जरूरतों को पूरा करने के लिए आर्थिक सुरक्षा और स्थिरता भी देता है।

यह प्रोडक्ट कई फीचर्स के साथ आता है; यह लाइफ कवर देता है जोकि पॉलिसीधारक और उनके अपनों के लिए एक सुरक्षा कवच की तरह काम करता है। किसी विपत्ति के समय यह प्रोडक्ट आर्थिक सुरक्षा प्रदान करता है। सौ फीसदी लाभ मिलने की गारंटी के साथ यह प्लान वित्तीय लक्ष्यों को पूरा करने में मदद का आश्वासन देता है। इसके साथ ही, यह प्लान पॉलिसीधारकों को अलग-अलग जरूरतों जैसे शादी, सेवानिवृत्ति और बच्चों की पढ़ाई जैसे मौकों के लिए पैसे इकट्ठे करने में मदद करता है। पॉलिसी की अवधि पूरी होने के अंत में एकमुश्त फायदा मिलने की गारंटी होती है। प्लान के मैच्योर हो जाने की स्थिति में कुल प्रीमियम मिलने का विकल्प आगे और भी लाभ देता है। इससे निवेश पर एक अच्छा रिटर्न मिलता है। सुरक्षा को बढ़ाने के लिए, यह प्लान वैकल्पिक लाभ की पेशकश करता है, इससे लोगों को अपनी किसी खास जरूरत और आवश्यकता अनुसार कवरेज तैयार करने की सुविधा मिलती है।

## वायु सेना में उत्कृष्ट सेवा से लेकर कॉर्पोरेट जगत में सफलता तकः एमेजॉन में निशा गुप्ता का उत्तम करियर



**नई दिल्ली।** सालों तक देश की सेवा करने के बाद, पूर्व सैनिक अपने कौशल और प्रतिबद्धता का उपयोग अक्सर नए क्षेत्रों में करते आए हैं। नेतृत्व, चुस्ती और दबाव में भी समस्याओं को हल करने की अपनी क्षमता के साथ वो हर क्षेत्र के लिए एक बहुमूल्य संपत्ति होते हैं। इस क्षमता को पहचानकर, एमेजॉन ने 2019 में अपना सैन्य कार्यक्रम शुरू किया। यह एक समर्पित पहल है जो पूर्व सैनिकों को अपनी विशिष्ट सेवा से गतिशील कॉर्पोरेट दुनिया में सुगमता से प्रवेश करने में मदद करने के लिए डिज़ाइन की गई है। इस परिवर्तनकारी कार्यक्रम द्वारा व्यक्तिगत सहयोग एवं अनुकूलित प्रशिक्षण के साथ, निशा गुप्ता जैसे कई पूर्व सैनिक कॉर्पोरेट दुनिया में प्रवेश करने में समर्थ बने हैं। निशा ने भारतीय वायु सेना के अपने अनुभव का उपयोग एमेजॉन में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए किया। निशा एक दशक तक भारतीय वायु सेना में कमांडिंग ऑफिसर और सीनियर आईटी एवं संचार अधिकारी रह चुकी हैं। सेना में अपने कार्यकाल के दौरान, उन्हें सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) प्रबंधन में प्रोफेशनल उत्कृष्टता के लिए एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। भारतीय वायु सेना से सेवानिवृत्ति लेने के बाद और प्रोग्राम मैनेजमेंट, प्रोसेस डेवलपमेंट एवं ड्राइविंग एक्जक्यूशन में विशेषज्ञता के साथ निशा ने एमेजॉन में आईटी प्रोग्राम मैनेजर - सप्लाई चेन का दायित्व संभाला। 2020 में एमेजॉन से जुड़ने के बाद निशा सहयोग और इनोवेशन के बीच आ गईं। एमेजॉन की कार्य संस्कृति में मशगूल निशा ने बताया, यहाँ हर दिन एक नए एडवेंचर की तरह है।

# सेना से कॉर्पोरेट तक का सफरः गिरीश विश्वेश्वरन अपने साथ एमेजॉन की कॉर्पोरेट दुनिया में लाए सेना के मूल्य



**कानपुर।** सालों तक राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित रहने के बाद पूर्व सैनिक अक्सर नए क्षेत्रों में अपना विस्तृत कौशल और प्रतिबद्धता लेकर आते हैं। नेतृत्व, चुस्ती और दबाव में भी समस्याओं को हल करने की अपनी क्षमता के साथ वो हर क्षेत्र के लिए एक बहुमूल्य संपत्ति होते हैं। इस क्षमता को पहचानकर, एमेजॉन ने 2019 में अपना मिलिट्री कार्यक्रम शुरू किया। यह एक समर्पित पहल है जो पूर्व सैनिकों को अपनी विशिष्ट सेवा से गतिशील कॉर्पोरेट दुनिया में सुगमता से प्रवेश करने में मदद करने के लिए डिज़ाइन की गई है। इस परिवर्तनकारी कार्यक्रम द्वारा व्यक्तिगत सहयोग एवं अनुकूलित प्रशिक्षण के साथ, गिरीश विश्वेश्वरन जैसे कई पूर्व सैनिक कॉर्पोरेट दुनिया में प्रवेश करने में समर्थ बने हैं। गिरीश ने सेना के अपने अनुभव का उपयोग एमेजॉन में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए किया। भारतीय सेना में गिरीश की नियुक्ति सन् 2000 में हुई। 2021 में वे एमेजॉन इंडिया में क्षेत्रीय कार्यस्थल स्वास्थ्य और सुरक्षा नेतृत्वकर्ता की भूमिका निभाने लगे। अपने पूरे मिलिट्री करियर में, गिरीश ने एक प्रशिक्षक, एक सिस्टम एनालिस्ट, अफ्रीका में संयुक्त राष्ट्र शांति सेना के एक मिलिट्री अधिकारी के रूप में विस्तृत अनुभव प्राप्त किया और सियाचिन एवं पूर्वी भारत में एक आयुध डिपो में कमांडिंग ऑफिसर जैसे नेतृत्व के पदों पर रहे। सेना में अपने काम और कॉर्पोरेट जगत के अनुभवों की समानता के बारे में गिरीश ने बताया, ÷सेना में नेतृत्व के सिद्धांतों और एमेजॉन में नेतृत्व के सिद्धांतों के बीच समानता ने सेना से कॉर्पोरेट जगत में सुगमता से प्रवेश करने में मेरी बहुत मदद की।

## डीजीएफटी और शिपरॉकेट ने मुरादाबाद एक्सपोर्ट समिट 2024 के साथ भारत के एमएसएमई के लिए शुरू किया क्षमता निर्माण प्रोग्राम

**मुरादाबाद।** भारत का 106वां यूनिकॉर्न और अग्रणी ई-कॉमर्स इनेबलमेन्ट प्लेटफॉर्म शिपरॉकेट 24 जनवरी 2024 को आगामी मुरादाबाद एक्सपोर्ट समिट में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है। इसने हाल ही में 16 भारतीय ज़िलों में व्यापक क्षमता निर्माण प्रोग्राम के लिए डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ फॉरेन ट्रेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस आउटरीच प्रोग्राम के तहत वे मुरादाबाद में पहले आयोजन की शुरूआत कर रहे हैं। हस्तनिर्मित और हैण्डलूम उत्पादों के प्रोमोशन पर ध्यान केन्द्रित करने वाले इस सम्मेलन ने 3000 प्रतिभागियों को आमंत्रित किया है, जिनमें भारत से उद्योग जगत के दिग्गज, सरकारी प्रतिनिधी, एमएसमएई शामिल हैं। मुरादाबाद एक्सपोर्ट समिट व्यापक जागरुकता गतिविधियों को बढ़ावा देते हुए सुनिश्चित करेगा कि एमएसएमई मर्चेन्ट्स को इंटरनेशनल कारोबार की जटिलताओं के बारे में हर ज़रूरी जानकारी प्रदान कर सशक्त बनाया जाए। 24 जनवरी 2024 को मुरादाबाद में शिपरॉकेट अन्य हितधारकों के साथ साझेदारी में पहले आउटरीच प्रोग्राम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इन पहलों में शिपरॉकेट की सक्रिय भागीदारी निर्यात उद्योग के कारोबारियों के विकास में उत्प्रेरक की तरह काम करेगी।

अवधनामा



# जल जागरुकता संकल्प रथ को सलेमपुर सांसद ने हरी झंडी दिखा किया रवाना

अवधनामा संवाददाता




**देवरिया।** जल जीवन मिशन नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के तत्वाधान में जनपद के समस्त विकास खंडों में संचालित होने वाले जल जागरुकता संकल्प रथ को सलेमपुर सांसद रविंद्र कुशवाहा ने हरी झंडी दिखा करके विकास खंड सलेमपुर परिसर से रवाना किया।

इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए सांसद रविन्दर कुशवाहा ने कहा कि आम जनमानस के लिए जल महत्वपूर्ण आवश्यकता है इसी को ध्यान में रखते हुए माननीय प्रधानमंत्री ने जल जीवन मिशन कार्यक्रम की शुरूआत किया। इसके अंतर्गत सभी आम जन मानस को स्वच्छ जल उपलब्ध कराया जा रहा है। मानव जीवन में जल का बहुत महत्व है जल के बिना जीवन संभव नहीं है। माननीय प्रधानमंत्री जी का यह कार्यक्रम मिल का पत्थर साबित होगा अच्छा जल उपलब्ध हो जाने से लोगों में होने वाली बहुत सी बीमारियां स्वतःही समाप्त हो जाएगी और लोगों का जीवन बेहतर होगा। सलेमपुर एसडीएम श्याम नारायण तिवारी ने कहा कि जन जागरूकता के माध्यम से ही लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा सकता है। सलेमपुर तहसीलदार अलका सिंह ने कहा कि वर्षा जल को संरक्षित करके ही हम भूगर्भ जल के स्तर को बढ़ा सकते हैं।

खंड विकास अधिकारी आनंद प्रकाश ने कहा कि जल जीवन मिशन के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति को सस्ते कीमत पर सुगमता पूर्ण तरीके से 55 लीटर स्वच्छ जल उपलब्ध कराया जाएगा। सहायक विकास अधिकारी पंचायत अनिल चौबे ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से लोगों के व्यवहार में परिवर्तन आएगा और वह जल को संरक्षित करने के साथ-साथ जल के दुरुपयोग को रोकने में भी मददगार साबित होंगे।

इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण राकेश यादव स्वच्छ भारत मिशन के खंड प्रेरक रविशंकर मिश्रा, वीरेंद्र पांडे, अशोक पांडे, अजय दूबे वत्स, शंभू नाथ दुबे, अजीत तिवारी, रेनू यादव, दिव्य प्रकाश, दुर्गेश गिरी, वेद प्रकाश तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## सुविधाजनक मिलेगी अब पीआरडी जवानों को ड्यूटी

**अमेठी।** पीआरडी के जवानों को अब उनकी सुविधा के अनुसार ड्यूटी दी जाएगी। आटोमेटिक पायलट योजना के अन्तर्गत ड्यूटी के मामले में महानिदेशालय ने पी आर डी के जवानों की कठिनाइयां दूर करते हुए 17 भौगोलिक क्षेत्र निर्धारित किए हैं। पीआरडी के जवानों को अपनी सुविधानुसार 4 भौगोलिक क्षेत्र चयनित कर विकल्प देना होगा। जवानों की ओर से चयनित चार भौगोलिक क्षेत्रों में से किसी एक में उनकी ड्यूटी लगाई जाएगी। भौगोलिक क्षेत्रों में जिले के सभी विकास खंड दो नगरपालिका क्षेत्र और दो नगर पंचायत क्षेत्र शामिल किए गए हैं। जिला युवा कल्याण अधिकारी काशी नाथ ने बताया कि पी आर डी जवानों से भौगोलिक क्षेत्र मांगे गए हैं। अब उनकी सुविधा अनुसार ड्यूटी लगाई जाएगी। गौरतलब है कि अभी तक निदेशालय से आन लाइन ड्यूटी लगाई जाती थी।पी आर डी के जवानों को काफी दूर जाना पड़ता था उनको मिल रहे मानदेय का काफी हिस्सा मोबलाइजेशन और पेट्रोल पर खर्च हो जाता था।

# पूर्णेन्दु मिश्र यूपीपीएससी में 13वी रैंक प्राप्त कर बने डिप्टी कलेक्टर

अवधनामा संवाददाता



**कसया, कुशीनगर।** तहसील कसया तथा विकासखण्ड हाटा क्षेत्र के गांव डुमरी चुरामन छपरा निवासी सेवानिवृत्त सहायक निदेशक युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल चतुर्भुज मिश्र के द्वितीय पुत्र पूर्णेन्दु मिश्र का चयन यूपीपीएससी में 13वी रैंक प्राप्त कर डिप्टी कलेक्टर (एसडीएम) के पद पर चयनित हो परिवार सहित गांव जनपद का नाम रोशन किया है।

पूर्णेन्दु मिश्र बीटेक केमिकल इंजीनियरिंग की शिक्षा एम एन एन आई टी प्रयागराज से प्राप्त किया है। विगत सप्ताह आए बिहार प्रदेश बीपीएससी के परिणाम में 16वी रैंक प्राप्त कर इनका चयन एडिशनल डिस्ट्रिक्ट ट्रांसपोर्ट अफसर पर हुआ है एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की परीक्षा के परिणाम में प्रशासनिक अधिकारी के पद पर चयन हुआ है। कड़ी मेहनत एवं लगन के साथ प्रयास का नतीजा है कि श्री मिश्र प्रदेश में 13वी रैक प्राप्त कर एसडीएम पद पर चयनित हुए। श्री मिश्र के बाबा स्व.कपिलदेव मिश्र एडीओ कृषि पद से सेवानिवृत्त हुए थे। इनके बड़े पिता एडवोकेट स्व.दिग्विजय नारायण मिश्र क्षेत्र के प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं सहृदय व्यक्तित्व के धनी थे। इनके चयन पर परिवारजन सहित गांव एवं जनपद में हर्ष का माहौल है। इन्होंने ने अपनी सफलता का गुरुजनों, माता कृष्णा मिश्रा एवं पिता चतुर्भुज मिश्र एवं परिवारजनों तथा इष्ट मित्रों को दिया है। इनके सफलता पर बड़े पिता सेवानिवृत्त प्रवक्ता मधुसूदन मिश्र, सेवानिवृत्त कानूनगों बृज लाल मिश्र,चाचा अशोक मिश्र, सुशील मिश्र, सतीश मिश्र, बड़े भाई अभय मिश्र, आनन्द मिश्र, आशीष मिश्र, वरिष्ठ क्षयरोग पर्यवेक्षक सीएचसी कसया आशुतोष मिश्र, अनुपम मिश्र, अमित नारायण मिश्र, बहन अर्चना मिश्र, नम्रता मिश्र, डॉ रागिनी मिश्र, पीओ बैक दिव्येन्दु मिश्र, हिमांशु मिश्र, आरिव मिश्र, सीएमओ डॉ सुरेश पटारिया, डीटीओ डॉ एस एन त्रिपाठी, कसया सीएचसी अधीक्षक डॉ मार्कण्डेय चतुर्वेदी, डॉ मुकेश यादव, विजयकृष्ण द्विवेदी, शाहिद अंसारी, डॉ अमृतांशु शुक्ला पूर्व प्राचार्य, डॉ गौरव तिवारी, डॉ निगम मौर्य, नयी दिशा के सचिव डॉ हरिओम मिश्र, एडवोकेट रिशुल पांडेय, ग्राम प्रधान डिंपल पांडेय, ग्राम प्रधान खड्डा विजयकांत मिश्र, रमाकांत मिश्र, निशांत मिश्र, हेमन्त मिश्र, रमेश मिश्र, संजय मिश्र, अशोक गुप्ता आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## विधानसभावार तैनात किए 10 मास्टर ट्रेन

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्रा ने ईवीएम/वीवीपैट हैंडलिंग के सम्बन्ध में तथा जनपद स्तर पर ईवीएम/वीवीपैट के कार्यप्रणाली एवं संचालन के संबंध में प्रति विधान सभा 10 मास्टर ट्रेनर नियुक्त किया है। जिन्हे ई0वी0एम0 जागरूकता चैन के साथ लगाया गया है। इस प्रकार से 10 मास्टर ट्रेनर प्रति विधान सभा हेतु तथा 14 मास्टर ट्रेनर रिजर्व कुल 84 मास्टर ट्रेनर जो सेक्टर मजिस्ट्रेट के रूप में लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 में नियुक्त हैं। उन्ही सेक्टर मजिस्ट्रेटों में से ही ई0वी0एम0/वी0वी0पैट के हैडलिंग हेतु कुल 70 अधिकारियों को मास्टर ट्रेनर के रूप में तैनात किया जाता है जो सेक्टर मजिस्ट्रेट के दायित्वों के साथ-साथ मास्टर ट्रेनर के दायित्वों का भी निर्वहन करेगें। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हैं।

# विकास के विभिन्न क्षेत्रों में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा उप्र: सांसद

- भव्यता के साथ मनाया गया उप्र स्थापना दिवस
- सूचना विभाग की अभिलेखीय प्रदर्शनी रही आकर्षण का केंद्र

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद विजय कुमार दुबे तथा विधायक गण एवं जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की उपस्थिति में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस एवं संस्कृति उत्सव पर्व मनाया गया। इसके अंतर्गत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। सांसद, विधायकगण, जिलाधिकारी की उपस्थिति में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन का लाइव प्रसारण जिला पंचायत कार्यालय सभागार में दिखाया गया। कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत मुख्य अतिथि एवं जनप्रतिनिधियों तथा जिलाधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया।

तत्पश्चात भारतीय इंटर कॉलेज पडरौना की छात्र छात्राओं के द्वारा गणेश वंदना तथा शकुंतला इंटरमीडिएट कॉलेज की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतीकरण किया गया। उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस की आयोजन के मुख्य थीम उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत रही। रामोत्स्व तथा सांस्कृतिक सुंदर रंगोली बनाने पर सांसद एवं विधायक ने छात्राओं को पुरस्कृत किया। गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं बच्चो का अन्नप्राशन कार्यक्रम भी कराया गया। उज्जवला योजना, कृषि विभाग द्वारा संचालित योजना, डीजी मिशन योजना, प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत विभिन्न लाभार्थियों को गैस कनेक्शन, स्प्रेयर मशीन, टैबलेट, सांकेतिक आवास की चाभी आदि प्रदान किया गया। इस अवसर पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, कृषि विभाग, उद्योग विभाग, उद्यान विभाग, मत्स्य विभाग, खादी एवं ग्राम उद्योग विभाग ग्राम में विकास अभिकरण जिला पंचायती राज विभाग, चिकित्सा विभाग, पशुपालन विभाग, उपायुक्त श्रम रोजगार आदि द्वारा विभिन्न प्रकार के उ.प्र. स्थापना दिवस से संबंधित तथा शासन द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी विकास परक योजनाओं से संबंधित एवं विभिन्न उत्पादों का स्टॉल एवं प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस से संबंधित अंग्रेजी शासन काल से लेकर आजादी तक उत्तर प्रदेश के नामों में हुए परिवर्तन तथा विभिन्न प्रादेशिक विस्तार एवं इतिहास से संबंधित आकर्षण एवं उत्कृष्ट प्रदर्शनी सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के द्वारा लगाई गई। मुख्य अतिथि सांसद एवं विधायक खड्डा तथा सदर द्वारा सूचना विभाग के द्वारा लगाई गई अभिलेखीय प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए प्रशंसा करने के साथ साथ उत्साह वर्धन भी किया गया। सूचना विभाग की अभिलेखीय एवं प्रादेशिक ऐतिहासिक विस्तार की प्रदर्शनी आकर्षण एवं चर्चा का केंद्र रही। इस अवसर पर सांसद ने उ.प्र. दिवस की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि आज उत्तर प्रदेश विकास के विभिन्न क्षेत्रों में रोज नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में अपराधों पर अंकुश लगा है, पात्रों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ धरातल स्तर पर मिल रहा है, रास्तों का चौड़ीकरण तेजी से हो रहा है, निवेशकों एवं उद्योगों के लिए सुरक्षित माहौल मिल रहा है। कार्यक्रम को खड्डा व पडरौना विधायक ने भी संबोधित किया। जिलाधिकारी उमेश मिश्र ने कहा कि उत्तर प्रदेश के विकास के बिना भारत का विकास संभव नहीं है इसीलिए आज कुशीनगर को हम सब को मिलकर प्रत्येक क्षेत्र में सर्वांगीण विकास करने की आवश्यकता है।

# पूर्व विधायक मदन गोविन्द राव की भांजी सुनिष्ठा सिंह बनी एसडीएम

## यूपी पीसीएस रिज़ल्ट के टाप 20 में बनायी जगह




अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** रामकोला के पूर्व विधायक मदन गोविन्द राव की भांजी सुनिष्ठा सिंह ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा मंगलवार को जारी युपी पीसीएस 2023 के रिज़ल्ट में सोलहवाँ स्थान प्राप्त कर परिवार का मान बढ़ाया है अब वो एसडीएम पद को सुशोभित करेंगी। प्रदेश के बहराइच जनपद के कैसरगंज (गुँथिया) निवासी श्रीमती सुनन्दा सिंह एवं कुंवर विजयन्त सिंह जी की सुपुत्री सुनिष्ठा सिंह की प्रारंभिक शिक्षा बहराइच में होने के उपरांत लखनऊ से उच्चतर शिक्षा हासिल कर वहीं से युपीएससी की तैयारी कर रही थी तथा 2021 में आईएएस का मेन्स भी क्वालिफ़ाई कर चुकी हैं तथा सिविल सर्विसेज़ के लिए लगातार प्रयासरत थी। परिणाम घोषित होने के समय सुनिष्ठा सिंह के लखनऊ में होने के कारण बुधवार को पूर्व विधायक मदन गोविन्द राव के साथ मां सुन्नदा सिंह एवं पिता कुंवर विजयन्त सिंह समेत परिवार के सदस्य एवं शुभचिंतकों ने लखनऊ पहुंचकर सुनिष्ठा सिंह की इस सफलता पर शुभकामनाएं दिया है। इधर रामकोला नगर में भी सुनिष्ठा सिंह की सफलता पर स्थानीय लोगों ने खुशियां व्यक्त किया है।

# धूमधाम से मना प्रदेश का 75वां स्थापना दिवस

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** उत्तर प्रदेश के 75 वें स्थापना दिवस के अवसर पर जीआईसी में भव्य प्रदर्शनी एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने समस्त जनपद वासियों को प्रदेश स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन 24 जनवरी 1950 को प्रदेश का नामकरण उत्तर प्रदेश किया गया था।

वर्ष 2017 से मुख्यमंत्री जी के प्रेरणा से इस दिन को यूपी दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश असीमित संभावनाओं का प्रदेश है। प्रदेश में प्राकृतिक संसाधन पर्याप्त मात्रा में है। पर्यटन की दृष्टि से अनेक ऐतिहासिक स्थल हैं। अयोध्या, काशी, मथुरा, प्रयागराज, नैमशारण्य जैसे धार्मिक स्थल हैं। कुशीनगर एवं सारनाथ भी यहीं हैं। दुधवा नेशनल पार्क इको टूरिज्म के लिहाज से महत्वपूर्ण है। जिलाधिकारी ने प्रदेश के मेधा की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सिविल सेवा परीक्षा में उत्तर प्रदेश के भागीदारी सर्वाधिक रहती है। चंद्रयान की कामयाबी में भी प्रदेश की महिला वैज्ञानिकों का बड़ा हाथ है। सीडीओ प्रत्यूष पांडेय ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई है। इसके माध्यम से लोगों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के विषय मे जानकारी मिल रही है। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश कई क्षेत्रों में देश का अग्रणी राज्य है। इससे पूर्व जिलाधिकारी एवं सीडीओ ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया। जीआईसी की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। संस्कृति विभाग के पंजीकृत कलाकार अंटू तिवारी एंड कंपनी ने संगीतात्मक प्रस्तुति दी। उनके द्वारा प्रस्तुत गीत यूपी नंबर वन लोगों द्वारा सराहा गया। मारवाड़ी इंटर कॉलेज की छात्राओं, प्राथमिक विद्यालय फुलवरिया लक्ष्मी के छात्रों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। जिलाधिकारी एवं सीडीओ ने विभिन्न विभागों द्वारा स्थापित स्टालों का निरीक्षण किया। मंच का संचालन डीपीओ कृष्णकांत राय ने किया। इस अवसर पर सीएमओ डॉ राजेश झा, डीपीआरओ सर्वेश कुमार पांडेय, उपायुक्त उद्योग खुशबू सिंह, डीसी मनरेगा आलोक पांडेय, डीआईओएस वीरेंद्र प्रताप सिंह, युवा कल्याण अधिकारी नीतीश राय, जिला समाज कल्याण अधिकारी जैसवार लाल बहादुर सहित, उद्यमी संजीव अरोड़ा, जेपी जायसवाल सहित विभिन्न जनपद स्तरीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में उद्यमी व आम नागरिक उपस्थित थे। **विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को किया गया सम्मानित:** उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित किया गया। राजपति, राधिका गौड़, गुड़िया मद्धेशिया एवं पूनम को विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत टूल किट दिया गया। नसीम अहमद, हरिशचंद्र गुप्ता, मुख्तार, विजय लाल श्रीवास्तव, शंभू गुप्ता, रमाशंकर, नगीना, मोती चंद्र, रामकेला, शिवलोचन व सावित्री को वृद्धावस्था पेंशन का स्वीकृति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उज्ज्वला योजना अंतर्गत गायत्री पांडेय, बीना देवी, सुजाता खरवार, चंदा देवी, गुड्डी देवी, मौला देवी आदि को गैस कनेक्शन दिया गया। युवा कल्याण विभाग द्वारा विवेकानंद यूथ अवार्ड से उत्कर्ष मिश्रा व सुमिति सिंह को सम्मानित किया गया।

# गणतंत्र दिवस के दिन घर पर लगाये तिरंगा: पवन




**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के दिन हर घर,हर प्रतिष्ठान पर तिरंगा लहरे इसी जागरूकता के लिये भाजपा कार्यकर्ताओं ने सिविल लाइन रोड़ पर ठेला लगाने वालों के बीच तिरंगा वितरित किया और आग्रह किया कि गणतंत्र दिवस के दिन सभी लोग अपने घरों और दुकानों पर तिरंगा अवश्य लगाये। इस दौरान भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्रा ने कहा कि गणतंत्र दिवस प्रत्येक भारतीय के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। इसी दिन 1950 में भारत का संविधान लागू हुआ था। यह न्याय, स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे के मूल्यों का सम्मान करने का भी दिन है। नरेंद्र मोदी सरकार में भारत का गणतंत्र और समृद्ध हुआ है। गणतंत्र दिवस देश का राष्ट्रीय पर्व है,यह पर्व पूरे उल्लास के साथ मने इसलिये हम सभी लोगो के बीच तिरंगा वितरित कर रहे है। भाजपा नेता रामदास मिश्रा ने कहा कि देश का गणतंत्र विभिन्न धर्मो, भाषाओं और संस्कृतियों के लोगों के बीच एकता को बढ़ावा देता है। इसी से प्रेरित होकर भाजपा की मोदी सरकार सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के मंत्र पर काम कर रही है। गांव, गरीब, किसान, नौजवान, महिलाएं सभी के लिये योजनाये चला रही है। इस दौरान अम्बिकेश पाण्डेय, सूरज पटेल, गोपाल दूबे, संदेश शर्मा, नवीन सिंह, दीपू राय, सतेंद्र पाण्डेय, भीम यादव, शशांक चौबे, मुकेश मद्धेशिया आदि रहे।

## दृढ़ निश्चय और अटल तप के प्रतीक हैं ध्रुव



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** अपनी अटल तपस्या और दृढ़ निश्चय के लिए महाराज ध्रुव आज भी संसार के प्राणियों लिए आदरणीय हैं। बाल्यकाल में उन्होंने जो कठोर तप करके सारी बाधा को दरकिनार कर भगवान को प्रकट किया। ऐसा उदाहरण अन्यत्र दुर्लभ है। सतीगंज स्थित कृपालम आवास पर चल रही श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के तीसरे दिन कथा व्यास पंडित राजकुमार शास्त्री ने धुंधकारी की प्रेत मुक्ति भक्त ध्रुव एवं प्रह्लाद की कथा श्रोताओं को मार्मिक ढंग से सुनाई। कहा कि श्रीमद्भागवत कलिकाल का अमृत है जो सात दिन में मन परिवर्तन तथा भवसागर से मुक्ति का मार्ग है। कथा सुन श्रोता भाव विभोर हो गए।इस मौके पर आकाश द्विवेदी मनोज तिवारी मुख्य यजमान अन्नपूर्णा तिवारी एवं वेद प्रकाश तिवारी डॉ शिवम तिवारी राम यज्ञ सिंह शिवशंकर तिवारी डॉ अर्जुन पाण्डेय डॉ अभिमन्यु पाण्डेय शिव दर्शन द्विवेदी श्रीचंद्र राजभर वीरेंद्र अग्रवाल राम आसरे सोनी सत्यप्रकाश अग्रवाल विजय सिंह हरिकेश मिश्र सहित तमाम सुधी श्रोता मौजूद रहे।

## परेड का फुल ड्रेस रिहर्सल का किया निरीक्षण



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** रिजर्व पुलिस लाइन्स देवरिया में आगामी 26 जनवरी गणतन्त्र दिवस की परेड का फुल ड्रेस रिहर्सल का निरीक्षण श्री संकल्प शर्मा पुलिस अधीक्षक देवरिया द्वारा किया गया, इस अवसर पर सभी थाना प्रभारी, फायर सर्विस व अन्य पुलिस अधि0/कर्मचारीगण उपस्थित रहे। फूल ड्रेस रिहर्सल के दौरान परेड कमाण्डर क्षेत्राधिकारी श्री अंशुमान श्रीवास्तव सहित सम्पूर्ण परेड ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पुलिस अधीक्षक देवरिया द्वारा पुलिस लाइन्स के वरिष्ठ अधिकारियों से 26 जनवरी के परेड की तैयारियों पर चर्चा करते हुए अन्य सभी वस्तुओं की उपलब्धता कराये जाने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक श्री दिपेन्द्र नाथ चौधरी सहित क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी शिवप्रताप सिंह व प्रतिसार निरीक्षक विजय राज सिंह पुलिस लाइन्स देवरिया को गणतंत्र दिवस पर परेड को सुव्यवस्थित व सुसज्जित बनाने हेतु दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश।

# सुनसान घर को चोरों ने खंगाला नगदी समेत दस लाख के जेवर ले उड़े



अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत मथौली के वार्ड नंबर दो (लोहेपार) मल्ल टोला में मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने सुनसान घर को खंगाल लिया। घर का ताला तोड़कर नगदी समेत दस लाख के गहने चोरों ने ले उड़े। इतनी भीषण चोरी से कस्बे में दहशत का माहौल है।

बुधवार को कप्तानगंज थाने में तहरीर देकर पीड़ित रामप्रवेश गुप्ता पुत्र स्व लल्लन गुप्ता निवासी नगर पंचायत मथौली वार्ड नंबर दो (लोहेपार) मल्ल टोला ने जिक्र किया है कि मैं अपने परिवार के साथ ससुराल गया था। मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर आलमारी व बक्स तोड़कर उसमें रखे 3 गले का हार, 3 नठिया, 3 मंगलसूत्र, 5 गले का चैन, 10 अंगूठी, फूल का बर्तन व एक लाख नगदी रूपए कुल दस लाख का सामान चोरी कर लिए। बुधवार को जब मैं 10 बजे घर आया तो बिखरा समान देखकर दंग रह गया। घटना की जानकारी होने पर थानाध्यक्ष कप्तानगंज राजकुमार बरवार ने मौके से पहुंचकर जायजा लिया। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही खुलासा कर दिया जायेगा। उधर चोरी की घटना का नगर अवध्यक्ष नवरंग सिंह ने भी निरीक्षण कर जल्द से जल्द खुलासा करने का अपील किया।

# प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत थीम पर आधारित रहा यूपी दिवस

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर गौरीगंज के प्रांगण में बुधवार को उत्तर प्रदेश दिवस-2024 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि व जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया। इसके उपरांत जिला पंचायत अध्यक्ष जिलाधिकारी मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल सहित अन्य अधिकारियों के साथ विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की बालिकाओं द्वारा स्वागत गीत सरस्वती वंदना व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर विभिन्न विभागों यथा- सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग की अभिलेख प्रदर्शनी बेसिक शिक्षा विभाग जिला उद्यान विभाग कृषि विभाग पुलिस विभाग बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग जिला उद्यम एवं प्रोत्साहन विभाग द्वारा एक जनपद एक उत्पाद मूंज क्राफ्ट स्वयं सहायता समूह पंचायती राज खादी ग्रामोद्योग मत्स्य पशुपालन दुग्ध सहित अन्य कई विभागों द्वारा परिसर में प्रदर्शनी लगायी गयी। जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह ने उत्तर प्रदेश राज्य बनने की विकास यात्रा पर प्रकाश डाला। जिलाधिकारी द्वारा प्रांगण में उपस्थित छात्र छात्राओं एवं समस्त अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उत्तर प्रदेश दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गयी। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि भारत में विविधता में एकता की संस्कृति को उत्तर प्रदेश अपने में समाहित किये हुए है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता में इतनी गहराई है कि कोई भी बाहर से आकर उत्तर प्रदेश का हो जाता है। उन्होंने उत्तर प्रदेश दिवस मनाये जाने के महत्व को बताते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी उस महान गौरवशाली समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को याद कर सके इसलिये उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जाता है। उन्होंने कहा कि यदि हम सब को प्रगति

## गणतंत्र दिवस के पूर्व संध्या पर आयोजित होगा कवि सम्मेलन

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर अवधनामा द्वारा एक शाम शहीदों के नाम कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन अस्करगंज मैदान, कोतवाली के सामने गोरखपुर पर शाम 7:30 बजे से किया जाएगा। जिसमें राष्ट्रीय स्तर के कवित्री डा. सत्यमवदा शर्मा के साथ प्रेमनाथ मिश्रा, प्रदीप मिश्रा, संतोष संगम, और वाह भाई वाह फेम भावना द्विवेदी, रुद्रा उत्कर्ष शुक्ला, सलीम मजहर गोरखपुरी, श्वेता सिंह विशेन, सबरीन निज़ाम, अब्दुल्ला जामी, श्रेया शर्मा आदि अपनी प्रस्तुति देंगे । इस मौके पर वक़ार ए अवध सम्मान भी दिया जायेगा। कार्यक्रम के अंतर्गत सम्मान समारोह का संचालन एबीपी न्यूज़ के नीरज श्रीवास्तव करेंगे जबकि कवि सम्मेलन का संचालन मिन्नत गोरखपुरी करेंगे। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक मनव्वर रिज़वी ने दी।

## यूजीसी नेट क्वालीफाई हुए विवेक

**भेटुआ (अमेठी) अवधनामा संवाददाता।** क्षेत्र के कमासिन गांव निवासी विवेक प्रताप ने यूजीसी नेट की परीक्षा क्वालीफाई किया है। सोशल मीडिया पर लोग उन्हें बधाई प्रेषित कर रहे हैं। विवेक ने यूजीसी नेट राजनीति शास्त्र विषय से क्वालीफाई किया। उन्होंने ने बताया कि प्रयागराज रहकर लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित होने वाली परीक्षाओ की तैयारी कर रहे हैं। उनके पिता संजीव भारती बेसिक शिक्षा विभाग में इंचार्ज प्रधानाध्यापक पद पर कार्यरत है। मां किस्मता भारती कुशल गृहिणी हैं। उनकी सफलता पर चाचा राजीव रंजन भारती लल्लू सहित क्षेत्र के तमाम लोगों ने बधाई दी है और खुशी व्यक्त की है।

CMYK

# प्रधानमंत्री 25 को फर्स्ट टाइम वोटर्स से करेंगे संवाद

**अवधनामा संवाददाता**



मतदाता सम्मेलन हर विधानसभा के दो-दो केंद्रों पर होगा, जिले के 10 हजार यूथ वोटर्स से प्रधानमंत्री करेंगे वर्चुअली संवाद

**सुल्तानपुर।** भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा ने युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष चन्दन नारायन सिंह के संयोजन में पार्टी जिला कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि उत्तर प्रदेश में बीजेपी बड़े चुनावी अभियान की शुरुआत करने जा रही है.उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव में मिशन 80 के लक्ष्य को पूरा करने के लिए भारतीय जनता पार्टी युवा मतदाताओं को जोड़ने के कवायत में लगी है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 जनवरी को पूर्वाह्न 11:30 बजे फर्स्ट टाइम वोटर्स से वर्चुअली संवाद करेंगे.25 जनवरी को होने वाले नव-मतदाता सम्मेलन की जिम्मेदारी भाजपा युवा मोर्चा को दी गई है।नव मतदाता सम्मेलन हर विधानसभा के दो- दो केंद्रों पर आयोजित होगा।जिले के 10 हजार युथ वोटरों से प्रधानमंत्री वर्चुअली संवाद करेंगे।जिलाध्यक्ष ने बताया की सम्मेलन कादीपुर के पंडित रामचरित्र पीजी कॉलेज पडेला व विश्वनाथ पीजी कॉलेज कलान में होगा।सदर विधानसभा में सम्मेलन कलावती पीजी कॉलेज एवं राजपति सिंह पीजी कॉलेज डीहढगूपुर में होगा।इसी तरह अन्य विधानसभाओं में चयनित महाविद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित होंगे।युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष चन्दन नारायण सिंह ने बताया कि युवा मोर्चा हर विधानसभा क्षेत्र में पहली बार मतदाता बने 2000 नये वोटर्स को सम्मानित भी करेगा। इसके अलावा युवा मतदाताओं को युवा मोर्चा 2014 के बाद से देश में क्या बदलाव हुए हैं और भारत कैसे लगातार विकास कर रहा है इसके बारे में भी बताएगा।पार्टी प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि युवा मोर्चा स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 26 जनवरी को हर विधानसभा में 500- 500 युवाओं की बाइक रैली भी निकालेगा। सुल्तानपुर की विधानसभा की बाइक रैली 11:00 बजे तिकोनिया पार्क से निकाली जाएगी। इस मौके पर सुनील वर्मा,आशीष सिंह रानू कार्यक्रम संयोजक अंश द्विवेदी, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र वर्मा, जिला मंत्री सानू सिंह, युवा मोर्चा मीडिया प्रभारी मोहित तिवारी मौजूद रहे।

## पीएनबी आरसेटी द्वारा योजना का छह दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**ललितपुर।** पंजाब नैशनल बैंक ग्रामीण स्व-रोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) द्वारा स्व-रोजगार से जोडऩे हेतु शासन की मंशा के अनुसार राज्य शहरी आजीविका मिशन उ.प्र. के डे-एनयूएलएम के तहत जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) के स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को स्व-निधि, स्व-रोजगार कार्यकग्रम के अन्तर्गत छह दिवसीय सामान्य उद्यमिता विकास कार्यक्रम (जनरल ई.डी.पी.) प्रशिक्षण का समापन सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि पीएनबी मुख्य शाखा प्रबंधक शुषेण कुमार रहे। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य महिलाओं को स्वयं का रोजगार छोटे स्तर से शुरू करना चाहिए जिससे कि उनको भविष्य में बड़े कार्यो को करने के लिये अनुभव प्राप्त हो सकें।

# एक ही लक्ष्य विकसित भारतः अनुराग

**अवधनामा संवाददाता**



**ललितपुर।** जनपद ललितपुर की ग्राम पंचायत बंगरिया में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं के साथ अनुराग शर्मा ने विभिन्न अधिकारियों के साथ सहभागिता की। उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी ही संकल्प से सिद्धि प्राप्त करने में विश्वास करती है और इसी के तहत अधिकारियों के साथ सहभागिता कर विभिन्न विकास योजनाओं से लाभन्वित पात्रों सभी को संबोधित कर लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया जा रहा है। इस अवसर पर झांसी ललितपुर के सांसद पं अनुराग शर्मा ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से सभी लाभार्थियों को जन कल्याणकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ प्राप्त हो, यही हमारी सरकार का एकमेव लक्ष्य है। जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन ने कहा की भारतीय जनता पार्टी ने अपने हर काम के लिए संकल्प से सिद्धि की ओर प्रस्थान करने का मन बनाया है और इसलिए हम लोग पहले विकास हेतु संकल्प लेते हैं और तुरंत ही उसको क्रियान्वित करने हेतु जुट जाती है और लाभार्थियों को लाभ दिला देती है विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से हम लोग अब लाभार्थियों के गांव और घरों में पहुंचकर उन्हें लाभान्वित कर रहे है । किसान मोर्चा के कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र की क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अजय पटेरिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के उच्च नेतृत्व के निर्देश पर हर गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें की समस्त अधिकारी गण और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता नेता मिलकर लोगों को उसी स्थान पर लाभकारी योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु उसी स्थल पर फॉर्म भरने का कार्य करवाया जा रहा है।

# विकास खंड जयसिंहपुर परिसर में किया गया रोजगार मेले का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**जयसिंहपुर, सुल्तानपुर।** दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना अंतर्गत उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन एवं जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में विकासखंड जयसिंहपुर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया।जिसमें विशिष्ट अतिथि श्री राहुल चंद्रशेखर शुक्ला प्रमुख क्षेत्र पंचायत जयसिंहपुर रहे. खंड विकास अधिकारी निशा तिवारी तथा जिला कौशल प्रबंधक मोनू दुबे एवं जिला सेवायोजन कार्यालय से विभांकर प्रताप सिंह द्वारा अतिथि का बुके एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया. अतिथि एवं खंड विकास अधिकारी द्वारा मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया. जिला कौशल प्रबंधक मोनू कुमार दुबे द्वारा संबोधन कर अतिथि एवं अभ्यर्थियों का स्वागत किया गया, तत्पश्चात खंड विकास अधिकारी द्वारा संबोधन कर अतिथि का स्वागत किया गया एवं अभ्यर्थियों का उत्साहवर्धन किया गया. अतिथि द्वारा संबोधन कर अभ्यर्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई तथा अधिक से अधिक अभ्यर्थियों को रोजगार से जोड़ने हेतु निर्देशित किया गया. अतिथि द्वारा 20 अभ्यर्थियों को ऑफर लेटर वितरित किया गया. आज के इस रोजगार मेले में कुल 247 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से कुल 8 निजी कंपनियों वर्धमान ग्रुप हिमाचल प्रदेश विंसम टैक्सटाइल लिमिटेड हिमाचल प्रदेश ब्राइट फ्यूचर लखनऊ, जेबीएम गुजरात टाटा मोटर्स अहमदाबाद डिक्सन लिमिटेड नोएडा ओला इलेक्ट्रिक बाइक तमिलनाडु एवं एसबीआई गोंडा अयोध्या लखनऊ के द्वारा 169 युवाओं का चयन किया गया. जनपद के जिला कौशल प्रबंधक नीरज यादव तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक रोहित यादव, पंकज तिवारी, पंकज पांडे, कौशल विकास के केंद्र प्रबंधक श्री अमित यादव उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन व जिला सेवायोजन कार्यालय के समस्त कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**



**बहराइच।** मंगलवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन करते हुए अभिहित अधिकारी विनोद कुमार शर्मा द्वारा बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में 1503 निरीक्षण, 142 छापेमारी की कार्यवाही कर विभिन्न खाद्य पदार्थो के 180 नमूने संग्रहित किये गये। उन्होंने यह भी बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में 157 खाद्य पदार्थो के जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई जिसमें 63 अधोमानक, 11 असुरक्षित एवं 15 मिथ्याछाप नमून पाये गये। अभिहित अधिकारी श्री शर्मा ने बताया कि विभाग द्वारा 66 वाद न्याय निर्णायक अधिकारी के न्यायालय में एवं 08 वाद अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय में दाखिल किये गये। न्याय निर्णायक अधिकारी द्वारा 36 वादों में रू. 07 लाख 54 हजार 500का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया। जिसमें रू. 05 लाख 86 हज़ार वसूल किये जा चुके हैं तथा की आर.सी. जारी की जा रही है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 134 औषधियों के नमूने संग्रहित किये गये जिसमें 50 रिपोर्ट प्राप्त हुई। प्राप्त रिपोर्ट में 02 औषधियां अधोामानक पायी गयीं। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि न्याय निर्णायक अधिकारी एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय पर योजित किये गये वादों में प्रभावी पैरवी कर दोषियों को दण्ड दिलायें। डीएम ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनपद में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों, परिषदीय विद्यालयों, अस्पताल, मेडिकल कालेज, स्वास्थ्य केन्द्रों तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों के मेस एवं भोजनालय की नियमित जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। बैठक में मौजूद कुछ सदस्यों द्वारा अजीनोमोटो को हानिकारक बताये जाने पर डीएम ने फूड काउण्टर्स पर बिकने वाली चाट, चाउमीन, बर्गर, पिज्ज़ा इत्यादि फास्टफूड की जांच करने के निर्देश दिये।

डीएम मोनिका रानी ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि खुले खाद्य तेल की बिक्री पर प्रभावी अंकुश के लिए अपेक्षित कार्यवाही करें। डीएम ने कहा कि जनस्वास्थ्य को मद्देनज़र रखते हुए जिले में अपमिश्रित खाद्य पदार्थो के माामलों में कड़ी कार्यवाही की जाय। डीएम ने निर्देश दिया कास्मेटिक प्रोडक्ट्स, मेडिकल कन्ज़्यूमेबल आईटम्स के साथ जिले सुदूर एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थित मेडिकल स्टोर्स की नियमित जांच की जाय तथा शिविर आयोजित कर कोटे के दुकानों का पंजीकरण करने तथा आबकारी दुकानों के खाद्य लाइसेंस बनवाने के निर्देश दिये गये।

बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एस.के. सिंह, जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पाण्डेय, जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र देव, जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी, सहायक श्रमायुक्त सिद्धार्थ मोदियानी व अन्य अधिकारी, समिति के सदस्य, बहराइच केमिस्ट एसोसिएशन से महेश अग्रवाल व राजेन्द्र पटवारी, बहराइच उद्योग व्यापार मण्डल से बृजमोहन मातनहेलिया अमित मित्तल तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जनजागरूकता रैली निकाली गयी

पीसीपीएनडीटी संवेदीकरण कार्यशाला का हुआ आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**ललितपुर।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसको विधायक रामरतन कुशवाहा द्वारा जीजीआईसी से हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ किया। रैली का उद्देश्य लिंग भ्रूण हत्या को रोकने एवं समाज में इसकी जागरूकता लाने हेतु किया गया। अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पीसीपीएनडीटी अन्तर्गत संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया कार्यशाला में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों एवं जनपद में संचालित समस्त अल्ट्रासाउण्ड धारकों का स्वागत सीएमओ डा.इम्तियाज़ अहमद के द्वारा किया गया। पब्लिक हैल्थ स्पेशलिस्ट डा.सौरभ सक्सेना द्वारा पॉवर प्रजेन्टेशन के माध्यम से भारत, उत्तर प्रदेश एवं ललितपुर के लिंगानुपात के बारे में सभी लोगों को विस्तृत जानकारी दी गयी। बताया कि जिले का जनगणना सर्वे के अनुसार वर्ष 2011 लिंगानुपात 905 है तथा एनएफएचएस-4 के द्वारा वर्ष 2015-16 में किये गये सर्वे के अनुसार लिंगानुपात 928 है एवं एनएफएचएस-5 के द्वारा वर्ष 2019 से 2021 में किये गये सर्वे के अनुसार लिंगानुपात 997 है। सरकार द्वारा कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम हेतु पीसीपीएनडीटी अधिनियम 1994 को लागू किया गया है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक रजिया फिरोज एनएचएम द्वारा भी पीसीपीएनडीटी एक्ट की समस्त धाराओं से सभी को अवगत कराया गया। क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय ने बेटियों के बारे में कहा गया कि बेटियों को समाज में एक जैसा ही सम्मान दिया जाना चाहिये। सीएमओ द्वारा कहा गया कि इस प्रकार से अगर सभी लोग जाग गये तो हमारे यहां से कन्या भ्रूण हत्या एक दिन जरूर खत्म हो जायेगी और हमारे भारत का लिंगानुपात समान हो जायेगा। मौके पर कन्या भ्रूण हत्या रोके जाने के सम्बन्ध में शपथ भी दिलायी गयी। नोडल अधिकारी पीसीपीएनडीटी डा.अवधेश चन्द्र यादव द्वारा मुखबिर योजना की विस्तृत जानकारी दी गयी। अपर जिलाधिकारी द्वारा देश के गिरते हुये लिंगानुपात से अवगत कराते हुये कहा कि हमें मानवतावादी बनना पडेगा। उन्होने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में विस्तृत प्रचार-प्रसार के माध्यम से लोगो को अवगत कराया जाये और ग्रामीण क्षेत्रों में बेटी बचाओ अभियान जैसी जागृती फैलाना अति आवश्यक है। इस दौरान सीएमएस डा.मीनाक्षी सिंह, डा. आशु बजाज, डा.डी.बी.सिंह, अरविन्द्र जैन, डा. राजकुमार जैन, डा.एस.के.कौर, डा. सौम्या, डा.अनीता जैन एवं पूनम आदि मौजूद रहे।

# काशी राम कालोनी में अपात्रों को आवंटित किए गए हैं आवास

**अवधनामा संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** जिला नगरीय विकास अभिकरण डूडा ने करोड़ों के संपत्ति के मालिक को अमहट कॉलोनी में आवास आवंटित कर दिया है।

गरीबों को पक्की छत मुहैय्या करवाने के उद्देश्य से तत्कालीन बसपा सरकार ने प्रदेश के लगभग सभी जिला मुख्यालयों पर काशीराम शहरी आवासीय योजना के तहत हजारों की संख्या में आवास बनवाए थे।जनपद सुल्तानपुर में भी नगर के अमहट में तथा आर टी ओ कार्यालय के सामने कुल 1500 कालोनियां बनी थी।मामला है आर टी ओ के सामने स्थित काशीराम कॉलोनी का है। जहा पर बल्दीराय के इब्राहिमपुर के रहने वाले जैनुल को ब्लॉक संख्या 30में 394 नंबर की कालोनी एलाट कर दिया गया।

डूडा के अधिकारियों ने ऐसी कौन सी जांच की जिसमे करोड़ों के मालिक को काशीराम कॉलोनी का पात्र माना गया।

कई सालो से जैनुल द्वारा किराए पर अपना कॉलोनी का कमरा दिया गया था। जिसे अब खाली कराने के लिऐ उच्च अधिकारी अपनी दिलचस्पी दिखा रहे हैं। अब बिना किसी जांच के करोड़पति को पात्र मान कर उसके पक्ष में रिपोर्ट लगा दी गई है।आज भी काशीराम कालोनियों पर लगभग 80 प्रतिशत अपात्रों का कब्जा बना हुआ है। पात्र नागरिकों ने काशीराम कालोनी की कड़ाई से जांच करवाकर अपात्रों का आवंटन निरस्त करते हुए पात्रों को आवंटित करने की मांग की है।

## संक्षिप्त समाचार

### सभागार में हुआ उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन



**सुल्तानपुर।** प0 राम नरेश त्रिपाठी सभागार में जिला प्रशासन द्वारा उत्तर प्रदेश दिवस आयोजित किया गया। उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चो द्वारा गायन व नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष आर ए वर्मा, अपना दल जिलाध्यक्ष अविनाश पटेल, चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल,डीएम कृत्तिका ज्योत्सना, सीडीओ अंकुर कौशिक, सीएमओ ओपी चौधरी,सूचना अधिकारी डॉ धीरेंद्र कुमार सहित प्रशासनिक अधिकारियों के साथ छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

### पुलिस अधीक्षक ने किया रिजर्व पुलिस लाइन में गणतंत्र दिवस परेड के मुख्य रिहर्सल का निरीक्षण



**सुल्तानपुर।** पुलिस अधीक्षक द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन सुलतानपुर में आगामी गणतंत्र दिवस की तैयारियों के दृष्टिगत परेड में शामिल विभिन्न टोलियों का निरीक्षण कर 26 जनवरी की मुख्य परेड का पूर्वाभ्यास की तैयारियों का जायजा लिया गया। उन्होंने परेड की तैयारी हेतु सभी संबन्धित को आवश्यक आदेश निर्देश दिए। उनके द्वारा पुलिस लाइन में साफ-सफाई हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया।

### जिला प्रशासन के अधिकारी बने संवेदनहीन

**सुल्तानपुर।** नगर क्षेत्र में नौ डिग्री के आसपास तापमान के साथ ही भीषण कोहरा होने के बावजूद बच्चों के स्कूल खुले हुए हैं।इसे संवेदनहीनता नहीं तो और क्या कहा जाएगा। ब्लोवर में आराम फरमा रहे अफसरान को इन बच्चों से सरोकार ही क्या है। जान से हाथ धोवें तो अपनी बला से। ये उस जनपद में इंसान के बच्चों के लिए विडंबना देखने को मिल रही जहां की सांसद पशु प्रेमी हैं।जबकि जनपद में जिलाधिकारी और बेसिक शिक्षाधिकारी दोनो पदों को जागरूक महिलाएं ही संभाल रही हैं।

### जिला उद्योग बन्धु की बैठक 30 जनवरी को

**बहराइच।** उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र बहराइच ने बताया कि 30 जनवरी 2024 को विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में अपरान्ह 03:30 बजे से उद्योग बन्धु समिति एवं एम.ओ.यू. से सम्बन्धित बैठक आहूत की गई है। उपायुक्त उद्योग ने जिले के उद्यमियों, व्यापारियों एवं निर्यातकों के अपेक्षा की है कि बैठक में समय से उपस्थित होकर अपनी समस्याओं से समिति को अवगत करायें।

# उत्तर प्रदेश की समृद्धि सांस्कृतिक विरासत उत्तर प्रदेश दिवस का हुआ आगाज

**अवधनामा संवाददाता**

सूचना विभाग के बुंदेली कलाकारों ने बांधा शमा

मोनी नृत्य, लोक गायन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बिखेरी छटा

बुन्देली व्यंजनों ने लगाया स्वाद का जायका



**ललितपुर।** शासन के निर्देशानुसार जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश की समृद्धि सांस्कृतिक विरासत उत्तर प्रदेश दिवस का भव्य शुभारम्भ जीआईसी में किया गया। इस अवसर पर राज्यमंत्री मनोहर लाल, विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण, जिलाध्यक्ष राजकुमार जैन, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्नालाल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की गरिमा में उपस्थिति रही। इस अवसर पर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं मंचासीन अतिथियों द्वारा परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया गया, तत्पश्चात मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। मौके पर स्कूली छात्राओं द्वारा अतिथियों के सम्मान में स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया, साथ ही सूचना विभाग में पंजीकृत श्रीमंत बुंदेलखंड सांस्कृतिक मंच के कलाकारों द्वारा मोनी, सैरा एवं बुंदेली नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी, जिस पर सभी दर्शकों ने कलाकारों की प्रशंसा करते हुए उनका उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम के श्रृंखला में नन्हें बालकों ने मतदाता जागरूकता आधारित गीत हम भारत के मतदाता हैं पर नृत्य की प्रस्तुति दी और मतदाताओं को जागरूक किया। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारीगणों ने ई-बीसी सखी रश्मि परिहार, रचना, प्रिंटिंग मशीन एवं साड़ी का वितरण किया। प्रधानमंत्री उज्वला योजना के लाभार्थी जानकी देवी, नीलम सोनी, छाया, ममता, रश्मि कुशवाहा, रामदेवी, आरती झा, कमलेश व छाया को निशुल्क गैस चूल्हा कनेक्शन मिला तथा हाई स्कूल व इंटर में उत्कृष्ट उत्तीर्ण मेधावी छात्राओं को स्मृति चिन्ह, प्रमाणपत्र व प्रोत्साहन राशि का वितरण किया गया। मौके पर राज्यमंत्री ने उपस्थित सभी को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ शपथ दिलाई। इसके उपरांत बताया गया कि उत्तर प्रदेश दिवस 2024 के अंतर्गत आज 24 से 26 जनवरी तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसके अंतर्गत कल 25 को विभागीय प्रदर्शनी का आयोजन, मतदाता दिवस की शपथ, नए मतदाताओं को इफेक्ट कार्ड का वितरण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, रंगोली चित्रकला भाषण वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में एसपी मो.मुस्ताक, सीडीओ कमलाकांत पांडेय, पीडी डीआरडीए, डीसी मनरेगा रविंद्र वीर यादव, डीडीओ के एन पांडेय, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजेश कुमार बघेल, सहायक निदेशक सूचना सुरजीत सिंह, सहायक निदेशक कृषि वसंत कुमार दुबे, जिला कृषि अधिकारी राजीव कुमार भारती, ईओ नगर पालिका, प्रोबेशन अधिकारी, दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी सुधांशु सोनकर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी गण कर्मचारी एवं आम जनमानस उपस्थित रहे।

# विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को किया गया लाभान्वित


**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर स्व. ठाकुर हुकुम सिंह किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बहराइच के जिम्नेजियम हॉल में आयोजित समारोह का मुख्य अतिथि सांसद बहराइच अक्षयवर लाल गोंड द्वारा जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, एमएलसी पदमसेन चौधरी, विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, सदर की अनुपमा जायसवाल, नानपारा के राम निवास वर्मा, नगर पालिका परिषद बहराइच की अध्यक्ष श्रीमती सुधा देवी एवं जिलाधिकारी मोनिका रानी के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर लखनऊ में आयोजित समारोह का सजीव प्रसारण भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रा.वि. डीहा, कम्पोजिट विद्यालय यादवपुर, उ.प्रा.वि. मकोलिया खास, प्रा.वि. अजीजपुर व गुरू कृपा डिवाइन ग्रेस पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वन्दना, स्वागतगीत, देश भक्तिगीत, योगा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए एमएलसी, जिला पंचायत अध्यक्ष, विधायक सदर व नानपारा एवं अन्य वक्ताओं ने मौजूद लोगों को उ.प्र. स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश जैसे राज्य के महत्व का अन्दाजा इस बात से लगाया जा सकता कि इसकी पावन धरती पर भगवान श्रीराम व गौतम बुद्ध ने जन्म लिया।

# गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर डीएम ने की बैठक

स्वास्थ्य शिविर, फल वितरण व असहाय व्यक्तियों को बाटें जायेंगे कम्बल

**अवधनामा संवाददाता**




**ललितपुर।** 26 जनवरी 2024 को गणतंत्र दिवस समारोह मनाये जाने सम्बंधी रुपरेखा निर्धारित करने हेतु जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने कलैक्ट्रेट सभागार में सम्बंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि शासन के निर्देशानुसार गणतंत्र दिवस का आयोजन पूरी भव्यता के साथ किया जाएगा, आयोजन के अंतर्गत 26 जनवरी को सुबह प्रभातफेरी का आयोजन, घण्टाघर पर ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण, जेल चौराहे पर अम्बेडकर पार्क में डा.भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण, तुवन मंदिर के पास अवन्तीबाई, रानी लक्ष्मीबाई एवं परमानन्द की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जायेगा, सभी कार्यालयों/ शासकीय अर्द्धशासकीय कार्यालयों में (शैक्षिक संस्थाओं को छोड़कर) में झण्डा अभिवादन/ राष्ट्रगान एवं तत्पश्चात संविधान में उल्लिखित संकल्प का स्मरण किया जायेगा। पुलिस लाइन में पुलिस, एन.सी.सी., होमगार्ड, स्काउट गाइड, वन विभाग के जवानों द्वारा परेड/कार्यक्रम समाप्त होने के उपरान्त मार्चपास्ट किया जाएगा। पुलिस लाइन में ही गणतंत्र दिवस कार्यक्रम- पुलिस परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं शिक्षा विभाग द्वारा विज्ञान एवं शिक्षा से सम्बंधित कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसके अतिरिक्त सभी शैक्षिक संस्थानों में झंण्डा फहराया जाना, राष्ट्रगान तथा संकल्प पढा जाएगा। कार्यक्रम के तहत मा. कांशीराम आवास कॉलोनी गोविन्द नगर एवं डिग्री कॉलेज के पास तथा आसरा कॉलोनी केन्द्रीय विद्यालय के पास स्वास्थ्य शिविर/स्वास्थ्य सम्बंधी जानकारियोंके पोस्टर आदि का प्रदर्शन किया जाएगा, वृद्धाश्रम, राजकीय सम्प्रेक्षण गृह सिद्धनपुरा एवं राजकीय किशोर गृह दैलवारा में फल आदि का वितरण किया जाएगा। स्टेडियम से हाई-वे पेट्रोल पम्प तक एवं वापस साईकिल रेस, स्टेडियम से कैलगुवां चौराहे तक व वापस बालक तथा बालिकाओं की क्रॉस कन्ट्री रेस, जिला कारागार में फल तथा नगर क्षेत्र की निर्धन बस्तियों में निर्बल एवं असहाय व्यक्तियों को कम्बल वितरण किया जाएगा। बैठक में एडीएम वि/रा अंकुर श्रीवास्तव, सीएमएस डा.राजेन्द्र प्रसाद एवं डा.मीनाक्षी सिंह, डीआईओएस ओपी सिंह सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण, उत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रोफॉर्मा पर खुली ई–निविदाएँ एकल पैकेट में आमंत्रित की जाती हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| **कार्य का नाम व स्थान** | उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण/वाराणसी/उत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल के अधीन प्रस्तावित व्यासनगर से ब्लॉक हट "K" के मध्य दोहरीकरण, जंघई जंक्शन को बाई पास करते हुए सरकोनी–जंघई–मड़ियाहू को जोड़ने वाली कॉर्ड लाइन, वाराणसी–पं. दीन दयाल उपाध्याय–तीसरी एवं चौथी लाइन, वाराणसी–शिवपुर–तीसरी लाइन, जफराबाद–शिवपुर (45.4 किमी) के मध्य तीसरी और चौथी लाइन एवं शिवपुर–वाराणसी (5.79 किमी) के मध्य चौथी लाइन के प्रस्तावित दोहरीकरण के संबंध में फाइनल लोकेशन सर्वे जैसे लेवलिंग, संरेखण, मिट्टी की जांच, योजना, एल सेक्शन, पुलों की जीएडी आदि, बिलों की मात्रा एवं डी पी आर बनाने सहित अन्य सहायक कार्य। | | |
| **कार्य पूरा करने की अवधि** | 03 माह | **कार्य की अनुमानित लागत** | ₹101.35 लाख |
| **धरोहर राशि** | ₹2,00,700/- | | |
| **ई–निविदा जमा करने की तारीख/समय एवं निविदा खुलने की तारीख** | निविदाएँ दिनांक **21.02.2024** को **11:30 बजे** तक आईआरईपीएस की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड की जा सकती है तथा दिनांक **21.02.2024** को समय 11:30 बजे खोली जाएगी। | | |
| **विस्तृत निविदा सूचना व प्रपत्र** | विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र **दिनांक 31.01.2024** से आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध रहेंगे व दिनांक **07.02.2024** से दिनांक **21.02.2024** तक ई–निविदा अपलोड की जा सकती है। | | |

सं.: 25–टेंडर/उपमुइंजी/नि०/वाराणसी दिनांक: 23.01.2024 265/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# इस बार नहीं होगी तीन दशक पुरानी बैलदौड़ प्रतियोगिता

अवधनामा संवाददाता



**मौदहा हमीरपुर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर कस्बे में लगभग तीन दशक से आयोजित होने वाली बैलदौड़ प्रतियोगिता इस बार नहीं होगी।जिसके चलते कस्बे सहित क्षेत्र वासियों में निराशा है तो वहीं प्रशासन ने गुटबाजी और यातायात बाधित होने के साथ ही पुलिस बल की कमी और हादसे का अंदेशा जताते हुए इस प्रतियोगिता की अनुमति देने से रोक लगा दी है। कस्बे के हुसैन गंज में प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस पर प्रदेश स्तरीय बैलदौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है जिसमें कपसा रोड पर स्थित रेलवे क्रासिंग से कमेला ग्राउंड के निकट तक लगभग तीन किलोमीटर की दूरी की प्रतियोगिता होती है।जिसका आनंद लेने के लिए हजारों की संख्या में क्षेत्रीय लोग इकट्ठा होते हैं।जिसमें ग्रामीणों की संख्या भी काफी होती है। हालांकि इस प्रतियोगिता में बड़े बड़े वीआईपी और राजनीतिक दलों के नेता मुख्य अतिथि की भूमिका भी निभा चुके हैं।और इस साल भी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना था जिसके होर्डिंग कस्बे में लग चुके थे और बैलदौड़ प्रतियोगिता की अनुमति भी एसडीएम द्वारा दी जा चुकी थी। लेकिन अचानक एसडीएम ने बैलदौड़ प्रतियोगिता की अनुमति को निरस्त कर दिया जिससे जहां आयोजकों को झटका लगा है तो वहीं कस्बे सहित क्षेत्र वासियों में निराशा है।बैलदौड़ प्रतियोगिता की अनुमति निरस्त करने में एसडीएम ने क्षेत्राधिकारी श्रेयस त्रिपाठी और कोतवाली प्रभारी चंद्रशेखर की आख्या को आधार माना है। जिसमें पुलिस ने कहा है कि गणतंत्र दिवस पर पुलिस को बाहरी जनपद में जाना पड़ेगा ऐसे में पुलिस के जवानों की ड्यूटी लगाने में परेशानी हो सकती है, साथ ही बैलदौड़ प्रतियोगिता में गुटबाजी, पशुओं को मारपीट कर दौड़ाने में पशुओं के साथ होने वाली क्रूरता और प्रतियोगिता में होने वाले हादसे की आशंका जिसमें पशु या इंसान के जीवन को भी खतरा हो सकता है सहित बांदा मौदहा की मुख्य सड़क पर बैलदौड़ प्रतियोगिता होने के कारण यातायात बाधित होने को भी आधार बनाया गया है।बताते चलें कि बीते साल नवंबर में तत्कालीन क्षेत्राधिकारी ने सपा नेता जावेद मेजर के प्रार्थना पत्र पर अनुमति दी थी और उसके बाद हुसैनिया निवासी वसीम उददीन उर्फ बच्चा ने भी अनुमति के लिए आवेदन किया था जबकि दोनों एकदूसरे के विरोधी बताए जा रहे हैं जिसके चलते गुटबाजी होने की सम्भावना बढ़ सकती थी जिसके चलते बैलदौड़ प्रतियोगिता की अनुमति निरस्त की गई है।

# मौदहा बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथग्रहण

अवधनामा संवाददाता



**मौदहा, हमीरपुर।** मौदहा बार एसोसिएशन का शपथग्रहण समारोह मंगलवार को अधिवक्ता भवन में सम्पन्न हुआ। जिसमें उपजिलाधिकारी ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद गोपनीयता की शपथ दिलाई है। उपजिलाधिकारी राजेश मिश्रा ने सभी नवनिर्वाचित बार के पदाधिकारियों को पद गोपनीयता की शपथ दिलाई है। जिसमें नवनिर्वाचित अध्यक्ष उदयभान सिंह, महामंत्री श्रीकांत राजपूत, कोषाध्यक्ष श्याम नरायण निगम सहित निर्विरोध निर्वाचित हुए वरिष्ठ उपाध्यक्ष अब्दुल हसीब, कनिष्ठ उपाध्यक्ष शिवबरन वर्मा, उमाशंकर मधुपिया एवं राजेंद्र मधुपिया व आडिटर उमाशंकर त्रिपाठी, संयुक्त सचिव राजबहादुर यादव, शंकर दयाल प्रजापति, मुहम्मद सादिक एवं कार्यकारिणी कनिष्ठ मोहम्मद फरहान, जीतेंद्र बहादुर, राजन परिहार ने पद गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। इस दौरान मौदहा बार एसोसिएशन एल्डर्स समिति के चेयरमैन वरिष्ठ अधिवक्ता हयात अहमद खान, उपजिलाधिकारी न्यायिक राजेश चंद्र, क्षेत्राधिकारी श्रेयस त्रिपाठी, तहसीलदार बलराम गुप्ता, नायब तहसीलदार महेंद्र गुप्ता सहित एडवोकेट मूलचंद राजपूत, एडवोकेट अयोध्या प्रसाद निगम, एडवोकेट हरिपाल सिंह, एडवोकेट प्रहलाद गुप्ता आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अशोक त्रिपाठी ने किया है।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस का भव्य तरीके से होगा आयोजन

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने अवगत कराया है कि इस बार 14वॉ राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन जनपद में भव्य तरीके से किया जायेगा, जिसमें वोट जैसे कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगें हम के थीम पर मनाया जायेगा, 25 जनवरी,2024 को बूथों तथा विभिन्न स्तरों पर भव्य तरीके से आयोजन किया जायेगा और मतदाताओं को मतदान करने हेतु शपथ भी दिलायी जायेगी, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्याग जन, ट्रांस जेण्डर सहित अन्य वर्गो के मतदाताओं को डायट परिसर राबर्ट्सगंज में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित भी किया जायेगा, जन सामान्य की व्यापक सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए कालेज, विद्यालयों से राष्ट्रीय मतदाता की भव्य रैली निकाली जायेगी, रैली में सभी मतदाता बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करेंगे, छात्र-छात्राओं को मतदाता की शपथ दिलाने के साथ स्लोगन, राईटिंग, निबन्ध आदि की प्रतियोगिता भी करायी जायेगी और विजेताओं को प्रशस्ति-पत्र भी देकर पुरस्कृत किया जायेगा, मतदाता दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जायेगा, इसके बाद मतदाता शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन भी किया जायेगा।

## विद्युत मजदूर संघ अनपरा-सोनभद्र कार्य समिति का गठन किया गया

**सोनभद्र/अनपरा।** उत्तर प्रदेश विद्युत मजदूर संघ अनपरा सोनभद्र स्थानीय डॉक्टर अंबेडकर सरस्वती विद्या मंदिर अनपरा सोनभद्र विद्यालय की प्रांगण में उत्तर प्रदेश विद्युत मजदूर संघ संबंध भारतीय मजदूर संघ एवं अखिल भारतीय विद्युत मजदूर महासंघ का राजेंद्र प्रसाद घिल्डियाल प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश विद्युत मजदूर संघ की अध्यक्षता एवं अनिल कुमार उपाध्याय प्रदेश महामंत्री भारतीय मजदूर संघ (उत्तर प्रदेश) धुरंधर शर्मा प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष उत्तर प्रदेश विद्युत मजदूर संघ एवं दशाराम यादव जिला मंत्री भारतीय मजदूर संघ सोनभद्र एवं शशिकांत श्रीवास्तव प्रदेश महामंत्री उत्तर प्रदेश विद्युत मजदूर संघ व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय विद्युत मजदूर महासंघ की उपस्थिति में वर्ष 2024 - 25 के लिए स्थानीय शाखा इकाई उत्तर प्रदेश विद्युत मजदूर संघ अनपरा- सोनभद्र कार्य समिति का गठन निम्नवत किया गया।

# उत्तर प्रदेश दिवस पर छात्रों ने उकेरी प्रदेश की आकृति

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय दरियापुर में बुधवार को उत्तर प्रदेश दिवस व राष्ट्रीय बालिका दिवस धूमधाम से मनाया गया।

प्रवक्ताओं ने उत्तर प्रदेश के साथ-साथ के विभिन्न सांस्कृतिक एवं परम्पराओं एवं प्रदेश के विभिन्न जिलों में शिल्प एवं कौशल विकास को विद्यार्थियों को बताया गया। प्रतियोगिताएं आयोजित कराई गई। सुक्ष्म प्रशिक्षण में कक्षा दस के छात्र सुमित कुमार ने बाजी मारी है। कला प्रतियोगिता में छात्रों से उत्तर प्रदेश का नक्सा बनवाया गया। छात्रों के सामान्य जानकारी के लिए प्रश्नावली तैयार कर एक सूक्ष्म प्रशिक्षण आयोजित कराई गई। जिसमें कक्षा दस के छात्र सुमित कुमार ने प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान कक्षा नौ के मदन मोहन,तृतीय स्थान हर्ष द्विवेदी ने प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता के अर्न्तगत कक्षा 11 के छात्र बीरू ने प्रथम, कक्षा 12 के सत्यम ने द्वितीय एवं कक्षा 8 के धनंजय प्रताप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कला प्रतियोगिता के अर्न्तगत छात्रों से उत्तर प्रदेश का नक्सा बनवाया गया, जिसमें बॉबी ने प्रथम, शिवआसरे ने द्वितीय एवं राजेश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में प्रवक्ता कु. गीता ने महिला सशक्तिकरण, बालिकाओं की शिक्षा पर विशेष प्रकाश डालते हुए राज्य व केन्द्र सरकार द्वारा बालिकाओं व महिलाओं हेतु संचालित कल्याण कारी एवं विलासनरक योजनाओं के बारें में छात्रों को विस्तृत रूप से जानकारी दी। व्यायाम शिक्षक ने बालिकाओं के शिक्षा के क्षेत्र में अग्रिण होने के लिए व अपने अधिकारों को प्राप्त करने स्वालम्बन बनने जैसे विषयों पर जानकारी दी। प्रधानाचार्य मंगला प्रसाद ने सभी को धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर प्रवक्ता राजेन्द्र प्रसाद, प्रवक्ता विजय कुमार, प्रवक्ता अनिल कुमार मौर्य,प्रवक्ता कु0 गीता, डॉ नरेन्द्र कुमार याज्ञनिक, प्रीती कुमारी, मनोज कुमार पाण्डेय,आराधना सिंह,दीप अग्रवाल, जगदीश, अमर त्रिपाठी, अमित कुमार, दिनेश अवस्थी सहित समस्त कर्मचारी मौजूद रहें।

## संक्षिप्त समाचार

### चोरी के माल सहित अभियुक्त गिरफ्तार

**हमीरपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कुरारा पुलिस द्वारा धारा 379/411 भारतीय दंड संहिता व 3/25 आर्म्स एक्ट में वांछित अभियुक्त रामकेश पुत्र तिल्ली निवासी ग्राम पतारा थाना कुरारा को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

### सड़क हादसे में युवक घायल

**मौदहा हमीरपुर।** देररात बाईक से गिरकर युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।बिंवार थाना क्षेत्र के ग्राम मसगवां निवासी राजा भय्या(37)पुत्र राम आसरे बाईक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे परिजनों द्वारा इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां से घायल को गंभीर हालत में प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।फिलहाल युवक को गंभीर चोंटे बताई जा रही हैं।

### अलग अलग दो सड़क हादसों में तीन घायल

**सुमेरपुर हमीरपुर।** अलग-अलग मार्गो में हुई दो मार्ग दुर्घटनाओं में बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। सभी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पहली घटना दोपहर में नरायनपुर गांव में हुई यहां तेज रफ्तार लोडर ने बाइक सवार युवक सुमित विश्वकर्मा 20 वर्ष को हाईवे में चढ़ते समय टक्कर मार दी। इस घटना में सुमित की बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और उसके पैरों में चोट लगी है। उसे परिजनों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। दूसरी घटना दोपहर बाद बांदा मार्ग में धर्मेश्वर बाबा मुहाल के समीप हुई। इस घटना में दो बाइकें टकरा गईं। इसमें कस्बा के अमिलिया बाड़ा निवासी अरविंद एवं लीलाधर घायल हो गए। दोनों तेरहवीं के कार्ड बांटने धर्मेश्वर बाबा मुहाल जा रहे थे। दूसरी बाइक का चालक घायल होने के बाद मौके से बाइक सहित भाग निकला। दोनों को गंभीर हालत में उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को सदर अस्पताल रेफर किया गया है।

### गनबाड़ी पर लगाए धांधली के आरोप

**सुमेरपुर हमीरपुर।** जलाला की प्रधान ने बाल विकास परियोजना अधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर पंचायत के मजरा भमौरा में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका के ऊपर 6 माह से केंद्र न खोलने तथा पोषाहार वितरण न करने का आरोप लगाकर वेतन रोककर जांच करके कार्यवाही करने की मांग की है। ग्राम पंचायत जलाला की प्रधान बिट्टो ने बाल विकास परियोजना अधिकारी कामिनी पाल को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि पंचायत के मजरा भमौरा में कार्यरत आंगनवाड़ी कार्यकत्री रीता एवं सहायिका पिछले 6 माह से केंद्र का संचालन नहीं कर रही हैं और न ही पोषाहार का वितरण करती हैं। प्रभारी बाल विकास अधिकारी कामिनी पाल ने बताया कि ग्राम प्रधान को जांच कराकर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

### पाईप लाईन में लीकेज के चलते बरबाद हो रहा पानी

**सुमेरपुर हमीरपुर।** कस्बे के वार्ड संख्या 11 के सभासद प्रतिनिधि ने जल संस्थान के अवर अभियंता को शिकायती पत्र सौंपकर वार्ड में जगह-जगह पाइपलाइन लीकेज होने का आरोप लगाकर मरम्मत कराए जाने की मांग की है। वार्ड संख्या 11 के सभासद प्रतिनिधि अमित उर्फ राधे शुक्ला ने जल संस्थान के अवर अभियंता विश्वलेंद्र नाथ को शिकायती पत्र सौंपकर आरोप लगाया है कि वार्ड में मुन्नू अंडा वाली गली के साथ कई जगहों पर पाइप लाइन लीकेज होने से जल आपूर्ति में बाधा पैदा हो रही है और रास्तों में लगातार पानी बहने से लोगों को आने-जाने में दिक्कत हो रही है। शिकायत के बाद भी जल संस्थान कर्मी लीकेज ठीक नहीं कर रहे हैं। सभासद प्रतिनिधि ने अवर अभियंता से वार्ड के सभी लीकेज ठीक करने की मांग की है।

### क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच आज

**सुमेरपुर हमीरपुर।** क्षेत्र के ग्राम पंधरी में चल रहे स्वर्गीय नवीन संजय रीतू क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच गुरुवार को खेला जाएगा। विजेता टीम को 55 हजार तथा उपविजेता टीम को 21हजार रुपये नगद के साथ ट्राफी प्रदान की जाएगी। टूर्नामेंट के आयोजक पूर्व प्रधान अरविंद उर्फ बाले गुप्ता ने बताया कि क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच गुरुवार को मानस क्रिकेट क्लब सायर एवं आर क्रिकेट क्लब मौहर के मध्य खेला जाएगा।

### ओ.बी.सी कोल एम्प्लोयीज वेल्फेयर एसोशिएशन के पहल की हुई जीत



**सोनभद्र/सिंगरौली।** एनसीएल के महाप्रबंधक वित्त के लिखित आदेश के आधार पर वर्ष 2018 से एनसीएल कर्मचारियों व अधिकारियों के चिकित्सकीय बिल भुगतान को सकल आय मे जोड़ कर आयकर की कटौती की जा रही थी, जो गलत था इस पर ओबीसी एसोशिएशन ने चिकित्सकीय बिल को सकल आय मे न जोड़ने व चिकित्सकीय बिल पर आयकर न काटने के लिए 161 पन्नो का दस्तावेज, CMD NCL को प्रेषित किया गया था, जिसके आधार पर एनसीएल के महाप्रबंधक वित्त द्वारा 13 जनवरी 2024 को आदेशीत किया जिसमे अब से चिकित्सकीय बिल भुगतान पर आयकर की कटौती नही की जाएगी। साथ ही ओबीसी एसोशिएशन के महासचिव जय बहादुर सिंह यादव ने इस कार्य के लिए ष्टस्ष्ठ महोदय को धन्यवाद देते हुये बताया कि, पूर्व मे काटे गए आयकर राशि की वापसी कराये जाने के लिये संगठन प्रयास करेगा।

### डिप्टी जेलर पद पर चयनित हुए आनंद



**बांदा।** पीसीएस परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। अतर्रा चुंगी निवासी आनंद सिंह राजपूत का चयन डिप्टी जेलर के पद पर हुआ है। वह स्व. शिक्षक नंदकुमार सिंह के पुत्र हैं। आनंद की प्रारम्भिक शिक्षा कक्षा 1 से 5 तक शिशु मंदिर शास्त्री नगर और कक्षा 6 से 12 तक सरस्वती विद्या मंदिर शास्त्री नगर से हुई। अपने स्कूली दिनों से मेधावी रहे आनंद ने अपनी स्नातक अतर्रा डिग्री कालेज से पूरी की। इसके बाद दिल्ली में रहकर प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी की। मेहनत और लगन तथा परिजनों और शिक्षकों के आशीर्वाद से आनंद को दूसरे प्रयास में सफलता हाथ लगी। मालुम हो कि साक्षात्कार के एक दिन पहले पिता की हार्टअटैक से मृत्यु हो गई थी। बेटे ने अफसर बनकर पिता को दी सच्ची श्रद्धांजलि दी।

# चौरा बिजौरा के जंगलों में धड़ल्ले से हो रहा है अवैध पत्थर का खनन

**जुगैल क्षेत्र अवैध रूप से कार्य करने वालों के लिए बना सेफ जोन**

अवधनामा संवाददाता



**चोपन/ सोनभद्र।** तु डाल डाल मैं पात पात की कहावत को चरितार्थ कर जुगैल थाना क्षेत्र में धड़ल्ले से पत्थर का अवैध खनन किया जा रहा है सबकुछ जानते हुए भी जिम्मेदार मौन हैं जिसको लेकर सवालिया निशान खड़ा हो हो रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक जुगैल थाना क्षेत्र के चौर बिजौरा के जंगलों में काफी दिनों से अवैध पत्थर का खनन किया जा रहा है खननकर्ता क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर बोल्डर की सप्लाई कर धनार्जन कर रहे हैं वहीं मौजूदा समय में गायघाट के मखोली टोले में ग्राम पंचायत द्वारा कराये जा रहे कार्य में इन्ही अवैध बोल्डर का प्रयोग किया जा रहा है अब सवाल उठता है कि जब इस कार्य का स्टीमेट बना तो क्या स्थानीय मटेरियल का स्टीमेट बना था कार्यप्रभारी को क्या नहीं दिखाई दे रहा है कि निर्माणकार्य में मटेरियल कहां का लग रहा है। बताया जाता है कि क्षेत्र में जितने भी नाली, पुलिया, चेकडैम आदि का निर्माण कराया जा रहा है सभी कार्यो में अवैध बोल्डर बालू का बेखौफ प्रयोग किया जा रहा है सुत्रो की मानें तो जुगैल थाने में तैनात एक तथाकथित कारखास के इशारे पर इन दिनों बड़ी तेजी से अवैध कार्य फल फूल रहे हैं वहीं वन विभाग के भी जिम्मेदार चुप्पी साधे हुए हैं जिससे लोगों का कहना है कि सब की मिलीभगत से अवैध खनन किया जा रहा है वहीं लोगों का कहना है कि कई बार इसकी शिकायत की गई परंतु आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई जिसके चलते अवैध खनन कर्ताओं का कार्य धड़ल्ले से जारी है वहीं जिम्मेदारों की चुप्पी से सरकार की छवि धुमिल हो रही है। गौरतलब है कि जुगैल क्षेत्र में नेटवर्क का होना यहां के अवैध खनन कर्ताओं के लिए सबसे बड़ा हथियार है वैसे तो कभी कभार अपनी पीठ थपथपाने के लिए छोटी मोटी कार्यवाही की जाती रही है परन्तु मौजूदा समय में तो बेखौफ होकर अवैध खनन कर्ता अपने कार्य को अंजाम दे रहे हैं यहीं नहीं सोननदी के तटीय इलाकों में दर्जनों ट्रैक्टर और टीपरों से बालू का खनन किया जा रहा है और खननकर्ता मालामाल हो रहे हैं देखना होगा कि इसपर किस हद तक लगाम लगती है या फिर यूं ही अवैध खनन खेल चलता रहता है यह एक यक्ष प्रश्न है।वहीं इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी निरीक्षक जुगैल से टेलीफोन से बात करने की कोशिश की गई लेकिन कोई जवाब नहीं मिला।

# पुलिस लाइन में रैतिक परेड का हुआ ड्रेस रिहर्सल



**बांदा।** गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां की जा रही हैं। पुलिस लाइन में बुधवार को रैतिक परेड का आयोजन किया गया। एसपी ने निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस लाइन् में भव्य गणतंत्र दिवस परेड का आयोजन किया जायेगा जिसकी पुलिस लाइन में सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। ड्रेस रिहर्सल का अभ्यास किया गया। इसमें फुल ड्रेस रिहर्सल की गई। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा गणतंत्र दिवस परेड की तैयारियों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। गणतंत्र दिवस पर विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी पुलिस लाइन में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें रैतिक परेड के साथ-साथ स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम का आयोजन पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में सुबह साढ़े आठ बजे से शुरू होगा और साढ़े नौ बजे मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा

# यूपी दिवस पर विविध कार्यक्रम हुए आयोजित वक्ताओं ने डाला प्रकाश

**टूरिज्म के साथ भारतीय संस्कृति का हुआ विस्तार: भूपेश**

अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश दिवस महोत्सव का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान परिसर में जिला पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सदर विधायक भूपेश चौबे एवं मुख्य विकास अधिकारी सौरव गंगवार एवं अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट सुभाष चंद्र यादव ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पूजन अर्चन से किया।

इस मौके पर अतिथियों द्वारा विभिन्न विभागों के स्टॉल का निरीक्षण भी किया गया। बुधवार आयोजित यू पी महोत्सव में राजकीय बालिका इंटर कालेज एवं मां वैष्णो मॉडर्न पब्लिक स्कूल की छात्राओ द्वारा सरस्वती वंदना, विंध्य कन्या महाविद्यालय परिवार की छात्राओ द्वारा सुंदर स्वागत गीत सहित DAV College के बच्चों द्वारा समूह गान एवं रासलीला , श्री एकेडमी विधालय के बच्चों द्वारा देशभक्ति नृत्य, आदिवासी सिलथम कॉलेज रामगढ़ द्वारा कवाल्ली की प्रस्तुति की गई। मां वैष्णो मॉडर्न पब्लिक स्कूल कक्षा 2 की छात्रा आराध्या नंदन ने सुंदर भरतनाट्यम नृत्य की प्रस्तुति से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। इस महत्वपूर्ण दिवस के अवसर पर सदर विधायक भूपेश चौबे द्वारा अपने संबोधन में उत्तर प्रदेश महोत्सव के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम का सुंदर संयोजन जिला विद्यालय निरीक्षक आर पी यादव द्वारा किया गया एवं धन्यवाद ज्ञापन बृजेश कुमार (जिला पर्यटन अधिकारी )महोदय द्वारा ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी सहदेव मिश्र ,अपर जिला सूचना अधिकारी, उप कृषि निदेशक महोदय भी उपस्थित रहे ।आयोजन को सफल बनाने हेतु डाइट परिवार से प्रवक्ता गण नीरज , राजेश मौर्य , अवधेश सिंह , सुनील मौर्या , जिज्ञासा यादव , रिचा ओझा , शबनम मैम सहित बेसिक शिक्षा परिवार से वरिष्ठ शिक्षक संदीप पांडे ,ARP अरुणेश पांडे , अमित चौबे, अशोक कुमार, शशांक चतुर्वेदी , कुंज लता त्रिपाठी , शशि कला सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों के शिक्षक शिक्षिकाएं , मीडिया बंधु जन भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक आनंद त्रिपाठी द्वारा किया गया।

# अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह का समापन

अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/डाला।** अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री के डाला चढाई स्थित ट्रक यार्ड में बुधवार की दोपहर सड़क सुरक्षा सप्ताह का समापन सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए जागरुकता संदेश देकर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीमेंट फैक्ट्री के यूनिट हेड संदीप हिवारेकर रहे। मुख्य अतिथि ने बताया कि सुरक्षा हमारी प्राथमिकता ही नही वरन वैल्यू है। हमारे कर्मचारियों की सम्पूर्ण सुरक्षा हमारा एक मात्र उद्देश्य है, राष्ट्रीय आंकड़े के अनुसार कारखानों से अधिक सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं का प्रतिशत ज्यादा है। हमारे देश मे प्रति वर्ष डेढ़ लाख से भी अधिक लोग सड़क दुर्घटना मे मारे जाते हैं। नियमों का पालन स्वयं के लिए होता है, चालकों का हर वर्ष नियमित स्वास्थ परिक्षण किया जाता है।वाहन को तेज रफ्तार मे न चलाएं। विशिष्ट अतिथि मानव संसाधन प्रमुख पंकज पोद्दार ने बताया कि बिमारी से ज्यादा सड़क दुर्घटनाओं में मौत होती है, नियमों का पालन करने से आपकी स्वंम सुरक्षा होगी ।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे लाजिस्टेक हेड थलराज सिंह ने सड़क सुरक्षा सप्ताह होने वाली सभी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई। सड़क सुरक्षा की जागरूकता के लिए नाटक मंच और जागरूकता शपथ दिलाया गया। सड़क सुरक्षा सप्ताह में बेहतर ट्रान्सपोर्टर, मालिक, मैनेजर समेत चालकों को सम्मानित किया गया। इस दौरान एचओडी विश्वजित मित्रा व दीपक खरखर, राजाराम चौधरी, एवम रमापति शुक्ला,अमित मिश्रा, शिवेंद्र सिंह सुरेश शर्मा एवम ट्रांसपोर्ट से मुन्ना पटेल, संतोष चौबे,राजेश पटेल मनोज पाठक एवम स्टाफसमेत सैकडों चालक मौजूद रहे।

## ठंड और कोहरे के कारण गेहूं की फसल के नुकसान की संभावना

**सुमेरपुर हमीरपुर।** पिछले एक माह से पड़ रहे कोहरे के साथ भीषण ठंड ने दलहनी, तिलहनी फसलों के साथ गेहूं की फसल की सेहत बिगाड़ दी है। लगातार पड़ रहे कोहरे एवं ठंड से गेहूं की फसल बरर गई है। इससे उत्पादन कम होने का भय किसानों को सताने लगा है। कृषि वैज्ञानिकों का दावा है कि धूप खिलने के बाद फसलों में सुधार होगा।

विदोखर पुरई के किसान अमर सिंह ने बताया कि एक माह से लगातार पड़ रहे कोहरे ने मटर, मसूर, सरसों, अलसी की फसलों में विपरीत असर डाला है। इन फसलों से फूल पूरी तरह से गायब है। साथ ही अधिक ठंड से गेहूं की फसल बरर रही है। इससे उत्पादन कम होने की संभावना बनने लगी है। इंगोहटा के किसान बल्लू प्रजापति ने बताया कि इस कोहरे के विपरीत असर का प्रभाव मौसम साफ होने के बाद पता चलेगा।

# प्रदर्शनी का आयोजन कर दी गई योजनाओं की जानकारियां

**तेजी के साथ हो रहा है उत्तर प्रदेश का विकास: सांसद**

अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** उत्तर प्रदेश के 75 वें स्थापना दिवस (उत्तर प्रदेश दिवस) के मौके पर रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। सांसद बांदा-चित्रकूट आरके सिंह पटेल, आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बांदा बालकृष्ण त्रिपाठी और डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। सांसद ने उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सभी को शुभकामनायें दीं। कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने वर्ष 2018 से उत्तर प्रदेश के गौरव को बढ़ाने के लिए उत्तर प्रदेश दिवस मनाये जाने का निर्णय लिया, जो कि तब से प्रतिवर्ष मनाया जाता है।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश का विकास तेजी से हो रहा है और केन्द्र व प्रदेश में डबल इंजन की सरकार प्रदेश का कायाकल्प विकास कार्यो के साथ कर रही है। उन्होंने कहा कि पहले उत्तर प्रदेश को पिछडा और बीमारू राज्य कहा जाता था, लेकिन अब उत्तर प्रदेश में नित नये विकास कार्यो को करने के साथ उत्तर प्रदेश देश के अन्य राज्यों में अग्रणी स्थान प्राप्त कर उत्तर प्रदेश से उत्तम प्रदेश बन रहा है। उन्होंने कहा कि चित्रकूटधाम मण्डल बांदा के चित्रकूट जनपद में पहाडों पर सबसे बडा हावाई अड्डा व रनवे तैयार किया गया है। इसके साथ ही बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे, गंगा एक्सप्रेस वे सहित कई राष्ट्रीय राज्यमार्ग, सड़क व पुलों का निर्माण किया गया है, इसके साथ ही कानून व्यवस्था में बृहद सुधार हुआ है, जिससे आकर्षित होकर उद्यमी प्रदेश में अपना उद्योग स्थापित करने हेतु आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि बालिकायें हर क्षेत्र में आगे बढ रही हैं, देश में पहली बार प्रधानमंत्री ने महिलाओं की सेना में भर्ती के लिए महिला रेजीमेन्ट बनायी है। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार सभी वर्गो के हितों में योजनायें संचालित कर भारत को 2047 तक विकसित प्रदेश व विकसित राष्ट्र बनाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में पर्यटन की भी असीम सम्भावनायें हैं। उन्होंने कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी व ग्रामीण के लाभार्थियों को आवास की चाभी का वितरण, विश्वकर्मा श्रम सम्मान के अन्तर्गत महिलाओं को आत्मनिर्भर व स्वावलम्बी बनाने के लिए सिलाई मशीन का वितरण, खादी ग्रामोद्योग विभाग द्वारा निःशुल्क पापकार्न मशीन का वितरण तथा महिला स्वयं सहायता समूह के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही उन्होंने पॉच बच्चों का अन्नप्रासन तथा पॉच गर्भवती महिलाओं को पोषाहार का वितरण किया। इसके साथ ही स्वामी विवेकानन्द सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत डिग्री कॉलेज की छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन का वितरण भी किया गया।

आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बांदा श्री बालकृष्ण त्रिपाठी ने कहा कि उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए सरकार द्वारा अनेकों जनकल्याणकारी योजनायें संचालित की हैं। कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, आयुष्मान भारत योजना आदि महत्पूर्ण योजनायें संचालित हैं तथा विकसित भारत संकल्प यात्रा के द्वारा भी केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के वंचितों को जोडकर लाभ देने का कार्य किया जा रहा है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने उत्तर प्रदेश दिवस एवं राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बधाई देते हुए कहा कि कई योजनाओं में प्रदेश प्रथम स्थान पर है तथा हर क्षेत्र व हर वर्ग के विकास के लिए सरकार द्वारा योजनायें संचालित की गयी हैं।

# योगी प्रेरणा केंद्र हमेशा युवाओं के लिए प्रेरणा का केंद्र रहेगा: दानिश

अवधनामा ब्यूरो

- पीएम और सीएम सबका साथ सबका विकास कर रहे हैं
- प्रोफेसर शारिब रुदौलवी गंगा जमुनी तहज़ीब की मिसाल
- समाज में अच्छा काम करने वालों को सम्मान देना हमारी प्राथमिकता



**लखनऊ।** उर्दू अकादेमी भवन के चौथा तल स्थित फखरुद्दीन अली अहमद मेमोरियल कमेटी में योगी प्रेरणा केंद्र का उद्घाटन राजयमंत्री दानिश आज़ाद अंसारी और प्रमुख सचिव भाषा जितेंद्र कुमार के हाथों हुआ इस अवसर पर एक कॉन्फ्रेंस हाल गोशाए शारिब का भी उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर बोलते हुए मंत्री दानिश आज़ाद ने कहा कि योगी प्रेरणा केंद्र हमेशा युवाओं के लिए प्रेरणा का केंद्र रहेगा उन्होने कहा कि पीएम और सीएम सबका साथ सबका विकास कर रहे हैं कर्पूरी ठाकुर को किसी ने सम्मान देने कि कोशिश नहीं कि हमारे प्रधानमंत्री ने भारत रत्न देने का एलान किया महापुरुषों और समाज में अच्छा काम करने वालों को सम्मान देना हमारी प्राथमिकता है प्रोफेसर शारिब रुदौलवी गंगा जमुनी तहज़ीब कि मिसाल है कॉन्फ्रेंस हाल उनके नाम समर्पित करते हुए फख्र महसुस हो रहा है उन्होने शारिब रुदौलवी गोल्ड मेडल फखरुद्दीन अली अहमद मेमोरियल कमेटी कि तरफ से दिये जाने का एलान किया। मंत्री ने कमेटी के चेयरमैन तुरज ज़ैदी कि तारीफ करते हुए कहा कि सीमित संसाधन के बीच बहुत बड़े बड़े काम किये उन्होने कहा कि इनकी कार्यशैली से अकादेमी और सरकारदोनों के कामों का प्रचार प्रसार हुआ है उन्होने कहा कि कश्मीर तक के छात्र इस अकादेमी से लाभान्वित हुए है यह इनकी कार्यशैली को दर्शाता है उन्होंने कहा कि जहां पार ज़रुरत पड़ेगी मैं सहयोग को तैयार हूँ।

स अवसर पर कमेटी के चेयरमैन अतहर सगीर ज़ैदी तुरज ज़ैदी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सभी वर्गो के साथ इंसाफ और विकास से प्रेरणा लेते हुए कमेटी ने योगी प्रेरणा केंद्र की स्थापना का निर्णय लिया जिससे की योगी जी की सबका साथ सबका विकास के युग पुरुष से प्रेरणा मिलती रही । उन्होंने कहा कि प्रोफेसर शारिब रुदौल्वी मौजूदा युग के उर्दू के सबसे बड़े निर्विवादित और उर्दू के छात्रों को आगे बढ़ाने के योगदान को भुलाया नही जा सकता इसलिए गोशाए शारिब कांफ्रेंस हाल बनाया गया है जिसमे किताबों का विशाल संग्रह होगा

प्रमुख सचिव भाषा जितेन्द्र कुमार ने इस अवसर पर खुशी का इजहार किया और कहा कि कमेटी ने बहुत अच्छे कार्य किए जहां पर जरूरत रही वहां पर शासन ने नियमनुसार सहयोग किया उन्होने कहा कि मैं जनता हूँ कि कमेटी के कम बजट से काम प्रभावित हो रहा फिर भी चेयरमैन बड़े बड़े काम कर रहे मैं कोशिश करूंगा इसका बजट बढ़ाया जाये।

प्रोफेसर शारिब रिदौलवी पर बोलते हुए छ्ह्र रेशमा परवीन ने कहा कि हम सबसे पहले कमेटी का खासकर चेयरमैन का शुक्रिया अदा करते हैं जिन्होने गोशाए शारिब बनाकर एक अज़ीम काम किया है शारिब साहब ने जिस तरह छात्रों की मदद की उसको हमेशा याद रखा जायेगा इतनी उम्र और कमजोरी के बाद भी वो छात्रों की मदद केलिए हमेशा मौजूद रहते शिक्षा से ज्यादा मोहब्बत रखने वाले शारिब साहब ने इल्म की शमा रौशन रहे इसके लिए अपनी बेटी के नाम से शोआ गर्ल्स कॉलेज बना कर कमेटी के सचिव आदिल मनाज़िर ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि चेयरमैन की कोशिश हमेशा रही की कमेटी की कार्यशैली को बहुत लोगों को फायदा पहुंचाया सञ्चालन डॉ रेशमा परवीन ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वामिक , अज़मी, एस एन लाल डॉ. सरवत तक़ी, आसिफ रिज़वी, अख्तर ज़ैदी आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस मुख्यालय पर मनाई गई कर्पूरी ठाकुर की जयंती

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** भारत के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, शिक्षक, राजनीतिज्ञ और बिहार के दूसरे उपमुख्यमंत्री और दो बार मुख्यमंत्री रहे कर्पूरी ठाकुर की जयंती बुधवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मनायी गयी। प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह और संगठन महासचिव अनिल यादव ने स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर का जन्म ब्रिटिश शासन काल के दौरान समस्तीपुर के गांव पितौंझिया में हुआ था, जिसे अब कर्पूरी ग्राम कहा जाता है। 1940 में मैट्रिक की परीक्षा पटना विवि से पास करने के बाद 1942 में छिड़े भारत छोड़ो आंदोलन में हिस्सा लिया। 26 महीने तक भागलपुर के कैम्प जेल में यातना भुगतने के बाद 1945 में रिहा हुए। इसके बाद वे 1948 में आचार्य नरेन्द्र देव और जयप्रकाश नारायण के समाजवादी दल में प्रादेशिक मंत्री बने। श्री सिंह ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर ने हमेशा दलित, शोषित और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए प्रत्यनशील और संघर्ष करते रहे। उनका सादा जीवन, सरल स्वभाव, स्पष्ट विचार और अदम्य इच्छा शक्ति बरबस ही लोगों को प्रभावित कर लेती थी। लोग उनके विराट व्यक्तित्व के प्रति आकर्षित हो जाते थे। बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में उसे प्रगति पथ पर लाने और विकास को गति देने में उनका अपूर्व योगदान हमेशा याद किया जाएगा।

# जम्हूरियत देश के नागरिकों के लिए उपहार: खालिद रशीद

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** जम्हूरियत देश के तमाम नागरिकों के लिए बेहतरीन उपहार है। अंग्रेजों के कब्जे से देश को आजाद कराने के बाद हमारे बुजुर्गो ने यहां जम्हूरियत के आधार पर हुकूमत की स्थापना की। जम्हूरियत की स्थापना और उसकी हिफाजत के लिए बड़ी कोशिशें कीं। इस जम्हूरियत की सुरक्षा हम सबकी जिम्मेदारी है। यह बात इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया के चेयरमैन व इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कही। वे बुधवार को ऐशबाग ईदगाह स्थित दारुल उलूम निजामिया फरंगी महल में तीन दिवसीय गणतंत्र दिवस समारोह के तहत दारुल उलूम और शाहीन एकेडमी के विद्यार्थियों के बीच राष्ट्रीय ध्वज पेंटिंग प्रतियोगिता का उद्घाटन कर रहे थे। मौलाना ने कहा कि इस तरह के समारोह का मकसद विद्यार्थियों और नई पीढ़ी को देश के इतिहास और अपने बुजुर्गो की कुर्बानियों से अवगत कराना है।

प्रतियोगिता में पहले स्थान पर मोहम्मद अयाज, मोहम्मद जकारिया दूसरे और मोहम्मद याकूब ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। जूनियर ग्रुप में मोहम्मद हारून शादाब प्रथम, अब्दुर्रहमान द्वितीय और मोहम्मद इलयास ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को गणतंत्र दिवस समारोह में ध्वजारोहण के बाद पुरस्कृत किया जाएगा।

## पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री वाराणसी में गणतंत्र दिवस में होंगे शामिल

**लखनऊ।** प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री एवं प्रभारी मंत्री वाराणसी जयवीर सिंह कल अपरान्ह से वाराणसी के दौरे पर रहेंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार पर्यटन मंत्री 25 जनवरी को शाम तक सर्किट हाउस वाराणसी पहुंचेंगे। अगले दिन 26 जनवरी, 2024 को 75वें गणतंत्र दिवस 2024 समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। यह कार्यक्रम पुलिस लाइन वाराणसी में पूर्वान्ह 09:30 बजे से आयोजित किया गया है।

# लखनऊ से फ्लैग ऑफ कर इन लाभार्थियों को किया दिल्ली रवाना

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** देश की राजधानी दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड-2024 के अवसर पर उत्तर प्रदेश के प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के 10 लाभार्थियों को विशेष अतिथि के रूप में कर्तव्य पथ पर प्रतिभाग के लिए उत्तर प्रदेश से आमंत्रित किया गया है। जनपद वाराणसी, अयोध्या, गोरखपुर, बाराबंकी एवं खीरी से दो-दो लाभार्थी गणतंत्र दिवस परेड-2024 में प्रतिभाग के लिए चिन्हित किये गये है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा बुधवार को 07-कालीदास मार्ग, लखनऊ से फ्लैग ऑफ कर इन लाभार्थियों को दिल्ली के लिए रवाना किया गया। इसके पूर्व उपमुख्यमंत्री जी द्वारा सभी लाभार्थियों से परिचय प्राप्त किया गया तथा उन्हें अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया तथा कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के लिए चयनित किये जाने पर उन्हें बधाई भी दी। उन्होंने गणतंत्र दिवस आयोजित होने वाली परेड के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के लाभार्थियों को आमंत्रित किये जाने के लिए प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद दिया। उप मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना -ग्रामीण में देश में टाप पर है। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के 10 लाभार्थियों को विशेष अतिथि के रूप में कर्तव्य पथ पर प्रतिभाग के लिए उत्तर प्रदेश से आमंत्रित किया गया है।

# यूथ आइकॉन विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के प्रयासों से सरोजनीनगर बन रहा स्पोर्ट्स हब



- वॉलीबॉल फेडरेशन ऑफ़ इंडिया को भी डॉ. राजेश्वर सिंह ने 21000 रुपये देकर किया सम्मनित

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** सरोजनीनगर स्पोर्ट्स लीग के चौथे चरण में खेले जा रहे इंटर स्कूल ब्वॉयज वॉलीबॉल चैंपियनशिप का ग्रैंड फिनाले बुधवार को वृंदावन योजना स्थित एस.के.डी एकेडमी में खेला गया। अद्भुत जोश और अपरिमित उमंग से भरे इंटर स्कूल ब्वॉयज वॉलीबॉल चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला पीबीएसएन इंटर कॉलेज और एस.के.डी एकेडमी के बीच हुआ, 3 चरण के इस मैच में पहले चरण में एस.के.डी एकेडमी ने 25 एवं पीबीएसएन इंटर कॉलेज ने 12 पॉइंट, दूसरे चरण में एस.के.डी एकेडमी ने 25 एवं पीबीएसएन इंटर कॉलेज ने 13 पॉइंट, तीसरे चरण में एस.के.डी एकेडमी ने 25 एवं पीबीएसएन इंटर कॉलेज ने 20 पॉइंट बटोरे, तीनों चरण में एस.के.डी एकेडमी ने बढ़त बनाकर फाइनल का खि़ताब अपने नाम कर लिया। मैच के उपरांत विधायक डॉ राजेश्वर सिंह ने विजेता टीम एस.के.डी एकेडमी को 25 हजार और उपविजेता टीम पीबीएसएन इंटर कॉलेज को 11 हजार रुपये की इनामी राशि के साथ प्रशस्ति पत्र, वॉलीबॉल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। वहीं वॉलीबॉल फेडरेशन ऑफ़ इंडिया को भी डॉ राजेश्वर सिंह ने 21000 रुपये देकर सम्मनित किया। बता दें कि इंटर कॉलेज बॉयज वॉलीबॉल चैंपियनशिप में कुल 28 टीमों ने हिस्सा लिया है था जिसमें 336 से अधिक खिलाडियों नें अपना बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस रोमांचक मैच के दौरान विधायक डॉ राजेश्वर सिंह समेत सभी दर्शकों नें ताली बजाकर युवा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

## अनीस मंसूरी ने कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनीस मंसूरी ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि भारत सरकार ने चुनाव में लाभ लेने के लिए कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने की घोषणा की है। अगर सरकार को लगता है कि सम्मान देने में देर हुई तो तत्काल प्रभाव से कर्पूरी ठाकुर फार्मूला लागू कर देश में पिछड़ों, श्रमिकों, मजदूरों, दलितों और पसमांदा समाज के वंचितों को आरक्षण का लाभ दे, यही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए अनीस मंसूरी ने कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने की घोषणा को केन्द्र सरकार का चुनावी स्टण्ट बताया। उन्होंने कहा कि कर्पूरी ठाकुर ने बिहार में मुख्यमंत्री के तौर पर 1978 में सरकारी सेवाओं में पिछड़ों को 26 प्रतिशत आरक्षण दिया था। एक सेकुलर नेता के तौर पर वह पहले व्यक्ति थे, जिन्होंने पिछड़े वर्गों में वंचितों को अलग से वर्गीकृत किया। कर्पूरी ठाकुर को इस महान काम के लिए हमेशा याद किया जाएगा।

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकालने की रणनीति तय

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस की ओर से आयोजित जोनल संवाद कार्यक्रम के बाद अवध जोन का जनपद स्तरीय संवाद कार्यशाला बुधवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित हुई। जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में आयोजित कार्यशाला का आयोजन प्रदेश महासचिव व लखनऊ प्रभारी राकेश राठौर की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ। संवाद कार्यक्रम में 26 जनवरी से 29 जनवरी तक सभी ब्लॉकों में जिला स्तरीय भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकालने की रणनीति तय हुई। पार्टी प्रवक्ता डॉ. हिलाल अहमद नकवी ने बताया कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में निकाली जा रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समर्थन में 26 से 29 जनवरी तक प्रदेश के सभी जनपदों में जिला स्तरीय भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाली जाएगी। बुधवार को हुई बैठक में लखनऊ के सभी ब्लॉकों और वार्डो के प्रभारी नियुक्त किये गये। बैठक में संगठन को मजबूत करने के साथ ही क्राउड फंडिंग अधिक से अधिक करने की भी योजना तैयार हुई।

# प्रदेश वैक्सीन उत्पादन में बनेगा आत्मनिर्भर: धर्मपाल

**मैत्री कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहन स्वरूप 62.52 लाख रूपये की धनराशि डीबीटी के माध्यम से दी गयी: पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह**

- प्रदेश के 37 जनपदों में बनने वाले 74 वृहद गो संरक्षण केन्द्रों का वर्चुअली शिलान्यास
- मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालन प्रोत्साहन योजना हेतु लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र दिये गये

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने आज यहां पशुपालन निदेशालय के परिसर में स्थित पशु जैविक औषधि संस्थान के पुनरोंद्धार एवं आधुनिकीकरण कार्य का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 15 करोड रुपये की लागत की कार्य योजना से संस्थान द्वारा 31 दिसम्बर, 2024 तक गलाघोटू, बी0क्यू0, ईटीवी एवं स्वाइन फीवर वैक्सीन का उत्पादन प्रारम्भ होगा और भविष्य में प्रदेश वैक्सीन उत्पादन में आत्मनिर्भर बनेगा। सिंह ने कार्यक्रम में वर्चुअली रूप से प्रदेश के 37 जनपदों में 118.49 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले 74 वृहद गो संरक्षण केन्द्रों का भी शिलान्यास किया। जिसमें करीब 30 हजार निराश्रित गोवंश को आश्रय प्राप्त होगा। पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने उ0प्र0 स्थापना दिवस के अवसर पर पशुपालन विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं निर्माण कार्यों का शिलान्यास एवं शुभारम्भ किया।

सिंह ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना के तहत 05 लाभार्थियों मलिहाबाद की खुशबू एवं पीयूष कुमार सिंह को 10 हजार रुपये, अनुपम कुमार द्विवेदी वीरेन्द्र कुमार तथा चन्द्र शेखर को 15 हजार रुपये की धनराशि बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से अंतरित की। उन्होंने चयनित लाभार्थियों से संवाद किया और प्रशस्ति पत्र वितरित करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा देशी नस्ल की गायों को संरक्षित करने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। योजना के तहत स्वदेशी नस्ल के उच्च गुणवत्तायुक्त स्वदेशी गायों के दुग्ध उत्पादन के दृष्टिगत उनके नस्ल के आधार पर 15000 रूपये अथवा 10000 रूपये का पुरस्कार संबंधित गौवंश के पशुपालक को जीवनकाल में एक बार देय होगा तथा एक पशुपालक को अधिकतम 02 गोवंश हेतु पुरस्कार दिया जायेगा। पशुधन मंत्री ने मुख्यमंत्री स्वदेशी गो-संवर्द्धन योजना अंतर्गत 06 लाभार्थियों को चयन पत्र दिये और वाराणसी, अयोध्या, बरेली, गोरखपुर, प्रयागराज व ललितपुर के लाभार्थियों से संवाद कर उनके सुझाव प्राप्त किए और उनकी समस्याओं का निदान किया।

# हजरत अली की यौमे विलादत की पूर्व संध्या पर सजीं महफिलें

- इमामबाड़ा आगा बाकिर में मना जश्ने मौलूदे हरम

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** हजरत अली ( अ.स. ) का यौमे विलादत की पूर्व संध्या पर शहर में जगह-जगह महफिलों और नज्रों का आयोजन किया गया। मुख्य रूप से चौक स्थित इमामबाड़ा आगा बाकिर में इदारा-ए-खुद्दामे मौलूदे हरम ने %जश्ने मौलूदे हरम÷ शीर्षक से महफिल का आगाज कारी नदीम नजफी ने तिलावते कुराने पाक से किया। महफिल को खिताब करते हुए मौलाना सदफ जौनपुरी ने हजरत अली की फजीलत बयान की। जश्ने में शायर एजाज जैदी, सहबा जरवाली,हसन फराज, खुर्शीद फहतेपुरी,समर वास्ती, फरीद मुस्तफा व फरमान लखनवी आदि ने हजरत अली ( अ.स. ) की शान में अपने कलाम पेश किये। महफिल का संचालन नय्यर मजीदी ने किया। इस मौके पर भव्य सजावट भी की गयी थी। कार्यक्रम के आयोजक मौलाना मीसम जैदी ने महफिल में आये लोगों का शुक्रिया अदा किया। मस्जिद दाया मिसरी कंघी वाली गली में जश्ने मौलूदे काबा का आयोजन किया गया। महफिल को मौलाना रजा हुसैन ने खिताब किया।इसके बाद शायरों ने अपने कलाम पेश किये। कार्यक्रम के आयोजक हाजी शेख सईद हुसैन ने महफिल में आये सभी लोगों का शुक्रिया अदा किया। अजाखाना नवाब अजमल कटरा बिजनबेग, कशमीरी मोहल्ला महफिले मकासिदा को मौलाना अब्बास इरशाद ने खिताब किया। जश्न में शायरों ने इमाम की शान में कलाम पेश किये।

## हजरत अली का यौमे पैदाइश आज, सजेंगी महफिलें

**लखनऊ।** हजरत अली (अ.स.) की यौमे पैदाइश बृहस्पतिवार को मनाई जाएगी। जिसकी तैयारियां पूरी हो गयी हैं। इस मौके पर महफिलों और नज्रों का आयोजन होगा, लोग नये-नये लिबास पहनेंगे। घरों, इमामबाड़ों, कर्बलाओं और दरगाहों में बिजली आदि की भव्य सजावट की जा रही है। इस खुशी पर मिठाईयों, जर्दा और खीर पर नज्र दी जायेगी। हजरत अली (अ.स.) की विलादत की खुशी में लोग आतिशबाजी भी करेंगे। यौम-ए-अली इदार-ए-वारिसे काबा की ओर से यौमे अली शीर्षक से कुल हिन्द महफिले मकासिदा का आयोजन किया जाएगा। गुलिस्ताने अबू तालिब शिया यतीमखाना काजमैन रोड में रात 8 बजे तिलावते कलामे पाक से महफिल का आगाज होगा। महफिल का उद्घाटन मौलाना हमीदुल हसन करेंगे। इमामबाड़ा कसरे हुसैनी बिल्लौचपुरा में शाम 4 बजे महफिल को मौलाना कल्बे जव्वाद खिताब करेंगे। मस्जिद मिर्जा जैना महमूद नगर में शाम 7 बजे महफिल को मौलाना यासूब अब्बास खिताब करेंगे। महफिल के बाद नज्रे मौला का आयोजन भी होगा। मस्जिदे अब्बासिया हसन पुरिया में मौलाना जमन हैदर महफिल को खिताब करेंगे।

# विभिन्न ट्रेनों को किया जायेगा निरस्त

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** बुढ़वल सीतापुर खंड पर स्थित सीतापुर व सीतापुर सिटी स्टेशनों के मध्य पैच दोहरीकरण कार्य के परिप्रेक्ष्य में प्री व प्री.नॉन इंटरलॉक, नॉन इंटरलॉक कार्य और 13 फरवरी को रेल संरक्षा आयुक्त के निरीक्षण के कारण ट्रेनों को निरस्त के अलावा मार्ग परितर्वन, शार्ट टर्मिनेशन, शार्ट आरिजिनेशन तथा नियंत्रण व पुनर्निधारण कर चलाया जायेगा। लखनऊ जंक्शन से 9 से 13 फरवरी तक चलने वाली 05086 लखनऊ जंक्शन शाहगढ़ अनारक्षित स्पेशल ट्रेन खैराबाद स्टेशन पर यात्रा समाप्त करेगी तथा खैराबाद व शाहगढ़ स्टेशनों के मध्य निरस्त रहेगी। डालीगंज से 09 से 12 फरवरी तक चलने वाली 05088 डालीगंज मैलानी अनारक्षित स्पेशल ट्रेन खैराबाद स्टेशन पर यात्रा समाप्त करेगी तथा खैराबाद व मैलानी स्टेशनों के मध्य निरस्त रहेगी। शाहगढ़ से 8 से 13 फरवरी तक चलने वाली 05493 शाहगढ़ डालीगंज अनारक्षित स्पेशल ट्रेन हरगांव व मैलानी स्टेशनों के मध्य चलेगी तथा शाहगढ़ मैलानी एवं हरगांव डालीगंज स्टेशनों के मध्य निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 8 से 12 फरवरी तक चलने वाली 15009 गोरखपुर मैलानी एक्सप्रेस गोमती नगर स्टेशन पर यात्रा समाप्त करेगी तथा गोमती नगर व मैलानी स्टेशनों के मध्य निरस्त रहेगी। लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 10 एवं 12 फरवरी को चलने वाली 12107 लोकमान्य तिलक टर्मिनस सीतापुर एक्सप्रेस ऐशबाग स्टेशन पर यात्रा समाप्त करेगी तथा ऐशबाग व सीतापुर स्टेशनों के मध्य निरस्त रहेगी। साथ ही डालीगंज से 6 से 13 फरवरी तक चलने वाली 05490 डालीगंज मैलानी अनारक्षित स्पेशल ट्रेन खैराबाद स्टेशन पर यात्रा समाप्त करेगी तथा खैराबाद व सीतापुर स्टेशनों के मध्य निरस्त रहेगी। मैलानी से 8 से 13 फरवरी तक चलने वाली 05491 मैलानी सीतापुर अनारक्षित स्पेशल ट्रेन हरगांव स्टेशन पर यात्रा समाप्त करेगी तथा हरगांव और सीतापुर स्टेशनों के मध्य निरस्त रहेगी। बालामऊ एवं सीतापुर से 30 जनवरी से 13 फरवरी तक चलने वाली 04353 व 04354 बालामऊ सीतापुर बालामऊ अनारक्षित स्पेशल ट्रेन निरस्त रहेगी। शाहगढ़ से 9 फरवरी को चलने वाली 05493 शाहगढ़ डालीगंज अनारक्षित स्पेशल ट्रेन निरस्त रहेगी। इसके अलावा अमृतसर से 8 से 12 फरवरी तक चलने वाली 15212 अमृतसर दरभंगा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग रोजा, लखनऊ, बाराबंकी व बुढ़वल के रास्ते चलाई जायेगी। दरभंगा से 8 से 12 फरवरी तक चलने वाली 15211 दरभंगा अमृतसर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बुढ़वल, बाराबंकी व लखनऊ और रोजा के रास्ते चलाई जायेगी। अमृतसर से 11 फरवरी को चलने वाली 22424 अमृतसर गोरखपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग रोजा, लखनऊ, बाराबंकी व बुढ़वल के रास्ते चलाई जायेगी। गोरखपुर से 12 फरवरी को चलने वाली 22423 गोरखपुर अमृतसर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बुढ़वल, बाराबंकी, लखनऊ व रोजा के रास्ते चलाई जायेगी। अमृतसर से 12 फरवरी को चलने वाली 15532 अमृतसर सहरसा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग रोजा, लखनऊ, बाराबंकी, बुढ़वल के रास्ते चलाई जायेगी। बरौनी से 11 फरवरी को चलने वाली 12491 बरौनी जम्मूतवी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बुढ़वल, बाराबंकी, लखनऊ और रोजा के रास्ते चलाई जायेगी।

## गोमतीनगर स्थित कोचिंग डिपो का किया निरीक्षण

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के गोमतीनगर स्थित कोचिंग डिपो में प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर मनोज कुमार अग्रवाल ने मुख्य रोलिंग स्टॉक इंजीनियर कोचिंग डीपी. मिश्रा, मुख्य विद्युत सर्विस इंजीनियर आरके.गुप्ता और लखनऊ मण्डल के वरिष्ठ मण्डल यांत्रिक इंजीनियर समन्वय एसपी. श्रीवास्तव के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के आरम्भ में श्री अग्रवाल ने डिपो में उपलब्ध रैक में फायर डिटेक्शन सिस्टम की उपलब्धता, यात्रियों के मार्गदर्शन के लिए साइनेज, प्रसाधन, कोच की लाईटिंग, कोच का रंगरोगन एवं साफ सफाई का अवलोकन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर, वरिष्ठ मण्डल यांत्रिक इंजीनियर फ्रेट, सीडीओ ऐशबाग, सीडीओ गोमतीनगर, सहायक इंजीनियर विद्युत तथा अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## बच्चों को किया गया सुपुर्द

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के स्टेशनों पर कार्यरत कर्मचारियों की ओर से यात्री सुरक्षा एवं संरक्षा के प्रति सजग रहकर कर्तव्यों का पालन किया जाता है। ऐसे ही एक घटना बढ्नी स्टेशन पर घटित हुई। जिसमें बढ्नी रेलवे स्टेशन के अनारक्षित काउंटर पर दो नाबालिग बच्चे कभी गोरखपुर और कभी नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का टिकट मांग रहे थे। अनारक्षित काउंटर पर बैठे रेलवे कर्मियों को शक होने पर वाणिज्य अधीक्षक मनोज कुमार सोनकर को सूचित किया गया। जिस पर बच्चों को बुलाकर पूछताछ की गई। बच्चों ने बताया कि वह नाराज होकर घर छोड़कर जा रहे थे। वाणिज्य अधीक्षक सोनकर ने बॉर्डर पर स्थापित ह्यूमन ट्रैफिकिंग संस्था के सदस्यों से संपर्क कर बच्चों को उनके सुपुर्द किया गया।


कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, पीलीभीत

पत्रांक मु0चि0अ0/विज्ञापन/एन0सी0डी0/2023-24/26774 दिनांक 24 जनवरी, 2024

नेशनल प्रोग्राम फॉर प्रिवेन्शन एण्ड कन्ट्रोल ऑफ कॅन्सर डायबटीज़, कार्डियोवेस्कुलर डिजीज़ एण्ड स्ट्रोक (एन0पी0सी0डी0सी0एस0) कार्यक्रम

स्वस्थ जीवन शैली अपनायें, असंक्रामक रोगों से बचें।

- शारीरिक गतिविधि बढ़ायें।
- तेल/घी, शक्कर व नमक का सेवन कम करें।
- फल सब्जियों का अधिक सेवन करें।
- शारीरिक वजन संतुलित रखें।
- तनाव मुक्त रहें।
- तंबाकू सेवन व धूम्रपान न करें।
- शराब का सेवन न करें।




कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी पीलीभीत।